
RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 14
लखनऊ, शनिवार, 31 अक्टूबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर
www.dailypioneer.com



कॉलिन जॉस्ट संग विवाह के बंधन में बंधीं स्कारलेट
विविध-12

# कोरोना की वापसी से सिहर उठी दुनिया

- बीते दस माह में पहली बार गुरुवार को आए 5.45 लाख केस
- अभी स्थिर पैटर्न वाले भारत के लिए सर्दी से पहले बजी खतरे की घंटी

**नवीन उपाध्याय।** नई दिल्ली



**भले** भारत में कोरोना के नए मामले आने का पैटर्न स्थिर हो, लेकिन दुनियाभर में वायरस ने बहुत आक्रामकता के साथ वापसी की है। बीते गुरुवार को वैश्विक स्तर पर कोरोना के 5.45 लाख केस दर्ज किए गए। कोरोना मरीजों का यह पिछले 10 महीनों के दौरान पहली बार सबसे बड़ा उछाल है।

जब यूरोप, अमेरिका, लैटिन अमेरिका में लोग यह सोचने लगे थे कि सबसे बुरा दौर गुजर चुका है, महामारी की इस दूसरी लहर ने पूरी दुनिया को हिला कर रख दिया है। कोविड-19 संक्रमण के वैश्विक रुझान में यह बदलाव भारत के लिए स्पष्ट संदेश है, जहां पिछले कुछ हफ्तों में नए मामलों की संख्या में भारी कमी आई है। थोड़ी भी लापरवाही अन्य देशों की तरह भारत में कोरोना की दूसरी लहर का कारण बन सकती है। इससे धीरे-धीरे पटरी पर आ रही अर्थव्यवस्था को तो धक्का लगेगा ही, साथ ही स्वास्थ्य और चिकित्सा ढांचे के सामने भी बड़ी चुनौती खड़ी हो सकती है। एक दिन में आ रहे लगभग 55 हजार मामलों से संकेत मिलते हैं कि आगामी सर्दियों की शुरुआत के साथ स्थिति नियंत्रण से बाहर जा सकती है। दूसरी लहर के खतरनाक होते आयाम को इस तथ्य से समझा जा सकता है कि 22 जनवरी से 24 मई के बीच पांच महीने में दुनियाभर में कुल 5.45 लाख केस आए, जबकि 29 अक्टूबर को एक दिन में ही इतने केस आ गए। यूरोप के फ्रांस, ब्रिटेन, स्पेन और इटली जैसे देशों में लगभग तीन महीने कुछ राहत रहने के बाद कोरोनो वायरस ने मामलों में बड़े पैमाने पर पलटवार किया है।

उस दौरान यहां एक दिन में सिर्फ 30,000 से 40,000 के बीच नए मामले आए थे। दो महीने पहले 29 अगस्त को यूरोप में एक दिन में सिर्फ 42,000 नए मामले दर्ज किए गए थे जबकि 29 अक्टूबर को यह आंकड़ा 2.39 लाख रहा। तीन महीने पहले ऐसा लग रहा था कि इटली अब कोरोना वायरस से मुक्त हो गया है, क्योंकि इस यूरोपीय देश में 29 जुलाई को सिर्फ 289 नए मामले आए थे, लेकिन 29 अक्टूबर को नए मामलों का आंकड़ा 26,000 को छू गया है। यही नहीं, 29 जुलाई को फ्रांस में केवल 1392 नए मामले आए थे, लेकिन तीन महीने बाद 29 अक्टूबर को यहां 47,00 से अधिक केस आए। यही हाल ब्रिटेन और जर्मनी का भी है। ब्राजील, चिली, कोलंबिया और पेरू जैसे लैटिन अमेरिकी देशों में भी नए मामलों की संख्या में तेज वृद्धि हो रही है। खास यह कि कोरोना की दूसरी लहर पहले वाली की तुलना में कम घातक है। गुरुवार को महामारी से लगभग 7000 लोगों की मौत हुई और 5.45 लाख नए मामलों के हिसाब से मृत्युदर लगभग 12 प्रतिशत होती है जबकि कोरोना वायरस के शुरुआती हमले के दौरान यूरोप और अमेरिका में मृत्युदर 8 प्रतिशत थी। राष्ट्रपति चुनावों में व्यस्त अमेरिका में दूसरी लहर बहुत तीव्रता से आई है, क्योंकि यहां लोगों ने कोरोना के जरूरी प्रोटोकॉल की पूरी तरह अवहेलना की है।

कई हफ्तों तक प्रतिदिन 50,000 नए मामले अमेरिका में दर्ज किए गए, लेकिन अब वहां अचानक नए मरीजों की संख्या में भारी वृद्धि हुई और गुरुवार को 91,000 नए मामले आए। हालांकि इससे बेफिक्र अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की रैली में बड़ी संख्या में भीड़ आ रही है। कोरोना वायरस के मामलों में बढ़ोतरी से अभी सुधार की ओर बढ़ रही वैश्विक अर्थव्यवस्था को गंभीर चोट पहुंच सकती है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स के एक सर्वे में लगभग 500 अर्थशास्त्रियों में अधिकांश ने अपना मत दिया है कि अगले साल अर्थव्यवस्था में इतना सुधार नहीं हो पाएगा जैसा पहले सोचा गया था।

## यूपी कैबिनेट के अहम फैसले

# विंध्यवासिनी मंदिर परिक्रमा मार्ग निर्माण को मिली मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में विंध्यवासिनी मंदिर परिक्रमा मार्ग बनाए जाने एवं शीरा नीति 2020 -21 समेत 8 प्रस्तावों को हरी झंडी मिल गई है। जनपद मीरजापुर में विन्ध्यवासिनी मन्दिर (कॉरीडोर) परिक्रमा मार्ग बनाये जाने हेतु परियोजना के क्रियान्वयन के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है।

मंत्रिपरिषद द्वारा परियोजना की अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु निर्णय लिए जाने के लिए मुख्यमंत्री को अधिकृत किया गया है। जनपद मीरजापुर स्थित आदि शक्ति माँ विन्ध्यवासिनी देवी मन्दिर एक अत्यन्त प्रसिद्ध श्रद्धाध्आस्था का केन्द्र है। विन्ध्याचल स्थित मुख्य मन्दिर माँ विन्ध्यवासिनी धाम के चारों तरफ परम्परागत तौर पर श्रद्धालुओं द्वारा परिक्रमा की जाती है परन्तु मन्दिर परिसर में परिक्रमा मार्ग सीमित एवं संकरा होने के कारण दुर्घटना की सम्भावना बनी रहती है। विन्ध्यवासिनी मन्दिर परिक्रमा मार्ग बन जाने से पर्यटक सुविधाओं में वृद्धि होगी तथा दुर्घटना की सम्भावना कम की जा सकेगी। विन्ध्यवासिनी मन्दिर कॉरीडोर बनाए जाने हेतु विन्ध्यवासिनी मन्दिर के आसपास चारों ओर 50 फीट चौड़ाई वाला परिक्रमा पथ बनाया जाएगा।

**देशी मदिरा के लिए 18 प्रतिशत शीरा आरक्षित होगा:-** कैबिनेट बैठक के दौरान शीरा नीति 2020-21 को हरी झंडी दे दी गई। इसके अनुसार अब एथनॉल एवं शीरा बिक्री से प्राप्त आय से गन्ना किसानों के भुगतान हेतु टैगिंग किया गया है। शीरा सत्र 2020-21 के लिए देशी मदिरा के लिए 18 प्रतिशत शीरा आरक्षित किया जाएगा। शीरा वर्ष 2020-21 में शीरे के अनुमानित उत्पादन 533.50 लाख कुण्टल के सापेक्ष देशी मदिरा हेतु आरक्षित शीरे की आवश्यकता 96.77 लाख कुन्तल है। देशी शराब का उपभोग समाज के अल्प आय वर्ग द्वारा किया जाता है। इस वर्ग को गुणवत्ता तथा मानकयुक्त वैध देशी शराब सस्ते दामों पर उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है, क्योंकि उचित दामों पर वैध मदिरा उपलब्ध न होने की स्थिति में इनके द्वारा अवैध मदिरा का सेवन करने के कारण जनहानि की आशंका बनी रहती है।

दूसरी ओर आबकारी राजस्व भी देशी मदिरा से ही प्राप्त होता है, अत: व्यापक जनहित एवं राजस्व हित में अपेक्षाकृत सस्ते दामों पर वैध व मानक मदिरा उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक है कि समस्त देशी मदिरा आपूर्तक आसवनियों को उनकी आवश्यकतानुसार समुचित मात्रा में शीरा की उपलब्धता सुनिश्चित होती रहे।प्रदेश में बी-हैवी शीरा से एथनॉल उत्पादन प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रदेश में शीरा वर्ष 2018-19 में मात्र 2 चीनी मिलें बी-हैवी शीरे का उत्पादन किया ( शेष पेज 9 )

# चुनाव आयोग ने कमलनाथ का स्टार प्रचारक का दर्जा किया रद

## मध्य प्रदेश उपचुनाव

**भाषा।** नई दिल्ली



**चुनाव** आयोग ने मध्य प्रदेश की 28 विधानसभा सीटों के उपचुनाव के लिए प्रचार के दौरान आदर्श आचार संहिता का बार-बार उल्लंघन को लेकर कांग्रेस नेता एवं मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का स्टार प्रचारक का दर्जा शुक्रवार को रद्द कर दिया।

आयोग ने अपने आदेश में कहा, ...आदर्श आचार संहिता के बार-बार उल्लंघन और उन्हें (कमलनाथ को) जारी की गई सलाह की पूरी तरह से अवहेलना को लेकर आयोग मध्य प्रदेश विधानसभा के वर्तमान उपचुनावों के लिए मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का, राजनीतिक दल के नेता (स्टार प्रचारक) का दर्जा तत्काल प्रभाव से समाप्त करता है। आयोग ने कहा कि कमलनाथ को स्टार प्रचारक के रूप में प्राधिकारियों द्वारा कोई अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा, हालांकि, अब से यदि कमलनाथ द्वारा कोई चुनाव प्रचार किया जाता है तो यात्रा, ठहरने और दौरे से संबंधित पूरा खर्च उस उम्मीदवार द्वारा वहन किया जाएगा जिसके निर्वाचन क्षेत्र में वह चुनाव प्रचार करेंगे। स्टार प्रचारक का खर्च राजनीतिक पार्टी उठाती है जबकि अन्य प्रचारकों का खर्च उम्मीदवार वहन करते हैं।

चुनाव आयोग ने कहा कि उसने इस मामले पर गंभीरता से विचार किया है और अप्रसन्नता के साथ महसूस किया कि एक राजनीतिक दल का नेता होने के बावजूद कमलनाथ बार-बार आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों तथा नैतिक और गरिमामय व्यवहार का उल्लंघन कर रहे हैं।

# योगी सरकार अल्पसंख्यक बेटियों की शादी में देगी आर्थिक मदद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अल्पसंख्यक** समुदाय की बेटियों को योगी सरकार ने बड़ा तोहफा दिया है। सबका साथ सबका विकास के मंत्र को लेकर चलने वाली योगी सरकार द्वारा अल्पसंख्यक बेटियों की शादी में आर्थिक मदद दी जाएगी। राज्य मंत्री मोहसिन रजा ने कहा कि अल्पसंख्यक समाज के लिए शिक्षा, रोजगार विकास के लिए बीजेपी ने शुरू से काम किया है। हम सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास को लेकर काम कर रहे हैं। बेटियों की आवाज को बुलंद करने के लिए एक ओर यूपी में लागू कल्याणकारी योजनाओं से बेटियों को जोड़कर उनको मुख्यधारा में शामिल किया है वहीं दूसरी ओर अब आर्थिक मदद देकर उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेरी है।अल्पसंख्यक समुदाय की बेटियों की शादी में यूपी सरकार द्वारा 20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने से गरीब परिवारों की बेटियों की शादी अब बिना किसी अड़चन के हो सकेंगी। अल्पसंख्यक समुदाय की गरीब बेटियों की शादी के लिए अनुदान के ( शेष पेज 9 )

# धर्म नगरी चित्रकूट बनेगी पर्यटन विकास का केंद्र

- हजारों वर्षों की रामायण कालीन विरासत का स्मरण कराता है बाल्मीकि आश्रम: योगी
- यहां दिखता है राम राज्य का असली नजारा
- बाल्मीकि के साथ साथ तुलसीदास की जन्मस्थली राजापुर का भी होगा विकास

**संवाददाता।** चित्रकूट



बाल्मीकि आश्रम में हवन-पूजन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट में रामायण के रचयिता त्रिकालदर्शी संत महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती बडे ही धूमधाम से मनाई गई।

इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत के दो महान ऋषियों की जयंती है। पहले वाल्मीकि जी, जिन्होंने भगवान राम से साक्षात्कार कराया है। दूसरे प्रधानमंत्री मोदी को आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना देने वाले राष्ट्रऋषि नानाजी की जयंती है। दोनों को नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि हजारों साल पहले भगवान राम प्रयाग आये। वहां से वाल्मीकि जी से मिलकर चित्रकूट गये थे। धर्म नगरी चित्रकूट का यह पवित्र महर्षि बाल्मीकि जी का आश्रम आज भी हजारों वर्षों की विरासत को समेटे रामायणकाल का स्मरण कराता है।

वाल्मीकि जी के दर्शन को पूज्य गोस्वामी तुलसी दास ने रामचरित मानस के माध्यम से रामकथा घर-घर पहुंचाने का अद्वितीय कार्य किया। सीएम ने कहा कि हर क्षेत्र में बदलाव दिखने लगा है। प्रभु श्रीराम का चित्रकूट आज नए कदम बढ़ा रहा है। यही तो रामराज्य है, जहां किसी प्रकार की कोई भेदभाव नहीं है। सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को दोपहर एक बजकर 54 मिनट पर महर्षि वाल्मीकि आश्रम लालापुर पहुंचे। हेलीपैड पर राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, सांसद आरके सिंह पटेल, जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे, बांदा विधायक प्रकाश द्विवेदी, मानिकपुर विधायक आनन्द शुक्ला आदि ने स्वागत किया। मुख्यमंत्री हेलीपैड से सीधे कार के जरिए बाल्मीकि आश्रम पहुंचे। जहां पहले मां असावर माता के दर्शन कर पूजा की। इस मौके पर वाल्मीकि आश्रम के महंत भरतदास महाराज ने उनकी अगवानी की। मुख्यमंत्री असावर मंदिर में असावरी माता व महर्षि वाल्मीकि की पूजा करने के बाद पर्वत की शिखर में वाल्मीकि आश्रम पहुंचे। यहीं पर अखण्ड रामायण पाठ का शुभारंभ किया। जिला प्रशासन की ओर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सवा तीन बजे भारत माता की जय और वंदेमातरम के नारों के साथ अपना ओजस्वी सम्बोधन शुरू किया। उन्होंने कहा कि भारत के रामायणकालीन अति प्राचीन परंपरा के वाहक महान ऋषि वाल्मीकि जी की जयंती है। जिन्होंने पूरी दुनिया को भगवान श्रीराम से साक्षात्कार कराया है। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी को आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना देने वाले राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख की भी आज की जयंती है। उन्होंने कहा कि महर्षि बाल्मीकि की तपोस्थली को देखने की चाहत लम्बे अर्से से रहीं है,जो आज पूरी हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 39,614 | ↓ 135 | |
| निफ्टी | 11,642 | ↓ 28 | |
| सोना | 50,812 | ↑ 268 | /10g |
| चांदी | 60,098 | ↑ 1623 | /kg |

## क्विक न्यूज

### आंध्र प्रदेश में खाई में गिरा वाहन, सात लोगों की मौत

**अमरावती (आंध्र प्रदेश)।** आंध्र प्रदेश के पूर्व गोदावरी जिले में शुक्रवार को एक वाहन के खाई में गिर जाने से कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। वाहन में सवार लोग एक विवाह समारोह से लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि पांच लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य ने अस्पताल ले जाते वक्त दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि वाहन चढ़ाई से नीचे की ओर आ रहा था तभी अचानक उसके ब्रेक ने काम करना बंद कर दिया और वाहन तांतिकोंडा के निकट खाई में गिर गया। वाहन में करीब 20 लोग सवार थे। वे वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में एक विवाह समारोह में शामिल होकर अपने गांव गोकावरम लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि हादसे में कम से कम दस लोग घायल हुए है और उन्हें राजामहेंद्रवरम स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# महाराष्ट्र विधान परिषद के लिए उर्मिला के नाम पर सीएम फैसला लेंगे: राउत

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार द्वारा अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर को विधान परिषद में मनोनीत करने की सिफारिश से जुड़ी अटकलों के बीच शिवसेना नेता संजय राउत ने शुक्रवार को कहा कि इस पर मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे निर्णय लेंगे। राज्यपाल कोटे से 12 उम्मीदवारों को राज्य की विधान परिषद में मनोनीत किया जाना है। इसपर महाराष्ट्र मंत्रिमंडल ने राज्यपाल को उम्मीदवारों के नाम भेजने पर चर्चा की है, जिसके एक दिन बाद राउत का यह बयान आया है। मातोंडकर के नाम की चर्चा से संबंधित एक सवाल के जवाब में राउत ने पत्रकारों से कहा, मैंने भी इन अटकलों के बारे में सुना है कि सरकार मातोंडकर को परिषद के लिए मनोनीत करेगी। यह राज्य के मंत्रिमंडल का विशेषाधिकार है। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे इस पर फैसला लेने के लिए अधिकृत हैं। महाराष्ट्र की विधान परिषद की 12 सीटें इस साल जून में ( शेष पेज 9 )

# सैनिक स्कूलों में 2021-2022 से लागू होगा ओबीसी आरक्षण

**भाषा।** नई दिल्ली

**रक्षा** सचिव अजय कुमार ने शुक्रवार को कहा कि सैनिक स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2021-2022 से अन्य पिछड़ा वर्गों (ओबीसी) के लिए 27 प्रतिशत सीटें आरक्षित रहेंगी। रक्षा मंत्रालय के तहत कार्य करने वाली सैनिक स्कूल सोसाइटी देश में ऐसे 33 आवासीय विद्यालयों का प्रबंधन करती है।

कुमार ने ट्विटर पर कहा, वर्ष 2021-22 से सैनिक स्कूलों में ओबीसी आरक्षण लागू किया जाना है। उन्होंने 13 अक्टूबर के उस परिपत्र की तस्वीर पोस्ट की जो देशभर के सभी सैनिक स्कूलों के प्राचार्यों को भेजा गया था। परिपत्र में कहा गया है कि किसी सैनिक स्कूल में 67 प्रतिशत सीटें उस राज्य या केंद्रशासित प्रदेश के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं, जिसमें स्कूल स्थित है और शेष 33 प्रतिशत उन लोगों के लिए आरक्षित हैं जो उस राज्य या केंद्रशासित प्रदेश के बाहर से आते हैं।



इन दो सूचियों को सूची ए और सूची बी कहा जाएगा।

परिपत्र में कहा गया है कि प्रत्एक सूची में 15 प्रतिशत सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं, 7.5 प्रतिशत सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए हैं और 27 प्रतिशत सीटें गैर-क्रीमी लेयर ओबीसी के लिए हैं।इसमें कहा गया है कि यह आरक्षण नीति शैक्षणिक सत्र 2021-22 से लागू होगी। मालाबार नौसेना अभ्यास का पहला चरण बंगाल की खाड़ी में तीन से छह नवंबर के बीच होगानई दिल्ली, 30 अक्टूबर (भाषा) मालाबार नौसेना अभ्यास का पहला चरण तीन से छह नवंबर के बीच विशाखपत्तनम तट के पास बंगाल की खाड़ी में होगा। इसमें भारत, अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया की नौसेनाएं भाग लेंगी। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चार देशों के इस नौसेना अभ्यास का दूसरा चरण 17 से 20 नवंबर के बीच अरब सागर में तय किया गया है।

पिछले हफ्ते, भारत ने यह घोषणा की थी कि आस्ट्रेलिया इस नौसेना अभ्यास का हिस्सा होगा, जिसके साथ ही अब यह प्रभावी तरीके से क्वॉड या चतुष्कोणीय गठबंधन (क्वाड्रीलैटरल कोलेशन) के सभी चार सदस्य देशों का अभ्यास हो गया है। क्वॉड सदस्य राष्ट्रों के विदेश मंत्रियों की तोक्यो में बैठक होने के दो हफ्ते बाद भारत ने आस्ट्रेलियाई नौसेना को अभ्यास में हिस्सा लेने का न्योता दिया था। जापान में हुई इस बैठक में चारों देशों के बीच हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर विस्तृत बाचतीत की गई थी। अधिकारियों ने बताया कि पहले चरण के अभ्यास में जटिल एवं अत्याधुनिक नौसेना अभ्यास होंगे, जिनमें पनडुब्बी रोधी एवं हवाई युद्ध रोधी अभियान होंगे।

### तमिलनाडु: मेडिकल दाखिले में सरकारी स्कूल के छात्रों को आरक्षण देने वाले विधेयक को मिली मंजूरी

**भाषा।** चेन्नई

**तमिलनाडु** के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में सफल रहे सरकारी स्कूलों के छात्रों को चिकित्सा पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 7.5 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने वाले विधेयक को मंजूरी दे दी है।

तमिलनाडु सरकार के मौजूदा शैक्षणिक वर्ष 2020-21 से ही चिकित्सा पाठ्यक्रमों में दाखिले को लेकर नीट पास करने वाले राज्य संचालित स्कूलों के छात्रों को 7.5 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए बृहस्पतिवार को शासकीय आदेश जारी करने के एक दिन बाद राज भवन ने बताया कि राज्यपाल ने इस संबंध में एक विधेयक को मंजूरी दे दी है। राज भवन की आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार राज्यपाल ने 26 सितम्बर को लिखे एक पत्र में भारत के सॉलिसीटर जनरल से कानूनी राय मांगी थी, जो उन्हें 29 अक्टूबर को प्राप्त हुई। बयान में कहा गया है, राय मिलते ही माननीय राज्यपाल ने विधेयक को मंजूरी दे दी। द्रमुक सहित विपक्षी दलों द्वारा विधेयक को मंजूरी देने में पुरोहित पर देरी करने का आरोप लगाए जाने के बीच राज भवन ने स्पष्ट किया कि कानूनी राय मिलते ही विधेयक को तुरंत मंजूरी दे दी गई।

# भारत ने ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल के प्रारूप का किया परीक्षण

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना ने ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल के लड़ाकू विमान से दागे जा सकने वाले प्रारूप का शुक्रवार को सफल परीक्षण किया। इसे एक सुखोई एमकेआई-30 विमान से बंगाल की खाड़ी में दागा गया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मिसाइल ने पूरी सटीकता के साथ एक डूबते जहाज को निशाना बनाया और परीक्षण में वांछित नतीजे हासिल किए गए। सूत्रों ने बताया कि विमान तंजौर स्थित टाइगरशार्क्स स्कवाड्रन का था। विमान ने पंजाब में एक एयरबेस से उड़ान भरी और मिसाइल दागे जाने से पहले आसमान में ही विमान में ईंधन भरा गया। पूर्वी लद्दाख में सीमा पर चीन के साथ भारत का गतिरोध जारी रहने के बीच यह परीक्षण किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि सुखोई एमकेआई-30 विमान ने करीब तीन घंटे की यात्रा की, जिसके बाद यह मिसाइल दागी गई।

# जमाखोरों के खिलाफ हो कड़ी कार्रवाई

## जनता को उचित मूल्य पर दाल एवं सब्जियां उपलब्ध कराने के लिए सभी जरूरी कदम उठाये जाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि राज्य सरकार के लिए किसानों और आम जनता का हित सर्वोपरि है। उन्होंने कृषि उत्पादन आयुक्त को निर्देशित किया कि वे यह सुनिश्चित कराएं कि किसान को उसकी उपज का उचित मूल्य मिले और आम जनता को आवश्यक खाद्य सामग्री सही कीमत पर उपलब्ध हो।

मुख्यमंत्री ने यह निर्देश अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्च स्तरीय बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि जनता को उचित मूल्य पर दाल एवं सब्जियां उपलब्ध कराने के लिए सभी जरूरी कदम उठाये जाएं। उन्होंने आवश्यक खाद्य सामग्री की जमाखोरी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत किसानों से धान और मक्का की खरीद की जा रही है। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसानों को एमएसपी का लाभ अवश्य मिले। आढ़ती और बिचैलिए किसी भी दशा में किसानों का शोषण न करने पाएं। ऐसा करने वाले तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने बुन्देलखण्ड क्षेत्र में किसानों को मूंगफली की फसल का उचित मूल्य दिलाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर मुख्य सचिव आरके तिवारी, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## गो-आश्रय स्थलों का कराएं नियमित निरीक्षण: योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रमुख सचिव पशुपालन को शासकीय व निजी क्षेत्र में संचालित सभी गो-आश्रय स्थलों का मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारियों के माध्यम से नियमित निरीक्षण कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि सभी गो-आश्रय स्थलों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने जिलाधिकारियों को अपन-अपने जनपद में इस कार्य की गहन मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने यह निर्देश शुक्रवार को यहां अपने सरकारी आवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंश के जाड़े से बचाव के लिए सभी जरूरी प्रबन्ध किए जाएं। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि गो-आश्रय स्थलों पर हरे चारे की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहे। उन्होंने गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंश का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराए जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोवंश के संरक्षण से जहां निराश्रित, बेसहारा गोवंश को आश्रय प्राप्त हुआ, वहीं किसानों को होने वाली फसल हानि से भी बचाव हो रहा है। इसलिए यह सुनिश्चित किया जाए कि निराश्रित गोवंश सड़क पर विचरण न करें। इन्हें गो-आश्रय स्थलों में पहुंचाकर इनकी समुचित देखभाल की व्यवस्था की जाए। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश चंद्र अवस्थी तथा प्रमुख सचिव पशुपालन भुवनेश कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने महर्षि वाल्मीकि जयन्ती पर दीं शुभकामनाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने महर्षि वाल्मीकि जयन्ती पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी है। शुक्रवार को जारी एक संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकाव्य रामायण के रचयिता की जयन्ती श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनायी जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने आदिकाव्य रामायण की रचना कर लोगों को सत्य एवं कर्तव्य परायणता पर चलने का मार्ग दिखाया। भगवान श्रीराम की गाथा को देश-दुनिया में पहुंचाने का श्रेय महर्षि वाल्मीकि को जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का जीवन हम सभी को त्याग, मर्यादाओं के पालन और कर्तव्य परायणता की सीख देता है। भगवान श्री राम से हमें सदैव धर्म का अनुसरण करते हुए जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। उनके द्वारा दी गई शिक्षा और आदर्शों को अपनाकर प्रगतिशील एवं समरसतायुक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने महर्षि वाल्मीकि जयन्ती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में कोविड.19 के प्रोटोकॉल तथा सोशल डिस्टेसिंग का पूर्ण पालन करने की अपील की है।

## मुख्यमंत्री को भेंट की रामायण की प्रति



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बाल्मीकि** जयंती की पूर्व संध्या पर अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को रामायण की प्रति भेंटकर दलित योजनाएं चलाने के लिए उनको धन्यवाद दिया है। इस दौरान डॉ निर्मल ने कहा कि दलित समाज को आर्थिक सशक्तिकरण का अवसर मिला है। विपक्षी पार्टियों को इससे परेशानी हो रही है। डॉ निर्मल ने कहा कि आज दलित देश के हर समाज के साथ कंधे से कंधा मिलकर चल रहा है। बाल्मीकी समाज मुगलकालीन भारत से लेकर अंग्रेज कालीन भारत तक हाथ से मैला उठाने को मजबूर हुआ। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि आजादी के बाद दलितों की रहनुमाई का दम भरने वाली कांग्रेस हुकूमत भी बाल्मीकी समाज को विकास की मुख्यधारा से नहीं जोड़ पाई। हाथ से मैला उठाने की बीमारी का इलाज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया। आज पूरे प्रदेश में हाथ से मैला उठाने की प्रथा पर लगाम लग गई है।

# नई सुविधा से संवाद को और गति मिलेगी: स्वतंत्र देव

- भाजपा के 56 जिला कार्यालय हुए हाईटेक, प्रदेश अध्यक्ष व महामंत्री संगठन ने वीडियो कांफ्रेंसिंग रूम का किया शुभारंभ



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी के 56 जिला कार्यालय हाईटेक हो गए हैं। शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह एवं प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल ने इन 56 जिला कार्यालयों में स्थापित किए गए वीडियों कांफ्रेंसिंग रूम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश महामंत्री जेपीएस राठौर व आईटी के सहसंयोजक कामेश्वर मिश्रा उपस्थित रहे।

शुभारम्भ के अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने 56 जिलों के जिला पदाधिकारियों व वरिष्ठ नेताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज का दिन हमारे लिए अत्याधिक महत्वपूर्ण है। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना के अनुसार तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने उस समय उत्तर प्रदेश में संगठनात्मक जिलों में नए कार्यालयों का शिलान्यास करते हुए यह अपेक्षा की थी कि सभी कार्यालय अत्याधुनिक तकनीकि और वीडियों कांफ्रेंसिंग से जुड़ें। आज हमें यह कहते हुए बहुत गर्व है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में भाजपा ईकाई इस कार्य का पूर्ण करने में सफलता हासिल की है। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि जिला कार्यालयों के प्रदेश मुख्यालय व राष्ट्रीय मुख्यालय से वीडियों कांफ्रेंसिंग से जुड़ने के बाद संगठन में और ज्यादा सक्रियता आएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डिजिटल इंडिया का मंत्र दिया था। यह संवाद के साथ ही सुशासन स्थापित करने में प्रभावी सिद्ध हुआ है। संगठन भी डिजिटल इंडिया के अभियान को निरंतर आगे बढ़ा रहा है। नई सुविधा से संवाद को और गति मिलेगी। संगठन के कार्यक्रमों, नीतियों और अपेक्षाओं को आसानी से नीचे तक पहुंचाया जा सकेगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वीडियो कांफ्रेंसिंग की सुविधा होने के बाद भाजपा ने कोरोना काल में नर सेवा नारायण सेवा के भाव से जो सेवा कार्य शुरू किया था उसको विस्तार देने में मददगार साबित होगा। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि कोरोना कालखण्ड में जब सभी राजनीतिक दल पूरी तरह से लॉकडाउन में चले गए थे भाजपा एक मात्र ऐसी पार्टी थी जिसने बिना किसी राजनीतिक स्वार्थ व अपेक्षा के भाव से प्रदेशवासियों की सेवा का प्रण लिया था। लॉकडाउन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर परिवार-मेरा परिवार के भाव से सभी की सेवा की। प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल ने पार्टी पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिला कार्यालयों पर वीडियो कांफ्रेंसिंग की सुविधा शुरू होने के साथ ही पार्टी की जिला ईकाईयां प्रदेश व राष्ट्रीय मुख्यालय से डिजिटली जुड़ गई है। अभियान और संवाद से सोशल डेस्टिसिंग का पालन करते हुये भी सहजता से जुड़ सकेंगे। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों से अपेक्षा की कि वे अब जिला स्तर पर पार्टी कार्यालयों में स्थापित किए गए वीडियो कांफ्रेंसिंग रूम का उपयोग संगठनात्मक गतिविधियों के लिए करते हुए मण्डल, सेक्टर, बूथ तक के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करें।

## सपा-बसपा का उद्देश्य जाति और मज़हब के नाम पर जनता को गुमराह करना: केशव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि सपा-बसपा का उद्देश्य सिर्फ जाति और मजहब के नाम पर जनता को गुमराह करना है विकास इनका एजेंडा कभी नहीं रहा। उपमुख्यमंत्री शुक्रवार को फिरोजाबाद के टूंडला विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी प्रेमपाल सिंह घनगर के समर्थन में आरके इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त एवं अनवरत विकासरत उत्तर प्रदेश के लिए इस उपचुनाव में जनता अपना समर्थन दे। उन्होंने क्षेत्र के विकास और हर वर्ग के समाज के विकास के लिए भाजपा प्रत्याशी को वोट देने की अपील की। कहा कि इस उपचुनाव में सबका साथ सबका विकास के तर्ज पर टूंडला उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी प्रेम पाल सिंह घनगर को रिकॉर्ड मतों से जिताना है। सपा बसपा पर हमला बोलते हुए मौर्य ने कहा कि ये लोग समाज को खंडित करके वोट बैंक की राजनीति करने की कोशिश करते हैं। इन लोगों ने सिवाय अपने और अपने परिवार के लिए करने के अलावा कुछ नहीं किया है। टूण्डला की जनता ये भली-भांति जानती है कि सपा बसपा और कांग्रेस की राजनीति हमेशा से छल और स्वार्थ की है, जबकि भाजपा कर्म और सेवा भाव से काम करती है। ये वही लोग हैं जिन्होंने हमेशा से प्रदेश में अराजकता फैलाई थी। इनकी सरकारों के कार्यकाल में गुंडागर्दी चरम पर थी, अपरहण एक उद्योग बन गया था। कुशासन और जंगलराज चला कर उत्तर प्रदेश को हाशिए पर पहुंचाने वाले सपा बसपा एक बार फिर से भेष बदल कर आप लोगों के बीच हैं, आपको इनसे बचना है।

## भाजपा की गलत नीतियों के चलते किसान बेहाल: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में भाजपा की गलत नीतियों के चलते किसान बेहाल है। जमाखोर मालामाल हो रहे हैं। बिचैलियों और बड़े व्यापारियों के सरकारी तंत्र से मिलीभगत की वजह से किसान अपनी फसल उन्हें औनपौने दाम पर बेचने को मजबूर है वहीं सरकार झूठे दावों का गुणगान कर अपनी कमियों पर पर्दा डालने का काम कर रही है। किसानों के सपनों की हत्या हो रही है। भाजपा सरकार किसानों की आय दुगनी करने और किसान की फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य एवं कृषि उपज की उत्पादन लागत का डेढ़ गुना देने के अपने वादे भूल चुकी है।

अखिलेश ने कहा कि किसानों को इस वर्ष धान की फसल से बहुत उम्मीद थी। सही न्यूनतम समर्थन मूल्य मिल जाता तो उनके बेट-बेटी की शादी हो जाती और वर्षा-बाढ़ से क्षतिग्रस्त मकान की मरम्मत हो जाती। किसान का दुर्भाग्य उसको 1888 रूपये का घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य तो मिला नहीं, उल्टे 800 से 1000 रूपये और अधिकतम 1200 रूपये प्रति कुंतल धान बेचने को मजबूर होना पड़ रहा है। धान खरीद केन्दों में अव्यवस्था और लूट का राज कायम है। उन्होंने कहा कि जहां धान केन्द्रों पर नमी के बहाने किसान लौटाए जा रहे हैं वहीं उनके आसपास बिचैलिये सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। कपास-धान की खरीद में निजी एजेंसियों की चांदी रही है। मक्का माटी मोल बिक रहा है। 3 हजार और साढ़े तीन हजार रूपये में बिकने वाला बासमती धान इन दिनों 1500 रूपये प्रति कुंतल में भी नहीं बिक रहा है। किसान और छोटे दूकानदार की बर्बादी हो रही है।

## जनसभाओं व नुक्कड़ नाटक से मतदाताओं को रिझाने की कोशिश



**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने उपचुनावों में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। कांग्रेस पार्टी के स्टार प्रचारक विधानसभावार तूफीनी दौरे करके कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभाएं और नुक्कड़ मीटिंग कर रहे हैं। अपने दौरे के तहत कांग्रेस के स्टार प्रचारकों में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू, विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना, पूर्व केन्द्रीय मंत्री राजीव शुक्ला, पूर्व सांसद प्रमोद तिवारी, कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सोहिल अख्तर अंसारी विधायक ने घाटमपुर में कांग्रेस पार्टी के लिए व्यापक जनसम्पर्क करते हुए मतदाताओं से कांग्रेस पार्टी के पक्ष में वोट डालने अपील की। अपने जनसम्पर्क अभियान के तहत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा योगी सरकार हर मोर्चे पर फेल है। विधान मंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कांग्रेस के प्रत्याशी के पक्ष में वोट मांगते हुए महिलाओं से अपील की वो प्रदेश में कानून के राज की समाप्ति और महिलाओं बच्चियों के प्रति बढ़ती दरिंदगी और रेप की घटनाओं के खिलाफकांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में वोट कर निर्णायक भूमिका अदा करें।

# समय से पूरी कर लें माघ मेले की व्यवस्थाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- मुख्य सचिव ने की तैयारियों की समीक्षा

**मुख्य** सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि माघ मेले की सभी तैयारियों को समस्त सम्बन्धित विभाग समय से पूरा करें तथा जिन कार्यों की स्वीकृति प्राप्त की जानी हो, उस विषय में कार्ययोजना के साथ सम्यक प्रस्ताव तत्काल उपलब्ध कराएं। उन्होंने प्रमुख सचिव आवास को इस सम्बन्ध में एक परिपत्र सभी सम्बन्धित विभागों को भेजने को कहा।

मुख्य सचिव प्रयागराज में आयोजित होने वाले माघ मेले की तैयारियों की शुक्रवार को समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि माघ मेले में आने वाले कल्पवासियों के लिए कोविड प्रोटोकॉल के दृष्टिगत सभी जरूरी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित कर ली जाएं। स्वच्छता, सैनेटाइजेशन, सोशल डिस्टेंसिंग एवं सुरक्षा आदि के लिए सभी जरूरी इंतजाम किये जाएं। कल्पवासियों को गंगा जी का अविरल और निर्मल जल उपलब्ध कराने के लिए भी समय से सभी जरूरी उपाय अभी से सुनिश्चित कर लिए जाएं। मुख्य सचिव ने कहा कि कोविड.19 के दृष्टिगत जिला प्रशासन धार्मिक एवं कल्पवासी संस्थाओं के पदाधिकारियों के बात कर उन्हें सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क, सैनेटाइजेशन आदि के बारे में जागरूक करें तथा कल्पवास के लिए आने वाले लोगों को जागरूक करने में उनका सहयोग प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि कोविड के दृष्टिगत पूरी सावधानी एवं सतर्कता बरतते हुए ही सभी जरूरी व्यवस्थाएं की जानी हैं। उन्होंने बैठक में उपस्थित लोक निर्माण विभाग, ऊर्जा, सिंचाई, पर्यावरण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, जल निगम, गृह, पर्यटन सहित सम्बन्धित विभागों को अपनी-अपनी कार्ययोजना सहित सम्यक प्रस्ताव तत्काल उपलब्ध कराने तथा माघ मेले के लिए सभी जरूरी कार्यों को समय से शुरू कराकर मेला प्रारंभ होने से पूर्व उच्च गुणवत्ता एवं निर्धारित मानक के अनुरूप पूर्ण कराने के निर्देश दिए। वीडियो कांफ्रेन्सिंग के माध्यम से मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी प्रयागराज ने माघ मेले के लिए की जा रही तैयारियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि कोविड 19 के दृष्टिगत सभी जरूरी व्यवस्थाएं की जायेंगी तथा इसमें पूरी सावधानी एवं सतर्कता बरती जायेगी। धार्मिक संस्थाओं से निरन्तर सम्पर्क में रहकर वार्ता की जा रही है तथा उनका पूरा सहयोग लिया जाएगा। जिलाधिकारी प्रयागराज ने बताया कि इस बार 538.34 हेक्टेयर में माघ मेला प्रस्तावित है, जिसमें 4 सेक्टर होंगे। मुख्य स्नान 14 जनवरी को मकर संक्रांति, 28 जनवरी को पौष पूर्णिमा, 11 फरवरी को मौनी अमावस्या, 16 फरवरी को बसन्त पंचमी, 27 फरवरी को माघी पूर्णिमा तथा 11 मार्च 2021 को महा शिवरात्रि का है। मेले में लोक निर्माण विभाग द्वारा पान्टून ब्रिज, चेकर्ड प्लेट पाथवे, साइनेज का कार्य, जल निगम द्वारा पेयजल व ड्रेनेज सम्बन्धी कार्य, पॉवर कारपोरेशन द्वारा सबस्टेशन, विद्युत लाइनों का निर्माण, स्ट्रीट लाइट्स व माघ मेले के शिविरों में विद्युत कनेक्शन आदि के कार्य, स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोविड के दृष्टिगत सभी जरूरी व्यवस्थाएं , सिंचाई विभाग द्वारा रिवर ड्रेजिंग एवं जेटी का निर्माण तथा गंगा पॉल्यूशन कन्ट्रोल यूनिट द्वारा सीवर की टेपिंग, एसटीपी आदि के कार्य किये जाएंगे। बैठक में सभी सम्बन्धित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी तथा वीडियो कांफ्रेन्सिंग के माध्यम से प्रयागराज के मण्डल एवं जिला प्रशासन के अधिकारी आदि उपस्थित थे। संचालन प्रमुख सचिव आवास एवं नगर विकास दीपक कुमार द्वारा किया गया।

# नीतिगत सुधारों के सकारात्मक परिणाम मिलने शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- प्रदेश में 45,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावित: आलोक टंडन



**अवस्थापना** एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन ने बताया कि प्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए किए गए नीतिगत सुधारों के सकारात्मक परिणाम मिलने प्रारम्भ हो गए हैं। अनेक राष्ट्रीय एवं विदेशी कंपनियां उत्तर प्रदेश में 45,000 करोड़ रुपए का निवेश करेंगी। कोरोना संकट के बीच उत्तर प्रदेश सरकार उद्योगों को बढ़ावा देने और प्रदेश के नागरिकों की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए नित नए कदम उठाए जा रहे हैं । यही कारण है की हाल ही में उत्तर प्रदेश ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग में पिछले 3 वर्षो में 12 स्थानों की अभूतपूर्व प्रगति करते हुए देश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है । उत्तर प्रदेश के अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग आयुक्त अलोक टंडन ने कोरोना महामारी के बाद पनपे हालातों के बीच राज्य के औद्योगिक विकास के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी देते हुए बताया कि कोविड संकट से लड़ते हुए उत्तर प्रदेश तेजी से भारत के प्रमुख आर्थिक केन्द्र के रूप में उभर रहा है। पिछले 6 महीनों में उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में निवेश परियोजनाओं के लिए लगभग 420 एकड़ आवंटित किए गए, जिसमें लगभग 6,700 करोड़ रुपये का निवेश होगा । इन परियोजनाओं से लगभग 1,35,362 लोगों को रोजगार मिलेगा।

श्री टण्डन ने कहा कि राज्य में औद्योगीकरण को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में रिकॉर्ड 186 सुधारों को लागू किया गया है। इसमें श्रम विनियमन, निरीक्षण नियम, भूमि आवंटन, संपत्ति पंजीकरण, पर्यावरण स्वीकृति तथा करों का भुगतान आदि प्रमुख है। उन्होंने कहा कि राज्य में निवेशकों पर विनियामक भार को कम करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नवीनीकरणए निरीक्षण, रजिस्टर व रिकॉर्ड तथा रिटर्न फाइल करने के संदर्भ में लाइसेंसों एवं अनापत्ति प्रमाण पत्रों को चिन्हित करने की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गई है। इस संबंध में 15 विभागों में अब तक 80 ऐसे प्रक्रियात्मक अनुपालनों को चिन्हित किया गया है, जिनमें से 52 प्रक्रियात्मक औपचारिकताओं का सरलीकरण किया भी जा चुका है।

उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी आने बाद 40 से अधिक निवेश आशयों को आकर्षित करने में सफलता मिली है, जिसमें लगभग 10 देशों, जैसे जापान, यूएस, यूनाइटेड किंगडम, कनाडा, जर्मनी, दक्षिण कोरिया आदि की कंपनियों के लगभग 45,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव सम्मिलित हैं। आयुक्त ने कहा कि कोविड.19 के बाद व्यापक स्तर पर नीतिगत् सुधार भी किये गये हैं। बुंदेलखण्ड और पूर्वांचल में निजी औद्योगिक की पात्रता सीमा 100 एकड़ से घटा कर 20 एकड़ कर दी गई है। निजी औद्योगिक पार्कों के लिए पश्चिमांचल एवं मध्यांचल में 150 एकड़ से घटा कर 30 एकड़ और लॉजिस्टिक्स पार्कों के लिए पूरे प्रदेश में 50 एकड़ से घटा कर 25 एकड़ भूमि की आवश्यकता का प्राविधान किया गया है। प्रदेश में पहले से ही 20,000 एकड़ औद्योगिक भूमि बैंक उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2021 में लगभग 5,000 एकड़ के भूमि बैंक के विकास का लक्ष्य निर्धारित करते हुए अगस्त सितंबर 2020 में मात्र 2 माह की अवधि में विभिन्न औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के माध्यम से लक्ष्य का 13.67 प्रतिशत प्राप्त कर लिया है।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मैं अनुपमा श्रीवास्तव पत्नी श्री मनीष श्रीवास्तव निवासी 275 मानस इन्क्लेव कनौसा स्कूल के पास इन्दिरा नगर लखनऊ की मेरी सुपुत्री आयुषी श्रीवास्तव का नाम बदलकर आकर्षिता श्रीवास्तव रख दिया है। अब मेरी पुत्री को आकर्षिता श्रीवास्तव नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाये।

DHFL Changing Rules Changing Lives

दीवान हाउसिंग फाइनैंस कार्पोरेशन लिमिटेड

राष्ट्रीय कार्यालय : एचडीआईएल टावर्स, बी-विंग, छठा तल, अनंत कानेकर मार्ग, स्टेशन रोड, बान्द्रा (ईस्ट), मुंबई-400051
शाखा कार्यालय : धीरज बाग, बिल्डिंग ''ए'' भू तल एवं प्रथम तल, ऐक्सिस बैंक के बगल में, मोनालिसा बिल्डिंग के सामने, आगरा रोड, हरी निवास सर्किल, नौपाडा, थाने (वेस्ट)-400602.

माँग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के अधिन अधोहस्ताक्षरी वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के अधिन दीवान हाउसिंग फाइनैंस कारपोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी है। प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थी, जिनमें निम्नलिखीत कर्जदार(रों) (उक्त कर्जदार(रों) से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां, जो यहां नीचे भी दी गई है। चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा, उक्त कर्जदार(रों)को एक बार पुन:डीएचएफएल को यहां नीचे दी गई राशियों का भूगतान , उक्त कर्जदार(रों)द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेज / प्रलेख, यदी काई, के साथ पठित ऋण अनुबंध के अधीन देय, नीचे वर्णित तिथि(यों) से भूगतान तथा / अथवा वसूली की तिथि तक, लागू दर पर आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। उक्त कर्जदार(रों)द्वारा ऋण की सम्यक वापसी के लिए प्रतिभूति के रुप में निम्नलिखित आस्तियां डीएचएफएल के पास बंधक रखी गई है।

| कर्जदार (रो)/ गारंटर (रो) का नाम | माँग सूचना तिथि और राशि एनपीए तिथि सहित | सम्पत्ति पता |
|---|---|---|
| (एलसी. नं. 00000449 कानपुर शाखा), विजय वर्मा (कर्जदार) रोमी सिंह (सह-कर्जदार1) | 09-09-2020 ₹ 356668/-(रुपए तीन लाख छप्पन हजार छह सौ अड़सठ) एनपीए (01-06-2020) | अरजी नं.157 का हिस्सा, हाउस नं.1, वार्ड नं.18, कल्याणपुर कल्याण, कानपुर, कानपुर अर्बन,उत्तर प्रदेश - 208017 |
| (एलसी. नं. 00003016 लखनऊ शाखा), सुभाशीष आचार्य (कर्जदार) अनीता आचार्य (सह-कर्जदार1) | 09-09-2020 ₹ 555716/- (रुपए पाँच लाख पचपन हजार सात सौ सोलह) एनपीए (01-06-2020) | प्लॉट नं. 60, खसरा नं. 992 एसए का हिस्सा, मोहल्ला-रहीमाबाद, वार्ड-राजा बिजली पासी, लखनऊ, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226020 |
| (एलसी. नं. 00000738 कानपुर शाखा), सनद कुमार त्रिपाठी (कर्जदार) दुर्गेश त्रिपाठी (सह-कर्जदार1) | 09-09-2020 ₹ 544184/- (रुपए पाँच लाख चव्वालीस हजार एक सौ चौरासी) एनपीए (01-06-2020) | फ्लैट नं. बी-9/6, पहली मंजिल, शताब्दी नगर, सुलभ आवास, टाईप-3, अरावली, सेक्टर-बी, कानपुर, कानपुर, रुरल, उत्तर प्रदेश-208020 |
| (एलसी. नं. 00003121 लखनऊ शाखा), अरुण कुमार तिवारी (कर्जदार) कल्पना तिवारी (सह-कर्जदार1) | 09-09-2020 ₹ 878040/- (रुपए आठ लाख अठहत्तर हजार चालीस) एनपीए (01-06-2020) | प्लॉट नं.27, खसरा नं. 1313, गांव औरंगाबाद जगीर, लखनऊ, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226020 |
| (एलसी. नं. 00001637 वाराणसी शाखा), सुरेश कुमार (कर्जदार) गीता देवी (सह-कर्जदार1) | 09-09-2020 ₹ 1621332/- (रुपए सोलह लाख इक्कीस हजार तीन सौ बत्तीस) एनपीए (01-06-2020) | अरजी नं.227/9 एमआय का हिस्सा,मौजा नाइका परगना झुनसी, इलाहाबाद, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश -211019 |
| (एलसी. नं. 00041909 लखनऊ-लालबाग शाखा), इरफान अली (कर्जदार) अकीला बानो (सह-कर्जदार1) | 09-09-2020 ₹ 1449847/- (रुपए चौदह लाख उनचास हजार आठ सौ सैंतालीस) एनपीए (01-06-2020) | प्लॉट नं. सी-20 और प्लॉट नं. सी-21 का हिस्सा, खसरा नं. 705, 706, 708, 711 गांव एलुनगर डिगुरिया परगना, लखनऊ, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226020 |
| (एलसी. नं. 00002604 वाराणसी शाखा), श्याम नारायण शुक्ला (कर्जदार) मणी शुक्ला (सह-कर्जदार1) | 09-09-2020 ₹ 1314351/- (रुपए तेरह लाख चौदह हजार तीन सौ इक्यावन) एनपीए (01-06-2020) | अरजी नं. 201 मौजा रामदत्तपुर, परगना शिवपुर, वाराणसी, वाराणसी, उत्तर प्रदेश-221007 |
| (एलसी. नं. 00000903 गोरखपुर शाखा), सुधीर कुमार यादव (कर्जदार) भानमती देवी (सह-कर्जदार1) | 09-09-2020 ₹ 518505/- (रुपए पाँच लाख अठारह हजार पाँच सौ पाँच) एनपीए (01-06-2020) | प्लॉट अरजी नं. 746/1/1 मिन. वार्ड नं.8, मौजा महादेव झारखंडी तुदा, नं. 1, टप्पा और परगना -हवेली, सदा गोरखपुर, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश-273003 |
| (एलसी. नं. 00005168 लखनऊ शाखा), असीम जमाल (कर्जदार) मसिहान जमाल (सह-कर्जदार1) | 09-09-2020 ₹ 2710639/- (रुपए सत्ताईस लाख दस हजार छह सौ उनतालीस) एनपीए (01-06-2020) | हाऊस ऑन प्लॉट नं. 147/ए, खसरा नं. 55ए, 55-एसए अदील नगर वार्ड शंकर, पुर्वा, लखनऊ, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226020 |
| (एलसी. नं. 00001803 कानपुर शाखा), अमित कुमार बाजपई (कर्जदार) सुमित कुमार बाजपई (सह-कर्जदार1) | 09-09-2020 ₹ 1100687/- (रुपए गयारह लाख छह सौ सत्तासी) एनपीए (01-06-2020) | पीव्हीटी प्लॉट नं. 96 एफ, अरजी नं. 124 मिन, गांव नगवां, कानपुर, कानपुर रुरल, उत्तर प्रदेश -208021 |
| (एलसी. नं. 00042335 लखनऊ-लालबाग शाखा), त्रिलोकी यादव (कर्जदार)स्वस्तिका यादव (सह-कर्जदार1) | 09-09-2020 ₹ 1302713/- (रुपए तेरह लाख दो हजार सात सौ तेरह) एनपीए (01-06-2020) | खसरा नं. 2549, मुन्नू खेरा (पारा), वार्ड अलाम नगर, लखनऊ, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226020 के हिस्से पर प्लॉट |
| (एलसी. नं. 00042419 लखनऊ-लालबाग शाखा), रजनी श्रीवास्तव (कर्जदार) रितेश श्रीवास्तव (सह-कर्जदार1) | 09-09-2020 ₹ 1374079/- (रुपए तेरह लाख चौहत्तर हजार उन्यासी) एनपीए (01-06-2020) | प्लॉट नं. 564, खसरा नं. 68 एसए का हिस्सा, माधव ग्रीन गांव लौलई, तहसील लखनऊ, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226020 |
| (एलसी. नं. 00042716 लखनऊ-लालबाग शाखा), शिव कुमार सक्सेना (कर्जदार) प्रिती सक्सेना (सह-कर्जदार1) | 09-09-2020 ₹ 953312/- (रुपए नौ लाख तिरपन हजार तीन सौ बारह) एनपीए (01-02-2020) | खसरा नं. 706 का प्लॉट नं. के 33,हिस्सा, गांव नटुर ओरा वेल्ली, तहसील और जिला लखनऊ, लखनऊ, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226001 |
| (एलसी. नं. 00000131 इलाहाबाद शाखा), अनिल कुमार सिंह (कर्जदार) इंद्रावती सिंह (सह-कर्जदार1) | 09-09-2020 ₹ 879230/- (रुपए आठ लाख उन्यासी हजार दो सौ तीस) एनपीए (01-06-2020) | अरजी नं. 2338, मौजा शेरडीह, परगना झुनसी, तहसील फूलपुर, इलाहाबाद, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश-211013 |
| (एलसी. नं.00006505 लखनऊ शाखा), शशांक सिंह चौहान (कर्जदार) उर्मिला सिंह चौहान (सह-कर्जदार1) | 09-09-2020 ₹ 645501/- (रुपए छह लाख पैंतालीस हजार पाँच सौ एक) एनपीए (01-06-2020) | प्लॉट नं.14, खसरा नं. 1451 मिन, ग्राम-बंथरा, सिंकदरपुर, परगना, बिजनौर, सरोजिनी नगर, लखनऊ, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226020 |
| (एलसी. नं.00006746 लखनऊ शाखा), खालिद कमाल (कर्जदार) मोहम्मद तारिक जमाल (सह-कर्जदार1) | 09-09-2020 ₹ 335237/- (रुपए तीन लाख पैंतीस हजार दो सौ सैंतीस) एनपीए (01-06-2020) | प्लॉट नं.288, ओवर खसरा नं. 132 मिन, अंट ग्राम-लखपेडा, परगना और तहसील - मोहनलालगंज, लखनऊ, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226020 |
| (एलसी. नं.00042857 लखनऊ-लालबाग शाखा), मोहम्मद समीर (कर्जदार) सीमा जहीर (सह-कर्जदार1) | 09-09-2020 ₹ 1826367/- (रुपए अठारह लाख छब्बीस हजार तीन सौ सड़सठ) एनपीए (01-06-2020) | प्लॉट नं.142 का हिस्सा, खसरा नं. 1,2,4 का हिस्सा, लिमरा गोल्ड योजना, गांव-नरहरपुर, तहसील-बख्शी का तालाब, परगना और जिला 226020, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226020 |
| (एलसी. नं.00002120 लखनऊ शाखा), रवि शंकर (कर्जदार) सीता देवी (सह-कर्जदार1) | 26-09-2020 ₹ 796418/-(रुपए सात लाख छियानबे हजार चार सौ अठारह) एनपीए (01-08-2020) | प्लॉट नं.518 गांव खेरुना परगना और तहसील अमेंठी, अमेठी, सुल्तानपुर, उत्तर प्रदेश-227405 |
| (एलसी. नं.00003261 लखनऊ शाखा),रमेश चंद चौहान (कर्जदार) सरिता चौहान (सह-कर्जदार1) | 26-09-2020 ₹ 698911/-(रुपए छह लाख अठ्ठानवे हजार नौ सौ ग्यारह) एनपीए (01-07-2020) | एच नं. 613/पी-015 (केएच-505), प्लॉट नं. 15 पर और प्लॉट नं. 16 का हिस्सा, खसरा नं. 505, गौरबीथ, फैजुल्लागंज, लखनऊ, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226001 |

यदी उक्त कर्जदार डीएचएफएल को उपरोक्तनुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, डीएचएफएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरुद्ध कार्यवाही प्रारंभ करेगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पुर्णरुपेण जिम्मेदार होंगे। उपरोक्त आस्तियों का अंतरण डीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टा या अन्य प्रकार से करने के संबंध में उक्त कर्जदारों पर अधिनियम के तहत रोक लगी है। कोई व्यक्ती, जो उक्त अधिनियम अथवा उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है अथवा उस हेतु अभिप्रेरित करता है, अधिनियम के अधीन दी गई व्यवस्था के अनुसार कारावास तथा/अथवा अर्थिक दण्ड का भागी होगा।

तिथी : 31/10/2020
स्थान : उत्तर प्रदेश

हस्ता/-
(प्राधिकृत अधिकारी)
दीवान हाउसिंग फाइनैंस कार्पोरेशन लिमिटेड

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# कोरोना संक्रमण रोकने में एसएमएस उपयोगी, लोगों को करें जागरूक: योगी

## फोकस टेस्टिंग करते हुए प्रतिदिन किए जाएं 1.50 लाख टेस्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कोविड-19 के प्रसार को रोकने के लिए लोगों को एसएमएस के प्रति जागरूक किए जाने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा है कि एस अर्थात सोप-सेनिटाइजर, एम अर्थात मास्क तथा एस अर्थात सोशल डिस्टेंसिंग कोविड-19 के संक्रमण को नियंत्रित करने में अत्यन्त उपयोगी हैं। इसलिए जनता को इसे अपनाने के लिए निरन्तर जागरूक किया जाए।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को यहां अपने सरकारी आवास पर एक उच्चस्तरीय बैठक में कहा कि जब तक कोरोना की कोई कारगर दवा अथवा वैक्सीन उपलब्ध नहीं हो जाती तब तक पूरी सतर्कता और सावधानी बरतना अत्यन्त आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि फोकस टेस्टिंग करते हुए प्रतिदिन कोरोना के 1.50 लाख टेस्ट किए जाएं। उन्होंने आगामी पर्वों के मद्देनजर विभिन्न कारोबारी समूहों के कोरोना के फोकस टेस्टिंग कार्य को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि आगामी समय में डेंगू की सम्भावना के दृष्टिगत संचारी रोगों के नियंत्रण के लिए कार्यवाही तेजी से जारी रखी जाए। उन्होंने कहा कि सेनिटाइजेशन तथा फॉगिंग का कार्य पूरी सक्रियता से किया जाए। पब्लिक एड्रेस सिस्टम को क्रियाशील रखते हुए लोगों को कोविड-19 तथा संचारी रोगों से बचाव की जानकारी दी जाए। उन्होंने जनपद कानपुर नगर, मेरठ, बस्ती तथा वाराणसी में कोविड-19 की रिकवरी दर को बेहतर करने के लिए उपचार व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कामगारों और श्रमिकों की सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा तथा उनके सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश कामगार और श्रमिक (सेवायोजन एवं रोजगार) आयोग गठित किया है। आयोग के निर्देशों के क्रियान्वयन एवं मॉनिटरिंग के लिए जिला स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय समीति गठित की गई है। सभी जनपदों में समीति की बैठक आयोजित किए जाने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि इसके पश्चात वे स्वयं राज्य स्तर पर इस सम्बन्ध में समीक्षा करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत किए जा रहे जन जागरूकता कार्यों के बेहतर परिणाम मिल रहे हैं। इसके माध्यम से समाज में एक सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित हो रहा है। इसलिए मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूकता का कार्य 15 नवम्बर तक जारी रखा जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी शीत ऋतु के दृष्टिगत राजस्व विभाग द्वारा समय से कम्बल खरीदने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए ताकि निराश्रितों व्यक्तियों को इनका यथा समय वितरण किया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी एक्सप्रेस-वे पर निर्माण कार्य तेजी से किया जाएं जिससे यह परियोजनाएं समय से पूर्ण की जा सकें। उन्होंने गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# राजधानी में 266, सूबे में मिले कोरोना के 2237 नए मरीज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** वायरस के नियंत्रण को लेकर सरकारी स्तर पर चल रही मुहिम का असर दिखने लगा है। सूबे में शुक्रवार को कोरोना वायरस के 2237 नए मरीज पाए गए हैं। जबकि राजधानी लखनऊ में 266 केस सामने आए हैं। सूबे में 24431 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 3176 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 7007 मरीजों की और राजधानी में 877 की मौत हो चुकी है। विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 480156 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 2590 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 448644 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। वही राजधानी में अभी तक 62,113 कोरोना संक्रमित मरीज मिल चुके हैं। इनमे आज 310 को डिस्चार्ज करने के साथ ही अब तक 58937 मरीजों को डिस्चार्ज किया जा चुका है। राजधानी लखनऊ में आज कोरोना वायरस के सम्बन्ध में सर्विलान्स एवं कान्टेक्ट ट्रेसिंग के आधार पर टीमों द्वारा 7994 लोगो के सैम्पल लिये गये है। जिनमें प्रमुख रूप से आज इंदिरा नगर 23, अलीगंज 12, गोमती नगर 23, रायबरेली रोड 14, मडियांव 12, चौक 14, कैंट 10, तालकटोरा 10, वृंदावन 12, हजरतगंज 15 इत्यादि स्थानों पर पाजिटिव रोगी पाये गये। आज कोविड प्रोटोकाल के दृष्टिगत कुल 77 रोगियों को हास्पिटल का आवंटन किया गया। जिसमें से 77 सभी रोगियों के लिए एम्बुलेंस का आवंटन भी कर दिया गया। देर शाम तक 43 रोगियों को हास्पिटल में भर्ती कराया जा चुका है। शेष 34 रोगियों द्वारा होम आईसोलेशन के लिए अनुरोध करके एम्बुलेंस को लौटा दिया गया।

## कोरोना के बाद डेंगू का डंक, 19 नए मरीज मिले

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** में कोरोना संक्रमण के बीच डेंगू पांव पसारने लगा है। शुक्रवार को डेंगू के 14 नए केस सामने आए हैं। वही मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने 2314 घरों तथा विभिन्न स्थानों पर मच्छर जनक स्थितियों का सर्वेक्षण कियाए जिनमें 21 घर/स्थानों पर मच्छर जनक स्थितियां पायी जाने पर आईपीसी की धारा 188 के तहत सम्बन्धितों को नोटिस जारी की गयी। डेंगू का प्रकोप बढ़ने के बाद स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम और मलेरिया विभाग के अफसरों की नींद टूटी है। प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग की टीमें सोर्स रिडक्शन तथा स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करने का काम कर रही हैं। वही नगर निगम ने भी इलाकों में फॉगिंग के साथ साफ-सफाई अभियान को चला रखा है। शुक्रवार को जिन वार्डो में नोटिस दी गई उनमे अयोध्या दास वार्ड, कन्हैया माधवपुर, हैदरगंज, आलमनगरए हुसैनाबाद शामिल है। वही जनपद लखनऊ में 14 डेंगू के धनात्मक मरीज हजरतगंज, इन्दिरानगर, शारदानगर, जानकीपुरम, गोमती नगर इत्यादि में पाये गये है।

## समेसी बना सब डिवीजन एसडीओ तैनात

**मोहनलालगंज।** लाइन लॉस रोंककर राजस्व वसूली बेहतर बनाने और उपभोक्ताओं की शिकायत का स्थानीय स्तर पर समाधान कराने के लिए लेसा सिस गोमती प्रशासन ने सेस तृतीय खण्ड में समेसी को सबडिवीजन बनाकर एसडीओ विशाल कुमार त्रिपाठी की तैनाती कर दी है। समेसी सबडिवीजन से समेसी और निगोहां सब स्टेशन के उपभोक्ता लाभान्वित होंगे उन्हें मोहनलालगंज और गोशाईगंज तक की भागदौड़ नहीं करनी पड़ेगी। अधिशाषी अभियन्ता आरएन वर्मा ने बताया समेसी सबडिवीजन में नवनियुक्त एसडीओ ने ज्वाइन भी कर लिया है। सबस्टेशन के पास ही सब डिवीजन दफ्तर खोलने की तैयारी चल रही है।

# 136 नवनियुक्त शिक्षकों को आवंटित किया गया विद्यालय

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**69000 हजार** सहायक शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में 31277 पदों पर नियुक्ति के बाद चयनित शिक्षकों में शुक्रवार को लखनऊ में 136 शिक्षकों को विद्यालय आवंटित कर दिया गया। इन शिक्षकों को बीएसए दिनेश कुमार व समिति के सदस्यों ने विद्यालय आवंटन लेटर दिया।

बीएसए दिनेश कुमार ने बताया कि इन शिक्षकों को नियुक्ति पत्र पूर्व में ही जारी हो गए थे। आज इन शिक्षकों को विद्यालय आवंटन पत्र दिया गया है। इन सभी को ग्रामीण इलाकों के स्कूलों में तैनाती दी गई है। बता दे कि नवनियुक्त शिक्षकों को तैनाती देने के लिए 26 अक्तूबर से 28 अक्तूबर तक जिलों में काउंसलिंग का आयोजन किया गया था। 29 व 30 अक्तूबर को स्कूल आवंटन का कार्य किया गया। अब इन शिक्षकों को 31 अक्तूबर से 3 नवंबर तक विद्यालयों में कार्यभार ग्रहण करना होगा। इन सहायक अध्यापकों को 16 अक्तूबर को ही नियुक्ति पत्र जारी करते हुए जिला बेसिक शिक्षाा अधिकारियों के कार्यालयों में कार्यभार ग्रहण कराया जा चुका है। इन शिक्षकों को शासनादेश के मुताबिक तैनाती नियमावली 2008 (अद्यतन संशोधित-2010) के अनुसार किया गया है। तैनाती में इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है कि किसी भी विद्यालय में निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार नियमावली 2011 में दिए गए छात्र,अध्यापक अनुपात के अनुसार ही अध्यापकों की तैनाती की जाए।

# यूपीएसईई काउंसिलिंग के पहले चरण में 14707 छात्रों को बेहतर विकल्प की तलाश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**इंजीनियरिंग** और मैनेजमेंट कालेजो में दाखिले के लिए डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय की तरफ से कराई जा रही यूपीएसईई काउंसलिंग के पहले चरण में 14707 अभ्यर्थी बेहतर विकल्प की तलाश में हैं। इसलिए इन छात्रों ने फ्लोट का विकल्प भरा है। ऐसे में इन छात्रों को दूसरे चरण के लिए शुक्रवार से शुरू हुई काउंसलिंग में अपग्रेडेशन का मौका मिल सकता है। फ्लोट के विकल्प को लेकर विवि के मीडिया प्रभारी आशीष मिश्र का कहना है कि फ्लोट का मतलब उक्त सीट उन्हें आवंटित हो चुकी है, वो बेहतर विकल्प की तलाश में हैं। यदि अपग्रेडेशन की प्रक्रिया में इन्हें मनमाफिक सीट नहीं मिली तो पहले चरण में आवंटित सीट पर ही दाखिला माना जायेगा। पहले चरण की काउंसिलिंग के जिन अभ्यर्थियों को सीट आवंटित नहीं हुई है उनको भी दूसरे राउंड में सीट आवंटित होगी।

## पालीटेक्निक में बगैर आवेदन के सीधे दाखिले नहीं होंगे मान्य

**लखनऊ।** पालीटेक्निक कक्षाओं में दाखिले को लेकर चार चरण के काउंसलिंग की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सरकारी के साथ निजी संस्थानों में काफी सीटे बची है। ऐसे में सीटों को भरने के लिए निजी संस्थान सीधे तौर पर स्टूडेंट्स को दाखिले के लिए प्रेरित कर रहे है। निजी संस्थानों के रवैये को देखते हुए प्राविधिक शिक्षा परिषद ने कहा है कि बगैर आवेदन के सीधे दाखिले मान्य नहीं होंगे। चौथे चरण की काउंसलिंग के बाद राजकीय व एडेड पॉलीटेक्निक में 13933 सीटें खाली रह गई हैं। जबकि निजी कालेजो में 185667 सीटें खाली हैं। ऐसे में पांचवें चरण की काउंसलिंग के लिए अभ्यर्थियों के पास शनिवार को विकल्प भरने का आखिरी मौका है।

# सांसद अफजाल अंसारी की पत्नी पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज

**लखनऊ।** पूर्वांचल के माफिया विधायक मुख्तार अंसारी पर लगातार योगी सरकार शिकंजा कसती चली जा रही है, जहां मुख्तार के बेटों के खिलाफ हाल ही में मुकदमे हुए थे। वहीं अब उनके भाई सांसद अफजाल अंसारी की पत्नी फरहत अंसारी के खिलाफजियामऊ के लेखपाल की तहरीर पर हजरतगंज थाने में अपराधिक षड्यंत्र समेत 6 धाराओं में केस दर्ज हुआ है। इसमें आईपीसी की धारा 120बी, 420, 447, 448 और 427 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। तहरीर में निष्क्रांत संपत्ति पर कब्जे का जिक्र है। उन पर सरकारी संपत्ति पर अवैध कब्जे करने का आरोप लगा है। ज्ञात हो कि मुख्तार के बेटे और अफजाल की संपत्तियों पर पहले ही प्रशासन बुलडोजर चला चुका है। अब इसी मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। उधर मुख्तार अंसारी की भी मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। मुख्तार के बेटे अब्बास अंसारी के खिलाफ जांच में एक शस्त्र लाइसेंस पर कई हथियार खरीदने के मामले का खुलासा हुआ है। जांच में सामने आया है कि अब्बास की ग्लॉक पिस्टल और स्पेयर बैरल भी अवैध है। इस मामले में अब्बास के खिलाफ राजधानी लखनऊ के महानगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज है। जिसकी जांच एसटीएफ को ट्रांसफर की जा चुकी है। वहीं दूसरी ओर दिल्ली पुलिस ने अब्बास के शस्त्र लाइसेंस को निरस्त कर दिया है।

## फ्लैट के नाम पर पैसा हड़पने के खिलाफ डीआईजी व उनकी पत्नी पर मुकदमा

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के महानगर कोतवाली में शुक्रवार को पुलिस वायरलेस विभाग के डीआईजी अनिल कुमार, उनकी पत्नी पुष्पा अनिल, चंद्रपाल सिंह और दरोगा बृजेश कुमार सिंह के खिलाफ हाईकोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी का केस दर्ज हुआ है। डीआईजी पर आरोप है कि उन्होंने अपना फ्लैट बेचा और पांच लाख एडवांस ले लिया। लेकिन बाद में वे मुकर गए और फ्लैट से बेदखल करा दिया। इन आरोपों पर डीआईजी समेत चारों आरोपियों पर आईपीसी की धारा 420, 406, 448, 506 के तहत दर्ज हुआ है। कल्याणपुर, गुडंबा निवासी व्यवसायी रमेश कुमार गुप्ता ने आरोप लगाया है कि अनिल कुमार और उनकी पत्नी ने इंदिरा दर्शन रेजीडेंसी, महानगर स्थित अपना फ्लैट 60 लाख में बेचने का वादा किया। उन्होंने इसके लिए 5 लाख एडवांस देने को कहा और शेष धनराशि किश्तों में देने की बात कही। रमेश कुमार गुप्ता ने तत्काल एडवांस दे दिया, जिसके बाद अनिल कुमार ने उन्हें फ्लैट का कब्जा दिया और उस पर रंगाई-पुताई शुरू कराई। इसके बाद अनिल कुमार अपने वादे से पलट गए और उन्होंने बेईमानी के इरादे से जबरदस्ती फ्लैट से बेदखल कर दिया।

## पढ़ाई के साथ साथ अब मेडिकल रिकार्ड भी तैयार करेंगे स्कूल

**लखनऊ।** माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों का स्कूल मैनेजमेंट अब मेडिकल रिकार्ड रखेंगे। जिससे बच्चों की सेहत पर नजर रखी जा सके। यह मेडिकल रिकार्ड कोरोना को ध्यान में रखते हुए तैयार किये जायेंगे। साथ ही इन रिकाड्र्स की हर 15 दिन पर समीक्षा की जाएगी। अभी तक स्कूल आने वाले सभी स्टूडेंट्स का डेली बॉडी टेम्परेचर लिया जा रहा हैं। पर अब स्कूलों को इन स्टूडेंट्स के साथ ऑनलाइन क्लासेस में पढ़ने वाले सभी स्टूडेंट्स के मेडिकल डिटेल लेने होंगे। इसकी पूरी एक रिपोर्ट बनानी होगी। सभी स्कूलों को अपने हर एक क्लास, उसमें पढ़ने वाले स्टूडेंट्स का हर 15 दिनों का पूरा मेडिकल रिकार्ड बनाना होगा। जिसे स्कूलों को यह पता चल सके कि किस स्टूडेंट्स की तबियत लगातार खराब रह रही है या किन स्टूडेंट्स का कोई और मेडिकल प्रॉब्लम तो नहीं हैं। ऐसे में स्कूलों को आने वाले समय में जब कोरोना महामारी के बीच में पूरी तरह से स्कूल खोला जाएगा तो स्टूडेंट्स की सुरक्षा और बचाव के लिए तैयारी करने का पूरा समय मिल जाएगा। वहीं अब आगे से पब्लिक स्कूलों में स्टूडेंट्स के एडमिशन के समय उसकी सेहत से जुड़ी सभी जानकारियां ली जाएंगी। जिससे स्टूडेंट्स को अगर कोई बीमारी है जिसमें उसे किसी प्रकार के मेडिकल सलाह व सेवा की जरूरत होती है तो उसका पूरा विवरण स्कूल में पहले से तैयार हो।




भूतनाथ मार्केट में करवाचौथ पर्व की खरीदारी करती महिला

## शिया कालेज में एलएलबी फर्स्ट सेमेस्टर की मेरिट सूची जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**नए** सत्र में एलएलबी फर्स्ट सेमेस्टर में दाखिले को लेकर शिया पीजी कालेज ने मेरिट सूची जारी कर दी है। मेरिट सूची कालेज की वेबसाइट पर अपलोड है। स्टूडेंट्स ऑनलाइन मोड में दो व तीन नवंबर तक कालेज की तरफसे दाखिले के लिए जारी मेरिट सूची के मुताबिक एलएलबी ब्वायज की पहली मेरिट लिस्ट में मेरिट इंडेक्स 76.97 से लेकर 53.56 तक के स्टूडेंट्स चयनित घोषित किये गये हैं। एलएलबी गर्ल्स की पहली मेरिट लिस्ट में मेरिट इंडेक्स 74.56 से लेकर 58.65 तक के स्टूडेंट्स चयनित घोषित किये गये हैं। सभी अर्ह शिया कॉलेज के स्टूडेंट्स भी इसी नियमानुसार चयनित किये गये हैं। प्रवेश शुल्क जमा करने के बाद स्टूडेंट्स को बैंक में जमा की गई फीस की रसीद को अपने पास सुरक्षित रखना होगा और डिग्री कॉलेज द्वारा ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन काउंसिलिंग के लिये सूचित किये जाने पर स्टूडेंट्स को अपने अंक पत्रों व प्रमाण पत्रों के साथ शुल्क रसीद को भी मूल रूप में लेकर आना होगा।

# बंद मकान में लटकता मिला संविदाकर्मी का शव

**लखनऊ।** पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के वृंदावन योजना के सेक्टर-12बी में शुक्रवार की सुबह खाली पड़े एक मकान के कमरे की छत पर लगे कुंडे में चादर के सहारे बिजली विभाग के संविदाकर्मी का संदिग्ध परिस्थितियों में शव लटकता हुआ मिला। देर रात घर ना पहुंचने पर पत्नी ने पड़ोसियों संग खोजबीन शुरू की तो घर से कुछ दूरी पर एक खाली मकान के बाहर बाइक खड़ी देखी, जिसके बाद मकान के अंदर जाने पर घटना का पता चला। इसके बाद परिजनों ने पीजीआई पुलिस को घटना की सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सविंदाकर्मी के शव को नीचे उतरवाने के साथ परिजनों की मांग पर फारेसिंक एक्सपर्ट टीम को जांच के लिये मौके पर बुलाया। फोरेंसिक टीम के मौके पर आकर जांच करने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेजा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बाराबंकी जनपद के लोनीकटरा थाना क्षेत्र के हुसैनाबाद गांव निवासी 32 वर्षीय पवनेश मौर्या अपनी पत्नी शिखा मौर्या व दो बेटियों के साथ पीजीआई के वृंदावन योजना के सेक्टर 12बी में किराये के मकान में रहते थे। पवनेश मोहनलालगंज विद्युत उपकेन्द्र में संविदा पर एसएसओ के पद पर तैनात थे। पत्नी शिखा ने बताया गुरुवार की दोपहर घर से ड्यूटी पर जाने की बात कहकर निकले थे। देर रात घर ना आने पर पति के मोबाइल पर वीडियो काल की तो काम में फंसे होने की बात कहकर फोन काट दिया, लेकिन शुक्रवार की सुबह तक घर ना आने पर कई बार पति के मोबाइल पर फोन किया, लेकिन घंटी जाने के बाद भी नहीं उठा। जिसके बाद शिखा ने अपने भाई सहित पति के साथियों के साथ खोजबीन शुरू की तो घर से कुछ दूरी पर बंद पड़े मकान के बाहर पति की बाइक खड़ी देखी तो वहां पहुंचकर पति के मोबाइल पर फोन किया तो मकान के अंदर से मोबाइल की घंटी बजने की आवाज सुनाई दी। पत्नी ने भाई सहित अंदर जाकर देखा तो कमरे की छत में लगे कुंडे में साड़ी के फंदे के सहारे पति पवनेश का शव लटक रहा था।

वहीं मौके पर मौजूद मृतक के साथी सविंदाकर्मियों ने हत्या कर शव को लटकाये जाने की बात कहते हुये फारेसिंक टीम बुलाकर जांच कराये की बात कही, जिसके बाद फारेंसिक एक्सपर्ट टीम की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच के लिये सैम्पल भरे।

# कान्हा उपवन पहुंचे नगर आयुक्त, परखीं व्यवस्थाएं

## झूलेलाल वाटिका पर होने वाले कार्यक्रम गोमय दीपावली की तैयारियों को भी परखा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



निरीक्षण करते नगर आयुक्त

**नादरगंज** कान्हा उपवन गौशाला का नगर आयुक्त द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पशुओं के रखरखाव और चारे की जानकारी की। यह भी जायजा लिया कि पशुओं को मानकों के अनुरूप रखा गया है या नहीं। यही नहीं नगर आयुक्त ने झूलेलाल वाटिका पर होने वाले कार्यक्रम गोमय दीपावली की तैयारियों को भी परखा, मिट्टी आदि के दीयों को जांचा। शुक्रवार को नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी ने नादरगंज स्थित कान्हा उपवन गौशाला का निरीक्षण करने नादरगंज पहुंचे। चार हजार जानवरों को रखने वाले गौशाला भ्रमण कर वहां की व्यवस्था को देखा। पशुओं के रखने के स्थल की सफाई का निरीक्षण किया। अधिकारियों से रखरखाव के मानकों को जांचा। नगर आयुक्त ने कान्हा उपवन को देख रहे अधिकारियों से पूरी जानकारी की, पशुओं को दिए जाने वाले चारे और दूसरी सुविधाओं की भी जानकारी की। साथ ही गोमय दीपावली के कार्यक्रम की तैयारियों को भी जाना। गोमतीनदी के तट पर होने वाले कार्यक्रम की जानकारी भी ली। यहां गाय के गोबर से बने दीपों से दीपावली मनायी जाएगी। यहां इस दिन एक लाख दीपक तैयार किए जा रहे हैं। शहर के मुख्य बाजारों जैसे हजरतगंज गोमतीनगर, अमीनाबाद आदि में कान्हों उपवन में तैयार गोबार के दिए और गणेश लक्ष्मी की मूर्ति बिक्री के लिए तैयार की जा रही है। आम जनमानस के लिए स्टाल लगवाएं जाएंगे। प्रचार प्रसार के लिए कैनोपी लगायी जाएंगी। इस दौरान अपर नगर आयुक्त राकेश यादव और पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ एके राव भी मौजूद रहें।

**ऑन लाइन होगी मूर्तियों, दीयों की बिक्री:** गोबर की मूर्तियां और दीपकों की बिक्री ऑन लाइन भी करायी जाएगी। इसकी तैयारी नगरनिगम ने कर ली है। जल्दी ही इसकी शुरुआत हो जाएगी। लिंक पोर्टल आम जनमानस के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। गोबर की मूर्तियों में गिलोय और तुलसी जैसे औषधीय पौधों के बीजों को भी डाला जा रहा है, जो अगले वर्ष दीपावली पर मूर्ति बदलने पर पुरानी मूर्ति को पेड़ व गमलों में डालकर पर्यावरण को सुरक्षित किया जा सकेगा।

# सरोजनीनगर के दो कोटेदारों का लापता राशन उनके घर पहुंचा

## उपजिलाधिकारी सरोजनीनगर व खाद्य एवं रशद विभाग की टीम भी जांच में जुटी

**संवाददाता।** सरोजनीनगर

**सरोजनीनगर** विकासखंड की दो ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों का राशन तकरीबन एक पखवारे से लापता था। समाचार पत्रों द्वारा शुक्रवार को इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया तो ठेकेदार ने शुक्रवार की सुबह ही राशन कोटेदारों के घर पहुंचा दिया। उधर खाद्य रसद विभाग की टीम भी जांच के लिए कोटेदारों के घर पहुंची। इसके अलावा सरोजनीनगर एसडीएम ने भी अपनी जांच टीम भेजकर गौरी बाजार स्थित सरकारी गोदाम की जांच कराई। उल्लेखनीय है कि सरोजनीनगर विकासखंड की नीवा व तिरवा ग्राम पंचायत के कोटेदार के पास बीते 14 अक्टूबर को क्रमश: 89.59 व 89.59 कुंतल गेहूं भेजा गया था। लेकिन कई दिनों तक कोटेदारों के पास राशन नहीं पहुंचा तो क्षेत्रीय आपूर्ति निरीक्षक से इसकी शिकायत की। लेकिन क्षेत्रीय आपूर्ति निरीक्षक द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिससे परेशान कोटेदारों ने गोदाम प्रभारी को शिकायती पत्र व्हाट्स करते राशन न पहुंचने व ग्रामीणों के राशन वितरण के लिए राशन उपलब्ध कराने की मांग की। शुक्रवार को समाचार पत्रों ने प्रमुखता से इस खबर को प्रकाशित किया। इसके बाद विभाग के उच्च अधिकारियों ने क्षेत्रीय आपूर्ति निरीक्षक को जमकर फटकार लगाई।

# साइकिल चलाकर उपकेंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे ऊर्जा मंत्री

## ● इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देगा ऊर्जा विभाग: श्रीकांत शर्मा





**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**ऊर्जा** एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत मंत्री श्रीकान्त शर्मा ने ऊर्जा विभाग में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स का उपयोग करने के निर्देश दिए हैं। यह निर्देश उन्होंने शुक्रवार को राजधानी के वृंदावन सेक्टर 5 स्थित उपकेंद्र का औचक निरीक्षण के दौरान दिए। वह पर्यावरण संरक्षण और बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिए अपने सरकारी आवास से साइकिल से उपकेंद्र का निरीक्षण करने के लिए निकले थे।

उन्होंने प्रबंध निदेशक को डिस्कॉम में डीजल गाड़ियों को हटाकर प्रक्रिया के तहत इलेक्ट्रिक गाड़ियों के उपयोग को बढ़ावा देने को कहा है। यह भी कहा कि कम से कम महानगरों में इसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। जिससे ऊर्जा विभाग पर्यावरण के अनुकूल वातावरण निर्माण में अपना योगदान सुनिश्चित कर सके। ऐसे प्रयासों से आम लोग भी पर्यावरण के प्रति सजग हो सकेंगे। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि केवल सरकार ही नहीं आम लोगों को भी इस अभियान में जुड़ना होगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे स्वास्थ्य और पर्यावरण को देखते हुए साइकिल के उपयोग को बढ़ावा दें। कोरोना के कारण लोगों में स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ी है। ऐसे में लोग साइकिल के उपयोग को बढ़ावा देंगे तो अपने स्वास्थ्य के साथ बेहतर पर्यावरण के लिए अपनी जवाबदेही भी प्रदर्शित करेंगे। यह भी कहा कि वे अपने घर से शक्ति भवन स्थित कार्यालय जाने के लिए साइकिल का उपयोग करेंगे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कमियों को दूर करने के निर्देश दिए साथ ही अधिकारियों को खुद से अपनी जवाबदेही सुनिश्चित करने को कहा।

# उत्तर प्रदेश प्रो-पुअर पर्यटन विकास परियोजना का प्रस्ताव स्वीकृत

## कैबिनेट के फैसले

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मंत्रिपरिषद** ने विश्व बैंक सहायतित उत्तर प्रदेश प्रो–पुअर पर्यटन विकास परियोजना के सुचारू संचालन एवं क्रियान्वयन हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। मंत्रिपरिषद द्वारा परियोजना में अग्रेतर संशोधन हेतु मुख्यमंत्री को अधिकृत किया गया है। उत्तर प्रदेश प्रो.पुअर पर्यटन विकास परियोजना कुल 57.14 मिलियन यूएस डॉलर करीब 371.43 करोड़ रुपये से संचालित की जाएगी, जिसमें 70 प्रतिशत विश्व बैंक द्वारा एवं 30 प्रतिशत राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।

आगरा एवं मथुरा के कार्यों (कुल 167 करोड़ रुपये) के स्थान पर सारनाथ एवं कुशीनगर में नये कार्यों को कराया जाएगा। सारनाथ के कार्यों को वाराणसी विकास प्राधिकरण के द्वारा तथा कुशीनगर के कार्यों को गोरखपुर विकास प्राधिकरण के द्वारा कराये जाने हेतु



उन्हें कार्यदायी संस्था नामित अधिकृत किया गया है। परियोजना के क्रियान्वयन से प्रस्तावित कार्य स्थलों पर पर्यटक सुविधाओं का विकास होगा तथा पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा एवं रोजगार के अवसर सृजित होंगे। साथ ही स्थानीय स्तर पर प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे और स्थानीय विकास भी होगा।

पर्यटन विकास के माध्यम से उत्तर प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर स्थानीय रोजगार में वृद्धि करके स्थानीय लोगों के आर्थिक उन्नयन में सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा विश्व बैंक की सहायता से उत्तर प्रदेश प्रो.पुअर पर्यटन विकास परियोजना संचालित की जा रही है।

## जापान के साथ एमओसी हस्ताक्षरित किये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव अनुमोदित

**लखनऊ।** मंत्रिपरिषद ने कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, भारत एवं कृषि, वन एवं मत्स्य मंत्रालय, टोक्यो, जापान के मध्य मेमोरेण्डम आफ कोआपरेशन (एमओसी) हस्ताक्षरित किये जाने के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। मंत्रिपरिषद के अनुमोदन के पश्चात विदेश मंत्रालय, भारत सरकार से राजनीतिक अनुमति प्राप्त होने के उपरान्त ही प्रश्नगत एमओसी का सम्पादन कराया जाएगा। मंत्रिपरिषद ने अपरिहार्य परिस्थितियों में प्रश्नगत एमओसी में किसी संशोधन की आवश्यकता होने पर इसके लिए मुख्यमंत्री को अधिकृत किया है। कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, भारत एवं कृषि, वन एवं मत्स्य मंत्रालय, टोक्यो, जापान के मध्य एमओसी हस्ताक्षर किये जाने से कृषि प्रधान उत्तर प्रदेश की दो तिहाई जनसंख्या जो कृषि पर आधारित है, की आय बढ़ाने में सहयोगी सिद्ध होगा। कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालयों में कृषि संबंधी क्षेत्रों में रिसर्चए एजुकेशन एवं एक्सटेंशन के क्षेत्र में एक्सीलेंस प्राप्त किये जाने तथा उत्तर प्रदेश में जापान द्वारा कृषि के क्षेत्र में शोध एवं तकनीकी सहयोग प्रदान किये जाने से कृषि क्षेत्र में लक्षित कृषकों की आय बढ़ाने के सरकार के प्रयासों को बल मिलेगा।सम्पादित की जा रही एमओसी से प्रदेश के कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिकों एवं प्रौद्योगिकविदों तथा साहित्य सूचना और कार्यप्रणाली एवं सामान्य हित के कार्यक्रम में आपसी सहमति से उपलब्ध वैज्ञानिक उपकरणों के आदान प्रदान से कृषि सम्बन्धी शोध कार्यों को बढ़ावा मिलेगा। जिससे नवीन कृषि तकनीकों के विकास में सहयोग प्राप्त होगा।

**शुकदेव आश्रम को लीज पर दी गयी 5 एकड़ भूमि का किया गया नवीनीकरण:** लखनऊ। मंत्रिपरिषद ने शुकदेव आश्रम स्वामी कल्याण देव सेवा ट्रस्ट, शुक्रताल मुजफ्फरनगर को लीज पर दी गयी 5 एकड़ वन भूमि के आगामी 30 वर्षों के लिए लीज नवीनीकरण की अनुमति विषयक प्रस्ताव राष्ट्रीय वन्य जीव बोर्ड की स्थायी समिति के विचारार्थ अनुमोदनार्थ भारत सरकार को प्रेषित किये जाने के प्रस्ताव को अनुमति प्रदान कर दी है। जनपद मुजफ्फरनगर में शुक्रताल एक धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व का ग्राम हैं। इसी स्थान पर स्थित शुकदेव आश्रम जनपद मुजफ्फरनगरमें शुकदेव आश्रम स्वामी कल्याण देव सेवा ट्रस्ट में लगातार भागवत कथाएं होती रहती हैं, जिसमें देश विदेश से लाखों श्रद्धालु आते हैं एवं रात्रि स्थगन करते हैं। ट्रस्ट द्वारा नि:शुल्क विद्यालय, छात्रावास एवं नि:शुल्क चिकित्सालय भी स्थापित एवं संचालित है।

# युवती ने लगाया 2.24 लाख हड़पने का आरोप

**लखनऊ।** रियल स्टेट कारोबारी ने अपनी पर्सनल असिस्टेंट से झांसा देकर 2.24 लाख रुपये हड़प लिए। पीड़िता का आरोप है कि रुपये मांगने पर आरोपी ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। पीड़िता ने गुड़म्बा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्ट गुड़म्बा रीतेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि सीतापुर, रोटी गोदाम निवासी अनुपम पाल को उनके पड़ोसी शरद अवस्थी ने रियल स्टेट कारोबारी मैसर्स राठौर एम्पायर के मालिक अनिल राठौर उर्फ रौनक सिंह से नौकरी दिलाने की बात कहकर मुलाकात करवाई थी। पीड़िता का आरोप है कि अनिल राठौर ने उन्हें अपनी पर्सनल असिस्टेंट के रूप में नौकरी पर रख लिया। उन्होंने 20 हजार रुपये पर प्रति माह देने की बात कही। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उसे गुड़म्बा के आदिलनगर स्थित एक फ्लैट में रखकर दिसम्बर 2019 से मार्च 2020 तक काम करवाया। कुछ दिन बाद अनिल राठौर ने उससे बहला फुसलाकर धोखाधड़ी व जालसाजी करके 1.64 लाख रुपये व सेलरी का 60 हजार रुपये ऐंठ लिए। पीड़िता के वापस रुपये मांगने पर धमकाते हुए गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दी। इंस्पेक्टर गुड़म्बा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही।

## व्यापारी समाज को एकजुट होकर स्वयं को शक्तिशाली बनाना होगा: बंसल

**लखनऊ।** लखनऊ के प्रमुख व्यापारी स्थल नीलमथा के व्यापारियों ने एकजुट होकर नीलमथा उद्योग व्यापार मंडल का गठन किया। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की इकाई बनाते हुए आज शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया। समारोह के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री संदीप बंसल रहे। शुक्रवार को शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए संदीप बंसल ने कहा कि संगठित व्यापारी समाज ही शक्तिशाली रह सकता है। अन्यथा विभिन्न प्रकार के सरकारी विभाग उसका उत्पीड़न शोषण करने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ते हैं इसलिए संपूर्ण व्यापारी समाज को एकजुट होकर स्वयं को शक्तिशाली बनाना होगा। संदीप बंसल ने कहा कि शक्तिशाली समाज किसी भी प्रकार के अन्याय और अत्याचार का डटकर मुकाबला कर सकता है और आज अगर व्यापारी समाज इस स्थिति में पहुंचा है तो उसके पीछे उसकी संगठन की शक्ति है और व्यापारियों की एकजुटता है।

# सिविल अस्पताल शाखा में इण्डियन बैंक का एटीएम शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**इण्डियन** बैंक की डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल शाखा में एटीएम का उद्घाटन डॉ मधु सक्सेना निदेशक श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल एवम रविंदर सिंह क्षेत्र महाप्रबंधक उत्तर मध्य क्षेत्र इण्डियन बैंक द्वारा किया गया । उद्घाटन समारोह में एसके नंदा सीएमएस सिविल अस्पताल भी उपस्थित थे। बैंक के क्षेत्र महाप्रबंधक रविंदर सिंह ने बताया कि शाखा से संबद्ध एटीएम पहले प्रथम तल पर स्थापित था जिससे मरीज एवं उनके परिजनों को एटीएम तक जाने में असुविधा होती थी । अत: ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अस्पताल की निदेशक डॉ मधु सक्सेना के सहयोग से बैंक द्वारा इस एटीएम को भूतल पर स्थापित करवाया गया है । उन्होंने कहा कि सिविल अस्पताल में पूरे उत्तर प्रदेश



से लोग अपना इलाज करवाने के लिए आते हैं । इलाज एवं दवा आदि के लिए कई बार अचानक नकद की आवश्यकता होती है । इस एटीएम की सुविधा से राज्य के दूर दराज के इलाकों से सिविल अस्पताल में इलाज करवाने के लिए आने वाले रोगी एवं उनके परिजनों को विशेष रूप से लाभ होगा। उन्होंने बताया कि मात्र लखनऊ में ही अलग.अलग स्थानों पर इण्डियन बैंक के 34 एटीएम सक्रिय हैं। समारोह को डॉ मधु सक्सेना एवम एसके नंदा सीएमएस सिविल अस्पताल द्वारा भी सम्बोधित किया गया।

## शोपीस बनी महिला हेल्पडेस्क

**मोहनलालगंज।** मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बेटियों की समस्याओं का प्राथमिकता के तौर पर समाधान के लिए तहसील और ब्लाक मुख्यालय पर खोली गई महिला हेल्पडेस्क व्यापक प्रचार-प्रसार के अभाव में शोपीस बनकर रह गई हैं। लिहाजा सप्ताह भर में हेल्पडेस्क पर एक भी शिकायत दर्ज नहीं की जा सकी है। मोहनलालगंज तहसील और ब्लाक दफ्तर में महिलाओं की आसान जन सुनवाई के लिए खोली गई महिला हेल्पडेस्क प्रभावी रुप से कार्य नहीं कर रही है। लिहाजा अफसरों की चौखट पर प्रतिदिन शिकायतें लेकर भटक रही महिला फरियादियों को हेल्पडेस्क की मदद नहीं मिल पा रही है। हेल्पडेस्क की जानकारी के अभाव में फरियाद लेकर तहसील और ब्लाक अधिकारियों के पास पहुंच रही महिलाएं अफसरों के दफ्तर में ही शिकायती पत्र सौंपकर वापस लौट जा रही हैं। जिससे जहां महिलाओं को सरकार की मंशा के अनुरूप त्वरित न्याय नहीं मिल पा रहा है वहीं हेल्पडेस्क पर तैनात स्टाफ दिनभर बैठकर शिकायतों का इंतजार करते रहते हैं।

## सपा मुखिया से मिला शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से शुक्रवार को समाजवादी पार्टी मुख्यालय में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघर्ष मोर्चा उत्तर प्रदेश और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय शिक्षक-शिक्षणेत्तर यूनियन उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमण्डल ने भेंट कर उन्हें अपना ज्ञापन सौंपा। इन विद्यालयों में 14-15 वर्षों से कार्यरत लगभग 2000 कर्मचारियों की आजीविका पर संकट छाया हुआ है। अखिलेश यादव ने कर्मचारियों को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया।

## इंग्लैण्ड के चार विश्वविद्यालयों में सीएमएस छात्रा का चयन



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम (प्रथम कैम्पस) की मेधावी छात्रा रूखसार ने उच्चशिक्षा हेतु इंग्लैण्ड के चार प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में चयनित होकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस प्रतिभाशाली छात्रा ने अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता के दम पर यह उपलब्धि अर्जित की है तथापि अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों व सीएमएस के वातावरण को दिया है। रूखसार को इंग्लैण्ड के किंग्स कालेज, लंदन, रॉयल हॉलोवे यूनिवर्सिटी, लंदन, क्वीन मेरी यूनिवर्सिटी एवं यूनिवर्सिटी ऑफग्लासगो द्वारा उच्चशिक्षा का आमन्त्रण दिया गया है।

## घायल किसान ने इलाज के दौरान दम तोड़ा

**सरोजनीनगर।** बंथरा थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक तेज रफ्तार मारुति वैन ने सड़क पार कर रहे किसान को टक्कर मार थी। गंभीर रूप से घायल किसान को इलाज के लिए ट्रामा सेन्टर भेजा गया था। जहां इलाज के दौरान शुक्रवार को किसान ने दम तोड़ दिया। उल्लेखनीय है कि बीते गुरुवार की शाम बंथरा थाना क्षेत्र के हसनखेड़ा गांव का रहने वाला कौशल (उर्फ सीकू) (38) बनी-मोहान रोड स्थित लतीफनगर चौराहे पर सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार मारुति वैन (यूपी-32-एचएल-3754) ने टक्कर मार दी थी। इस सड़क हादसे में कौषल गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे इलाज के लिए पहले सरोजनीनगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा गया था, जहा उसकी हालत बिगड़ने पर चिकित्सको ने उसे ट्रामा सेंटर रिफर कर दिया था। जहां उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

## कायाकल्प योजना में लापरवाही बरत रहे पंचायत सचिवों से जवाब-तलब

**मोहनलालगंज।** पंचायतों में धनराशि की मौजूदगी के बावजूद कायाकल्प अभियान के तहत परिषदीय स्कूलों में मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने में लापरवाही बरत रहे सचिवों से ब्लाक प्रशासन ने जवाब तलब किया है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर कार्रवाई की तैयारी है। मोहनलालगंज विकासखण्ड की नटौली, भौंदरी, छतौनी,सिसेण्डी ,परसपुर थट्टा ,दाउदनगर, जमालपुर ददुरी और मंगटइया समेत 9 पंचायतों में धनराशि उपलब्ध होने के बावजूद भी प्राइमरी और अपर प्राइमरी स्कूल में जिला प्रशासन की ओर से तय किए गए 14 बिन्दुओं की मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने में लापरवाही बरती जा रही है। पंचायत राज विभाग और बेसिक शिक्षा विभाग की रिपोर्ट के आधार पर बीडीओ अजीत कुमार सिंह ने सम्बन्धित ग्राम पंचायत सचिवों से स्पष्टीकरण मांगा है। बीडीओ ने बताया सचिवों से कायाकल्प योजना का कार्य शुरु कराने में लेटलतीफी को लेकर संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उत्तरदायित्व तय कर जिला प्रशासन को रिपोर्ट भेजकर कार्रवाई कराई जाएगी।

## कोरोना के चलते नहीं निकला बारावफात का जुलूस

**निगोहां।** नगराम व निगोहां इलाके में कई वर्षो से चला आ रहा बारावफात का जुलूस इस बार कोरोना महामारी के चलते प्रशासन के दिशानिर्देश पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नही निकाला। वहीं मुस्लिम समुदाय के लोगों ने घरों में ही रह कर मिलादुन्नबी कर सिन्नी पास पड़ोस में ही बांटी। बताते चलें कि नगराम और निगोहां इलाके में पिछले कई वर्षो से मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा पैगम्बर मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर बारावफात का जुलूस बड़े ही धूमधाम से निकाला जाता रहा है। लेकिन इस बार कोरोना महामारी के चलते यह जुलूस नही निकाला गया। वही मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा घरों में ही ईदुल मिलादुन्नबी का जिक्र कर पैगम्बर का जन्मदिन मनाया। इस बाबत निगोहां गांव के मौलाना खतीबुल कादरी ने बताया कि कोरोना के चलते निगोहां में होने वाला बारावफात का जुलूस नही निकाला गया। सभी लोगों को घरों में ही फातिहा और मिलाद कराये जाने की सलाह दी गयी।

## इंदिरा नहर में मिली लावारिस बाइक

**लखनऊ।** चिनहट थाना क्षेत्र स्थित इंदिरा नहर में शुक्रवार दोपहर पुलिस ने एक लावारिस बाइक बरामद की। बाइक पर पुलिस का प्रतीक चिन्ह लगा था। जांच पड़ताल के बाद पुलिस बाइक को थाने ले आई और नंबर के आधार पर वाहन स्वामी की तलाश में जुट गई। वहीं मौके पर एकत्रित ग्रामीणों ने किसी अनहोनी की आशंका जताई है। चिनहट इंस्पेक्टर ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार दोपहर जुगौर इलाके में रहने वाले लोगों ने थाने पर सूचना देते हुए बताया था कि एक बाइक इंदिरा नहर में लावारिस पड़ी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से बाइक को नहर के बाहर निकलवाया। पुलिस के मुताबिक बरामद हुई बाइक में यूपी 47,0937 नंबर पड़ा है जो बलरामपुर का है। फिलहाल चिनहट पुलिस अब नंबर के आधार पर बलरामपुर पुलिस की मदद से वाहन स्वामी का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

## ट्रैक्टर ट्राली पलटने से मजदूर की मौत

लखनऊ। गोसाईंगंज के बेली गांव के पास शुक्रवार की सुबह बांस लेकर गोसाईंगंज कस्बे की ओर आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली पलटने से मजदूर की दब कर मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची गोसाईंगंज पुलिस ने दबे मजदूर को निकाल कर पंचनामा करने के बाद शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया। इंस्पेक्टर गोसाईंगंज के मुताबिक चांद सराय गोसाईंगंज निवासी सलीम (32) पास के किसी गाँव से ट्रैक्टर ट्राली पर बांस लाद कर गोसाईंगंज कस्बे की ओर आ रहा था। तभी बेली गांव के पास अचानक कोई जानवर सामने आ गया जिसे बचाने के चक्कर मे चालक ने एकाएक ब्रेक लगा दिया। ओवर लोड होने के कारण ट्राली ट्रैक्टर समेत पलट गई। जिसके नीचे दब कर मजदूर सलीम की मौत हो गई। घटना के दौरान ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़ कर फरार हो गया।

## पीजीआई में होगा सोटो का गठन

**लखनऊ।** प्रदेश में अब जरूरतमंदों को अंग प्रत्यारोपण और आसान होने जा रहा हैए क्योंकि राज्य के किस जरूरतमंद को किस अंग की जरूरत है, अंग कहां उपलब्ध है, प्रत्यारोपण की व्यवस्था, प्रशिक्षण जैसे कार्यों के दायित्व के निर्वहन के लिए सेंट्रल बॉडी स्टेट ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन (सोटो) का यूपी में गठन किया जा रहा है, इसकी स्थापना संजय गांधी पीजीआई में कल 31 अक्टूबर को प्रदेश को की जायेगी, इस मौके पर एक वेबिनार का भी आयोजन किया गया है, इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा, वित्त और संसदीय मामलों के मंत्री सुरेश खन्ना मौजूद रहेंगे। यह जानकारी पीजीआई में सोटो के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सोटो के नोडल ऑफीसर डॉ हर्षवर्धन ने दी।

# पीएनबी ने किया वाकेथान का आयोजन



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पंजाब** नैशनल बैंक के अंचल कार्यालय द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत शुक्रवार को वाकेथान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक स्वरूप साहा एवं महाप्रबंधक संजय गुप्ता नेतृत्व में बैंक के स्टाफसदस्यों द्वारा वाकेथान किया गया। यह वाकेथान अंचल कार्यालय परिसर से प्रारंभ होकर लोहिया अस्पताल ए पॉलिटेक्निक चौराहा होते हुये परिसर में ही समाप्त हुआ ।

इसके पश्चात अंचल कार्यालय परिसर में उपस्थित स्टाफसदस्यों को संबोधित करते हुये मुख्य महाप्रबंधक स्वरूप कुमार साहा ने कहा कि देश की आर्थिक, राजनीतिक तथा सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा है तथा भ्रष्टाचार उन्मूलन करने के लिये सभी को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है । इसके लिये प्रत्येक नागरिक को सतर्क होना चाहिये तथा उसे सदैव ईमानदारी तथा सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों के प्रति वचनवद्ध होना चाहिये तथा भ्रष्टाचार के विरूद्ध संघर्ष में साथ देना चाहिये । महाप्रबंधक संजय गुप्ता ने सभी स्टाफसदस्यों से यह भी अपील की, कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में ईमानदारी, पारदर्शिता तथा उच्च आचरण के साथ कार्य करते हुये कानून के नियमों का पालन करें । इस अवसर पर सभी बैंककर्मी उपस्थित रहे ।

# राष्ट्रीय अखंडता दिवस के रूप में मनाया जाएगा सरदार पटेल का जन्म दिवस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**शहर** में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म दिवस राष्ट्रीय अखंडता दिवस के तौर पर मनाया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि अलग अलग जिलों में इस अवसर पर विद्यालयों में कार्यक्रम कराएं जाएंगे। विद्यालयों में रैली निकाली जाएगी। वहीं अखंडता दिवस पर सभी विद्यालयों के छात्रों के स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी मनीष बंसल ने बताया कि शासन के आदेश पर लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म दिवस 31 अक्टूबर 2020 को राष्ट्रीय अखंडता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सुबह 8 बजे प्राइमरी विद्यालय के छात्रों द्वारा अपने अपने क्षेत्र में प्रभात फेरी और माध्यमिक विद्यालय की रैली निकाली जाएगी। सुबह 9 बजे लौह पुरुष सरदार पटेल के जीवन राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता दिवस पर समस्त विद्यालयों के छात्रों के स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रात: 11 बजे सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन पर आधारित विचार गोष्ठी एवं राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि 12 बजे जिला संयुक्त चिकित्सालय में जिलाधिकारी द्वारा मरीजों को फल वितरण किया जाएगा दोपहर 1 बजे वृद्ध एवं कुष्ठ आश्रम में भोजन वितरण का कार्यक्रम जिला समाज कल्याण अधिकारी व स्वयं सेवा संस्था द्वारा किया जाएगा। अपराहन 2 बजे भाषण प्रतियोगिता सरदार वल्लभ भाई पटेल का व्यक्तित्व एवं कृतित्व के बारे में बताया जाएगा। शाम 4 बजे सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन पर विचार गोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन श्रम कल्याण अधिकारी लखनऊ द्वारा किया जाएगा।

# प्ले ग्रुप स्कूल की तर्ज पर तैयार होंगे आंगनबाड़ी केंद्र




**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्री** प्राइमरी कक्षाओं के आंगनबाड़ी केंद्रों में संचालन के सरकारी आदेश के बाद इन केंद्रों को प्ले ग्रुप की तरह विकसित करने की दिशा में प्रयास शुरू हो गए हैं। इन केंद्रों पर वे सारे सामान मौजूद होंगे, जो बच्चों को आकर्षित करेंगे। इन केंद्रों पर प्ले स्कूल की तरह ही रंग बिरंगे ब्लॉक, फ्लैश कार्ड, चार्ट, प्लास्टिक के अक्षर मौजूद होंगे।

प्रदेश की आंगनबाड़ी केंद्रों में नए सत्र से प्री प्राइमरी की पढ़ाई शुरू होनी है। इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षित करने के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया है। फरवरी तक सभी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षित किया जाना है। वहीं प्री प्राइमरी के लिए पाठ्यक्रम भी एससीईआरटी ने तय कर दिया है। आंगनबाड़ी को 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों को प्री प्राइमरी की पढ़ाई के लिए तैयार किया जा रहा है। इस बारे में बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि प्रदेश के लिए 1.45 लाख प्री स्कूल किट खरीदी जा रही है। हर किट में प्लास्टिक ब्लॉक, पजल के चार सेट, स्लेट, रंगीन चॉक, अक्षरों के चार्ट, 15 क्रेयान रंगों के 5 सेट, दो कैंचियां, गोंद, प्लास्टिक के अक्षर समेत अन्य कई चीजें इसका हिस्सा होंगी। इसे रखने के लिए एक बक्सा भी इस किट का हिस्सा होगा। इसके पीछे मकसद यह है कि छोटे बच्चे यहां बैठने के लिए प्रेरित हों और उनकी दिलचस्पी पढ़ने में बढ़े। खेल खेल में पढ़ाई का खाका भी खींचा जा रहा है। जिससे बच्चों को पढ़ाई के लिए तैयार किया जा सके।

## अब लाभार्थियों को खाद्यान्न के साथ मिलेगा स्किम्ड मिल्क

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आंगनबाड़ी** केन्द्रों पर अब पंजीकृत लाभार्थियों को वीनिंग फूड, मीठा और नमकीन दलिया के स्थान पर खाद्यान्न और स्किम्ड मिल्क दिया जायेगा। शुक्रवार को यह जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेन्द्र दुबे ने दी है। दुबे ने बताया कि खाद्यान्न वितरण की जिम्मेदारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सौंपी गयी है। नयी व्यवस्था को लागू करने के लिए सार्वजानिक वितरण प्रणाली के उचित दर विक्रेता और स्वयं सहायता समूहों को आंगनबाड़ी केन्द्रों से जोड़ा जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पंजीकृत गर्भवती एवं धात्री महिलाएं, 6 माह से 6 वर्ष की आयु के बच्चों और किशोरियों को पोषाहार दिया जाता था लेकिन अब इसके बदले दाल, चावल, गेहूं और दूध का पाउडर दिया जायेगा। नयी व्यवस्था में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और स्वयं सहायता समूह की महिलाएं प्रत्येक महीने की पांच तारीख़ को केंद्र पर खाद्यान्न और दूध के पाउडर का वितरण करेंगी। इस व्यवस्था से 10 बाल विकास परियोजनाओं के 2730 आंगनबाड़ी केन्द्रों के लगभग 5.82 लाख लाभार्थियों को लाभ मिलेगा।


## कार्यालय ग्राम पंचायत दिलावरपुर विकास खण्ड–मोहम्मदी, खीरी

पत्रांक– /टेन्डर विज्ञापन/सामग्री आपूर्ति/2020–21/दिनांक 27.10.2020

### निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत दिलावरपुर वर्ष 2020–21 की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार 14वां / चतुर्थ राज्य वित्त/मनरेगा से प्रपत्र निधियों से इण्टरलाकिंग मार्ग, खडंजा निर्माण किया जाना है। जिसके लिए उचित गुणवत्ता, मानकयुक्त ईट, सीमेन्ट, रोड़, बजरी इण्टरलाक टायल्स, नदी रेता आदि क्रय करने हेतु सीलबन्द निविदायें दिनांक 02.11.2020 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिन के 02 बजे तक आमंत्रित की जाती है। तथा उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे उपस्थित निविदाताओं के समक्ष खोली जायेगी। समस्त निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष/सचिव ग्राम पंचायत में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने पर ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म विक्रेता से सामग्री कय करने हेतु स्वतन्त्र होगी। निविदा विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त कर सकते है।

| क्र. सं. | कराये जाने वाले कार्य | प्राक्कलन राशि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | आरिफ के मकान से नवाब के मकान तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य 75 मी0। | 394963.00 | 10000.00 |
| 2 | सहीम के मकान से जामीन के मकान तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य 75 मी0। | 394963.00 | 10000.00 |

निविदा प्रपत्र का क्रय दिनांक 27.10.2020 से 02.11.2020 के बीच तक ग्राम पंचायत कार्यालय से 100 रू0 की धनराशि अदाकर पंचायत से क्रय किया जायेगा, जमानत की धनराशि की वापसी कार्य की अवधि छः माह पूर्व होने के उपरान्त सामाग्री संतोष जनक पाये जाने पर वापस की जायेगी, जमानत की धनराशि का एफ0डी0आर0 ग्राम दिलावरपुर के नाम बंधक होनी चाहिए।

**अंजुम**
**प्रधान**
**ग्राम पंचायत दिलावरपुर**
**विकास खण्ड मोहम्मदी**
**जनपद - खीरी**

**कृष्णा देवी**
**ग्राम पंचायत अधिकारी/सचिव**
**ग्राम पंचायत दिलावरपुर**
**विकास खण्ड मोहम्मदी**
**जनपद - खीरी**



## कार्यालय ग्राम पंचायत रछेलावाजिदपुर विकास खण्ड–मोहम्मदी, खीरी

पत्रांक– /टेन्डर विज्ञापन/सामग्री आपूर्ति/2020–21/दिनांक 27.10.2020

### निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रछेलावाजिदपुर वर्ष 2020–21 की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार 14वां/ चतुर्थ राज्य वित्त/मनरेगा से प्रपत्र निधियों से इण्टरलाकिंग मार्ग, खडंजा निर्माण किया जाना है। जिसके लिए उचित गुणवत्ता, मानकयुक्त ईट, सीमेन्ट, रोड़, बजरी इण्टरलाक टायल्स, नदी रेता आदि क्रय करने हेतु सीलबन्द निविदायें दिनांक 02.11.2020 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिन के 02 बजे तक आमंत्रित की जाती है। तथा उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे उपस्थित निविदाताओं के समक्ष खोली जायेगी। समस्त निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष/सचिव ग्राम पंचायत में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने पर ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म विक्रेता से सामग्री कय करने हेतु स्वतन्त्र होगी। निविदा विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त कर सकते है।

| क्र. सं. | कराये जाने वाले कार्य | प्राक्कलन राशि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | हरिकेश के मकान से प्राथमिक विद्यालय तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य 75 मी0। | 395539.00 | 10000.00 |
| 2 | नब्लू के मकान से हरदेव राजा स्थान तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य 75 मी0। | 995550.00 | 10000.00 |

निविदा प्रपत्र का क्रय दिनांक 27.10.2020 से 02.11.2020 के बीच तक ग्राम पंचायत कार्यालय से 100 रू0 की धनराशि अदाकर पंचायत से क्रय किया जायेगा, जमानत की धनराशि की वापसी कार्य की अवधि छः माह पूर्व होने के उपरान्त सामाग्री संतोष जनक पाये जाने पर वापस की जायेगी, जमानत की धनराशि का एफ0डी0आर0 ग्राम रछेलावाजिदपुर के नाम बंधक होनी चाहिए।

**प्रधान**
**ग्राम पंचायत रछेलावाजिदपुर**
**विकास खण्ड मोहम्मदी**
**जनपद - खीरी**

**ग्राम पंचायत अधिकारी/सचिव**
**ग्राम पंचायत रछेलावाजिदपुर**
**विकास खण्ड मोहम्मदी**
**जनपद - खीरी**

# सीएम का ड्रीम प्रोजेक्ट है कोई कमी नहीं होनी चाहिए: दारा सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**पर्यावरण,** वन और जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री दारा सिंह चौहान ने कहा कि शहीद अशफाक उल्ला खॉ प्राणी उद्यान देश के पयर्टन के मानचित्र पर प्रतिष्ठित करेगा। बौद्ध सर्किट और रामायण सर्किट से जुड़ा यह प्राणी उद्यान, एयर एवं रोड कनेक्टिविटी की सुविधाओं से सम्पन्न होने के कारण अंतरराष्ट्रीय पयर्टकों को आकर्षित करेंगी। इससे रोजगार और स्वरोजगार की संभावनाएं भी बनेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कोशिश है कि इसे देश का सबसे खुबसूरत प्राणी उद्यान बनाया जाए।

देवरिया की चुनावी जनसभा में जाने के पूर्व वन मंत्री दारा सिंह चौहान प्राणी उद्यान का निरीक्षण करने के लिए 9.30 बजे प्राणी उद्यान पहुंचे थे। उन्होंने प्राणी उद्यान के निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया और उद्यान के दौरे पर आई केंद्रीय प्राणी उद्यान प्राधिकरण की दो सदस्यीय टीम के सदस्यों से भी बातचीत की। उन्होंने सीजेडए के डॉ. देवेंद्र और लक्ष्मी नरसिम्हा से दो टूक पूछा कि क्या निर्माण कार्य में सीजेडए के मानक और डिजाइन का अनुपालन किया गया है? दोनों सदस्यों ने बताया कि सभी बाड़ों का निर्माण मानक के अनुरूप है।

बाड़ों में किए गए इनरीचमेंट के काम पर भी सहमति व्यक्त किया। टीम के सदस्यों ने बताया कि कुछ छूट मोटे सुझाव और कमियां हैं जिन्हें दूर कर लिया जाएगा। इस दौरान वन विभाग, कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम और प्राणी उद्यान निदेशालय के अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे। वन मंत्री ने ड्रेनेज के इंतजाम का भी जायजा लिया। कहा कि प्राणी उद्यान को बेहतर और पयर्टकों के लिए सुविधा सम्पन्न बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उदारता दिखाते हुए काफी वक्त और धन दोनों दिया है, इसलिए कोई कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने राजकीय निर्माण निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर डीबी सिंह और प्रमोद यादव दोनों से कहा कि अब विलम्ब नहीं होना चाहिए। निर्धारित अवधि दिसंबर तक निर्माण पूर्ण किया जाए ताकि लोकार्पण के लिए तिथि तय की जा सके। निरीक्षण के दौरान डीएफ्ओ अविनाश कुमार, अध्यक्ष रोटरी क्लब अरविंद विक्रम चौधरी, डॉ. योगेश प्रताप सिंह, संजय मल्ल, सुनील राव, रोहित सिंह, हेरिटेज फांउडेशन के अनिल कुमार त्रिपाठी समेत अन्य मौजूद रहें।

### ब्रांडिंग के लिए जोर दिया जाए

**ब्रांडिंग** पर दिया जोर दारा सिंह चौहान ने प्राणी उद्यान निदेशालय एवं डीएफ्ओ को निर्देश दिया कि ब्रांडिंग के लिए जोर दिया जाए। शहर के वन्य जीव प्रेमियों और संस्थाओं को जोड़ा जाए। उसने भी सुझाव लिया जाए कि प्राणी उद्यान को और बेहतर एवं लोगों से भावनात्मक रूप से कैसे जोड़ा जाए। डीएफ्ओ गोरखपुर द्वारा इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए निर्मित की गई दो शार्ट फिल्मों के निर्माण के लिए सराहा। कहा कि ऐसे ब्रांडिंग की जरूरत है।

### 58 प्रजाति के 387 वन्यजीव रखेंगे प्राणी उद्यान में

**मीडिया** कर्मियों से मुखातिब वन मंत्री ने कहा कि 121.342 एकड़ के इस प्राणी उद्यान में 34 एकड़ का प्राकृतिक वेटलैंड है। 58 प्रजाति के 387 वन्यजीव यहां रखे जाएंगे। 33 बाड़ों का निर्माण किया गया है। बब्बर शेर, बाघ, तेंदुआ, गैंडा, दरियाई घोड़ा, जेब्रा, स्लॉथ बियर, हिमालयन ब्लैक बियर, रहीसस मकाक, बोनेट मकाक, भेड़िया, घड़ियाल, मोर, सर्पेन्टेरियम, एक्वेरियम, बटरफ्लाई पार्क का निर्मार करने के साथ वेटनरी हास्पिटल, किचन-फीड स्टोर, क्वैरेन्टाइन सेंटर, रेस्क्यू सेंटर, इंसीनेटर हाउस, पोस्टमार्टम हाऊस का निर्माण किया गया है।

### जनसुविधाओं पर भी जोर

**दारा सिंह** चौहान ने कहा कि प्राणी उद्यान में कैफेटेरिया, कीआस्क, गजीबो, रेसि्टंग शेड, बेंचेज, टायलेट्स ब्लाक बनाए गए हैं। इसके अलावा मनोरंजन के लिए 4 डी थियेटर, इंटरप्रेटेशन सेंटर, सोवेनियर एरिया, पक्षी अवलोकन मार्ग निर्मित किया गया है। जल्द ही ट्वाय ट्रेन भी संचालन के लिए उपलब्ध कराई जाएगी।

## अंतर्जनपदीय मोटरसाइकिल चोर गिरफ्तार

**गोरखपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में हो रही चोरी की घटनाओं को देखते हुए पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण, क्षेत्राधिकारी कैण्ट के नेतृत्व में थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह रामगढताल मय उ.नि. भागवत चौधरी मय टीम को अंकुश लगाने एवं पर्दाफाश हेतु लगाया था। टीम द्वारा लगातार तलाश व दबिश की कार्यवाही की जा रही थी। जिसके क्रम में थाना रामगढ़ताल की पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर विभिन्न मुकदमों में वांछित चल रहे अभियुक्त झीनक निषाद पुत्र बिकाऊ निवासी महेवा थाना रामगढ़ताल को ट्रान्सपोर्टनगर चौराहा से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने बताया है कि ये शातिर किस्म का चोर हैं जो मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को अन्जाम देता है तथा चोरी किये गये सामानों को बेचकर अपने शौक पूरा करता है तथा जीवकोपार्जन करता है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उक्त के अलावा हे.का. श्याम बिहारी उपाध्याय, का. आदित्य कुमार, अच्छेलाल, धनन्जय कुमार भी शामिल रहें।

# नवागत जीएम ने की कार्यप्रणाली उपलब्धियों की गहन समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**पूर्वोत्तर** रेलवे के नवागत महाप्रबन्धक विनय कुमार त्रिपाठी ने महाप्रबन्धक सभागार, गोरखपुर में आयोजित बैठक में अपर महाप्रबन्धक अमित कुमार अग्रवाल एवं प्रधान विभागाध्यक्षों के साथ पूर्वोत्तर रेलवे के कार्यप्रणाली एवं उपलब्धियों की गहन समीक्षा की। आज की बैठक में लेखा, परिचालन, वाणिज्य एवं निर्माण विभागों के कार्यकलापों की समीक्षा की गई।

इस अवसर पर अपने सम्बोधन में महाप्रबन्धक श्री त्रिपाठी ने कहा कि संरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा हमारा ध्यान सिर्फ कार्य निष्पादन पर ही केन्द्रित होना चाहिये। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं को उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में सम्पादित किया जाना भी प्राथमिकताओं में से एक है। संरक्षित एवं सुरक्षित रेल परिचालन हेतु हर स्तर पर सजगता बरतने पर जोर दिया। आर्थिक गतिविधियों की चर्चा करते हुये उन्होंने आय में वृद्धि तथा खर्च में कटौती के लिये प्रभावी कदम उठाने की सलाह देते हुये कहा कि आर्थिक स्वावलम्बन के लिये विवेकपूर्ण खर्च ही किये जांय। ऊर्जा खपत को कम करने के साथ ही इसकी निरन्तर मानिटरिंग भी की जाय । श्री त्रिपाठी ने पूर्वोत्तर रेलवे को स्क्रैप फ्री जोन बनाने पर बल देते हुये कहा कि सभी प्रकार के स्क्रैपों की नीलामी प्राथमिकता के आधार पर की जाय, जिसके फलस्वरूप रेल राजस्व में वृद्धि के साथ पर्यावरण संरक्षण में भी सुधार होगा। महाप्रबन्धक श्री त्रिपाठी ने पूर्वोत्तर रेलवे के विकास के लिये सजगतापूर्ण प्रयास किये जाने एवं हर स्तर पर सक्रिय सहभागिता की अपेक्षा की। प्रधान वित्त सलाहकार श्रीमती तनुजा पाण्डेय ने पावर प्वाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से महाप्रबन्धक को पूर्वोत्तर रेलवे के आर्थिक स्थिति की विस्तृत जानकारी दी। प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबन्धक अनिल कुमार सिंह ने परिचालन विभाग से सम्बन्धित विभिन्न पक्षों से महाप्रबन्धक को अवगत कराया। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण आर.के.यादव ने पूर्वोत्तर रेलवे पर चल रही विभिन्न निर्माण परियोजाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी। मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने अपने स्वागत सम्बोधन किया। आज 02556 गोरखधाम विशेष एक्सप्रेस से गोरखपुर की यात्रा के दौरान महाप्रबन्धक विनय कुमार त्रिपाठी ने मार्ग में पड़ने वाले पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल पर विण्डो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। उन्होंने गोरखपुर जं. स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं की सम्बन्धित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की।

# पूरा मंडल के प्रशिक्षण शिविर का मेयर ने किया उद्घाटन

**अयोध्या।** भाजपा महानगर के पूरा मण्डल के प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन करते हुए महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि आजादी के बाद देश को पाश्चात्य संस्कृति व सभ्यता के अनुसार कुछ लोग चलाना चाहते थे। परन्तु पश्चिम के विपरीत हमारे देश की जरुरत कुछ और थी। पाश्चात्य विचारधार पर चलकर देश का भला नहीं हो सकता था। जिसके लिए जनसंघ की स्थापना की गयी। देश के कोने कोने में प्रचारकों को भेजा गया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धान्तों का अनुसरण करते हुए हम अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रहे है। पार्टी से जुड़ा व्यक्ति अपने को गर्व से भाजपा का कार्यकर्ता कहता है। दूसरे सत्र में सुरक्षा सामर्थ्य के साथ आत्मनिर्भर भारत विषय पर बोलते हुए रवि तिवारी ने कहा कि लाकडाउन में गरीबों को उनके आवास पर रोजगार सरकार ने मुहैया कराया है। कोरोना काल में भारत आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है। पटरी दुकानदारों से लेकर उद्यमियों को सरकार ने राहत प्रदान की है। पूर्व महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता अनुशासन में रहते हुए समाजिक कार्यो में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेता है। वैचारिक रुप से मजबूत होने के कारण पार्टी से जुड़े लोग समाज में पथ प्रदर्शक की भूमिका में रहते है। हमारी कार्यपद्धति व संगठनात्मक संरचना विषय पर बोलते हुए डा बांके बिहारी मणि त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा में हर निर्णय सामूहिक रुप से लिया जाता है। आज के भारत की वैचारिक मुख्य धारा विषय पर बोलते हुए सांसद प्रतिनिधि मनमोहन जायसवाल ने कहा कि कोरोना काल में सरकार द्वारा जनहित में उठाये गये कदमों की सराहना आज वैश्विक स्तर पर हो रही है। आतंकवाद को लेकर भारत ने सख्त कदम उठाये है।

## क्विक न्यूज

### हर्षोउल्लास के साथ मनायी गयी बाल्मीकि जयंती

**अयोध्या।** अयोध्या स्थित रानोपाली में हरिओम चतुर्वेदी जी के आवास पर मनाया गया वाल्मीकि जयंती। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक श्री संजय जी उपस्थित रहे। विभाग प्रचारक श्री संजय जी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वाल्मीकि समाज भी ऋषि संतान ही हैं। कोई किसी भी जाति का हो सभी का गोत्र ऋषि से ही है। अंततः हम सभी 1 गोत्र होने के कारण एकात्म हों, समस्त हों, अखंड हों, अपना जीवन मर्यादा और चारित्र्य सम्पन्न बनाकर उन्नति करें। कार्यक्रम में ऋषभ वशिष्ट, चंदन सिंह, आदर्श सिंह, शुभम यादव, उमेश शुक्ला, अविरल मिश्र आदि लोग उपस्थित रहे।

### हिंदू महासभा ने दी वीर बलिदानी कारसेवकों को भावभीनी श्रद्धांजलि

**अयोध्या।** 1990 को कारसेवकों के ऊपर हुए गोलीकांड में बलिदान कारसेवकों की 30वीं पुण्यतिथि पर हिंदू महासभा द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि प्रदान करते हुए उन्हें नमन किया गया इस अवसर पर 1992 के कारसेवक एवं हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पांडेय के नेतृत्व में वीर बलिदानी कारसेवकों वासुदेव गुप्ता तथा राजेंद्र धारिकार के आवास पर पहुंचकर बलिदानों के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया गयाए इस अवसर पर हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनीष पांडेय ने कहा कि एक ओर जहां अयोध्या की पवित्र पावन भूमि पर भव्य राम मंदिर का निर्माण होने जा रहा है, तो वहीं दूसरी ओर आज भी बलिदानी कार्य सेवकों की परिवार न्याय पाने की आस में दर.दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। बलिदानी कारसेवकों को श्रद्धांजलि प्रदान करने वाले प्रमुख लोगों में हिंदू महासभा के जिला उपाध्यक्ष कुलदीप श्रीवास्तव, जिला महामंत्री चंद्रहास दीक्षित, संदीप गुप्ता, सीमा गुप्ता, रविंद्र कुमार धरिकार, सोनी देवी, सोनाली धरिकार, जोगेंद्र धरिकार, रुचि धरिकार, शिवानी, लकी, मुस्कान, आलोक, चेतन, इशारा आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### बीस लीटर देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**अंबेडकरनगर।** जिले में अवैध शराब बनाने वालों के विरूद्ध पुलिस का अभियान जारी है। अहिरौली थाना क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर कच्ची शराब बनाये जाने का धंधा अरसे से चल रहा है। इसकी जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने अवैध शराब बनाने वालों की तलाश तेज कर दी। इसी क्रम में पुलिस ने खरिकाभारी गांव निवासी बजरंगी निषाद के कब्जे से 20 लीटर कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण बरामद किये। इसके अलावां बसखारी पुलिस ने हत्या के एक मामले में वांछित चल रहे बब्लू पंडित निवासी मनिकापुर महुला को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोविड -19 के दृष्टिगत चलाये जा रहे अभियान में 152 लोगों के विरूद्ध मास्क न लगाने का जुर्माना लगाया गया। पुलिस ने 15 हजार दो सौ रूपये जुर्माना वसूला।

### संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हुआ अर्द्ध विक्षिप्त

**अंबेडकरनगर।** घर से भंडारे में शामिल होने के लिए निकले अर्ध विक्षिप्त एक व्यक्ति के संदिग्ध परिस्थितियों में गायब होने का मामला प्रकाश में आया है। गायब हुए व्यक्ति के भाई की तहरीर पर बसखारी पुलिस ने गुमशुदगी का मामला पंजीकृत करते उसकी तलाश में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार बसखारी थाना क्षेत्र के भटपुरवा निवासी संजय कुमार (52) पुत्र गंगासागर त्रिपाठी मानसिक रूप से अर्द्ध विक्षिप्त थे। बीते गुरुवार देर शाम को संजय गांव में ही दुर्गा प्रसाद तिवारी के घर पर आयोजित भंडारे में गए थे। देर रात तक घर पर न लौटने के चलते परिजनों ने इधर-उधर काफी खोजबीन की। लेकिन संजय का कहीं पता नहीं चल सका। जबकि इसके पहले संजय बसखारी से अकेले आते जाते रहते थे। लापता व्यक्ति के भाई राम कुमार ने किसी अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुए बसखारी थाने पर प्रार्थना पत्र दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष श्रीनिवास पांडेय ने बताया कि लापता व्यक्ति के भाई के प्रार्थना पत्र पर गुमशुदगी पंजीकृत कर खोजबीन की जा रही है।

### अनियंत्रित ट्रक मकान में घुसा, दो की मौत, तीन घायल

**गोरखपुर।** पिपराईच थाना क्षेत्र के अंतर्गत महराजी उत्तरी टोला पिपराईच कुसम्ही मार्ग पर पिपराईच के तरफसे आ रही तेज रफ्तार ट्रक अनियन्त्रित होकर एक मकान में घुस गया। इस दौरान दो की मौत हो गई जबकि तीन घायल बताये जा रहें हैं। मिली जानकारी के अनुसार पिपराईच के तरफसे आ रही ट्रक तेज रफ्तार से कुसम्ही के तरफजा रही थी कि अचानक अपना संतुलन खो दिया और मुराली के मकान में टक्कर मार दी। टक्कर इतना जोरदार मारा कि घर का छत निकल कर ट्रक के उपर गिर गया। ट्रक में सवार खलासी और ड्राईवर छत के नीचे दब गये। खलासी की मौके पर मौत हो गई। मकान में 17 वर्षीय युवक रितेश भारती पुत्र मुराली और युवक की मां और इनके बगल के गोपाल पुत्र मूरत बुरी तरह से घायल हो गए। अगल बगल के तीन-चार मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। शौचालय ,बाथरूम ,हैंडपाईप और कीमती समान, दो बाईक ट्रक के नीचे दब गए। इसकी सूचना पुलिस को मिलते ही मौके पर पहुंचे उप निरीक्षण संजय यादव, सिपाही आत्मा यादव, आर के सहानी, ने जेसीवी से मलवे को हटा कर सबको बाहर निकाल कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपराईच पहुंचवाया। गंभीर हालत देख डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### अर्थी बाबा के प्रचार करने का तरीका अलग

**गोरखपुर।** गोरखपुर के राजन यादव उर्फअर्थी बाबा भी देवरिया जिले में हो रहे उपचुनाव को लेकर अपनी किस्मत अजमा रहे है। लेकिन उनके प्रचार करने का तरीका अन्य नेताओं से अलग है। नेता जहां भारी भीड़ और लग्जरी गाड़ियों से अपना प्रचार कर रहे हैं तो वही अर्थी बाबा अकेले ही उपचुनाव के सियासत में उतर पड़े है। वह वोटरों को भगवान के बराबर दर्जा दे रहे है। जिसके लिए वह नये-नये हथकंडे अपना रहे हैं। दिव्यांगो का कभी वह पैर धुलकर वोट देने की अपील करते तो कभी जूता पॉलिश कर रहे है। अर्थी बाबा किसानों के खेत को कोड़ कर वह इस उपचुनाव को जीतने के जुगत में लगे हैं। शहर के मतदाताओ को लुभाने के लिए वह ठेला भी चलाने से पीछे नहीं रहे।

# फरार चल रही आरोपी महिला गिरफ्तार

**संवाददाता।** अंबेडकरनगर

**आत्महत्या** के लिए प्रेरित करने के आरोप में वांछित फरार चल रही एक महिला को बसखारी पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि इस मामले में आरोपी पत्नी व उसकी बहन को एक महीना पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। बता दें कि 11 महीना पहले बसखारी थाना क्षेत्र के शाहपुर महमूदपुर निवासी कार्तिक गोंड(32) पुत्र भवानी भीख का शव बीते वर्ष 11 दिसंबर की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में अपने घर में फंदे से लटकता हुआ पाया गया था। सूचना पर पहुँची बसखारी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर इत्तफाकिया सूचना पंजीकृत कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। जबकि मृतक के पिता भवानी भीख ने दो दर्जन ग्रामीणों के साथ थाने पहुँच कर बहु कंचन पुत्री रजई व उसकी बहन रंजना निवासीगण कड़सरा मदियापार अतरौलिया आजमगढ पर हत्या करवाने का आरोप लगाया था। तत समय बसखारी पुलिस के द्वारा मामला पंजीकृत ना करने पर मृतक के पिता भवानी पुत्र राम शरन ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष बहु व उसकी बहन के ऊपर बदचलन होने व अपने पुत्र की हत्या करवाने का आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया था। तत्कालीन पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर घटना के एक माह बाद बसखारी पुलिस के द्वारा दोनों बहनों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी गई। विवेचना के दौरान दोनों बहनों व मां इसरावती देवी पर कार्तिक को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप पाया गया था। जिसमें बीते 19 सितंबर को बसखारी पुलिस ने आरोपी दोनों बहनों को गिरफ्तार कर जेल भेज भेजने के साथ तीसरी आरोपी इसरावती देवी की तलाश में जुट हुई थी। इसी बीच शुक्रवार की सुबह लहटोरवा पुलिस चौकी पर तैनात उपनिरीक्षक राजेंद्र शर्मा ने हमराही पुलिस बल के साथ मुखबिर की सूचना पर शुकुल बाजार से इसरावती को गिरफ्तार कर लिया। इस संदर्भ में थाना अध्यक्ष श्रीनिवास पांडे ने विवेचना के दौरान फरार चल रही तीसरी आरोपी इसरावती को भी गिरफ्तार कर न्यायालय की सुपुर्दगी भेजने की बात बताई। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# कुएं में गिरने से तीन बच्चों की मौत

**अंबेडकरनगर।** एक ही साइकिल पर सवार तीन बच्चों की अचानक कुएं में गिरने से मौत हो गई। काफी खोजबीन के बाद बच्चो का पता लगने के बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया। इस घटना से तीनो बच्चो के परिवार में कोहराम मच गया। मामला जैतपुर थाना क्षेत्र के पुराबदलही गांव का है । गुरुवार देर शाम गांव के दीपांशु पुत्र विनोद पाल 9 वर्ष ,प्रांजल पुत्र प्रमोद पाल 12 वर्ष तथा ननिहाल में आया हुआ गौरव पाल पुत्र शिव मूरत 8 वर्ष मैन्दी पुर थाना जलालपुर एक साइकिल पर बैठकर कहीं जा रहे थे। इसी दौरान साइकिल असन्तुलित हो गयी और वे सभी सड़क के किनारे स्थित कुएं में गिर गये। जब देर शाम तक बच्चे घर पर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने खोजबीन शुरू कर दिया। काफी तलाश के बाद यह तीनों मृत अवस्था



में कुएं में पाए गए। परिजनों ने इनके शव को कुंए से निकालकर रात में ही अंतिम संस्कार कर दिया। इस घटना से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। जब इस संबंध में जैतपुर थाना अध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता से पूछा गया तो उन्होंने बताया हमें घटना की जानकारी नहीं है। इसकी जानकारी गांव वालों से कर लीजिए तब हमको बताइये।

## सरदार पटेल की जयंती पर वृहद रक्तदान शिविर आज

**अंबेडकरनगर।** प्रेमा -राधे मेमोरियल एजुकेशनल एण्ड चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की जयन्ती पर शनिवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन मेडिकल कालेज टाण्डा में सुबह आयोजित किया गया है। ट्रस्ट के प्रबन्धक रवीन्द्र राजभर ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल जी का हमारे देश के लिए अतुलनीय योगदान रहा। उन्होंने देश की एकता और अखण्डता को बनाए रखने के लिए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। युवाओं को समय-समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए। सचिव श्रीमती संध्या राजभर ने बताया कि कल पटेल जी की जयन्ती पर ज्यादा से ज्यादा संख्या में युवा लोग रक्तदान करेंगे। युवाओं में जागरूकता आ रही ह लेकिन फिर भी बहुत से स्वस्थ लोग रक्तदान करने से भयभीत होते है। युवाओं को निडर हो कर रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान करने से कोई कमजोरी नहीं आती बल्कि कई फायदे होते हैं।

# अयोध्या में भारतीय संस्कृति उत्सव 2020 का आयोजन आज

**संवाददाता।** अयोध्या

**भगवान** श्रीराम की जन्म स्थली अयोध्या से भारत ही नहीं विश्व के कई देशों में संस्कृत का केंद्र बिंदु रहे प्रभु श्री राम की संस्कृति का गहनता से प्रचार प्रसार और लोक कल्याण के लिए भारतीय संस्कृत उत्सव 2020 का शुभारंभ अयोध्या के श्रीराम वल्लभा कुंज वेदांती मंदिर से 31 अक्टूबर को प्रारंभ होगा और इसके उपरांत देश विदेश के 51 स्थलों पर प्रभु श्री राम की संस्कृति का प्रचार प्रसार किया जाएगा। भारतीय संस्कृति उत्सव का पूरा कार्यक्रम राम वल्लभा कुंज के अधिकारी जानकी जीवन ट्रस्ट के संयोजक राजकुमार दास जी महाराज के संरक्षण में होगा। जिसमें संतो के साथ कला संस्कृति रंगमंच लोक मंच के मूर्धन्य व्यक्तित्व के धनी अपने विचारों से अभिभूत कराएंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11 बजे से अयोध्या के राम परिचर्चा से प्रारंभ होगा। दोपहर 1 बजे सम्मान एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन होगा जिसमें दो दर्जन महान विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। शाम 4 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। कार्यक्रम के आयोजक वरिष्ठ पत्रकार शैलेंद्र मणि त्रिपाठी ने बताया कि भगवान श्री राम के भव्य मंदिर निर्माण शिलान्यास के बाद राम के विचारों को जन जन तक पहुंचाने के लिए भारतीय संस्कृति उत्सव 2020 का शुभारंभ अयोध्या से किया जा रहा है। अयोध्या के बाद देश विदेश के 51 स्थानों पर इसका आयोजन सुनिश्चित किया गया है जिसमें प्रमुख रूप से वाराणसी ए चित्रकूट ए मथुरा वृन्दावन आदि प्रमुख स्थल सुनिश्चित किए गए है। देश के आजादी का 75वां वर्ष आने वाला है इस के उपलक्ष में आजादी के महानायकों और देश के ऐतिहासिक धरोहरों के 75 स्थानों पर भी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के शिष्य महंत कमल नयन दास, जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी वासुदेवाचार्य विद्याभाष्कर, श्रीराम वल्लभा कुंज के महंत रामशंकर दास, रामकथा के मर्मज्ञ प्रेमभूषण जी महाराज, प्रसिद्ध कवित्री डॉ मानसी द्विवेदी अयोध्या के प्रसिद्ध कवि यतींद्र मिश्र, मगध विश्वविद्यालय बोधगया के कुलपति प्रोफेसर राजेंद्र प्रसाद व डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति रवि शंकर सिंह सहित दर्जनों मूर्धन्य व्यक्ति अपना व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम के सहआयोजक वरिष्ठ पत्रकार रमेश मिश्रा, हिमाबिंदु नायक, शूलपाणि सिंह के संयोजन मे तैयारी पूरी कर ली गई है।

## जुलूसों में मस्जिद व दरगाहों के मॉडल आकर्षण का रहे केंद्र

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**ईद मिलादुन्नबी** के मौके पर महानगर के विभिन्न हिस्सो से जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। जुलूसों में मस्जिद व दरगाहों के मॉडल आकर्षण का केंद्र रहे। नूरी मस्जिद तुर्कमानपुर में बाद नमाज जुमा 12 मस्जिदों के मुअज़्ज़िनों (अज़ान देने वाले) को सम्मानित किया गया। जिसमें मो. मुअज़्ज़म रज़ा, कमाल अहमद, हाजी कमरुद्दीन, कारी मो. आलम, हाफिज अबुल कलाम, मो. शकील उर्फ अच्छे भाई, शेरे नबी, कारी शम्सुद्दीन, मो. जावेद, मो. उमर, अतीउल्लाह, आबिद अली शामिल रहे। मस्जिद की तरफ से लंगर भी बांटा गया। इस मौके पर मौलाना मो. असलम रज़्वी, शाबान अहमद, अलाउद्दीन निज़ामी, मनोव्वर अहमद, तौहीद अहमद, शुएब अहमद आदि मौजूद रहे। ईद मिलादुन्नबी के मौके पर शुक्रवार को मस्जिद अनवारे मुस्तफा जटेपुर उत्तरी में बच्चों का नातिया मुकाबला हुआ। मदरसा दारुल उलूम हुसैनिया दीवान बाजार से जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया।

# सवा साल बाद दूसरा हत्याभियुक्त गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**कैंपियरगंज** थाना क्षेत्र में सवा साल पूर्व हुई बब्बन मौर्या की हत्या में पुलिस ने दूसरे आरोपित को भी शुक्रवार सुबह सवा नौ बजे कैंपियरगंज थाना क्षेत्र के राखूखोर से गिरफ्तार किया है। आरोपित का नाम भोला उर्फ रामकिशुन निवासी बरमौला छोटी सरौली थाना खलीलाबाद जिला संतकबीरनगर है। बब्बन मौर्य निवासी धर्मपुर टोला राजाबारी थाना कैंपियरगंज की हत्या तीन जून 2019 को हुई थी। कैंपियरगंज व क्राइम ब्रांच की टीम इस प्रकरण में जांच के बाद इसमें अंतिम रिपोर्ट लगा दी थी कि बब्बन की मौत सड़क दुर्घटना में हुई है।

एसपी क्राइम अशोक वर्मा ने घटना के अनावरण की जानकारी देते हुए कहा कि बाद में क्राइम ब्रांच की टीम ने मृतक के शरीर पर मौजूद चोट के आधार पर माना कि वह चोटें सड़क दुर्घटना में नहीं, बल्कि किसी चीज से लगाई गई हैं। छानबीन में पता चला कि उसकी एक लोहे की राड मारकर हत्या की गई है। पुलिस इस घटना में सप्ताह भर पूर्व मुख्य आरोपित को गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है। वह दूसरे आरोपित की तलाश में जुटी थी। सुबह सवा नौ बजे क्राइम ब्रांच की टीम को पता चला कि भोला राखूखोर चौराहे पर मौजूद है। वह कहीं भागने की फिराक में है। सूचना पर टीम ने दबिश दिया और उसे मौके से दबोच लिया।




### ऐसे में दुर्घटना बनकर रह जाती बब्बन की मौत

**पुलिस** की जरा सी लापरवाही के चक्कर में बब्बन की मौत एक दुर्घटना बनकर रह जाती। लेकिन दूसरी टीम की सक्रियता से घटना का अनावरण हुआ। फिर भी विभाग इसमें किसी की भी चूक नहीं मानता है। एसपी क्राइम अशोक वर्मा का कहना है कि अंतिम रिपोर्ट लगने के बाद भी इस प्रकरण पर नजर रखी जा रही थी। इसकी देन है कि घटना का अनावरण हुआ। सभी आरोपित गिरफ्तार किए गए।

# शरद पूर्णिमा को धन, वैभव व ऐश्वर्य की देवी लक्ष्मी का हुआ था अवतरण

## सनातन धर्म में शरद पूर्णिमा का है विशेष महत्व

**संवाददाता।** अंबेडकरनगर

**शरद** पूर्णिमा या आश्विन पूर्णिमा का सनातन धर्म में बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान होता है पूर्णिमा 30 अक्टूबर को है जो 31 अक्टूबर शनिवार तक रहेगा । उक्त जानकारी देते हुए मॉरीशस में सनातन धर्म की ध्वजा बढ़ा रहे आचार्य राकेश पाण्डेय ने बताया कि सनातन धर्मावलंबियों के लिए शरद पूर्णिमा का एक विशेष धार्मिक महत्व होता है शरद पूर्णिमा को धन, वैभव और ऐश्वर्य की देवी माता लक्ष्मी का अवतरण हुआ था। विदेश में सनातन धर्म पताका फहरा रहे आचार्य पंडित राकेश पांडेय का कहना है कि आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि का प्रारंभ 30 अक्टूबर शुक्रवार को शाम 05 बजकर 45 मिनट से प्रारंभ हो जाएगा जो अगले दिन 31 अक्टूबर गुरुवार तक रहेगा। वर्ष में एक बार शरद



आचार्य राकेश पाण्डेय

पूर्णिमा के दिन ही चंद्रमा 16 कलाओं से परिपूर्ण होता है शरद पूर्णिमा के दिन चंद्रमा की किरणों से अमृत की बूंदें बरसती हैं जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होती हैं। पूर्णिमा की चांदनी में दूध-चावल का खीर बनाकर खुले आसमान में रखने से चंद्रमा की अमृत युक्त किरणें खीर में समाहित होकर उसे औषधीय गुणों से युक्त अमृत के समान बना देतीं हैं। आचार्य राकेश पांडेय के मुताबिक शरद पूर्णिमा के दिन द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों के संग महारास रचाया था। शरद पूर्णिमा को माता लक्ष्मी निशा भ्रमण करती हैं इसलिए माता लक्ष्मी की पूजा करने से वर्ष भर धन वैभव की कोई कमी नहीं रहती है।

# मध्य-प्रदेश उप-चुनाव

## ज्योतिरादित्य की परीक्षा

**बिहार** विधानसभा चुनावों के कारण मध्य प्रदेश में उप-चुनावों पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जा रहा है, पर इसके परिणाम राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा को खतरे में डाल सकते हैं। ये भाजपा व कांग्रेस के अनेक बड़े नेताओं का भविष्य भी तय करेंगे। 230 सदस्यों वाली विधाानसभा में भाजपा के पास इस समय 107 विधायक हैं तथा उसे अन्य विधायकों का समर्थन प्राप्त है। बहुमत बनाए रखने के लिए उसे चुनावों में 28 सीटों में से 9 पर विजय पाना जरूरी होगा। ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा 22 विधायकों के साथ बगावत कर भाजपा के साथ जाने के बाद कांग्रेस के पास 88 विधायक बचे थे और कमलनाथ सरकार गिर गई थी। उसे बहुमत के लिए सभी 28 सीटें चाहिए जो बहुत कठिन लक्ष्य है। हालांकि, कुछ राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि लगभग 20 सीटें जीत कर भी वह छोटी पार्टियों को अपने साथ ला कर कमी पूरी कर सकती है, लेकिन इस तर्क में ज्यादा दम नहीं है। कांग्रेस वास्तव में यह दिखाना चाहती है कि ज्योतिरादित्य के बाहर जाने के बाद पार्टी के जमीनी आधार पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है और उप-चुनाव इसकी परीक्षा हैं। कांग्रेस सिंधिया को गद्दार कहते हुए उनके परिवार का इतिहास सामने रख रही है जब उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई से गद्दारी की थी। ग्वालियर-चंबल संभाग की अधिकांश सीटों पर उप-चुनाव हो रहे हैं, जहां जातीय अत्याचार, दलित उत्पीड़न व हिंसा की अनेक घटनायें होती हैं। ऐसे में दलित वोटों का झुकाव राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है और वह सिंधिया को चुनाव जीतने में मदद कर सकता है। इस क्षेत्र में बसपा का भी व्यापक प्रभाव है। बसपा यहां सभी सीटों पर



चुनाव लड़ रही है और यदि मायावती त्रिशंकु सदन की स्थिति में भाजपा के साथ जाने का फैसला न करें तो ज्योतिरादित्य को कठिनाई हो सकती है। ज्योतिरादित्य की कट्टर समर्थक इमरती देवी के खिलाफ कमलनाथ की अभद्र टिप्पणी से भाजपा को दलित समुदाय की सहानुभूति मिल सकती है। भाजपा ने सभी विद्रोही कांग्रेसी विधायकों को टिकट दिए हैं, लेकिन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के लिए यह स्थिति सहज नहीं है क्योंकि ज्योतिरादित्य पार्टी में उनको चुनौती दे सकते हैं। इसलिए वे अधिकांश सीटें जीत कर अपनी प्रतिभा दिखाना चाहते हैं। राज्य भाजपा के प्रचार अभियान में ज्योतिरादित्य को ज्यादा महत्व न देते हुए शिवराज को केन्द्र में रखा गया है। ज्योतिरादित्य को भी अपनी उपयोगिता सिद्ध करनी है क्योंकि इसमें विफल रहने पर वे किसी भी पार्टी के लिए निरर्थक हो जाएंगे। वास्तव में ज्योतिरादित्य की सफलता कमलनाथ के लिए सबसे कठोर संदेश होगा तथा कांग्रेस में पीढ़ीगत परिवर्तन की आवश्यकता उजागर करेगा। अच्छा प्रदर्शन करने पर ज्योतिरादित्य को केन्द्रीय मंत्रिमंडल में स्थान मिल सकता है जिसकी वे पालाबदल के बाद से प्रतीक्षा कर रहे हैं।

हालांकि, भाजपा को केवल इकाई में सीटों की जरूरत है, पर चौहान ज्यादा से ज्यादा सीटें जीत कर यह दिखाना चाहेंगे कि वे ज्योतिरादित्य समर्थकों पर निर्भर नहीं हैं। ज्योतिरादित्य समर्थकों को टिकट व मंत्रिमंडल में स्थान उन्होंने केन्द्रीय नेताओं के दबाव में दिए हैं, पर मुख्यमंत्री अपना वर्चस्व भी सिद्ध करना चाहते हैं। हालांकि, इस समय शिवराज को कोविड-19 से निपटने में केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर की आलोचना का शिकार होना पड़ रहा है। उनको केन्द्रीय नेतृत्व का आर्शीवाद प्राप्त है और इसे शिवराज का कद घटाने का प्रयास माना जा रहा है। कमलनाथ के लिए ये उप-चुनाव मुख्यमंत्री पद तक पहुंचने का अंतिम अवसर हैं। लेकिन महिला विधायक पर टिप्पणी के बाद उनकी लोकप्रियता ढलान पर है। वे ज्योतिरादित्य समर्थक इमरती देवी से बदला लेना चाहते थे जो उनके साथ भाजपा में चली गई हैं। इसके जवाब में इमरती देवी ने आरोप लगाया है कि कमलनाथ ने मुख्यमंत्री बने रहने के लिए विधायकों को रिश्वत दी है। इस परिदृश्य में उप-चुनावों का नतीजा महत्वपूर्ण होगा।

# अवैध बाल व्यापार की समस्या

अर्थव्यवस्था पर महामारी के व्यापक प्रभाव तथा व्यक्तिगत जवाबदेही के अभाव में भारत में बाल मानव व्यापार की समस्या गंभीर हो गई है।



**रीना अमोस डायस**
(लेखिका दि पायनियर में वरिष्ठ संपादक हैं)




अक्टूबर के मध्य में उत्तर प्रदेश पुलिस को एक 17 वर्षीय लड़की दयनीय स्थिति में मिली जो भूखी तथा थकान से चूर थी। उसे मध्य प्रदेश में उसके गरीब माता-पिता ने एक पड़ोसी की 'सलाह' पर मानव व्यापारियों को बेच दिया था। यह बच्ची किसी तरह दिल्ली में अत्याचारियों के चंगुल से छूट कर तीन दिन चलती रही और लगभग 200 किलोमीटर की यात्रा के बाद हाथरस में पुलिस को मिली। वह मंडला जिले में अपने गांव जाना चाहती थी जो अभी 794 किलोमीटर दूर था। लड़की ने पुलिस को बताया कि उसके जैसी 12 अन्य लड़कियों को भी दिल्ली में एक कमरे में बंद रखा गया था जो सभी सौभाग्य से भागने में सफल हुईं। अपने गांव से मानव व्यापार का शिकार होने वाली यह अकेली बच्ची नहीं है। अनेक अन्य को भी उनके गरीब माता-पिता ने बेच दिया था। यह कहानी बार-बार भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में दुहराई जाती है। बच्चों को पहले से व्याप्त गरीबी का शिकार होना पड़ता है जिस पर कोरोनावायरस वैश्विक महामारी का भयानक प्रभाव पड़ा है। बाल मानव व्यापार के शिकार बच्चों को बचाने और उनका पुनर्वास करने के क्षेत्र में कार्यरत विशेषज्ञों के अनुसार मानव व्यापारियों को खासकर बच्चियां 10,000 से 50,000 रुपये में बेच दी जाती हैं और महामारी से पैदा बेरोजगारी के कारण यह परिघटना बढ़ी है। इस प्रकार देश में अनेक बच्चे मानव व्यापारियों के हाथ लग गए हैं।

संविधान के अनुच्छेद 23, 39, 14 व 21 प्रत्येक बच्चे को किसी प्रकार के शोषण से बचने की गारंटी देते हैं। अवैध मानव व्यापार निरोध कानून, 1956 न्यूयार्क में 9 मई, 1950 को हस्ताक्षरित एक अंतरराष्ट्रीय घोषणा के क्रियान्वयन में लागू किया गया था। इसमें सभी नागरिकों को शामिल करने के लिए 1986 में संशोधन किया गया था। लेकिन मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के अनुसार इस कानून में 'ट्रैफिक' या 'ट्रैफिकिंग' यानी मानव व्यापार की परिभाषा में कुछ कमियां हैं। इस कारण इसका लक्ष्य उन लोगों को दंड देने तक सीमित है जो व्यापारिक यौन शोषण में सहायता करते हैं या उसे बढ़ावा देते हैं। इस परिभाषा से लगता है कि शोषण केवल वेश्यालयों में होता है तथा इसके दायरे में अन्य स्थान, जैसे घर शामिल नहीं हैं। यह कानून पीड़ितों को केन्द्र में नहीं रखता है क्योंकि वेश्यावृत्ति के लिए मजबूर की गई महिलाओं व बच्चियों को भी अपराधी समझ कर छापा मारने पर गिरफ्तार किया जाता है। बच्चों को संरक्षण देने वाले अन्य कानून भी हैं, लेकिन बाल श्रमिकों के अधिकार समुचित निगरानी तथा इनके प्राविधानों को कठोरता से लागू कर ही सुनिश्चित किए जा सकते हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने इस बारे में बार-बार निर्देश दिए हैं।

2013 में सर्वोच्च न्यायालय ने दु:ख प्रकट किया था कि उसके निर्देशों के बावजूद राज्यों में बाल अधिकारों की दिशा में ज्यादा काम नहीं हुए हैं। इसी कारण देश के अनेक राज्यों से भयानक घटनायें सामने आती हैं। गरीब माता-पिता अपने बच्चों को मानव व्यापारियों को बेच देते हैं। दुनिया भर में हजारों बच्चों का मानव व्यापार होता है तथा उनको यौन व्यापार, बंधुआ मजदूरों, नशीले पदार्थ बेचने वालों, बाल आतंकियों या मानव कवच के रूप में काम करना पड़ता है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन ने अनुमान लगाया है कि कोरोनावायरस वैश्विक महामारी का प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ा है। इसका प्रभाव 20 वर्ष में पहली बार बाल मानव व्यापार के रूप में दिख सकता है। यदि इस प्रवृत्ति पर लगाम न लगाई गई तो आने वाले वर्षों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। लाकडाउन के कारण भुखमरी बढ़ी है और उससे मानव व्यापार को भी बढ़ावा मिला है। लाकडाउन के बाद अर्थव्यवस्था खुलने के फलस्वरूप सस्ते श्रम की मांग बढ़ी है। अपने देश में दिल्ली-एनसीआर मानव व्यापार की प्रवृत्ति बढ़ी हुई दिखती है तथा अनेक बच्चों को फैक्ट्रियों व वेश्यालयों से मुक्त कराया गया है।

दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने मई में करोल बाग की सोना व जवाहरात फैक्ट्रियों से 93 बच्चों को मुक्त कराया था। इनमें से 57 की आयु 14 वर्ष से कम थी और कुछ की आयु तो 10 साल भी नहीं थी। बाकी बच्चों की आयु 14 व 18 साल के बीच थी। जुलाई में 9 बाल श्रमिकों को उत्तरी दिल्ली में मुस्तफाबाद की कई कबाड़ दूकानों में काम करते पाया गया था। लेकिन बच्चों को मुक्त कराने की ये घटनायें समुद्र में पानी की एक बूंद की तरह हैं क्योंकि लाकडाउन के कारण ऐसी पहलकदमियों में भी बाधा आई है। एक समय केवल 27 प्रतिशत मानव व्यापार विरोधी इकाइयां ही सक्रिय रह सकी थीं। सौभाग्य से सितंबर में 14 वर्ष से कम आयु के 36 बच्चों को पश्चिमी दिल्ली के जहांगीरपुरी क्षेत्र में चूड़ी बनाने वाली फैक्ट्रियों से मुक्त कराया गया। उनको रोज 15 घंटे काम करना तथा उसी छोटे से कमरे में सोना पड़ता था। सभी बच्चों को भोजन व आवास देने के लालच में वहां लाया गया था। बचपन बचाओ आंदोलन नामक एनजीओ के अध्यक्ष व नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी का अनुमान है कि दिल्ली में कम से कम पांच लाख बच्चे पूरे समय काम करते हैं। इसका अर्थ है कि हर छठा बच्चा स्कूल से बाहर है और कहीं न कहीं काम कर रहा है।

ऐसे आंकड़े सामने आने पर आश्चर्य होता है व गुस्सा आता है। हमारे बीच अनेक बच्चे उत्पीड़न व वंचना का शिकार होकर अंधेरे व प्रदूषित स्थानों पर काम करने को मजबूर होते हैं, लेकिन अधिकांश लोग इसकी चिन्ता नहीं करते हैं। छोटी-छोटी फैक्ट्रियों में काम करने वाले बच्चे हमारी नजरों से ओझल होते हैं जो सस्ती चीजें खरीदने की हमारी आदतों का शिकार बनते हैं। हम जानते हैं कि कुछ उद्योगों में परंपरागत रूप से बच्चों को काम पर लगाया जाता है।

इनमें बीड़ी फैक्ट्रियां, कालीन उद्योग, गारमेंट कंपनियां, अगरबत्ती व पटाखे बनाने वाली कंपनियां, ईंट भट्टे व कृषि क्षेत्र शामिल हैं। लेकिन उत्पाद खरीदते समय हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास नहीं करते कि कहीं इनके निर्माण में बाल श्रमिकों को तो नहीं लगाया गया था। सस्ते उत्पादों की मांग के कारण बाल श्रमिकों को बढ़ावा मिलता है क्योंकि इससे उत्पादन की लागत कम होती है व मुनाफा बढ़ता है। हमें ऐसे अनैतिक व्यवहारों व वस्तुओं का बहिष्कार करना चाहिए। यदि हम ऐसा करने लगें तो फैक्ट्री मालिक भी अपने मानकों में सुधार करेंगे।

अनेक प्रकार के बाल श्रमिक हमारे सामने भी आते हैं। घरों में बच्चों की देखभाल करने वाले बाल श्रमिक और पूरे भारत में सड़कों के किनारे रेस्टोरेंटों व चाय की दूकानों पर काम करने वाले बच्चे किसी से छिपे नहीं हैं। वे हमारे कार्यालयों तथा रेलवे स्टेशनों पर भी सामान पहुंचाने का काम करते हैं। पड़ोस में कारें साफ करने तथा अपने छोटे-छोटे हाथों से भारी बाल्टियों में पानी ढोने वाले बच्चे सबको दिखते हैं। इसी प्रकार जूते चमकाने वाले, ढाबों पर बर्तन साफ करने वाले व ग्राहकों तक खाना पहुंचाने वाले बाल श्रमिक भी दिखाई देते हैं। क्या हम कभी उन बच्चों से जबरन काम कराने वाले लोगों से सवाल पूछते हैं या कानून लागू करने वाले अधिकारियों को उनके बारे में जानकारी देते हैं? स्पष्ट रूप से अधिकांश लोग आराम से रहते हुए इस सामाजिक अपराध पर गौर नहीं करते हैं। हम एक फोन कर मानवाधिकार के क्षेत्र में कार्यरत एनजीओ को बाल श्रमिकों के बारे में सूचनायें दे सकते हैं, पर ऐसा नहीं करते हैं।

इसके साथ ही सवाल है कि यौन व्यापार में पकड़े गए बच्चों का क्या होता है। यदि लोग बाल अश्लील सामग्री देखना बंद कर दें तो इसका बाजार स्वयं समाप्त हो जाएगा। यदि लोग नाबालिग बच्चियों का पैसा देकर शोषण करना बंद कर दें तो उनको इस समस्या से मुक्ति मिल जाएगी। इस प्रकार बाल मानव व्यापार के लिए दोषी अपराधियों के साथ ही समाज भी इस मामले में कम दोषी नहीं है। समस्या को समाप्त करने के लिए सोच में परिवर्तन, सामुदायिक जागरूकता तथा हर नागरिक की व्यक्तिगत जवाबदेही सुनिश्चित करना होगा। गैर-सरकारी संगठनों तथा सरकारों को यह अवश्य सुनिश्चित करना होगा कि गरीब माता-पिता अपने बच्चों को बेचने का भयानक कदम न उठाएं। एक राष्ट्र के रूप में हमें बच्चों के बचपन का महत्व समझना होगा।

# उचित नीतिगत निर्णय लेने का समय

“व्यापार, वस्तुओं एवं डिजिटल सेवाओं को बढ़ावा देकर ही देशों के लिए निरंतर समृद्धि हासिल की जा सकेगी।”



**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)

यह वैश्विक स्तर पर त्यौहार का समय है, और न केवल धार्मिक तथा उल्लास का विविधतापूर्ण बल्कि लोकतंत्र का बेहद अहम उत्सव है जिसे चुनाव कहते हैं। हमारे जीवन में पहली बार ऐसा हुआ है कि त्यौहार में गतिविधियां, जिनमें अधिकतर मत-पेटी अथवा सामाजिक त्यौहारों में देवताओं की मूर्तियों तक तक पहुंचने के लिए धक्का-मुक्की करने वाली भारी भीड़ नजर आती है, आजकल बढ़ती वैश्विक महामारी की छाया में हो रही हैं। त्यौहारों से संबंधित जाने-माने अनुष्ठानों से जबरन दूर किया जाना इस समय भावी पीढ़ियों के लिए अध्ययन का एक विषय बन गया है। बहुत से लोगों ने सोशल मीडिया पर हाल ही में संपन्न दुर्गा पूजा उत्सव के दौरान मशीनीकृत ट्रालियों के द्वारा एक मूर्ति को प्रवाहित किए जाने का वीडियो देखा होगा, जिसमें लोगों की संख्या नाममात्र की थी। अब बिहार में चल रहे लोकतंत्र के रंगमंच की ओर आते हैं, जहां विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। दोनों त्यौहारों के बीच सामान्य पहलू है, तकनीक। बिहार, संभवत: देश में पहला ऐसा राज्य है जहां चुनावों में तकनीकी हस्तक्षेप की भूमिका अहम हो गई है।

सर्वप्रथम, चुनाव आयोग ने प्रत्याशियों के लिए आनलाइन नामांकन भरने की अनुमति दे दी है और बहुत से राजनीतिक दलों ने आभासी रैलियों के माध्यम से अपने निर्वाचन क्षेत्रों से संपर्क स्थापित करने का विकल्प चुना है तथा जनता के लिए बड़ी एलईडी दीवालें लगाई हैं। लगभग तीन दशकों से बिहार में सक्रिय बहुत से वयोवृद्ध नेताओं के अभाव में, राजनीतिक रूप से प्रभावशाली परिवारों के बहुत से रंगबिरंगे युवा वंशज अचानक नए विमर्श के केंद्रबिंदु बन गए हैं। बिहारियों की यह युवा ब्रिगेड, तकनीकी रूप से अपने माता-पिता की तुलना में अधिक ज्ञानवान है, जो मुद्दों पर वोट मांगते हैं। राज्य में जो पहले कभी नहीं सुना गया, जिसे विभाजनकारी जातीय एवं धार्मिक पूर्वाग्रहों के लिए जाना जाता था। रोजगारहीन प्रवासी श्रमिकों की समस्या से जूझ रहे राज्य के लिए लाखों नौकरियां देने के प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशियों के वादे आश्चर्यजनक प्रतीत होते हैं।

इस चुनाव का सबसे ज्यादा स्वागतयोग्य पहलू रहा है एक ऐसे राज्य में तकनीक पर भरोसा किया जाना जो इंडिया और भारत के बीच डिजिटल विभाजन पर अध्ययन का एक विषय बन सकता है। बहुत से सांख्यिकीविद एक सर्वेक्षण की ओर संकेत करेंगे जिसने जाहिर किया है कि बिहार की आधे से अधिक महिलाएं और 40 प्रतिशत पुरुषों की पहुंच जनसंचसर मीडिया तक नहीं है। यदि इसे डिजिटल मीडिया के सापेक्ष देखा जाए तो अर्थ निकलता है कि जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा या तो तकनीक के प्रभाव से पूरी तरह अनभिज्ञ है अथवा अगला संबोधनयोग्य लाखों लोगों का समूह हो सकता है, जिसे समृद्धि के सूचना तकनीक मार्ग पर लाए जाने की आवश्यकता है।

चलिए अब अमेरिका को ओर चलते हैं, जो कोविड के खतरों, मौतों तथा आर्थिक विध्वंस के बीच 3 नवंबर को सर्वाधिक शोर-शराबे से भरपूर चुनावों में से एक का सामना करने जा रहा है। पुन:, बिहार चुनावों, दुर्गा पूजा त्यौहार तथा अमेरिकी चुनाव में एक समान कारक है, और वह है तकनीक। आखिरकार, सभी नए वर्चस्व के खेल तथा वैश्विक महाशक्ति बनने की दौड़ अब स्मार्टफोन पर पहले कदम, प्रथम डिजिटल भुगतान, इलेक्ट्रानिक-लेनदेन, प्रथम संपर्कविहीन खरीदारी व्यवस्था विश्वस्तरीय ब्रांडों के लिए अपने घरों में बैठकर करना तथा शायद एक दूसरे के टाइप किए हुए इबारतों को समझने के प्रयासों में महीनों के बाद पहली डिजिटल तारीख।

इसलिए, डिजिटल अनुप्रयोगों पर प्रतिबंध, देश के मूल पर निर्भर होते हुए, तकनीकी अवसंरचना में हार्डवेयर समाधानों के लिए समान सिद्धांतों का प्रयोग, समान विचारों वाले बंधुत्व के गठबंधन का निर्माण विश्व के समृद्धतम लोकतंत्र के दो राष्ट्रपति प्रत्याशियों के इलेक्ट्रानिक चुनाव प्रचार में, आदि प्रमुख पहलू हैं। एक और चीज जिसका उल्लेख किया जाता है वह है यह तथ्य कि राष्ट्रों के संकुल के बीच आर्थिक सबंधों पर हावी व्यापार एवं वाणिज्य संबंधी भौतिक प्रतिबंध अब उत्साहजनक रूप से उच्च वैश्विक मंच पर वर्चस्व एवं संप्रभु शक्तियों के नुकसान को रोकने के लिए डिजिटल क्षेत्र में प्रयुक्त हो रहे हैं।

कोविड ने लोक नीति मुद्दों पर प्रकाश डालने का काम किया है, जो, फरवरी तक बौद्धिक विमर्शों के आधुनिक चरणों में थे। इसने व्याधि से अनुकूलित करने तथा अंतत: उससे उबरकर निकलने की हमारी क्षमता को चुनौती दी है। और एकमात्र क्षेत्र जिसने इस उच्चीकरण में मदद की है, वह है तकनीक। इसने तत्काल प्रतिक्रिया दर्शायी और शिक्षकों, माता-पिता व बच्चों को निर्बाध अकादमिक शिक्षा के लिए आनलाइन पाठ्यक्रम सामग्री उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया तथा डाक्टरों को मरीजों के इलाज के लिए डिजिटल स्वास्थ्य हस्तक्षेप हेतु उपकरण मुहैया कराए हैं। इसने सरकार को महत्वपूर्ण नीतिगत लक्ष्यों की ओर बढ़ाने के लिए संपर्क हेतु प्रभावी मंच प्रदान किए। खूबसूरत लेकिन वीरान पंडालों के तकनीक आधारित डिजिटल दर्शन एवं आनलाइन प्रसाद वितरण भी कराया। यदि मानव प्रजाति लाकडाउन और तकनीक के कारण एक झटके में ही तीन दशक आगे बढ़ गई है, तो यह समय विचार करने तथा बहुत की वैश्विक नीतिगत चुनौतियों को ताजा करने का है और अद्यतन की भी आवश्यकता है। नीति नियंताओं को महसूस करना पड़ेगा कि कठोर प्रतिबंध लगाने, जो के लिए मामले-दर-मामले के मॉडलों पर आधारित होते हैं, तथा डिजिटल नीति मुद्दों का एक भौतिक विश्व दृष्टिकोण रखना दीर्घकाल में आत्मघाती हो सकता है। व्यापार, वस्तुओं एवं डिजिटल सेवाओं को बढ़ावा देकर ही देशों के लिए निरंतर समृद्धि हासिल की जा सकेगी।

यह भी ध्यान में रखना होगा कि नीति निर्माण के लिए एक नया अभिलंब संप्रभु स्तर के मोल-भाव के स्तर पर, सिद्धांतों के एक समुच्चय से निर्देशित हो। यह उपभोक्ताओं, तकनीक प्रदाताओं, सरकारों एवं सीमा पार उनके समकक्षों के बीच सभी डिजिटल समझौतों में अनिवार्य है। एक बहु-आयामी दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करना होगा। अब सही बटन दबाने का समय आ गया है।

## आप की बात

### सरकार का दृढ़ संकल्प

**जम्मू-कश्मीर** को लेकर पिछले सवा साल के दौरान केंद्र सरकार ने जो महत्वपूर्ण फैसले किए हैं वे प्रदेश के स्थायित्व और विकास को नई दिशा देने वाले साबित होंगे । इसमें अब कोई संशय नहीं रह गया है। केंद्र ने एक और बड़ा कदम उठाते हुए जम्मू-कश्मीर के भूमि कानून भी बदल डाले हैं। नए कानूनों के लागू होने से अब इस प्रदेश में देश का कोई भी नागरिक जमीन जायदाद खरीद सकेगा और कारोबार कर सकेगा अभी तक पुराने कानूनों की वजह से यह संभव नहीं था। कश्मीर में बसने के लिए वहां का स्थायी नागरिकता प्रमाण पत्र होने की अनिवार्यता भी खत्म कर दी गई है। आने वाले दिनों में सरकार के यह प्रयास रंग ला सकते हैं। इससे उद्योगपति राज्य में निवेश करने को प्रेरित होंगे आर्थिक गतिविधियों को बल मिलेगा और रोजगार के अवसर भी बनेंगे। जम्मू कश्मीर वन अधिनियम को खत्म कर उसे भारतीय वन अधिनियम कर दिया गया है। कश्मीर में स्थानीय लोगों के रोजगार का साधन पर्यटन खेती व पशुपालन है। जम्मू कश्मीर को लेकर सरकार के दृढ़ संकल्प ने यह संदेश दिया है कि कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है और इसके विकास के लिए अब कानूनों को बाधा नहीं बनने दिया जाएगा।

– **खुशबू वेद**, आलोट, मप्र

### कश्मीर का सर्वांगीण विकास

**जम्मू-कश्मीर** में धारा 370 और 35ए को समाप्त करने के बाद केंद्र सरकार द्वारा जम्मू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम के तहत बड़ा फैसला लिया गया है। इसके तहत भारत के किसी भी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश का नागरिक जम्मू कश्मीर में रहने के लिए मकान, व्यवसाय करने के लिए दुकान और कारोबारी गतिविधियों के लिए जमीन खरीद सकता है। इसके लिए अब जम्मू कश्मीर के मूल निवासी होने की शर्त को समाप्त कर दिया गया है। जम्मू कश्मीर के विकास के लिए यह फैसला मील का पत्थर साबित होगा। भारत के साथ जम्मू कश्मीर के एकीकरण की यह एक सुखद शुरुवात है। इस फैसले से जम्मू कश्मीर का सर्वांगीण विकास होगा। इससे वहां रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। शिक्षा में तरक्की होगी। लोगों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं प्राप्त हो सकेंगी। उद्योग व्यापार का विस्तार होगा, जिससे स्थानीय लोग भी लाभान्वित होंगे। आर्थिक समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा। टूरिज्म को और अधिक विस्तृत आयाम प्राप्त होंगे। जम्मू कश्मीर के अलगाववादी और पाकिस्तान परस्त नेताओं को भले ही यह फैसला रास न आया हो पर इससे देश की मुख्यधारा में शामिल होने वाली वहां की अवाम को दिली सुकून मिलेगा।

– **ललित महालकरी**, इंदौर

### प्रदूषण से बचाव जरूरी

**ध्वनि** प्रदूषण और हवा में प्रदूषण का बढ़ना चिंताजनक है। जो की स्वास्थ्य पर खतरे को आगाह करता है। खराब सड़कों से उड़ रहे धूल के कारण हवा में मिल रहे कण एवं उद्योगों से निकलने वाले हानिकारक सूक्ष्म कण सांस के जरिए फेफड़ो में चले जाकर गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ाते हैं। हवा में फैलते जहर के मानक स्तर हवा की गुणवत्ता का पार्टिकुलेटर मैटर (0 से 200) तक रहना आवश्यक है तभी स्वास्थ्य रह सकते हैं। ध्वनि प्रदूषण को देखें तो 60 से अधिक डेसिबल भी ध्वनि को शोर या प्रदूषण मानते हैं। त्यौहारों पर इको फ्रेंडली फटाखे का उपयोग करना चाहिए। ज्यादा शोर के पटाखों का असर इंसानों के अलावा पशु-पक्षियों और छोटे बच्चों पर होता है। ध्वनि प्रदूषण को कम करने के लिए स्कूल कॉलेज की बाउंड्री पर फेंसिंग मेहंदी की झाड़ी या पेड़ ज्यादा लगाना चाहिए। सड़कों के किनारों के दोनों और हरे वृक्ष लगाने से ध्वनि की तीव्रता को कम किया जा सकता है। वायु एवं ध्वनि प्रदूषण को कम करने का संकल्प लेवे ताकि स्वस्थ बने रहकर डब्लूएचओ के लक्ष्य को पूरा करने में सहयोग कर सके।

– **संजय वर्मा**, धार

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



“**कुछ** विशेषज्ञों ने मुझे अनौपचारिक रूप से बताया कि वायु प्रदूषण का कारण पराली ही नहीं है। आप वकीलों को भी अपनी कारों से उतरकर साइकिल चलानी होगी।

– **एस ए बोबडे**
भारत के प्रधान न्यायाधीश



**पूर्ण** प्रतिमानहीनता है। जम्मू-कश्मीर को जेल में रूपांतरित कर दिया गया है। हम ट्विटर नेता नहीं हैं। हम भीतर बैठे नहीं रहेंगे। हम बाहर निकलेंगे।

– **महबूबा मुफ्ती**
पीडीपी अध्यक्ष



**वो** दिन बीत गए जब देश फतवों के मुताबिक चला करता था। अब देश संविधान के अनुसार चलता है।

– **योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश”

# पीएम के नाम पर फर्जी ट्रस्ट का पुलिस ने किया भंडाफोड़

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

● मामले में 10 नामजद तीन की हुई गिरफ्तारी

**कैण्ट** पुलिस ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर फर्जी ट्रस्ट बनाकर फर्जीवाड़ा करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर दिया। मिली जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र दामोदर दास मोदी जन कल्याणकारी ट्रस्ट बनाकर फर्जीवाड़ा का मामला सामने आने पर पुलिस के कान खड़े हो गए। कैण्ट पुलिस ने मामले में 10 नामजद अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

प्रकरण में उप निबंधक सदर द्वितीय हरीश चतुर्वेदी ने कैण्ट थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तेजी से कार्रवाई करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। कैण्ट थानाध्यक्ष के मुताबिक मामले में अजय, रविन्द्रनाथ पाण्डेय और शहबाज को गिरफ्तार कर लिया गया है।

फर्जीवाड़े की शिकायत दर्ज कराने वाले उप निबंधक सदर द्वितीय के मुताबिक दुर्गाकुंड क्षेत्र के कबीर नगर निवासी अजय पांडेय ने फर्जी दस्तावेज के सहारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से फर्जी ट्रस्ट पंजीकृत कराया था। मामला तब प्रकाश में आया जब कागजातों की जांच शुरू हुई। जांच में फर्जीवाड़ा उजागर हो गया है। फर्जी ट्रस्ट के 10 लोग ट्रस्टी हैं। ये सभी प्रधानमंत्री के नाम ट्रस्ट बनाकर ठगी कर रहे थे। सभी के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने अजय पांडेय के अलावा वाराणसी के प्रदीप कुमार सिंह, नवलपुर बसही के सोनू कुमार गुप्ता, महागांव गरथमा के विकास मिश्र, सरसौली कैंट की प्रिया श्रीवास्तव, हुकुलगंज कैंट निवासी अनिल, अनेई निवासी रंजीता सिंह, अर्दली बाजार के शाहबाज खान, बलिया जिले के बैरिया निवासी रवींद्रनाथ पांडेय और बलिया बेलहरी के अविनाश सिंह के नाम फर्जीवाडे में शामिल है। मामले में कैंट थानाध्यक्ष के मुताबिक मिली तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर तीन लोगों की गिरफ्तारी कर ली गई है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है अन्य आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## मृत व्यक्ति पर मिनी गुंडा एक्ट की कार्रवाई कर घर भेजी नोटिस

● गंगाघाट पुलिस की शानदार कार्यशैली का प्रमाण लिखित नोटिस में दिखा

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट पुलिस ने शुक्रवार को नगर के रशीद कालोनी गांधी नगर के रहने वाले एक मृत व्यक्ति पर मिनी गुंडा एक्ट की कार्रवाई कर उसके घर नोटिस भेज दी। नोटिस पहुचते ही मृतक के परिजन हक्का बक्का रह गए। मृतक के पिता ने पुलिस को बताया कि जिसपर पुलिस ने मिनी गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है, उसकी आठ वर्ष पहले मौत हो चुकी है। गंगाघाट कोतवाल अरविंद सिंह ने बताया कि त्रुटि सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय से हुई है, कोतवाली से सिर्फ नोटिस पहुचाई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगाघाट कोतवाली के रशीद कालोनी के रहने वाले पूर्व सभासद मो. सईद ने बताया कि गुरुवार को गंगाघाट कोतवाली से उनके घर एक नोटिस आया, जिसमे उनके मृत बेटे रसीद पर मिनी गुंडा एक्ट की कार्रवाई कर नोटिस भेज दी। उन्होंने बताया कि उनके बेटे की मौत आठ वर्ष पूर्व 12 अप्रैल 2012 को हो गई थी। इस प्रकरण में गंगाघाट कोतवाल अरविंद सिंह ने बताया कि यह त्रुटि सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय से हुई। कोतवाली से सिर्फ नोटिस भेजी गई है।

# निर्माणाधीन प्लाट की बीम गिरने से एक मजदूर की मौत, तीन गंभीर



**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के नेहरू नगर में सुरभि टेडर्स के मालिक रज्जन तिवारी पुत्र रामशंकर तिवारी के मकान का निर्माण चल रहा था। निर्माण ठेकेदार राजेन्द्र करा रहा था। उसने बताया कि छह मजदूरों से बेसमेन्ट की खुदाई का काम करा रहा था। शुक्रवार शाम लगभग 4 बजे बेसमेन्ट की खुदाई करने के दौरान पहले से लगी साइड बीम व मिट्टी का मलबा ढह गया। जिसके नीचे मौके पर कार्य कर रहे चार मजदूर दब गए। जिनमे छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के रहने वाला 32 वर्षीय धनी, 35 वर्षीय सरवन, उन्नाव के बिहार थानाक्षेत्र का रहने वाला 36 वर्षीय मदन और गंगाघाट के आजाद नगर का रहने वाला 30 वर्षीय रोहित उर्फ कल्लू दब गए। मजदूरों के दबने से वहां मौजूद अन्य मजदूरों ने चिल्लाना शुरू कर दिया। जिसके बाद मौके पर सैकड़ो की भीड़ इकट्ठा हो गई। लोगो ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही गंगाघाट कोतवाल व कई दरोगा मौके पर आ गए। मिट्टी के मलबे में दबे मजदूरों को पुलिस की मौजूदगी में बाहर निकलवाया गया। श्रमिकों में धनी व सरवन को गंभीर चोंटे आयी। जबकि मदन के हल्की चोटें आई है। घायलों को नजदीक के निजी अस्पताल ले जाया गया। वहीं आजाद नगर के रहने वाले रोहित उर्फ कल्लू लगभग पौने घण्टे तक सीमेंट की बीम में दबा रहा। पौन घण्टे बाद पालिका की जेसीबी से खुदाई कर बीम हटाई और मजदूरों ने हाथ से मिट्टी हटाकर मरणासन्न हालत में निकाला। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। 30 वर्षीय कल्लू की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी चांदनी व पिता सुरेश का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

### पड़ोस के मकान मालिक ने काम रोकने को लिखा था सीएम को पत्र

**शुक्लागंज।** निर्माणाधीन मकान के पड़ोस के मकान मालिक किशोरीलाल ने बेसमेन्ट की खुदाई देख अपने मकान की सुरक्षा के लिए सीएम व जिले के प्रशासनिक अधिकारियों, तहसीलदार को पत्र लिखकर काम रोकने की मांग की थी। लेकिन जिले के प्रशासनिक अधिकारियों ने अनदेखी कर दी। निर्माणाधीन मकान के बेसमेन्ट की खुदाई निरन्तर चलती रही। वहीं गंगाघाट इंस्पेक्टर अरविंद सिंह ने शिकायत पर जेसीबी से खुदाई करने पर प्रतिबंध लगा दिया, तो मजदूरों के द्वारा फावड़े से खुदाई कार्य शुरू हो गया। खुदाई के दौरान हादसा हो गया। समय रहते प्रशासनिक अधिकारी अनदेखी न करते तो हादसा होने से बचाया जा सकता था।

# दो सौ के चार नकली नोट के साथ तस्कर हुआ गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

● पांच सौ रुपये का एक नोट, एंड्रायड मोबाइल, दो एटीएम कार्ड, दो आधारकार्ड

● कुल दो सौ के सात नकली नोट थे, तीन नोट से बेनियाबाग व रोहनिया में खरीददारी कर चुका है

**जिले में** बड़े ही नहीं बल्कि दो सौ रुपये के भी बाजार में अब नोट आ चुके हैं। आप को भी अब सावधान हो जाने की जरूरत है। दरअसल बड़े नोटों पर लोगों की नजर अधिक होती है लिहाजा कम मूल्य के नोटों को खपाने का बाजार में चलन बढ़ रहा है। लिहाजा आप भी अब नकली नोटों को लेकर सावधान हो जाएं। मिर्जामुराद क्षेत्र के बेनीपुर गांव स्थित सब्जीमंडी से गुरुवार की रात नकली नोट संग गिरफ्तार मीरजापुर जिले के देहात कोतवाली निवासी लक्ष्मण कुमार कश्यप नामक युवक के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर शुक्रवार को उसे जेल भेज दिया गया।

मिर्जामुराद थानाप्रभारी सुनीलदत्त दुबे ने बताया कि लक्ष्मण के पास दो.दो सौ रुपये के कुल सात नोट रहेए जिसमें तीन नोट से वह बेनियाबाग और रोहनिया में खरीददारी भी कर चुका था। जेब से दो. दो सौ रुपए के चार नकली नोटए पांच सौ नगद रुपयाए दो एटीएमए दो आधारकार्ड व एक एंड्रायड मोबाइल मिला है। पुलिस की पूछताछ में युवक कभी ससुर द्वारा नोट देने तो कभी रास्ते में नोट गिरे मिलने की बात कह कर बरगलाता रहा। एटीएस की टीम भी थाने पहुंच युवक से पूछताछ की पर कोई कामयाबी नही मिली। आशंका है कि युवक किसी नकली रैकेट के सम्पर्क में आकर कही से नकली नोट लेकर उसका फायदा उठाता रहा होगा।

## कप्तान ने फोर्स के साथ गोदौलिया से मदनपुरा के इलाके में की गश्त

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**दीपावली व** वारावफात त्योहारों को मद्देनजर एसएसपी अमित पाठक ने शुक्रवार को गोदौलिया से लेकर रामापुरा, रेवड़ी तालाब, भेलूपुर, सोनारपुरा आदि होते हुए मदनपुरा क्षेत्र में भारी फोर्स के साथ गश्त किया। इस दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे और शांति से एक दूसरे के साथ मिलकर भाईचारा का संदेश देते हुए दीपावली व वारावफात को मनायें।एसएसपी अमित पाठक ने सभी क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक एवं थानाध्यक्षों को निर्देश दिया के त्योंहारों के मद्देनजर देर रात अपने-अपने क्षेत्रों में चक्रमण करें तथा क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों से मिलकर क्षेत्र में शांति स्थापित करें जिससे दीपावली व वारावफात जैसे पर्व को प्रकाश के इस पर्व को दीपोत्सव को जलाकर मनायें। कप्तान अमित पाठक के साथ सीओ दशाश्वमेध अवधेश कुमार पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार, भेलूपुर थाना प्रभारी, लक्सा थाना प्रभारी सहित कई थाने की फोर्स रही।

## मंत्री डॉ. नीलकंठ ने भाजपा के इतिहास व विकास पर की चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**जनता पार्टी** वाराणसी महानगर के अन्तर्गत आने वाले काशी विश्वनाथ मण्डल का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर नीचीबाग स्थित भाजपा महानगर कार्यालय में सम्पन्न हुआए शिविर का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ नीलकंठ तिवारी ने किया। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि डा नीलकंठ तिवारी ने भाजपा का इतिहास और विकास पर विस्तार पुर्वक चर्चा की।

मंडल प्रशिक्षण शिविर में महानगर अध्यक्ष विद्या सागर राय, मंडल अध्यक्ष नलिन नयन मिश्र, आलोक श्रीवास्तव, साधना वेदांती, संतोष सोलापुरकर, शुभम चौरसिया, विष्णु यादव, विपुल गुजराती, शिवप्रकाश मोर्या, विजय सोनकर, कुंवरकांत सिंह, बनवारी गुप्ता, रोहित पाठक, मनोज यादव सहित सभी मंडल पदाधिकारीयों, कार्य समिति सदस्य, सेक्टर संयोजक आदि प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

## क्विक न्यूज

### महिलाओं ने डिजिटल ऑनलाइन डांडिया किया

**वाराणसी।** वैश्य महिला समाज, वाराणसी की ओर से कोरोना जैसी वैश्विक महामारी में सामाजिक दूरी का पालन करते हुए नवरात्रि के उपलक्ष्य में शुक्रवार डिजिटल (ऑनलाइन) डांडिया कार्यक्रम का आयोजन बहुत ही उत्साहपूर्वक धूमधाम से मनाया गया। वैश्य महिला समाज उ.प्र. की महामंत्री डा. रचना अग्रवाल ने नारी शक्ति की विशेषता एवं शक्ति का उल्लेख कर उन्हें प्रेरित किया। वैश्य महिला समाज वाराणसी की अध्यक्ष सुष्मिता केशरी ने सभी का स्वागत किया। वैश्य महिला समाज वाराणसी की मीडिया प्रभारी प्रीति केशरी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत कर सभी को बधाईया दी। कार्यक्रम में प्रीति केशरी, रूबी बरनवाल, मृदुला बरनवाल, रंजना बरनवाल, ममता केशरी, रश्मि केशरी, रचना बरनवाल, निषिमा बरनवाल, रचना केशरी, गुड़िया केशरी, प्रिया बरनवाल, मीतू बरनवाल, जया बरनवाल, स्वीटी केशरी आदि महिलाएं भाग लिया।

### जरी उद्योग के सदस्यों ने किया आग्रह यज्ञ

**वाराणसी।** बनारस कलाबत्तू जरी उद्योग महासंघ के सदस्यों ने शुक्रवार दोपर चौकाघाट काली माता मंदिर के समीप उद्योग महासंघ के अध्यक्ष राजेंद्र गांधी कुशवाहा के नेतृत्व आग्रह यज्ञ किया। आग्रह यज्ञ में शामिल होने के लिए जरी उद्योग के सदस्यों ने जरी निर्माताओं को फ्लैट रेट विद्युत आपुर्ति किए जाने की मांग की। राजेन्द्र गांधी ने प्रदेश की योगी आदित्यनाथ और केन्द्र की मोदी सरकार से जरी उद्योग के लिए मदद की अपिल किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और योगी का फोटो लेकर यज्ञ कर रहे महासंघ के सदस्यों ने सरकार से फ्लैट रेट पर विद्युत आपुर्ति की मांग किया। राजेन्द्र गांधी ने कहा कि संविधान असहाय एवं कमजोर लोगों को सहायता प्रदान करने की बात कहता है ऐसे में सरकार को जरी निर्माताओं व बुनकरों को फ्लैट रेट पर विद्युत प्रदान करना चाहिए। आग्रह यज्ञ में राजेन्द्र गांधी कुशवाहा, राकेशकांत राय, गुलशन मौर्या, विशाल वर्मा, मोनू राय, संजय प्रधान, ज्वाला सिंह, अनिल मुद्रा, महेन्द्र मौर्य, अमीर चंद्र, सुनील मौर्या, अवधेश मौर्या, महेंद्र प्रसाद आदि उपस्थित थे।

### आत्मनिर्भरता के लिए आत्मविश्वास आवश्यक: प्रो. टीएन सिंह

**वाराणसी।** आत्मनिर्भर बनने के लिए विश्वास और समर्पण जरूरी है। नई शिक्षा नीति समग्र शिक्षा है क्योंकि इसमें नैसर्गिक एवं सम्पूर्ण विकास की भावना परिलक्षित होती है। आत्मनिर्भर बनने के लिए जिन गुणों की आवश्यकता है वह इस शिक्षा नीति में दिखाई देती है। यह शिक्षा नीति व्यवहारिक पक्षों को ध्यान में रखते हुए उससे सैद्धांतिक तरीके से कैसे समाज में लागू किया जाए इस पर विशेष बल दिया गया है। उक्त बातें महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रोफेसर टीएन सिंह ने शुक्रवार अपराहन पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई विद्यापीठ व शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित वेबिनार को सम्बोधित करते हुए कही। वेबिनार की अध्यक्षता करते हुए विद्यापीठ के कुलपति प्रोफेसर टीएन सिंह ने कहा कि आत्मविश्वास के बगैर आत्मनिर्भरता संभव नहीं है। मुख्य वक्ता सचिव शिक्षा संस्कृति न्यास अतुल कोठारी ने कहा कि ब्रेन ड्रेन को ब्रेन गेन करने की जरूरत है। शिक्षा का व्यवहारिक पक्ष एवं सैद्धांतिक पक्ष दोनों ही समाजोपयोगी है। देश के सभी विश्वविद्यालयों कॉलेजों तथा शिक्षण संस्थाओं का यह दायित्व बनता है कि शिक्षा में अनवरत एवं गुणवत्तापूर्ण शोध किया जाय। वेबीनार सारांशिका एवं धन्यवाद डॉक्टर केके सिंह ने किया जबकि संचालन डॉक्टर राजेश कुमार गर्ग ने किया।

### मस्जिदों व घरों को रौशन कर किया जश्न-ए-चिरागा

**उन्नाव।** हजरत मोहम्मद के जन्म दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार रात मस्जिदों व घरों को रौशन कर जश्न-ए-चिरगां किया गया। कोरोना संक्रमण के बचाव के मद्देनजर शुक्रवार को नियमों का पालन करते हुए लोगों से बारावफात का त्योहार शांतिपूर्वक मनाते हुए जुमा की नमाज अदा की गई। त्योहार व जुमा को लेकर सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस कर्मी पूरी तरह से अलर्ट रहे। बारावफात के मौके पर लोगों ने घरों में रहकर सादगी के साथ जश्न मनाया गया। कोविड के चलते न तो जुलूस निकाले गए और न ही जगह-जगह सड़कों की सजावट ही की गई। शुक्रवार जुमा की नमाज को लेकर प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट रहा। दोपहर शहर की जामा मस्जिद पर सुरक्षा के मद्देनजर भारी संख्या में फोर्स तैनात रहा।

### महिलाओं को रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित

**प्रयागराज।** कोविड 19 कोरोना महामारी के संक्रमण काल के दौरान दस हजार पुरुषों और महिलाओं को रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस मौके पर कोशिश होती है कि देश में मिलने वाला वीवो स्मार्टफोन यहीं के लोगों द्वारा ही बनाया गया हो। इसी के साथ कंपनी ने आज अपने कैमरा फोकस वी सीरीज के वी बीस के नए कलर वेरिएंट की उपलब्धता की घोषणा की है। आई ऑटो फ़ोकस सेल्फी कैमरा को स्पोर्ट करता है। जो सेल्फी और व्लॉगिंग के अनुभव को एक नए स्तर पर ले जाने का वादा करता है।

# कोविड-19: एनसीआर में वर्चुअल माध्यम से हुआ सेवानिवृत्त समारोह

● रेलवे में 130 सेवानिवृत्त कर्मचारियों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से किया गया बकाया भुगतान

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



**कोविड** 19 के चलते उत्तर मध्य रेलवे में वर्चुअल माध्यम से सेवानिवृत्त समारोह का आयोजन शुक्रवार को किया गया। अक्टूबर 2020 को सेवानिवृत्त हो रहे 130 कर्मचारियों में आगरा के 19 झांसी के 40 और प्रयागराज मण्डल के 46 और झाँसी कारखाने के 8 कर्मचारी शामिल हैं। जबकि 17 कर्मचारी मुख्यालय सहित उत्तर मध्य रेलवे के अन्य इकाइयों से हैं। कोविड 19 के दृष्टिगत सेवानिवृत्त कर्मचारी को पेंशन भुगतान आदेश उपलब्ध कराने के साथ साथ पेंशन एवं अन्य भुगतान का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए सम्बंधित बैंकों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से या रेलकर्मी को भेजकर पेंशन भुगतान आदेश उपलब्ध कराया गया है। वर्तमान कोविड 19 संकट के दौरान पेंशन एवं अन्य भुगतान प्राप्त करने के लिए व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने की आवश्यकता को पूर्णत: समाप्त करते हुये उत्तर मध्य रेलवे में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को इलेक्ट्रॉनिक सुविधा के माध्यम से पेंशन एवं अन्य भुगतान प्रदान किया है। सीपीआरओ अजीत कुमार सिंह ने बताया कि हर महीने के अंतिम कार्य दिवस पर रेलवे इकाइयों में सेवानिवृत्त हो रहे रेलकर्मियों द्वारा उनके सेवा काल के दौरान उनके योगदान को परिलक्षित करने के लिए सेवानिवृत्ति समारोह आयोजित होता है। इस तरह के कार्यक्रम रेलवे बोर्ड क्षेत्रीय रेलवे मंडल स्तर उत्पादन इकाइयों कार्यशालाओं और अन्य रेलवे इकाइयों में आयोजित किए जाते हैं लेकिन कोविड 19 के प्रसार के कारण यह कार्यक्रम भौतिक सभा के साथ नहीं हो रहे हैं। कर्मचारी के साथ साथ संगठन के लिए सेवानिवृत्त दिवस के महत्व को ध्यान में रखते हुए रेलवे बोर्ड द्वारा जुलाई 2020 से सेवानिवृत्त समारोह का आयोजन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया जा रहा है। इसी क्रम में रेलवे बोर्ड एवं क्षेत्रीय रेलवे के मध्य वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन किया गया। वर्चुअल सेवानिवृत्ति समारोह में संबंधित रेलवे मुख्यालय से सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारी द्वारा मुख्यालय में उपलब्ध वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग व्यवस्था के माध्यम से या कर्मचारी को उपलब्ध कराये गये वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के निमंत्रण लिंक का उपयोग करके कहीं और से भी इस कार्यक्रम में भाग लिया गया। मण्डलों उत्पादन इकाइयों कार्यशालाओं प्रशिक्षण संस्थानों और अन्य रेलवे इकाइयों में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए वर्चुअल सेवानिवृत्ति समारोह में शामिल होने के लिए उपलब्ध कराया गया। सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों द्वारा सेवाकालमें हासिल की गई उपलब्धि महत्वपूर्ण योगदान आदि का विवरण भी केंद्रीय रूप से द्वारा एकत्र किया जा रहा है ताकि रेलकर्मियों द्वारा उनके सेवाकाल के दौरान किए गए सराहनीय कार्य को समारोह के दौरान अंकित किया जा सके।वर्तमान कोविड 19 संकट के दौरान वर्चुअल साधनों के माध्यम से सेवानिवृत्त समारोह के आयोजन के इस पहल से सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों के साथ साथ कार्यरत कर्मचारियों के मध्य एक सकारात्मक भावना का प्रवाह करने के अतिरिक्त कर्मचारियों के मध्य अधिक सामंजस्य और अपनेपन की भावना आयेगी।

## पटरी दुकानदारों पर दर्ज एफआईआर के विरोध में एसपी सिटी को ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**फुटपाथ** व्यापारी एकता समिति संगठन के संरक्षक विजय गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक नगर दिनेश कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर संरक्षक विजय गुप्ता ने कहा कि रेहड़ी पटरी दुकानदारों पर पटरी पर दुकान लगाए जाने पर प्रयागराज पुलिस द्वारा मुकदमा लिखा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश सरकार पटरी के दुकानदारों दस हजार ऋण आत्मनिर्भर बनाने के लिए दिया जा रहा है। नगर निगम और पुलिस प्रशासन द्वारा पटरी दुकानदारों पर मुकदमा लिखा रहा है और उजड़ा जा रहा है। सरासर पटरी के दुकानदारों के साथ यह अन्याय है। लॉकडाउन की वजह से पटरी दुकानदार भुखमरी के कगार पर हैं।

पुलिस प्रशासन और नगर निगम प्रशासन पटरी के दुकानदारों का उत्पीड़न कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के अधिकारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। इस अवसर पर फुटपाथ व्यापारी एकता समिति के जिलाध्यक्ष विकास अग्रहरी ने कहा कि ऐसे लोगों को रोजगार करने दिया जाए। उजड़ा न जाए और मुकदमा भी वापस लिया जाए। इस अवसर पर व्यापारी नेता बृजेश निषाद सुरेश भारतीय चंद्र प्रकाश कौशल अवधेश नारायण वर्मा रमेश वैश्य मनीष गुप्ता सुशील गुप्ता सीता देवी संगीता साहू अनुराग गुप्ता कमलेश कुमार कपूर चंद्र गुप्ता अवि गुप्ता राहुल साहू पिंकी धुरिया अनीता केसरवानी शिव शंकर कश्यप पुष्पा देवी केसरवानी शंकर लाल गब्बू केसरवानी भोले साहू आदि उपस्थित रहे। विजय गुप्ता ने बताया कि 31 अक्टूबर को 12 बजे नगर आयुक्त नगर निगम को मांग पत्र सौंपा जाएगा।

## एपीएस की प्रधानाचार्या अमिता मिश्रा आर्य गौरव से हुईं सम्मानित



पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**इलाहाबाद** पब्लिक स्कूल चौफटका की प्रधानाचार्या अमिता मिश्रा को आर्य गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान आर्य कन्या पीजी कालेज ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिये प्रदान किया है। आर्य कन्या पीजी कालेज सभागार में आयोजित समारोह में आईजी रेंज कवींद्र प्रताप सिंह आर्य कन्या पीजी कालेज के चेयरमैन शासी निकाय पंकज जायसवाल और आर्य कन्या पीजी कालेज की प्राचार्या डॉक्टर रमा सिंह ने सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि एपीएस की प्रधानाचार्या अमिता मिश्रा प्रयागराज मण्डल में सीबीएसई बोर्ड की सबसे वरिष्ठ प्रधानाचार्या हैं। वह एक वर्ष तक शिक्षिका और 19 वर्ष से एपीएस की प्रधानाचार्या हैं। अमिता मिश्रा के नेतृत्व में एपीएस ने शिक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। इस मौके पर पूर्व अपर आयुक्त कृष्ण चन्द्रा हरिश्याम मानव कल्याण शिक्षा एवं शोध संस्थान के सचिव राजीव कुमार मिश्रा शिक्षिका वंदना सिंह रूचि अभिषेक तिवारी शिखा खन्ना अधिवक्ता नीरज सिन्हा प्रबंधक सुभाष मिश्रा पत्रकार पवन द्विवेदी सिविल डिफेंस के चीफवार्डेन अनिल गुप्ता आदि सम्मानित किए गए।

## वन विभाग में भ्रष्टाचार की शिकायत मंत्री से की

**वाराणसी।** वन विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार की शिकायत को लेकर नगर के काष्ठ उद्योग से जुड़े व्यापारियों का एक प्रतिनिधि मंडल प्रदेश के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. नीलकंठ तिवारी और जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने मंत्री और डीएम से शिकायत की आरा मशीनों की लाइसेंस नवीनीकरण के नाम पर उक्त उद्योग से जुड़े व्यापारियों से वन विभाग के अफसरों और कर्मचारियों द्वारा अवैध धन की वसूली की जा रही है। पैसा की मांग पूरी न करने पर तरह तरह से प्रताड़ित किया जा रहा है। मंत्री के आदेश पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए वन विभाग के प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) को निर्देश दिया कि व शासन की मंशा के अनुरूप भ्रष्टाचार मे लिप्त कर्मचारियों और अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें प्रतिनिधि मंडल मे सर्वश्री रिजवान हसन खाँए बब्बू जीए पप्पु गुप्ताए असोक विश्वकर्मा, एप्पी विश्वकर्मा, सचिन कुमार गुप्ता, ओम प्रकाश यादव आदि लोग शामिल रहे है।

## लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे पर हादसा एक की मौत, दर्जनों घायल

● दिल्ली से करीब 75 सवारियां लेकर बिहार जा रही थी बस



**औरास उन्नाव।** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे पर शुक्रवार की सुबह चालक को झपकी आने से बस बेकाबू होकर खंती में पलट गई। हादसे में एक यात्री की मौत हो गई और तीन दर्जन से ज्यादा यात्री घायल हो गए। कई घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। गुरुवार को दिल्ली से करीब 75 सवारियां लेकर बस चालक बिहार के लिए रवाना हुआ था। औरास क्षेत्र के कोइलियाखेड़ा गांव के पास ड्राइवर को नींद आ जाने से बस अनियंत्रित होकर खंती में जाकर पलट गई। हादसे के समय ज्यादातर सवारियां नींद में थीं। बस के पलटते ही यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। हादसा देख आसपास के ग्रामीण भाग कर मौके पर पहुंचे और पुलिस व यूपीडा कर्मियों को सूचना दी। यूपीडा कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को बस के बाहर निकलवाया और औरास पीएचसी भेजा। जहां डॉक्टर ने भंगरिया अचल पारू गांव निवासी राम बहादुर के चौबीस वर्षीय बेटे राहुल को मृत घोषित कर दिया, जबकि प्राथमिक इलाज के बाद 14 गंभीर घायलों को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। मौके पर हसनगंज एसडीएम प्रदीप कुमार वर्मा व बांगरमऊ सीओ अंजनी राय फोर्स के साथ पहुंच गए। कुछ घायलों को जिला अस्पताल भी भेजा गया है।

# गॉर्ड आफ ऑनर के बाद परिजनों को सौंपा गया आरक्षी का शव

● संदिग्ध हालात में गुरुवार की रात बिहार थाने में तैनात सिपाही की हुई थी मौत



**उन्नाव।** बिहार थाना में तैनात आरक्षी की गुरुवार रात संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। शुक्रवार की सुबह पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। दोपहर बाद पुलिस लाइन में गॉर्ड ऑफऑनर के बाद उनके परिजन शव लेकर घर को चले गए। वहीं मेहनती और खुशमिजाज आरक्षी की मौत से पूरे स्टाफ की आंखें नम थीं। गाजियाबाद थाना मुरादनगर के जलालाबाद निवासी परमिंदर सिंह के 25 वर्षीय बेटा अंकुर सिंह 2016 बैच का सिपाही था। गुरुवार की रात मेडिकल स्टोर पर ब्लड प्रेशर चेक करवा रहा था। तभी अचानक उसकी हालत बिगड़ने से झटके आने लगे। हालत बिगड़ती देख अन्य पुलिसकर्मी उसे ऊंचगांव सीएचसी पर ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इनसेट

### दो लाख पन्द्रह हजार रुपए परिजनों को दिए

आरक्षी की मौत के बाद थाना प्रभारी संतोष सिंह ने सर्किल के चारो थाने से सहयोग राशि एकत्र कर शुक्रवार को मृतक के परिजनो को सुपुर्द की है। उन्होंने बताया कि सर्किल के सभी थानो से कुल दो लाख पन्द्रह हजार रूपए की राशि एकत्र हुई है।

### सीओ से लेकर एसपी तक नही पहुंचे, दिखा रोष

देररात हुई आरक्षी की मौत के बाद शुक्रवार की दोपहर तक सर्किल के सीओ से लेकर एसपी के पोस्टमार्टम हाउस व पुलिस लाइन में गॉर्ड ऑफ ऑनर में न पहुंचने पर परिजनो व पुलिस कर्मियों में अधिकारियों के प्रति रोष दिखा। उधर, घटना की जानकारी होने पर एडीजी जोन लखनऊ एसएन साबत ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

# बिनीश ने नशा कारोबारी के खाते में भेजी है बेहिसाब रकमः ईडी

## मादक पदार्थों की अवैध बिक्री का आरोपी मोहम्मद अनूप बिनीश का बेनामीदार था

**बेंगलुरु/नई दिल्ली।** केरल में माकपा नेता कोडिएरी बालकृष्णन के बेटे बिनीश कोडिएरी को गिरफ्तार करने के एक दिन बाद प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को कहा कि बिनीश ने नशीले पदार्थ बेचने वाले व्यक्ति के बैंक खाते में कथित रूप से बेहिसाब राशि भेजी है। ईडी ने बिनीश को बेंगलुरु में धनशोधन रोधी कानून के तहत बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया था। इसके बाद एक स्थानीय अदालत ने उन्हें दो नवंबर तक प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में भेज दिया।

ईडी ने आरोप लगाया है कि मादक पदार्थों की अवैध बिक्री का आरोपी मोहम्मद अनूप बिनीश का बेनामीदार था। बेनामीदार वह व्यक्ति होता है, जिसके नाम पर बेनामी संपत्ति ली जाती है या जिसके नाम हस्तांतरित की जाती है और लाभ पाने वाला वह व्यक्ति होता है, जिसके लाभ के लिए बेनामीदार ने संपत्ति रखी हो। अनूप को इस मामले में 17 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया था। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) की जांच में यह दावा किया गया था कि उसने अनूप और दो अन्य की गिरफ्तारी के साथ ही अगस्त में कर्नाटक में नशीले पदार्थों की तस्करी के रैकेट का भंडाफोड़ किया। ईडी की जांच इसी मामले से जुड़ी है। ईडी ने एक बयान जारी करके दावा किया कि अनूप ने हिरासत में पूछताछ के दौरान स्वीकार किया कि वह मादक द्रव्यों की बिक्री और खरीदारी में शामिल था और उसका बिनीश कोडिएरी से निकट संबंध था।

ईडी ने यह भी दावा किया, यह भी खुलासा हुआ है कि उसके (अनूप) विभिन्न बैंक खाते हैं और उसने इन खातों में अपराध से मिलने वाली बड़ी रकम हस्तांतरित की। उन्होंने कहा, धन के लेन-देन संबंधी जांच से यह भी पता चला कि बिनीश कोडिएरी उसके (अनूप के) खाते में नियमित रूप से बेहिसाब बड़ी धनराशि भेजा करते थे।

ईडी ने कहा, इससे पहले, केरल में बिनीश कोडिएरी के खाते में बड़ी रकम जमा की गई। एजेंसी ने दावा किया, अनूप बिनीश कोडिएरी का बेनामीदार है और वह बिनीश के निर्देश पर ही सभी वित्तीय लेद-देन करता है। बिनीश अनूप को बड़ी रकम का भुगतान करते हैं। ईडी ने कहा, वह इस नकदी और वित्तीय लेन-देन के बारे में उचित स्पष्टीकरण नहीं दे सके और इसका जवाब टालते रहे। एनसीबी ने पहले दावा किया था कि इस अभियान के बाद कर्नाटक के जाने माने संगीतकार और अभिनेता उसकी जांच के दायरे में है। बिनीश का कहना है कि वह अनूप और उसके परिवार को जानते हैं और अनूप के परिवार ने कुछ साल पहले कर्नाटक में रेस्तरां के कारोबार के लिए उनसे और कुछ अन्य लोगों से धन उधार लिया था।



जम्मू में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान का पुतला फूंककर विरोध-प्रदर्शन करते भाजयुमो कार्यकर्ता।

## ईवीएम में चुनाव चिन्ह के स्थान पर प्रत्याशी के नाम व योग्यता के इस्तेमाल के लिए याचिका

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों से राजनीतिक दलों के चुनाव चिन्ह हटाने और उनके स्थान पर प्रत्याशियों के नाम, उम्र, योग्यता और तस्वीर के इस्तेमाल के लिए उच्चतम न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की गई है। यह याचिका भाजपा के नेता और अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने दायर की है। ईवीएम में चुनाव चिन्ह के इस्तेमाल को गैरकानूनी, असंवैधानिक और संविधान का उल्लंघन करने वाला घोषित किया जाए।

याचिका में कहा गया है कि राजनीति को भ्रष्टाचार और अपराधीकरण से मुक्त कराने की दिशा में यह उत्तम प्रयास होगा कि मतपत्रों और ईवीएम से राजनीतिक दलों के चुनाव चिन्ह हटाकर उनके स्थान पर प्रत्याशियों के नाम, उम्र, शैक्षणिक योग्यता और उनकी तस्वीर लगाई जाए। याचिका में दलील दी गई है कि चुनाव चिन्ह के बगैर ईवीएम होने से कई लाभ होंगे। इनसे मतदाताओं को भी ईमानदार और योग्य प्रत्याशियों का चयन करने में मदद मिलेगी। याचिका के अनुसार बगैर चुनाव चिन्ह वाले मतपत्रों और ईवीएम से टिकट वितरण में राजनीतिक दलों के हाईकमान की तानाशाही पर अंकुश लगेगा तथा वे जनता की भलाई के लिए ईमानदारी से काम करने वाले लोगों को पार्टी का टिकट देने के लिए बाध्य होंगे। गैर सरकारी संगठन एसो. फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स के अध्ययन का हवाला देते हुए याचिका में कहा गया है कि 539 सांसदों में से 233 सांसदों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामलों की घोषणा की है।

2014 के चुनाव में विजई 542 सांसदों में से 185 ने अपने खिलाफ आपराधिक मामलों की घोषणा की और 2009 के लोकसभा चुनाव में जीते 543 सांसदों में से 162 ने अपने खिलाफ आपराधिक मामलों की घोषणा की थी। इस स्थिति की मूल वजह मतपत्रों और ईवीएम में राजनीतिक दलों के चुनाव चिन्ह का इस्तेमाल है।

## मणिपुर में 435 किलोग्राम से ज्यादा ब्राउन शुगर जब्त

**इम्फाल।** मणिपुर पुलिस ने मदाक पदार्थ बनाने वाली एक इकाई को ध्वस्त कर के थौबल जिले से 435 किलोग्राम ब्राउन शुगर जब्त किया है। थौबल के पुलिस अधीक्षक सारंगथेम इबोमचा सिंह ने शुक्रवार को बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस के एक दल ने बृहस्पतिवार को मोइजिंग अवांग क्षेत्र में एक घर में छापेमारी की और मादक पदार्थ बनाने में इस्तेमाल होने वाले पदार्थों के साथ ही 16 पैकेट ब्राउन शुगर जब्त किया। अधीक्षक ने कहा, हमने 435.94 किलोग्राम ब्राउन शुगर समेत 438 लीटर मॉर्फिनयुक्त तरल पदार्थ और 705 ग्राम चूना और एक बोतल अमोनियम क्लोराइड जब्त किया। सिंह ने कहा कि पुलिस ने तलाश अभियान के दौरान तीन एलपीजी सिलिंडर, एक मोटरसाइकिल और एक ऑटोरिक्शा बरामद किया। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि अभी जब्त मादक पदार्थ की अनुमानित बाजार कीमत का पता नहीं लगाया जा सका है।

## चाइल्डलाइन पर आने वाले 40 फीसदी कॉल में होती है मदद की मौन पुकार

**नई दिल्ली।** चाइल्डलाइन हेल्पलाइन नंबर 1098 पर आने वाले 40 फीसदी मौन कॉल होते हैं अर्थात ऐसे कॉल जिनमें कोई कुछ बोलता नहीं। यह आंकड़ा वर्ष 2018 से लेकर इस वर्ष सितंबर तक का है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन कॉल में से कई मामले ऐसे लोगों की ओर से मदद की मौन पुकार के होते हैं, जो उस वक्त शोषण या हिंसा के बारे में बताने का साहस नहीं जुटा पाते। अधिकारी ने बताया कि मौन कॉल में कॉल करने वाला कुछ नहीं बोलता हालांकि पीछे की आवाजें आती हैं। चाइल्डलाइन 1098 परेशानी में फंसे बच्चों के लिए दिन-रात काम करने वाला हेल्पलाइन नंबर है। यह 595 जिलों और 135 रेलवे चाइल्ड हेल्पडेस्क के लिए काम करता है। चाइल्डलाइन की ओर से मुहैया करवाए गए आंकड़ों के मुताबिक जनवरी 2018 से लेकर इस वर्ष सितंबर तक कुल 2.15 करोड़ कॉल आए, जिनमें से 86 लाख मौन कॉल थे। अधिकारी ने बताया, इस तरह के ज्यादातर कॉल का मतलब यह होता है कि कोई वास्तव में मदद चाहता है लेकिन उस वक्त बोलने का साहस नहीं जुटा पा रहा। इसलिए हम इस तरह के कॉल काटते नहीं हैं। उन्होंने बताया कि कई बार व्यक्ति स्टाफ के सदस्यों द्वारा समझाने पर बात भी करता है। हालांकि बीते तीन वर्ष में मौन कॉल कम हुए हैं। आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2018 में 1.01 करोड़ कॉल आए जिनमें से 42 लाख या 42 फीसदी कॉल मौन कॉल थे, जबकि 2019 में कुल 69 लाख कॉल आए जिनमें से 27 लाख या 39 फीसदी कॉल इस तरह के थे। साल 2020 में सितंबर तक कुल 43 लाख कॉल आए जिनमें से 16 लाख या 36 फीसदी मौन कॉल थे।

### वर्तमान परिस्थितियों में ससंदीय समिति को लेह का दौरा नहीं करने की सलाह : सूत्र

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने एक संसदीय समिति को सूचित किया है कि बेहद ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सैनिकों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं और कामकाजी स्थितियों का जायजा लेने के लिए समिति के अगले महीने प्रस्तावित लेह दौरे की इस समय सलाह नहीं दी जा सकती। सूत्रों ने यह जानकारी दी। लोक लेखा समिति (पीएसी) के सदस्य चीन-भारत सीमा सड़कों संबंधित एक कैग रिपोर्ट की पड़ताल कर रहे हैं। साथ ही समिति बेहद ऊंचाई वाले क्षेत्रों में तैनात सैनिकों के लिए कपड़े, उपकरण, राशन और आवास के प्रावधान एवं आपूर्ति संबंधी एक अन्य रिपोर्ट की भी पड़ताल कर रही है। इस मुद्दे पर प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल बिपिन रावत समेत सरकार के शीर्ष अधिकारी लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी की अगुवाई वाली समिति के समक्ष पेश हुए।

## क्विक न्यूज

### प्रधानमंत्री के दौरे से पहले 23 पुलिसकर्मी संक्रमित पाए गए

**केवडिया (गुजरात)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यहां होने वाली यात्रा से एक दिन पहले सुरक्षाकर्मियों की कोविड-19 के लिए कराई गई जांच में 23 पुलिसकर्मी संक्रमित पाए गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। नर्मदा जिले के केवडिया गांव में शुक्रवार और शनिवार को होने वाली प्रधानमंत्री की यात्रा के मद्देनजर स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के आसपास के क्षेत्रों में पांच हजार से अधिक पुलिस तथा राज्य रिजर्व पुलिस (एसआरपी) के कर्मियों को तैनात किया गया है। मोदी, दो दिन की गुजरात यात्रा पर केवडिया आए हैं और शनिवार दोपहर तक यहां रहेंगे। नर्मदा जिला प्रशासन की ओर से जारी एक एकता दिवस की तैयारियों के मद्देनजर यहां तैनात सुरक्षा कर्मियों की जांच के वास्ते एहतियात के तौर पर स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर विशेष जांच बूथ बनाए गए हैं। बृहस्पतिवार को 3,651 पुलिसकर्मियों की जांच की गई, जिसमें से 23 संक्रमित पाए गए।

### ठाणे में कोविड-19 के 1,802 नए मामले, 40 लोगों की मौत

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में कोविड-19 के1,802 नए मामले सामने आए है, जिसके बाद कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 2,10,096 हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि जिले में बृहस्पतिवार को 40 और मरीजों की मौत के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 5,302 हो गई। उन्होंने बताया कि जिले में कोविड-19 से स्वस्थ होने की दर 92.76 फीसदी और मृत्यु दर 2.52 फीसदी है। जिले में अभी 9,913 मरीजों का उपचार चल रहा है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि पड़ोसी जिले पालघर में अब तक संक्रमण के कुल 40,606 मामले सामने आए हैं और 942 लोगों की मौत हो चुकी है।

### भुवनेश्वर एम्स में दो नवम्बर से बहाल होंगी ओपीडी सेवाएं

**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने करीब तीन महीने बाद अपने बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) की सेवाएं दो नवम्बर से फिर से शुरू करने का फैसला किया है। एम्स भुवनेश्वर ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा, बढ़ती मांग और मरीजों की जरूरत को पूरा करने के लिए हमने दो नवम्बर से ओपीडी सेवाएं शुरू करने का फैसला किया है। कोरोना वायरस संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए उठाए गए कदमों के मद्देनजर 10 जुलाई से ओपीडी बंद है। बयान में कहा गया कि आठ नवम्बर तक एक दिन में केवल 30 मरीजों का पंजीकरण ही किया जाएगा। इसके बाद नौ नवम्बर से एक सप्ताह तक के लिए 50 मरीजों का पंजीकरण किया जाएगा और फिर स्थिति का आकलन कर धीरे-धीरे इस संख्या को बढ़ाया जाएगा।

### भिवंडी में केक फैक्टरी ढहने से तीन श्रमिक घायल

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवंडी कस्बे में एक केक फैक्टरी का ढांचा गिरने से तीन श्रमिक शुक्रवार तड़के घायल हो गए। ठाणे नगर निगम के क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख संतोष कदम ने बताया कि एक प्रसिद्ध ब्रांड के लिए केक तैयार करने वाली फैक्टरी की एक मंजिला इमारत तड़के करीब चार बजकर 45 मिनट पर ढह गई। उन्होने बताया कि इस घटना मे तीन श्रमिक घायल हो गए। उन्हे इलाज के लिए एक स्थानीय अस्पताल मे भर्ती किया गया है। कदम ने बताया कि अभी इमारत ढहने की वजह का पता नही चल पाया है।

### प्रधानमंत्री ने लोगों को दी मिलाद-उन-नबी की शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को लोगों को मिलाद-उन-नबी की शुभकामनाएं दी और उम्मीद जताई कि यह पर्व करुणा और भाईचारा बढ़ाएगा। मिलाद-उन-नबी को पैगंबर मोहम्मद के जन्मदिन के तौर पर मनाया जाता है। इसे इस्लामी कलैंडर के तीसरे महीने मे मनाया जाता है। मोदी ने ट्वीट किया, मिलाद-उन-नबी पर शुभकामनाएं। यह दिन सभी मे करुणा और भाईचारा बढ़ाए। उन्होंने कहा, सभी स्वस्थ और खुशहाल हो। ईद मुबारक।

### खदान धंसने से एक व्यक्ति की मौत

**करीमनगर** (तेलंगाना)। तेलंगाना के पेड्डापल्ली जिले के वकीलपल्ली मे एक खदान के धंसने से एक कोयला खनिक की मौत हो। इस हादसे मे एक अन्य खनिक घायल हो गया। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सिंगरेनी कोलियरी (रामगुंडम डिवीजन- द्वितीय) के महाप्रबंधक एम सुरेश ने बताया कि यह हादसा बृहस्पतिवार को हुआ। यह खदान राज्य सरकार की सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड द्वारा संचालित है।उन्होंने कहा कि इस हादसे मे रापोलु नवीन कुमार (28) की मौत हो गई जबकि के सतीश घायल हो गए और उन्हे अस्पताल मे भर्ती कराया गया। उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। खदान मे काम फिलहाल स्थगित कर दिया गया है और आगे की जांच शुरू कर दी गई है।


दुमका में विधानसभा उपचुनाव में झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेएमएम प्रत्याशी बसंत सोरेन के पक्ष में प्रचार करते हुए।

## असम से लगी सीमा से अपने बलों को नहीं हटाएगा मिजोरमः मंत्री

**आइजोल।** मिजोरम के गृह मंत्री लालचामलियाना ने कहा कि उनकी सरकार हालात सामान्य होने तक असम से लगी सीमा से अपने बलों को नहीं हटाएगी। असम के कछार जिला प्रशासन के मिजोरम सरकार से सीमावर्ती इलाकों से अपने बलों हटाने को कहने के एक दिन बाद बृहस्पतिवार को गृह मंत्री ने यह बयान दिया। लालचामलियाना ने कहा कि मिजोरम सरकार ने 1875 में बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन (बीईएफआर), 1873 के तहत अधिसूचित सीमांकन को मिजोरम और असम की वास्तविक सीमा के रूप में स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि यह राज्य की एक ऐतिहासिक सीमा थी, जिसे मिजोरम के पूर्वजों के समय से स्वीकार किया गया है।

गृह मंत्री ने आरोप लगाया कि लैलापुर के कुछ स्थानीय निवासियों ने वहां राष्ट्रीय राजमार्ग 306 पर और मिजोरम के बैराबी गांव को असम के हाइलाकान्डि जिले और मिजोरम के मामित जिले में मेडिली को जोड़ने वाले राजमार्गों को बुधवार से जाम कर रखा है, जिसे असम के अधिकारियों ने उकसाया है। इस पर खेद व्यक्त करते हुए कहा कि यह सीमा विवाद का मामला है और इसे साम्प्रदायिक रंग नहीं दिया जाना चाहिए।

सीमाओं के दोनों ओर के लोगों को सद्भाव से रहना चाहिए क्योंकि वर्तमान मुद्दा कोई साम्प्रदायिक मुद्दा नहीं है, बल्कि सीमा को लेकर गतिरोध है, जो पूरी तरह से दोनों पड़ोसी राज्यों की सरकारों पर निर्भर है। लालचामलियाना ने कहा कि राज्य सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास कर रही है कि आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बाधित न हो। इस बीच, कछार जिला प्रशासन ने बृहस्पतिवार को ट्रक चालकों से मिजोरम की ओर बढ़ने की अपील की थी। सोनाई के क्षेत्राधिकारी, सुदीप नाथ ने बृहस्पतिवार को असम-मिजोरम अंतर राज्र्इय सीमा के पास लैलापुर का दौरा किया था और स्थानीय निवासियों तथा ट्रक चालकों के साथ बातचीत की थी।

## भाजपा का गढ़ बांकीपुर

# लव सिन्हा की दावेदारी से मुकाबला दिलचस्प

**पटना (बिहार)।** भाजपा का गढ़ मानी जाने वाली बांकीपुर विधानसभा सीट पर मौजूदा पार्टी विधायक को लगातार तीसरी बार जीतने से रोकने के लिए कांग्रेस ने अभिनेता से नेता बने शत्रुघ्न सिन्हा के बेटे लव सिन्हा को मैदान में उतारकर मुकाबले को दिलचस्प बना दिया है। शत्रुघ्न सिन्हा कांग्रेस के टिकट पर पिछले साल पटना साहिब सीट से लोकसभा चुनाव लड़े थे, जिसमें उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा था। कांग्रेस ने बांकीपुर सीट के 37 वर्षीय लव सिन्हा को उम्मीदवार बनाकर मतदाताओं को हैरानी में डाल दिया है। बिहार की राजधानी पटना का बड़ा हिस्सा बांकीपुर निर्वाचन क्षेत्र में आता है।

इस संसदीय सीट पर शत्रुघ्न सिन्हा 2009 और 2014 में भाजपा के टिकट पर निर्वाचित हुए थे। बिहारी बाबू के नाम से जाने जाने वाले शत्रुघ्न सिन्हा ने 2014 में मोदी लहर के बीच सबसे बड़े अंतर से जीत हासिल की थी, लेकिन उन्हें पिछले साल अपने पूर्व कैबिनेट सहयोगी एवं पहली बार चुनाव लड़ रहे भाजपा के रवि शंकर प्रसाद के हाथों से इससे भी अधिक अंतर से करारी शिकस्त मिली थी। शत्रुघ्न सिन्हा के बेटे की राजनीतिक क्षमता के बारे में अभी अधिक जानकारी नहीं है। ऐसा बताया जाता है कि लव ने अभिनय में रुचि दिखाई थी, लेकिन वह शत्रुघ्न या अपनी बहन सोनाक्षी की तरह फिल्म जगत में अपनी जगह नहीं बना पाए।

लव सिन्हा के पिता की भीड़ को खींचने की क्षमता के अलावा बांकीपुर में जातीय समीकरण भी लव सिन्हा के पक्ष में प्रतीत होता है, जहां विजेता और उपविजेता कायस्थ ही रहे हैं। हालांकि उनके लिए निवर्तमान विधायक नितिन नवीन को हराना आसान नहीं होगा। 40 वर्षीय विधायक नितिन नवीन ने अब समाप्त हो चुकी पटना पश्चिम सीट से 2006 में उपचुनाव के साथ पदार्पण किया था। उनके पिता नवीन किशोर सिन्हा के निधन के बाद इस सीट पर चुनाव कराया गया था। नितिन नवीन हमेशा बड़े अंतर से जीत दर्ज करते रहे हैं। नीतीश कुमार की राजग में वापसी से भाजपा को चुनाव में मदद मिलने की उम्मीद है। नवीन ने भारतीय जनता युवा मोर्चा की राज्य इकाई का नेतृत्व किया है और उन्हें सिक्किम के लिए पार्टी प्रभारी बनाया है। विपक्षी महागठबंधन में राजद के बाद कांग्रेस सबसे बड़ी साझेदार पार्टी है। विपक्ष को उम्मीद है कि इस बार उसे सत्ता विरोधी लहर का लाभ मिलेगा, क्योंकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करीब डेढ़ दशक से सत्ता में हैं। कांग्रेस को उम्मीद है कि उसे उन असंतुष्ट भाजपा कार्यकर्ताओं के कारण भी लाभ होगा, जिनके पास अपनी हताशा प्रकट करने के लिए पटना में पर्याप्त मौका नहीं है।

भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व राज्य अध्यक्ष सुषमा साहू ने हाल में पार्टी छोड़कर निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने का फैसला किया। उन्होंने हाल में एक जनसभा में लव सिन्हा को छोटा भाई बताया। साहू ने आरोप लगाया है कि सत्तारूढ़ गठबंधन के इशारे पर उनका नामांकन रद्द किया गया और उन्होंने भाजपा पर उन्हें नजरअंदाज कर वैश्य समुदाय का अपमान किया। कांग्रेस इस बार बांकीपुर से भाजपा को तीसरी बार जीतने से रोक पाती है या नहीं, यह तीन नवंबर को पता चलेगा, जब इस सीट के लिए 3.91 लाख मतदाता बिहार विधानसभा के दूसरे चरण में मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। इस चुनावी मैदान में कुल 22 उम्मीदवार मैदान में है। भाजपा और कांग्रेस के उम्मीदवारों के अलावा नवगठित प्लूरल्स पार्टी की उम्मीदवार पुष्पम प्रिया चौधरी का नाम भी चर्चा का विषय बना हुआ है।

## तेलंगाना में कोरोना वायरस संक्रमण के 1,531 नए मामले

**हैदराबाद।** तेलंगाना में कोविड-19 के।,531 नए मामले सामने आने के बाद इस महामारी के यहां कुल 2,37,187 मामले हो गए। राज्य में कोरोना वायरस से संक्रमित छह और लोगों की मौत होने के बाद मरने वालों की संख्या बढ़कर।,330 हो गई। राज्य सरकार ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। राज्य सरकार ने एक बुलेटिन में 29 अक्टूबर को रात आठ बजे तक के आंकड़े देते हुए कहा कि ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) में सर्वाधिक 293 मामले सामने आए। इसके बाद मेडचल मल्काजगिरि में 120 और रंगारेड्डी जिले में संक्रमण के 114 मामले सामने आए। राज्य में 18,456 मरीजों का संक्रमण का इलाज चल रहा है और बृहस्पतिवार को 43,790 नमूनों की जांच की गई। कुल मिलाकर अब तक तेलंगाना में 42,40,748 नमूनों की जांच की जा चुकी है। बुलेटिन के अनुसार प्रति दस लाख आबादी पर।,13,937 नमूनों की जांच की गई है। राज्य में संक्रमण से मृत्यु दर 0.56 प्रतिशत है जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह दर 1.5 प्रतिशत है।



पटना में सीआरपीएफ के जवान बिहार विधानसभा के द्वितीय चरण के चुनाव अभियान में गाड़ियों की चेकिंग करते हुए।

# मोदी ने केवड़िया को दी कई पर्यटन योजनाओं की सौगात

## केशुभाई, कनोडिया बंधुओं को दी श्रद्धांजलि

भाषा। अहमदाबाद

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने अपने दो दिवसीय गुजरात दौरे के पहले दिन शुक्रवार को नर्मदा जिले के केवड़िया में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के निकट पर्यटन से जुड़ी कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया और फिर उनका अवलोकन भी किया। अहमदाबाद पहुंचने के बाद मोदी सबसे पहले गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री केशुभाई पटेल के गांधीनगर स्थित निवास पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने गुजराती सिनेमा के सुपरस्टार नरेश कनोडिया व उनके संगीतकार भाई महेश कनोडिया को भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

पटेल (92) का बृहस्पतिवार की सुबह यहां निधन हो गया था। वह लंबे समय से बीमार थे। कनोडिया बंधुओं का हाल ही में निधन हो गया था। प्रधानमंत्री ने केशुभाई और कनोडिया बंधुओं के परिवार के सदस्यों के साथ कुछ समय बिताया और उन्हें सांत्वना दी। इसके बाद प्रधानमंत्री नर्मदा जिले के केवड़िया पहुंचे और वहां सबसे पहले स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के निकट बने आरोग्य वन का लोकार्पण किया। उन्होंने राज्यपाल आचार्य देवव्रत और मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के साथ इसका अवलोकन भी किया। आरोग्य वन में 15 एकड़ क्षेत्र में औषधीय गुणों से युक्त पौधे लगाए गए हैं। इसमें 380 प्रजाति के पांच लाख पेड़ हैं। योग व आयुर्वेद को ध्यान में रखते हुए इसका विकास किया गया। मोदी इस वन क्षेत्र में बने आरोग्य कुटीर भी गए। मार्च में कोरोना वायरस महामारी फैलने के बाद से मोदी का अपने गृह राज्य गुजरात का यह पहला दौरा है। प्रधानमंत्री ने इसके अलावा एकता मॉल, बच्चों के लिए पोषक पार्क, सरदार पटेल प्राणी उद्यान में जंगल सफारी और एकता क्रूज का भी उद्घाटन किया। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के पास स्थित एक खास स्टोर एकता मॉल का उद्घाटन करने के बाद प्रधानमंत्री ने जम्मू कश्मीर और पूर्वोत्तर के पारंपरिक हस्तशिल्प उत्पादों को बेचने के लिए बने स्टॉल के पास कुछ समय गुजारा। यहां पर पर्यटक एक छत के नीचे अलग-अलग राज्यों से संबंधित हथकरघा और हस्तशिल्प उत्पादों की खरीदारी कर सकते हैं। हथकरघा और हस्तशिल्प में विविधता में एकता की थीम पर विकसित यह स्टोर 35,000 वर्ग फुट क्षेत्र में फैला है।

सरदार पटेल को समर्पित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी स्थल गुजरात में लोकप्रिय पर्यटन स्थल के तौर पर उभरा है। रूपाणी के साथ मोदी बाद में मॉल में स्थित विभिन्न एंपोरियम में गए। जम्मू-कश्मीर के स्टॉल पर मोदी ने विभिन्न उत्पादों के बारे में जानकारी ली और इसे बनाने की प्रक्रिया को जानने में दिलचस्पी दिखाई। वातानुकूलित दो मंजिला स्टोर में विभिन्न राज्यों के पारंपरिक हथकरघा और हस्तशिल्प उत्पादों के लिए 20 अलग-अलग एंपोरियम हैं। इसके बाद प्रधानमंत्री का अगला पड़ाव बच्चों के लिए खास तौर पर बनाया गया पोषक पार्क था। इसका उद्घाटन करने के बाद उन्होंने पार्क का भ्रमण किया और बच्चों को आकर्षित करने वाली विभिन्न सुविधाओं का अवलोकन किया।

यह दुनिया का पहला प्रौद्योगिकी आधारित पार्क है जो 35 हजार वर्गफुट में फैला हुआ है। पार्क में एक न्यूट्री ट्रेन की भी व्यवस्था है, जिसके स्टेशन के नाम भी काफी रोचक रखे गए हैं। ये नाम फलशाखा गृहम, पायोनागिरी, अन्नपूर्णा, पोषण पुराण, स्वस्थ भारत हैं। प्रधानमंत्री ने न्यूट्री ट्रेन की सवारी करते हुए विभिन्न स्टेशनों का मुआयना किया। इस पार्क का उद्देश्य विभिन्न गतिविधियों के जरिए पोषक भोजन के प्रति जागरूकता फैलाना है। पार्क में इसके लिए मिरर मेज, 5डी वर्चुअल रियलिटी थिएटर और ऑगमेंटेड रियलिटी गेम की भी व्यवस्था की गई है। इसके बाद प्रधानमंत्री ने केवड़िया में ही सरदार पटेल प्राणी उद्यान में जंगल सफारी का उद्घाटन किया। यह जंगल सफारी भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 182 मीटर लंबी प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के पास स्थित है और पर्यटकों को लुभाने के लिए यहां विभिन्न प्रकार के वन्य जीव हैं। प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को ही बाद में एकता क्रूज सेवा का उद्घाटन किया। उन्होंने राज्यपाल देवव्रत और मुख्यमंत्री रूपाणी के साथ इसकी सवारी की और स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक का सफर तय कर खूबसूरत नजारे का अवलोकन किया। एकता क्रूज सेवा के माध्यम से पर्यटक फेरी बोट सर्विस के जरिए नर्मदा नदी में श्रेष्ठ भारत भवन से लेकर स्टैच्यू ऑफ यूनिटी की छह किलोमीटर की दूरी तय कर सकते हैं। साथ ही वे स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के खूबसूरत नजारे का भी लुत्फ उठा सकेंगे।

इस यात्रा को 40 मिनट में तय किया जा सकेगा, जिसमें एक नाव पर अधिकतम 200 यात्री सफर कर सकेंगे। फेरी सेवाओं के लिए नया गोरा पुल खास तौर से बनाया गया है। नाव सेवा को शुरू करने का उद्देश्य स्टैच्यू ऑफ यूनिटी आने वाले पर्यटकों को बोटिंग सेवाओं का अनुभव देना है। मोदी अपनी दो दिवसीय यात्रा के दूसरे दिन स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की उनकी जयंती के दिन स्टैच्यू ऑफ यूनिटी जाकर श्रद्धांजलि भी अर्पित करेंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री जब अहमदाबाद पहुंचे तो रूपाणी और आचार्य देवव्रत के अलावा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सी आर पाटिल सहित कई नेताओं ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। उम्मीद की जा रही है कि प्रधानमंत्री अपने इस दौरे पर अपनी मां हीरा बा से भी मुलाकात करेंगे।



गांधीनगर में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय केशुभाई पटेल को श्रद्धांजलि देते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

## पंजाब में इस सीजन में पराली जलाने के 23 हजार से अधिक मामले

भाषा। चंडीगढ़

**पंजाब** में जारी खरीफ के मौसम में एक महीने में पराली जलाए जाने के 23,000 से अधिक मामले सामने आए हैं। आधिकारिक आंकड़ों में कहा गया है कि अनेक धान उत्पादक किसान फसलों के अवशेष जलाने पर लगे प्रतिबंध का लगातार उल्लंघन कर रहे हैं, जिसके चलते प्रशासन ऐसे किसानों पर 85 लाख रुपए जुर्माना लगा चुका है। पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीपीसीबी) के एक अधिकारी ने इस साल धान की फसल के जल्दी उगने को पराली जलाए जाने के मामलों में वृद्धि की वजह बताया है और ऐसे मामलों में कमी आने की उम्मीद जताई है। राज्य सरकार ने पराली जलाए जाने के मामलों पर नजर रखने के लिए 8,000 नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है और फसलों के अवशेषों को नष्ट करने के लिए और अधिक मशीनें दी हैं, इसके बावजूद पराली जलाए जाने के मामले सामने आ रहे हैं।

# तमिलनाडु के राज्यपाल ने 7.5 प्रतिशत आरक्षण वाले विधेयक को मंजूरी दी

भाषा। चेन्नई

**तमिलनाडु** के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में सफल रहे सरकारी स्कूलों के छात्रों को चिकित्सा पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 7.5 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने वाले विधेयक को मंजूरी दे दी है।

तमिलनाडु सरकार ने मौजूदा शैक्षणिक वर्ष 2020-21 से ही चिकित्सा पाठ्यक्रमों में दाखिले को लेकर नीट पास करने वाले राज्य संचालित स्कूलों के छात्रों को 7.5 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए बृहस्पतिवार को शासकीय आदेश जारी किया था। इसके एक दिन बाद राज भवन ने कहा तमिलनाडु के लोगों को सूचित किया जाता है कि राज्यपाल ने इस संबंध में विधेयक को मंजूरी दे दी है। राज भवन की विज्ञप्ति के अनुसार राज्यपाल ने 26 सितम्बर को लिखे एक पत्र में भारत के सॉलिसीटर जनरल (एसजीआई) से कानूनी राय मांगी थी और 29 अक्टूबर को इस पर राय मिल गई। बयान में कहा गया है, राय मिलते ही माननीय राज्यपाल ने विधेयक को मंजूरी दे दी। द्रमुक सहित विपक्षी दलों द्वारा विधेयक को मंजूरी देने में देरी करने के लिए राज्यपाल पर आरोप लगाए जाने के बीच राज भवन ने स्पष्ट किया कि कानूनी राय मिलते ही विधेयक को तुरंत मंजूरी दे दी गई।

मुख्यमंत्री के. पलानीस्वामी ने कहा कि मौजूदा वर्ष से आरक्षण लागू करने के प्रयास किए जा रहे हैं। द्रमुक अध्यक्ष एम के स्टालिन ने दावा किया कि राज्यपाल के पास कोई विकल्प नहीं रह गया था इसलिए उन्होंने आरक्षण विधेयक को मंजूरी दी। स्टालिन ने विधेयक को मंजूरी देने के लिए राज्यपाल को शुक्रिया कहा। द्रमुक अध्यक्ष ने कहा कि उनकी पार्टी के प्रदर्शन और मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ द्वारा उम्मीद व्यक्त करने के बाद पुरोहित को अपना मन बदलना पड़ा। स्टालिन ने एक ट्वीट में कहा कि 45 दिनों बाद और मेडिकल काउंसलिंग शुरू होने के समय इसे मंजूरी दी गई और राज्यपाल को मंजूरी के वक्त इन पहलुओं पर विचार करना चाहिए था।

कुछ जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए पीठ ने बृहस्पतिवार को उम्मीद जताई थी कि राज्यपाल जल्द फैसला करेंगे। भाजपा नेता खुशबू सुंदर ने कहा, हम वादा करते हैं ते इसे पूरा करते हैं। पीएमके प्रमुख एस. रामदास ने कहा कि पुरोहित की मंजूरी लोगों की जीत है। राजभवन ने कहा कि पुरोहित ने यह जानना चाहा था कि क्या प्रस्तावित आरक्षण अनुच्छेद 14 (समानता) और 15 (भेदभाव रोकने) के हिसाब से उपयुक्त है या नहीं। एसजीआई तुषार मेहता ने अपनी राय में कहा कि विधेयक संविधान के अनुरूप है।

# आरेडिका में राष्ट्रीय एकता दिवस पर दिलाई गई शपथ

संवाददाता। रायबरेली



**गत** 6 वर्षों से प्रत्येक वर्ष 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकीकरण के शिल्पकार सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती के रूप में श्राष्ट्रीय एकता दिवस पूरे देश में हर्षोंल्लास के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष रेल मंत्रालय द्वारा जारी दिशानिर्देशो का अनुपालन करते हुए महाप्रबंधक सभागार आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में 29 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से रेल मंत्री द्वारा शपथ दिलाई गई। आरेडिका के महाप्रबंधक विनय मोहन श्रीवास्तव सहित सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ली। आरेडिका के सभी उप विभागाध्यक्षों एवं कर्मचारियों द्वारा अपने.अपने कार्यस्थल पर राष्ट्रीय एकता की शपथ ली गई। इसी क्रम में दिनांक 31 अक्टूबर को आरेडिका आवासीय परिसर के शॉपिंग कम्पलेक्स में एकताए अखंडता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिए रेल सुरक्षा बल द्वारा मार्च.पास्ट का आयोजन किया जायेगा। वर्तमान समय में कोविड.19 महामारी को देखते हुए प्रौद्योगिकी एवं अभिनव डिजिटल माध्यम के साधनों से राष्ट्रीय एकता दिवस के उदेश्यों को जन.जन में प्रसारण किया जायेगा। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी राकेश रंजन की ओर से जारी विज्ञप्ति में दी गई।

## एक नवंबर से 15 हजार श्रद्धालु कर पाएंगे माता वैष्णोदेवी के दर्शन

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने शुक्रवार को कहा कि एक नवंबर से प्रतिदिन 15 हजार श्रद्धालुओं को माता वैष्णोदेवी धर्मस्थल पर दर्शन करने दिया जाएगा। पहले, कोविड-19 पाबंदियों की वजह से केवल 7000 श्रद्धालुओं को ही वहां जाने की अनुमति दी थी। नई मानक संचालन प्रक्रिया में प्रशासन ने कहा, आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत प्रदत्त शक्तियों के तहत राज्य कार्यकारी समिति आदेश देती है कि दिशानिर्देश 30 नवंबर, 2020 तक जारी रहेंगे और बस उसमें थोड़ा बदलाव किया गया, अब एक नवंबर, 2020 से 7000 के बजाय 15000 श्रद्धालुओं को कटरा के एसएमवीडी धर्मस्थल जाने की जाने की इजाजत होगी। त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित यह धर्मस्थल कोविड-19 महामारी के चलते करीब पांच महीने तक बंद रहने के बाद 16 अगस्त को खुला था। प्रारंभ में प्रशासन ने 2000 श्रद्धालुओं को ही अनुमति दी थी जिसमें बाहर के बस 100 तीर्थयात्रियों को ही इजाजत थी।

# गुपकर गठबंधन ने कहा-कुलगाम में भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या निंदनीय

भाषा। श्रीनगर

**गुपकर** घोषणापत्र गठबंधन (पीएजीडी) ने दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में तीन भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या की घटना की शुक्रवार को निंदा की। पीएजीडी के प्रवक्ता सज्जाद लोन ने एक वक्तव्य में कहा, राजनीतिक मतभेद हिंसा को सही नहीं ठहरा सकते। हिंसा हमेशा विवेक को दूर कर देती है और करती रहेगी। आक्रामकता का स्रोत चाहे हो जो, किंतु हम सदैव उसके हर रूप से लड़ेंगे।

भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या की घटना पर दुख जताते हुए पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोग केंद्र की नीतियों की कीमत अपनी जान देकर चुका रहे हैं। उन्होंने ट्वीट किया, कुलगाम में भाजपा के तीन कार्यकर्ताओं की हत्या के बारे में सुनकर दुख हुआ। उनके परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। आखिरकार अंत में जम्मू-कश्मीर के लोग ही हैं जिन्हें भारत सरकार की बिना सोची समझी नीतियों की कीमत अपनी जान देकर चुकानी पड़ रही है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने घटना भयावह बताया। उन्होंने ट्वीट किया, दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले से भयावह खबर है। आतंकी हमले में तीन भाजपा कार्यकर्ताओं की निशाना बनाकर की गई हत्या की मैं स्पष्ट रूप से निंदा करता हूं। अल्लाह उन्हें जन्नत में जगह दे और उनके परिवारों को इस मुश्किल वक्त का सामना करने का हौसला दे।

प्रदेश कांग्रेस समिति ने घटना को निंदनीय शर्मनाक कृत्य बताया और हत्यारों को कठोर सजा देने की मांग की। जेकेपीसीसी ने भी कश्मीर में बिगड़ती कानून व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर चिंता जताई। पार्टी के प्रवक्ता ने सरकार से कहा कि वह नेताओं पर हमलों को रोकने के लिए कदम उठाए तथा उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करे। गौरतलब है कि बृहस्पतिवार देर शाम कुलगाम जिले के वाई के पोरा इलाके में भाजपा कार्यकर्ताओं फिदा हुसैन, उमर हाजम एवं उमर राशिद बेग की आतंकवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। लश्कर-ए-तैयबा का मुखौटा संगठन माने जाने वाले द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने इन हत्याओं की जिम्मेदारी ली है।

# जंगलराज के युवराज बताएं कि चमकी बुखार, बाढ़ और लॉकडाउन में कितनों की मदद की: सुशील मोदी

भाषा। पटना



**बिहार** के उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने शुक्रवार को राजद नेता तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि जंगलराज के युवराज अपने माता पिता के भयावह शासनकाल के बारे में बात नहीं करना चाहते लेकिन कम से कम वे यह तो बताएं कि विपक्ष के नेता एवं मंत्री की हैसियत से चमकी बुखार, बाढ़ और लॉकडाउन के समय वे कितने गरीब परिवारों के साथ खड़े हुए?

सुशील मोदी ने अपने ट्वीट के माध्यम से तेजस्वी यादव से छह सवाल पूछे और उन पर ढपोरशंखी वादे करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, जंगलराज के युवराज यदि अपने माता-पिता के भयावह जंगलराज पर बात नहीं करना चाहते, तो कम से कम यही बता दें कि विधायक, मंत्री और विपक्ष के नेता की हैसियत से वे चमकी बुखार, बाढ़ और लॉकडाउन के समय कितने गरीब परिवारों के साथ खड़े हुए? भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि लॉकडाउन के समय विभिन्न राज्यों में फँसे 22 लाख मजदूरों को सुरक्षित वापस लाने के लिए राजग सरकार ने 1600 स्पेशल ट्रेन चलाईं, लेकिन किसी से किराया नहीं लिया।

सुशील मोदी ने कहा कि उस समय युवराज (तेजस्वी) ने 1000 बसें चलाने का झूठा वादा क्यों किया था और एक मजदूर को भी घर पहुँचाने का खर्च क्यों नहीं उठाया? उन्होंने कहा कि बिहार सरकार ने लॉकडाउन के दौरान। करोड़ 40 लाख राशनकार्डधारक गरीबों के खाते में ।-। हजार रुपए डाले। राजद नेता पर निशाना साधते हुए सुशील मोदी ने पूछा कि जो युवराज आज बड़े-बड़े ढपोरशंखी वादे करते घूम रहे हैं, उन्होंने अपनी करोड़ों की सम्पत्ति में से किसी की एक रुपए की भी मदद क्यों नहीं की? बिहार के उपमुख्यमंत्री ने कहा, हमारी सरकार ने 2 करोड़ 38 लाख गरीब महिलाओं के खाते में 15-15 सौ रुपए डाले लेकिन उस समय युवराज किसी गरीब महिला की मदद के लिए क्यों नहीं आए?

## भाजपा सांसद ने सैनिकों को सलामी देने वाले लड़के को 2.5 लाख रुपये दिए

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद राजीव चंद्रशेखर ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने लद्दाख के उस लड़के के माता-पिता को ढाई लाख रुपए दिए हैं, जिसका एक वीडियो वायरल हुआ है। वीडियो में वह अपने क्षेत्र में तैनात भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के जवानों की एक टीम को सलामी देता नजर आ रहा है। आईटीबीपी जवानों को सलामी देते हुए नामग्याल का यह वीडियो सोशल मीडिया पर काफी साझा किया गया है। बल ने 11 अक्टूबर को अपने आधिकारिक (ट्विटर) हैंडल से इसे ट्वीट किया था। चंद्रशेखर के कार्यालय ने एक बयान में कहा, नामग्याल ने उस वक्त पूरे राष्ट्र का प्यार और सम्मान हासिल कर लिया, जब लद्दाख में शुशुल से गुजर रहे आईटीबीपी जवानों को सलामी देने वाला उसका एक वीडियो सामने आया। भाजपा सांसद ने एक बयान में कहा कि नामग्याल की देशभक्ति की भावना ने लद्दाख के इस लड़के को मदद देने के लिए प्रेरित किया है, ताकि उसके सपने साकार हो सकें।

# महज शादी के लिए धर्म परिवर्तन वैध नहीं: हाईकोर्ट

## न्यायालय का मामले में हस्तक्षेप से इंकार

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**इलाहाबाद** हाईकोर्ट ने कहा है कि केवल शादी के लिए धर्म परिवर्तन वैध नहीं है। विपरीत धर्म के याचिका को खारिज करते हुए कोर्ट ने याचियों को संबंधित मजिस्ट्रेट के समक्ष हाजिर होकर अपना बयान दर्ज कराने की छूट दी है। याची ने परिवार वालों को उनके शांति पूर्ण वैवाहिक जीवन में हस्तक्षेप करने पर रोक लगाने की मांग की थी।

कोर्ट ने हस्तक्षेप करने से इंकार कर दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति एम सी त्रिपाठी ने प्रियांशी उर्फ समरीन व अन्य की याचिका पर दिया है। कोर्ट ने कहा है कि एक याची मुस्लिम तो दूसरा हिन्दू है। लड़की ने 29 जून 2020 को हिन्दू धर्म स्वीकार किया और एक महीने बाद 31 जुलाई को विवाह कर लिया। कोर्ट ने कहा कि रिकार्ड से स्पष्ट है कि शादी करने के लिए धर्म परिवर्तन किया गया है। कोर्ट ने नूर जहां बेगम केस के फैसले का हवाला दिया। जिसमें कोर्ट ने कहा है कि शादी के लिए धर्म बदलना स्वीकार्य नहीं है।

इस केस में हिन्दू लड़कियों ने धर्म बदलकर मुस्लिम लडके से शादी की थी। सवाल था कि क्या हिन्दू ल ?की धर्म बदलकर मुस्लिम लड़के से शादी कर सकती है और यह शादी वैध होगी। कुरान की हदीसों का हवाला देते हुए कोर्ट ने कहा कि इस्लाम के बारे में बिना जाने और बिना आस्था विश्वास के धर्म बदलना स्वीकार्य नहीं है। इस्लाम के खिलाफ है। इसी फैसले के हवाले से कोर्ट ने मुस्लिम से हिन्दू बन शादी करने वाली याची को राहत देने से इंकार कर दिया है।

# पेज 1 का शेष

## विंध्यवासिनी मंदिर...

गया। शीरे द्वारा 2019-20 में 26 चीनी मिलों से बी-हैवी शीरे का उत्पादन किया गया एवं बी.हैवी शीरे का उत्पादन में लगभग 10 गुना वृद्धि हुई है। शीरे द्वारा 2020-21 में 60 चीनी मिलों द्वारा बी-हैवी शीरे का उत्पादन किया जाना प्रस्तावित है। इसी प्रकार केन जूस से एथनॉल को भी प्रोत्साहित किया जाना प्रस्तावित है।

**कृषि भू-उपयोग में परिवर्तन के शुल्क की दर 35 से घटाकर 20 प्रतिशत की गई:**- प्रदेश की योगी सरकार ने उद्यमियों को बड़ी राहत देते हुए कृषि से औद्योगिक श्रेणी में भू उपयोग को परिवर्तन शुल्क को करीब 15: घटा दिया है। जो कि उद्यमियों के लिए प्रदेश सरकार की तरफ से दीपावली का बड़ा पुरस्कार माना जा रहा है। प्रदेश की योगी सरकार ने शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक में कृषि से औद्योगिक श्रेणी में भू.उपयोग परिवर्तन शुल्क को घटाकर सर्किल रेट 35 प्रतिशत के स्थान पर 20 प्रतिशत कर दिया है। यह निर्णय आदेश निर्गत होने के उपरान्त ष्तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। माना जा रहा है कि भू.उपयोग परिवर्तन शुल्क में कमी होने से उद्यमी औद्योगिक विकास हेतु प्रोत्साहित होंगे। औद्योगिक समूह प्रदेश में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए आकर्षित होंगे। परिणाम स्वरूप में प्रदेश में औद्योगिक विकास और निवेश को बढ़ावा मिलेगा। औद्योगिक इकाइयों की स्थापना से सम्बन्धित क्षेत्र में राजगोर के अवसरों में भी वृद्धि होगी।

**गोरखपुर में जिला जेल बाईपास मार्ग चार-लेन का होगा:**- मंत्रिपरिषद ने जनपद गोरखपुर में जिला जेल बाईपास मार्ग के चार लेन चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कराए जाने के प्रस्ताव को अनुमति प्रदान कर दी है। यह मार्ग राष्ट्रीय मार्ग संख्या-24 से निकलकर राष्ट्रीय मार्ग संख्या-28 के छूटे भाग के बीच संचालित यातायात हेतु प्रयुक्त होता है। इस प्रकार गोरखपुर शहर में सोनौली, महराजगंज, पिपराइच, देवरिया एवं कुशीनगर, वाराणसी से आने वाले वाहन शहर में न जाकर इसी बाईपास मार्ग का प्रयोग करते हैं, जिसके कारण वर्तमान में प्रश्नगत मार्ग पर यातायात का भारी दबाव एवं वर्ष पर्यन्त भीषण जाम की समस्या बनी रहती है। यातायात को सुगम बनाने एवं जाम से निजात दिलाने के लिए इस कार्य को अनुमति प्रदान की गई है।मार्ग की लम्बाई 8.560 किलोमीटर है। परियोजना की प्रस्तावित लागत 19939.80 लाख रुपए है। परियोजना के अन्तर्गत सिविल कार्य की लागत 8751.28 लाख रुपएए यूटिलिटी शिफ्टिंग की लागत 4304.00 लाख रुपए है।

**बुन्देलखण्ड क्षेत्र, विन्ध्य क्षेत्र में पेयजल योजना के क्रियान्वयन का प्रस्ताव अनुमोदित:**- मंत्रिपरिषद ने ष्जल जीवन मिशनष् के अन्तर्गत प्रदेश के बुन्देलखण्ड क्षेत्र, विन्ध्य क्षेत्र तथा गुणता प्रभावित ग्रामों में पेयजल योजना के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में प्रस्तुत प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। बुन्देलखण्ड विन्ध्य क्षेत्र विभिन्न जनपदों के ग्रामों में पेयजल आपूर्ति हेतु परियोजना के निर्माण के निमित्त कार्यदायी फर्मों के माध्यम से आगणनों का विरचन कराया गया। विरचित आगणनों की परियोजनाओं में से 200 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 21 परियोजनाओं पर मंत्रिपरिषद का अनुमोदन पूर्व में प्राप्त किया जा चुका है, जिनमें अग्रेतर कार्यवाही गतिमान हैं।

## योगी सरकार...

मद में पांच करोड़ की धनराशि मंजूर की गई है। पहली बार किसी राज्य सरकार ने इस दिशा में कदम उठाया है। योगी के नेतृत्व में बेटियों के लिए इस सरकार में जितना कार्य हुआ वो किसी सरकार में नहीं हुआ है। इस दिशा में आर्थिक मदद देने के इस फैसले से अल्पसंख्यक परिवारों को लाभ मिलेगा। भारतीय जनता पार्टी जब से देश में आई है तब से अल्पसंख्यक समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया है। यूपी सरकार ने विभिन्न योजनाओं के तहत अल्पसंख्यक बेटियों को लाभ दिए हैं। ओडीओपी योजना, कौशल विकास योजना के जरिए अल्पसंख्यक बेटियों को लाभ मिल रहा है।

## धर्म नगरी...

ने कहा कि वाल्मीकि हमारे पूज्य हैं। उन्होंने ही हम सबका भगवान श्री राम से साक्षात्कार कराया। वाल्मीकि रामायण लौकिक भाषा का महाकाव्य है। इसीलिए वो आदिकवि कहलाए। दुनिया मे राम को पहुंचाने का श्रेय महर्षि वाल्मीकि जी को जाता है। सभी को धर्म के संरक्षण में जुटने की आवश्यकता है। सीएम ने जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि महर्षि वाल्मीकि आश्रम व सरंक्षण संवर्धन की ठोस कार्ययोजना बनाये। आधुनिक वाल्मीकि गोस्वामी तुलसी जी ने राजापुर में जन्म लेकर रामचरित मानस दिया। जब धर्म जागरण गुनाह माना जाता था। आज गोस्वामी जी के रामचरित मानस की प्रेरणा से गांव- गांव में रामलीला मंचन हो रहा। योगी ने कहा कि लालापुर और राजापुर को जोड़कर पर्यटन का नया स्वरूप विकसित करेंगे। बुंदेलखंड में चित्रकूट वायुसेवा से जुड़ेगा। पहाड़ी पर हवाई अड्डा पर उतरने का सौंदर्य होगा। ग्रामीण क्षेत्र को स्वावलंबन की दिशा में बढ़ाएंगे। नानाजी के सपने को साकार करना है। उन्होंने आधुनिक भारत मे ग्रामीण स्वावलंबन का सपना देखा था। उसके हम सभी एक साथ जुटेंगे। अपने संबोधन को समाप्त करते वे बोले कि आज शरद पूर्णिमा है। आप सभी अपने जीवन को धन्य करें। इस दौरान उन्होंने रामायण पर शोध की कार्ययोजना बनाने एवं तुलसी जन्मस्थली राजापुर के विकास पर विशेष फोकस किया। सीएम योगी केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि 6 प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना से घर-घर तक व्यवस्था पहुंचाएंगे। कहा कि भाजपा शासनकाल में 500 साल के अंतराल के बाद अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण शुरू हो गया है। कहा कि कोरोना नहीं होता तो हर गांव से एक व्यक्ति अयोध्या पहुंचाने का सरकार इंतजाम जरूर करती। कोरोना खत्म होने पर हर गांव से लोगों को कारसेवा कराएंगे। कहा कि हमने बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे दिया। कुछ दिन में चित्रकूट, बांदा समेत पूरे बुंदेलखंड के जिलों में पाइपलाइन के माध्यम से घर-घर पीने का पानी पहुंचाया जायेगा। इसके अलावा जल्द ही चित्रकूट से डिफेंस कॉरीडोर के निर्माण की शुरूआत होगी। चित्रकूट में ऐसी तोपे बनेगी जो दुश्मनों के छक्के छुडा देगीं। आपको बता दे कि योगी आदित्यनाथ अपने कार्यकाल के दौरान सबसे ज्यादा बार चित्रकूट आने वाले मुख्यमंत्री बन गए हैं। वह आज यहां सातवीं बार आए हैं। इससे पहले तीन बार मुख्यमंत्री रात में रुक कर कामदगिरि परिक्रमा भी लगा चुके हैं। बाकी योजनाओं के लोकार्पण समेत दूसरे कार्यक्रमो में वह आए। इससे चित्रकूट के विकास को पंख लगने की उम्मीदें और बढ़ी हैं। इसके पहले दौरों में सीएम बुंदेलखंड को पर्यटन हब बनाने की घोषणा कर चुके हैं, जिस पर अमल भी हो रहा है। उसी क्रम में वाल्मीकि आश्रम में भी करोड़ों रुपये के विकास कार्य कराए जा रहे हैं।इस मौके पर बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने केंद्र और प्रदेश भाजपा सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक बाईपास बनाने एवं राजापुर-गनींवा-कर्वी मार्ग का चौडीकरण कराने की की।इसके अलावा जनसभा को राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय और मानिकपुर विधायक आंनद शुक्ला ने भी संबोधित कर सरकार की उपलब्धियां गिनाई। भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विधायक बांदा सदर प्रकाश द्विवेदी, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, रमेश चन्द्र द्विवेदी, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष बद्री विशाल त्रिपाठी, वरिष्ठ भाजपा नेता शक्ति प्रताप सिंह, राजकुमार त्रिपाठी, पंकज अग्रवाल, रामसागर चतुर्वेदी, प्रधान श्लोक मिश्रा, विश्व हिन्दू महासंघ की प्रदेश सचिव ज्योति करवरिया, वाल्मीकि आश्रम के महंत भरतदास जी महाराज, तुलसी पीठ के युवराज रामचन्द्र दास, आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा गौरव दयाल, अपर पुलिस महानिदेशक प्रेम प्रकाश, महानिरीक्षक पुलिस के. सत्यनारायण, जिलाधिकारी शेषमणि पांडेय,मुख्य विकास अधिकारी अमित आसेरी, अपर जिलाधिकारी जीपी सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक प्रकाश स्वरूप पाण्डेय, उप निदेशक सूचना भूपेन्द्र सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

## महाराष्ट्र विधान...

खाली हुई हैं। संविधान के अनुच्छेद 171 के तहत राज्यपाल साहित्य, कला, विज्ञान, सहकारी आंदोलन और समाजसेवा के जुड़ी 12 हस्तियों को राज्य की विधान परिषद के लिए मनोनीत कर सकते हैं। शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस राज्यपाल से चार-चार नामों की सिफारिश करेंगी। मातोंडकर के अलावा मराठी अभिनेता तथा शिवसेना नेता आदेश बांडेकर, गायक आनंद शिंदे, भाजपा छोड़ राकांपा में शामिल हुए एकनाथ खड़से और किसान नेता राजू शेट्टी के नामों की भी चर्चा है। मातोंडकर ने 2019 में कांग्रेस के टिकट पर मुंबई उत्तर से लोकसभा चुनाव लड़ा था, जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि बाद में मुंबई कांग्रेस के कामकाज के तरीके को लेकर उन्होंने पार्टी छोड़ दी थी।

# गेल की मेहनत बेकार, हारा पंजाब

● राजस्थान रॉयल्स सात विकेट से जीता
● स्टोक्स-50 और सैमसन के 48 रन

भाषा। अबुधाबी

बेन स्टोक्स की अगुआई में शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के उम्दा प्रदर्शन की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में शुक्रवार को यहां किंग्स इलेवन पंजाब को सात विकेट से हराकर लगातार पांच जीत के उसके क्रम को तोड़ दिया और प्ले आफ जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। किंग्स इलेवन पंजाब के 186 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स ने बेन स्टोक्स (50), संजू सैमसन (48), कप्तान स्टीव स्मिथ (नाबाद 31) और और रोबिन उथप्पा (30) की पारियों की बदौलत 17.3 ओवर में तीन विकेट पर 186 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। जोस बटलर भी 11 गेंद में 22 रन बनाकर नाबाद रहे। इस जीत से रॉयल्स के 13 मैचों में 12 अंक हो गए हैं। पंजाब की टीम के भी इतने ही मैचों में इतने ही अंक हैं। पंजाब की टीम हालांकि बेहतर नेट रन रेट के कारण चौथे जबकि रॉयल्स पांचवें स्थान पर है।



इससे पहले गेल ने दो जीवनदान का फायदा उठाते हुए 63 गेंद में आठ छक्कों और छह चौकों से 99 रन की पारी खेलने के अलावा राहुल (46) के साथ दूसरे विकेट के लिए 120 रन की साझेदारी की जिससे पंजाब की टीम ने चार विकेट पर 185 रन बनाए। निकोलस पूरन ने 10 गेंद में 22 रन की उपयोगी पारी खेली। जोफ्रा आर्चर और बेन स्टोक्स ने रॉयल्स की ओर से क्रमश: 26 और 32 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए। कार्तिक त्यागी और वरूण आरोन काफी महंगे साबित हुए। दोनों ने चार ओवर में 47-47 रन लुटाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे रॉयल्स को स्टोक्स और उथप्पा ने पहले विकेट के लिए 60 रन जोड़कर तेज शुरुआत दिलाई। स्टोक्स ने अर्शदीप पर पारी का पहला चौका जड़ने के बाद इस तेज गेंदबाज पर दो और चौके मारे। उथप्पा ने मोहम्मद शमी पर छक्का जड़ा। स्टोक्स ने लेग स्पिनर मुरुगन अश्विन का स्वागत लगातार गेंदों पर चौके और दो छक्कों के साथ किया। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने क्रिस जोर्डन की पहली ही गेंद को लांग आफ पर छह रन के लिए भेजकर सिर्फ 24 गेंद में अर्धशतक पूरा किया।

### स्कोर

**किंग्स इलेवन पंजाब:** राहुल का तेवतिया बो स्टोक्स 46, मनदीप का स्टोक्स बो आर्चर 00, गेल बो आर्चर 99, पूरन का तेवतिया बो स्टोक्स 22, मैक्सवेल नाबाद 06, हुड्डा नाबाद 01, **अतिरिक्त:** 11, **कुल:** 20 ओवर में चार विकेट पर: 185 रन, **विकेट पतन:** 1-1, 2-121, 3-162, 4-184, **गेंदबाजी:** आर्चर 4-0-26-2, आरोन 4-0-47-0, त्यागी 4-0-47-0, गोपाल 1-0-10-0, स्टोक्स 4-0-32-2, तेवतिया 3-0-22-0

**राजस्थान रॉयल्स:** उथप्पा का पूरन बो अश्विन 30, स्टोक्स का हुड्डा बो जोर्डन 50, सैमसन रन आउट 48, स्मिथ नाबाद 31, बटलर नाबाद 22, **अतिरिक्त:** 05, **कुल:** 17.3 ओवर में तीन विकेट पर: 186 रन, **विकेट पतन:** 1-60, 2-111, 3-145, **गेंदबाजी:** अर्शदीप 3-0-34-0, शमी 3-0-36-0, अश्विन 4-0-43-1, जोर्डन 3.3-0-44-1, बिश्नोई 4-0-27-0

## साठ बरस के हुए माराडोना, इंग्लैंड के खिलाफ एक और गोल करने की ख्वाहिश

भाषा। ब्यूनस आयर्स



महान फुटबॉलर डिएगो माराडोना ने शुक्रवार को अपना 60वां जन्मदिन मनाया और कहा कि उनकी ख्वाहिश इंग्लैंड के खिलाफ एक और गोल करने की है लेकिन इस बार दाहिने हाथ से। अर्जेंटीना के इस महान फुटबॉलर ने 1986 विश्व कप क्वार्टर फाइनल में बाएं हाथ से गोल किया था जो सबसे मशहूर भी रहा और बदनाम भी जिसे हैंड आफ गॉड कहा गया। माराडोना ने फ्रांस की फुटबॉल पत्रिका को दिए इंटरव्यू में कहा , मेरा सपना इंग्लैंड के खिलाफ एक और गोल करने का है। इस बार दाहिने हाथ से।

## रितु फोगाट ने लगातार तीसरा एमएमए खिताब जीता

**नई दिल्ली।** पहवान से मिश्रित मार्शल आर्ट (एमएमए) फाइटर बनी भारत की रितु फोगाट ने शुक्रवार को सिंगापुर में अपना लगातार तीसरा एमएमए चैंपियनशिप खिताब जीता। छब्बीस साल की भारतीय खिलाड़ी ने तकनीकी नॉकआउट के आधार पर कंबोडिया की नाउ स्रे पोव को दूसरे दौर में ही हरा दिया।

## हार से आहत आरसीबी का सामना अब आत्मविश्वास से ओतप्रोत सनराइजर्स से



**शारजाह।** लगातार दो हार से आहत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले मैच में जीत दर्ज करके प्लेऑफ में जगह सुरक्षित करने की कोशिश करेगा। लेकिन विराट कोहली की टीम के लिए यह काम आसान नहीं होगा क्योंकि सनराइजर्स की टीम भी प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई है और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत से उत्साह से ओतप्रोत है। अभी केवल चेन्नई सुपर किंग्स ही एकमात्र ऐसी टीम है जो प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हुई है। उसने गुरुवार को कोलकाता नाइट राइडर्स पर आखिरी गेंद पर जीत दर्ज करके उसके समीकरण भी बिगाड़ दिए। अब तक केवल मुंबई इंडियन्स ही प्लेऑफ में जगह पक्की कर पाया है। चेन्नई को छोड़कर बाकी छह टीमें दौड़ में बनी हुई हैं। इनमें आरसीबी और सनराइजर्स भी शामिल हैं। चेन्नई और मुंबई से पिछले दो मैच गंवाने के बावजूद अंकतालिका में आरसीबी अभी सनराइजर्स से बेहतर स्थिति में है। आरसीबी को प्लेऑफ में जगह सुनिश्चित करने के लिए सनराइजर्स और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले आखिरी दो मैचों में से एक मैच जीतना होगा। अपने दोनों मैच गंवाने के बाद भी आरसीबी के 14 अंक रहेंगे और वह तब भी बेहतर नेट रन रेट के आधार पर क्वालीफाई कर सकता है लेकिन इसके लिए उसे अन्य मैचों में भी अनुकूल परिणाम की दरकार रहेगी। वैसे अंतिम दो मैचों में हार पर आरसीबी का नेट रन रेट प्रभावित होगा और ऐसे में वह बाहर हो सकता है।

## दिल्ली के समीकरण बिगाड़ने और शीर्ष स्थान मजबूत करने उतरेगा मुंबई

**दुबई।** मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियन्स प्लेऑफ में जगह सुरक्षित कर चुका है लेकिन वह दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में किसी तरह की ढिलाई नहीं बरतेगा और जीत दर्ज करके शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत करना चाहेगा। चेन्नई सुपर किंग्स की गुरुवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) पर छह विकेट की जीत से मुंबई की प्लेऑफ में जगह भी पक्की हो गई। मौजूदा चैंपियन के अभी 16 अंक हैं और उसका नेट रन रेट भी अच्छा है। उसका शीर्ष दो में बने रहना लगभग तय है। किंग्स इलेवन पंजाब, केकेआर और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ लगातार तीन हार के बावजूद दिल्ली 12 मैचों में 14 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। इन तीन पराजय से दिल्ली की आंख खुल गई होगी कि टूर्नामेंट में किसी भी स्तर पर ढिलाई बरतना महंगा पड़ सकता है। उसे प्लेऑफ में जगह पक्की करने के लिए एक जीत की जरूरत है। उसके लिए आखिरी दो मैच आसान नहीं होने वाले हैं क्योंकि उसका सामना टूर्नामेंट की चोटी की दो टीमों मुंबई और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) से होगा।

### तीन पराजयों से हमारी टीम खराब नहीं हो जाती : रहाणे



**दुबई।** लगातार तीन हार से प्लेआफ में प्रवेश की उनकी संभावनाओ को भले ही झटका लगा हो लेकिन दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने कहा कि इन पराजयों से उनकी टीम खराब नही हो जाती और आने वाले मैचो मे वे एक ईकाई के रूप मे अच्छा प्रदर्शन करेंगे। पहले चरण मे शानदार प्रदर्शन के बाद दिल्ली लगातार तीन मैच हारकर तीसरे स्थान पर खिसक गई। अब उसे आईपीएल प्लेआफ मे जगह बनाने के लिए आखिरी दोनो मैचो मे अच्छा प्रदर्शन करना होगा। हमने शुरूआत अच्छी की और नौ मे से सात मैच जीते। इसके बाद तीन मैचो मे नतीजे अनुकूल नही रहे। यह आईपीएल जैसे टूर्नामेंट मे होता है जिसमे आपको 14 मैच खेलने है। यह बड़ा टूर्नामेंट है।

## अनुभवी मध्यक्रम से मदद मिलती है, लेकिन हमेशा अच्छी शुरूआत पर नजर : डिकॉक

**दुबई।** मुंबई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज क्विंटॉन डिकॉक ने कहा कि अनुभवी और मजबूत मध्यक्रम किसी भी टीम की ताकत है लेकिन इससे सलामी बल्लेबाजों का काम आसान नहीं हो जाता जिन पर अच्छी शुरूआत देने की जिम्मेदारी होती है। शीर्ष पर काबिज मुंबई इंडियंस प्लेआफ में पहुंच चुकी है। उसके मध्यक्रम के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या, कीरोन पोलार्ड और कृणाल पंड्या शानदार फार्म में है। डिकॉक ने कहा , अनुभवी मध्यक्रम होने से किसी भी परिस्थिति में फायदा मिलता है।

## अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाए लाहिड़ी

**साउथम्पटन (बरमुडा)।** भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी ने बरमुडा चैंपियनशिप में शानदार शुरुआत की लेकिन अंतिम नौ होल मे तीन बोगी करने से वह आखिर मे तीन अंडर 68 का कार्ड ही खेल पाए और अभी संयुक्त 26वे स्थान पर है। लाहिड़ी पहले 10 होल के बाद पांच अंडर पर थे लेकिन अंतिम सात होल में उनका प्रदर्शन अच्छा नही रहा। उन्होने इस गोल्फ कोर्स पर पिछले साल 66 के स्कोर के साथ शुरुआत की थी।

## शुभंकर शर्मा की साइप्रस ओपन में अच्छी शुरुआत

**पाफोस (साइप्रस)।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने एपरोडाइट हिल्स साइप्रस ओपन गोल्फ टूर्नामेंट मे शानदार शुरुआत करते हुए चार अंडर 67 का कार्ड खेला जिससे वह पहले दौर के बाद संयुक्त 18वें स्थान पर है। शुभंकर ने पहले दौर मे एक भी बोगी नही की। उन्होने इस बीच पांचवे, नौवें, 17वें और 18वें होल में बर्डी बनाई। भारत के एक अन्य गोल्फर एसएसपी चौरसिया ने इवन पार 71 का स्कोर बनाया और वह संयुक्त 83वें स्थान पर है। उन्हे कट मे जगह बनाने के लिए दूसरे दौर मे अच्छा खेल दिखाना होगा।

## टायसन फिर रिंग में उतरेंगे, जोन्स से होगा मुकाबला

**लास एंजिलिस।** अपने जमाने के दिग्गज मुक्केबाज माइक टायसन फिर से रिंग पर दिखेंगे और इस बार उनका मुकाबला रॉय जोन्स से होगा। कैलिफोर्निया के एथलेटिक आयोग ने टायसन और जोन्स के बीच अगले महीने होने वाले मुकाबले को इस आधार पर मंजूरी दे दी है कि यह महज एक प्रदर्शनी मुकाबला होगा। इन पूर्व चैंपियनों ने हालांकि कहा कि वे इसे सिर्फ प्रदर्शनी मुकाबला नही मान रहे है और उसे गंभीरता से ले रहे है। मै मुकाबले के लिए आ रहा हूं और वह भी मुकाबले के लिए आ रहा है और आपको बस इतना ही जानने की जरूरत है।

## आईएसएल के पहले मैच में एटीके मोहन बागान का सामना केरल ब्लास्टर्स से

**मडगांव।** एटीके मोहन बागान इस साल इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल टूर्नामेंट के पहले मैच मे 20 नवंबर को केरल ब्लास्टर्स से भिड़ेगा। कोविड-19 महामारी के कारण छाई अनिश्चितता के बीच शुक्रवार को सिर्फ पहले चरण का कार्यक्रम घोषित किया गया। कोरोना वायरस महामारी के कारण मुकाबले खाली स्टेडियम मे खेले जाएंगे।

## पूर्व सीईओ हारून लोर्गट सीएसए के नौ सदस्यीय अंतरिम बोर्ड में

**जोहानिसबर्ग।** पूर्व सीईओ हारून लोर्गट को संकटो से घिरे दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट के नौ सदस्ईय अंतरिम बोर्ड मे शामिल किया गया है। सरकार द्वारा नियुक्त नौ सदस्ईय अंतरिम बोर्ड की अध्यक्षता न्यायाधीश जाक याकूब करेंगे। इसमें पूर्व बल्लेबाज आंद्रे ओडेंडाल और दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर संघ के अध्यक्ष ओफिले रामेला भी है।

## रुतुराज सबसे प्रतिभावान खिलाड़ियों में से एक : धोनी



भाषा। दुबई

रुतुराज गायकवाड़ को इंडियन प्रीमियर लीग में अपनी छाप छोड़ने में थोड़ा समय लगा लेकिन वह चेन्नई सुपर किंग्स के अपने कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को प्रभावित करने में सफल रहे जिन्होंने इस युवा सलामी बल्लेबाज को सबसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों में से एक करार दिया। धोनी ने मैच के बाद कहा, रुतुराज को हमने नेट्स पर बल्लेबाजी करते देखा था लेकिन इसके बाद वह कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया और 20 दिन बाहर हो गया। यह दुर्भाग्यपूर्ण रहा लेकिन वह इस सत्र को याद रखेगा। वह सबसे प्रतिभावान खिलाड़ियों में से एक है। वह हालांकि काफी कम बोलता है जिसके कारण कभी कभी टीम प्रबंधन को खिलाड़ी को परखने में दिक्कत होती है। जब उसने बल्लेबाजी शुरू की तो आप देख सकते हैं कि वह गेंद को उसी तरह हिट कर रहा था जैसे चाहता था और जो उसने योजना बनाई थी। मुझे लगता है कि इस मैच में योजनाएं हमारे पक्ष में रहीं। खुशी है कि टॉस का नतीजा हमारे पक्ष में रहा।

### फ्लेमिंग ने सकारात्मक पक्ष गिनाए, रुतुराज को अच्छा बताया

**दुबई।** चेन्नई सुपर किंग्स के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने युवा सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ को अच्छा खिलाड़ी करार देते हुए कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने के बाद मिल रही जीत मिश्रित भावनाएं पैदा कर रही हैं। फ्लेमिंग ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, वास्तव में मिश्रित भावनाएं हैं। जब आप प्रतियोगिता से बाहर हो जाते हो तो आप पर किसी तरह का दबाव नहीं होता है। आप यह सब देखकर निश्चित तौर पर निराश होते है लेकिन तब भी जीत से खुशी मिलती है।

## मिलान, आर्सनल की यूरोपा लीग में जीत, टोटेनहैम हारा

भाषा। पेरिस

एसी मिलान ने स्पार्टा प्राग को 3-0 से हराकर यूरोपा लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की जबकि टोटेनहैम को एंटवर्प ने 1-0 से उलटफेर का शिकार बनाया।

इब्राहिमोविच के पेनल्टी चूक गए लेकिन इसके बावजूद मिलान ने सभी प्रतियोगिताओं को मिलाकर पिछले 23 मैचों से चला आ रहा अपना अजेय अभियान जारी रखा। लेकिन गेरेथ बेल के लगातार दूसरे मैच में शुरुआती एकादश में शामिल होने के बावजूद टोटेनहैम का 10 मैचों से चला आ रहा अजेय अभियान समाप्त हो गया। प्रीमियर लीग के अन्य क्लब लगातार दूसरी जीत दर्ज करने में सफल रहे। लीसेस्टर ने एईके एथेन्स को 2-1 हराया जबकि आर्सनल ने चार मिनट के अंदर तीन गोल दागकर आयरलैंड के क्लब डुंडाल्क को 3-0 से पराजित किया।

## फ्रांस में मुक्केबाजी प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचे कविंदर और संजीत

भाषा। नई दिल्ली



भारतीय मुक्केबाज कविंदर सिंह बिष्ट (57 किग्रा), अमित पंघल (52 किग्रा) और संजीत (91 किग्रा) ने फ्रांस के नांटेस में अलेक्सिस वेस्टाइन अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। शिव थापा (63 किग्रा) को हालांकि कांस्य पदक से ही संतोष करना पड़ा। वह गुरुवार को सेमीफाइनल में स्थानीय खिलाड़ी लोनेस हमरोइ से 1-2 से हार गए। एशियाई चैंपियनिशप के रजत पदक विजेता कविंदर ने सेमीफाइनल में फ्रांस के बेनिक जार्ज मेलकुमैन को 3-0 से हराया। फाइनल में उनका मुकाबला एक अन्य स्थानीय मुक्केबाज सैमुअल किस्टोहरी से होगा।

### जापान में टिकट धारकों को वापिस मिलेंगे ओलंपिक टिकटों के दाम

**तोक्यो।** जापान में रहने वाले खेलप्रेमियों को स्थगित हुए तोक्यो ओलंपिक के टिकटों के दाम वापिस मिलेंगे। स्थानीय आयोजन समिति ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जापान के बाहर राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों द्वारा अधिकृत विक्रेताओं से टिकट खरीदने वाले प्रशंसकों पर यह लागू नहीं होगा। इनमें से कई ने पुनर्भुगतान की शर्तें रख दी है।

### वहाब-अफरीदी ने पाक को जिंबाब्वे पर 26 रन की जीत दिलाई

**रावलपिंडी।** तेज गेंदबाजों शाहीन शाह अफरीदी और वहाब रियाज ने मिलकर नौ विकेट चटकाए जिससे पाकिस्तान ने पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में शुक्रवार को यहां जिंबाब्वे को 26 रन से हराया। पिछले साल अक्टूबर के बाद पाकिस्तान अपना पहला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहा था। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 281 रन बनाए। टीम की ओर से हारिस सोहेल ने 71 जबकि इमाम उल हक ने 58 रन की पारी खेली। जिंबाब्वे की ओर से ब्लेसिंग मुजरबानी और तेंडई चिसोरो ने दो-दो विकेट चटकाए।

## सात हजार टन प्याज का आयात हो चुका : गोयल



**नई दिल्ली।** उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि घरेलू आपूर्ति बढ़ाने और बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने के प्रयास के तहत निजी व्यापारी पहले ही 7,000 टन प्याज का आयात कर चुके हैं जबकि 25,000 टन दिवाली से पहले आने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि निजी व्यापारी प्याज मिस्र, अफगानिस्तान और तुर्की जैसे देशों से मंगा रहे हैं। सहकारी एजेंसी नाफेड भी आयात करेगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा स्थानीय आपूर्ति बढ़ाने और कीमतों को काबू में रखने के लिए भूटान से 30,000 टन आलू का आयात किया जा रहा है। गोयल ने डिजिटल तरीके से आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा, प्याज का खुदरा मूल्य पिछले तीन दिनों से 65 रुपए किलो पर स्थिर है। सरकार ने बढ़ती कीमतों पर लागू लगाने के लिए कई कदम उठाए हैं। समय पर निर्यात पर पाबंदी लगाई और आयात के लिए पहल की गई। उन्होंने कहा कि सरकार ने दिसंबर तक प्याज के आयात पर धूम्र-शोधन (फ्यूमिगेशन) की शर्तों में ढील दी है। अबक 7,000 टन प्याज निजी व्यापारियों ने आयात किए हैं।

### दस लाख टन आलू का आयात किया जा रहा है, 30,000 टन भूटान से अगले कुछ दिन में आ जाएगा

**नई दिल्ली।** उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि आलू के खुदरा मूल्य पर लगाम लगाने के लिए 10 लाख टन इस सब्जी का आयात किया जा रहा है। इसमें से करीब 30,000 टन आलू भूटान से अगले कुछ दिनों में आ जाएगा। उन्होंने यह बात ऐसे समय कही है जब आलू की खुदरा कीमत देश में कुछ जगहों पर 60 रुपए किलो से ऊपर तक पहुंच गई है। गोयल ने यह भी कहा कि 10 लाख टन आलू के आयात के लिए सीमा शुल्क जनवरी 2021 तक कम कर 10 प्रतिशत कर दिया गया है। वीडियो कांफ्रेन्स के जरिए आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि आलू की कीमत बढ़ रही है और अखिल भारतीय औसत खुदरा मूल्य 42 रुपए किलो पर पिछले तीनों दिनों से स्थिर बना हुआ है। गोयल ने कहा कि हालांकि सरकार ने आलू के आयात के लिए कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा, आलू के खुदरा मूल्य पर लगाम लगाने के लिए कदम उठाया गया है। हम 10 लाख टन आलू का आयात करने जा रहे हैं। इसमें से करीब 30,000 टन आलू भूटान से अगले कुछ दिनों में आ जाएगा। उन्होंने कहा, हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि आलू, प्याज और अन्य जरूरी चीजें त्योहारों के दौरान सस्ती दरों पर मिले।

### 15वें वित्त आयोग ने रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया, 9 नवंबर को राष्ट्रपति को सौंपेगा रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** 15वां वित्त आयोग 2021-22 से लेकर 2025- 26 तक की अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को नौ नवंबर को सौंपेगा। शुक्रवार को जारी एक आधिकारिक वक्तव्य में यह कहा गया है। आयोग के चेयरमैन एन.के. सिंह ने रिपोर्ट पर शुक्रवार को अपना विचार विमर्श पूरा कर लिया। सिंह तथा आयोग के अन्य सदस्यों ने रिपोर्ट पर हस्ताक्षर कर दिए। आयोग के अन्य सदस्यों में अजय नारायण झा, अनूप सिंह, अशोक लाहिड़ी और रमेश चंद शामिल हैं। वक्तव्य में कहा गया है, वित्त आयोग ने राष्ट्रपति से रिपोर्ट सौंपने के लिए समय मांगा है। राष्ट्रपति के कार्यालय ने यह संदेश दिया है कि रिपोर्ट सौंपने का काम 9 नवंबर 2020 को होगा।

# वैश्विक संकेतों से बाजार में गिरावट

● सेंसेक्स 136 अंक लुढ़का, निफ्टी में 28 अंक का नुकसान

भाषा। मुंबई







यूरोप में कोविड- 19 के मामले बढ़ने और अमेरिका में राष्ट्रपति चुनावों से पहले व्याप्त अनिश्चितता से वैश्विक बाजारों में गिरावट का रुख रहा। वैश्विक संकेतों से शुक्रवार को सेंसेक्स और निफ्टी में लगातार तीसरे दिन गिरावट रही।

बिकवाली से सेंसेक्स 136 अंक और निफ्टी में 28 अंक घटकर बंद हुए। बंबई शेयर बाजार (बीएसई) का 30 प्रमुख शेयरों पर आधारित सेंसेक्स दिन में 746 अंक तक की घटबढ़ के बाद अंत में पिछले दिन के मुकाबले 135.78 अंक यानी 0.34 प्रतिशत गिरकर 39,614.07 अंक पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 28.40 अंक यानी 0.24 प्रतिशत गिरकर 11,642.40 अंक पर बंद हुआ। बीएसई सेंसेक्स में शामिल शेयरों में भारती एयरटेल में सबसे ज्यादा 3.82 प्रतिशत का नुकसान हुआ। मारुति, बजाज आटो, बजाज फाइनेंस, एचयूएल, आईसीआईसीआई बैंक और कोटक बैंक के शेयरों में भी गिरावट रही। इसके विपरीत टाटा स्टील, एनटीपीसी, सन फार्मा, नेस्ले इंडिया, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टेक महिन्द्रा, ओएनजीसी और टीसीएस 2.27 प्रतिशत तक लाभ में रहे। बाजार में बड़ा वजन रखने वाले रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में दूसरी तिमाही का परिणाम आने से पहले 1.37 प्रतिशत की बढ़त रही। साप्ताहिक आधार पर सेंसेकस में 1,071.43 अंक यानी 2.63 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई वहीं, निफ्टी सपताह के दौरान 287.95 अंक यानी 2.41 प्रतिशत घट गया। रिलायंस सिक्युरिटीज में संस्थागत व्यवसाय प्रमुख अर्जुन यश महाजन ने कहा, कोविड- 19 मामलों के कुछ यूरोपीय देशों में एक बार फिर से जोर पकड़ने से वैश्विक आर्थिक गतिविधियों में सुधार को लेकर निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई है।.. वित्तीय और वाहन कंपनियों के शेयरों में प्रमुख तौर पर गिरावट रही जबकि अन्य प्रमुख समूह सूचकांकों में कारोबार की समाप्ति के समय सुधार का रुख रहा। आने वाले सप्ताहों के दौरान बाजार में उतार चढ़ाव बढ़ सकता है। कोविड- 19 मामलों के बढ़ने से वैश्विक अर्थव्यवस्था को लेकर अनिश्चितता और अमेरिका के राष्ट्रपति चुनावों को देखते हुए यह स्थिति रह सकती है। बीएसई के दूरसंचार, वाहन, बैंकेक्स, एफएमसीजी, वित्त और प्रौद्योगिकी समूह के सूचकांकों में 2.37 प्रतिशत तक गिरावट रही जबकि रीयल्टी, धातु, ऊर्जा, तेल एवं गैस और बिजली समूह के सूचकांक लाभ में रहे।

## विदेशी मुद्रा भंडार 5.4 अरब डॉलर बढ़कर 560.53 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 23 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 5.41 अरब डॉलर बढ़कर 560.53 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के हिसाब से इससे पिछले 16 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह मे देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.61 अरब डॉलर की वृद्धि के साथ 555.12 अरब डॉलर था। समीक्षावधि मे विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ने की अहम वजह विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों (एफसीए) में बढ़ोत्तरी होना है। यह कुल विदेशी मुद्रा भंडार का बड़ा हिस्सा है। इस दौरान एफसीए 5.20 अरब डॉलर बढ़कर 571.52 अरब डॉलर हो गईं। विदेशी मुद्रा भंडार में अमेरिकी मुद्रा के अलावा यूरो, पौंड और एन जैसी अंतरराष्ट्रीय मुद्राएं भी शामिल होती हैं। लेकिन इनका मूल्य भी डॉलर मे दर्शाया जाता है।

## इंडसइंड बैंक का शुद्ध लाभ 53 प्रतिशत गिरा

**नई दिल्ली।** इंडसइंड बैंक का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही मे एकल आधार पर 53 प्रतिशत से अधिक गिर गया। समीक्षावधि मे यह 647.04 करोड़ रुपए रहा। पिछले वित्त वर्ष 2019-20 की जुलाई-सितंबर अवधि में बैंक का लाभ 1,383.37 करोड़ रुपए था। शेयर बाजार को दी जानकारी के मुताबिक समीक्षावधि मे एकल आधार पर बैंक की आय भी घटी है।

## नाबार्ड को पहले छमाही में कर बाद मुनाफा 8.26 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई।** राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने सितंबर मे समाप्त प्रथम छमाही में 2,361 करोड़ रुपए का कर बाद मुनाफा (पीएटी) अर्जित किया है जो पिछले वर्ष की समान अवध के मुकाबले 8.26 प्रतिशत अधिक है। उसका ऋण पोर्टफोलियो, पिछले साल के 4,09,743 करोड़ रुपए के मुकाबले इस बार 20.83 प्रतिशत बढ़कर 4,95,095 करोड़ रुपए हो गया।

## भारत के अनुभव का इस्तेमाल कर रहा है फेसबुक : जुकरबर्ग

**नई दिल्ली।** फेसबुक के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने कहा है कि सोशल मीडिया मंच द्वारा उठाए गए कदमों से भारत सहित दुनिया भर में 200 से अधिक विभिन्न चुनावों की सुचिता की रक्षा करने में मदद मिली है। साथ ही इसने अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव अभियान में फेसबुक के नेटवर्क के दुरुपयोग को रोकने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## अमेरिका की अदालत ने इसरो को 1.2 अरब डॉलर क्षतिपूर्ति देने को कहा

**वाशिंगटन।** अमेरिका की एक अदालत ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की वाणिज्यिक इकाई एन्ट्रिक्स कॉरपोरेशन को बेंगलुरू की स्टार्टअप कंपनी देवास मल्टीमीडिया को 1.2 अरब डॉलर की क्षतिपूर्ति करने का आदेश दिया है। यह

## ज्ञान डेरी के उत्पाद अब कानपुर में भी

संवाददाता। कानपुर

यूपी में ताज़ा दूध एवं डेरी प्रोडक्ट्स के तेज़ी से विकसित होते ब्राण्ड ज्ञान डेरी ने कानपुर में प्रवेश किया। कंपनी के एमडी, जय और अनुज अग्रवाल ने आज एक वेबिनार के दौरान कानपुर में अपने प्रोडक्ट्स के लॉन्च की घोषणा की। ताज़े और शुद्ध प्रोडक्ट्स के लिए विख्यात यह ब्राण्ड पिछले 13 सालों से यूपी के उपभोक्ताओं का भरोसा जीत रहा है। कानपुर लॉन्च के लिए ब्राण्ड ने जाने-माने बॉलीवुड अभिनेता मनोज बाजपेई के साथ साझेदारी भी की है। मनोज बाजपेई का व्यक्तित्व भरोसे एवं ईमानदारी की अभिव्यक्ति करता है, ऐसे में वे हमारे ब्राण्ड के दृष्टिकोण विश्वास से भरा के अनुरूप हैं। आज ज्ञान डेरी यूपी का सबसे पसंदीदा डेरी ब्राण्ड बन चुका है। जिसे इसके प्रोडक्ट्स की शुद्धता और गुणवत्ता के लिए पूरे प्रदेश में जाना जाता है। अपनी टैगलाईन विश्वास से भरा के साथ ब्राण्ड अपने वादे शुद्ध और ताज़ा, ज्ञान का वादा पर हमेशा खरा उतरता रहा है। कानपुर के बाज़ार में अपने आप को मजबूती से स्थापित करना तथा पूरे यूपी में ताज़े दूध एवं डेरी प्रोडक्ट्स में अग्रणी स्थिति बनाना इसका मुख्य उद्देश्य है। कानपुर लॉन्च की घोषणा करते हुए जय अग्रवाल, मैनेजिंग डायरेक्टर, ज्ञान डेरी ने कहा, कानपुर में प्रवेश करते हुए हमें बेहद गर्व का अनुभव हो रहा है, अब शहर के लोग हाइजीनिक तरीकों से पैक किए गए दूध एवं डेरी प्रोडक्ट्स की सम्पूर्ण रेंज का लाभ उठा सकेंगे। हमें गर्व है कि हम ताज़ा प्रोडक्ट अपने उपभोक्ताओं तक पहुंचाते हैं, और उन्हें सर्वश्रेष्ठ एवं शुद्ध प्रोडक्ट्स उपलब्ध कराने के लिए प्रयासत हैं।

## इंडियन ऑयल का शुद्ध लाभ सितंबर तिमाही में 10 गुना बढ़कर 6,227 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** भारत की अग्रणी पेट्रोलियम कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) का शुद्ध लाभ सितंबर तिमाही में 10 गुना बढ़कर 6,227.31 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। कंपनी ने कहा कि भंडार पर हुए लाभ और बेहतर कमाई के दम पर उसका एकल शुद्ध लाभ 6,227.31 करोड़ रुपए यानी 6.78 रुपए प्रति शेयर रहा। साल भर पहले कंपनी का शुद्ध लाभ 563.42 करोड़ रुपए रहा। कंपनी ने शेयर बाजार से कहा कि सितंबर तिमाही में उसकी ईंधन बिक्री 177 लाख टन रही, जो जून तिमाही से 16 प्रतिशत अधिक है। हालांकि यह साल भर पहले की समान तिमाही के 201.7 लाख टन की तुलना में 12 प्रतिशत कम है।

## आत्मनिर्भरता बढ़ाने को घरेलू उद्यमियों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराएगा भारत : राजीव

भाषा। नई दिल्ली



नीति आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने शुक्रवार को कहा कि भारत आत्मनिर्भर होने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है और घरेलू उद्यमियों को आगे बढ़ने के लिए यथासंभव बेहतर परिवेश उपलब्ध कराएगा। उद्योग मंडल फिक्की के ऑनलाइन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुमार ने कहा कि भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था और व्यापार व्यवस्था खोले जाने को लेकर प्रतिबद्ध है। हम आत्मनिर्भरता के दिशा में आगे बढ़ेंगे। हम घरेलू उद्यमियों को आगे बढ़ने के लिए यथासंभव बेहतर परिवेश उपलब्ध कराएंगे। एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेशी निवेश) आकर्षित करते समय अपना भरोसा उन इकाइयों में दिखाएंगे जिन्होने पहले से भारत में निवेश कर रखे हैं। कुमार ने यह भी कहा कि सरकार निजी उद्यमियों को हर संभव मदद देने के साथ और अवसर प्रदान करेगी क्योंकि चाहे घरेलू हों या विदेशी, उनके बिना भारत उस सतत आर्थिक वृद्धि को हासिल नहीं कर पाएगा, जो देश चाहता है। उन्होंने कहा, हम यह सब करेंगे। दूसरे देशों ने भी ऐसा किया है। लेकिन यह सब वैश्विक परिप्रेक्ष्य में किया जाएगा...।

चर्च पर हमले का मामला

# फ्रांस में एक और संदिग्ध गिरफ्तार, बढ़ाई गई सुरक्षा

एपी। नीस (फ्रांस)

**फ्रांस** के एक गिरजाघर में ट्यूनीशिया के एक व्यक्ति द्वारा चाकू से हमला कर तीन लोगों की हत्या के मामले में शुक्रवार को एक और संदिग्ध को हिरासत में लिया गया। एक पत्रिका में पैंगबर मोहम्मद के कार्टून प्रकाशित करने के बाद बढ़े तनाव के बीच देश में सुरक्षा और बढ़ाई गई है। एक न्यायिक अधिकारी के मुताबिक संदिग्ध 47 साल का है और समझा जाता है कि वह नीस में नोट्रेडम बेसिलिका चर्च में हमले से एक दिन पहले हमलावर के संपर्क में था। पुलिस की कार्वाई में हमलावर इब्राहिम इसाओई गंभीर रूप से घायल हो गया और वह गंभीर स्थिति में अस्पताल में भर्ती है। फ्रांस और ट्यूनीशिया की आतंकरोधी जांच एर्जेंसियां मामले की जांच कर रही हैं। सऊदी अरब के नियंत्रण वाले अल-अरबिया टीवी पर शुक्रवार को प्रसारित एक साक्षात्कार में इसाओई की मां ने कहा कि वह घटनाक्रम के बारे में



रोम में फ्रांसीसी दूतावास के बाहर लीग के नेता माटेओ साल्विनी समर्थकों संग किया फ्रांस की एकजुटता का प्रदर्शन

जानकर सदमे मे है। ट्यूनीशिया के एसफक्स प्रांत से दिए साक्षात्कार में हमलावर की मां ने कहा कि अपने बेटे के फ्रांस में होने की बात सुनकर वह हैरान है और उन्हें बिल्कुल अंदाजा नहीं था कि वह क्या करने जा रहा है। उन्होंने फोन पर बताया, वह फ्रेंच भाषा नहीं जानता, वहां पर वह किसी को जानता भी नहीं, वहां कैसे अकेले रहने चले गया। ऐसा कदम क्यों उठाया? उसके भाई ने अल अरबिया को बताया कि इसाओई ने परिवार को सूचित किया था कि वह चर्च के सामने सो जाता है और उस जगह की तस्वीरें भी भेजी थी जहां पर हमला हुआ। घटना के बारे में उसने कुछ नहीं बताया था। हमलावर के एक पड़ोसी ने बताया कि वह इसाओई को तबसे जानता था जब वह मैकेनिक था और कुछ छोटे-मोटे काम करता था और कभी ऐसा नहीं लगा कि वह इतना कट्टर हो सकता है। फ्रांस के आतंकरोधी अभियोजक ने कहा है कि संदिग्ध का 1999 में ट्यूनीशिया में जन्म हुआ था। वह 20 सितंबर को इटली के द्वीप लांपेडुसा पहुंचा और फिर वहां से नौ अक्टूबर को इटली के दक्षिणी शहर बारी पहुंचा। यह पता नहीं चल पाया है कि वह नीस शहर कब पहुंचा। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने कहा है कि वह स्कूलों और धार्मिक स्थलों की रक्षा के लिए तैनात जवानों की संख्या 3,000 से बढ़ाकर 7,000 करेंगे।

## हमलावर के हाथ में थी कुरान

एपी। नीस (फ्रांस)

**फ्रांस** के शहर नीस में बृहस्पतिवार को एक गिरजाघर में लोगों पर चाकू से हमला करने वाले ट्यूनीशियाई हमलावर के हाथ में कुरान भी थी। इस हमले में तीन लोगों की मौत हुई थी। हमले के बाद सरकार ने सुरक्षा अलर्ट को बढ़ाकर अधिकतम स्तर का कर दिया। यह पिछले दो महीनों में फ्रांस में इस तरह का तीसरा हमला है।नोट्रेडैम चर्च (गिरजाघर) में हमले को अंजाम देने वाला हमलावर पुलिस द्वारा पकड़े जाने के दौरान गंभीर रूप से घायल हो गया था और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत नाजुक है। इस वारदात स्थल से एक किलोमीटर की दूरी पर वर्ष 2016 में बास्तील डे परेड के दौरान एक हमलावर ने ट्रक को भीड़ में घुसा दिया था, जिसमें दर्जनों लोगों की मौत हो गई थी। फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने कहा कि वह तुरंत स्कूलों और धार्मिक स्थलों की रक्षा के लिए तैनात सैनिकों की संख्या लगभग 3,000 से बढ़ाकर 7,000 तक करेंगे। फ्रांस के आतंकवाद निरोधी अभियोजक ने बताया कि संदिग्ध एक ट्यूनीशियाई है। उसका जन्म 1999 में हुआ था। वह 20 सितम्बर को लैंपड्यूसा के इतालवी द्वीप पहुंचा था और नौ अक्टूबर को दक्षिणी इटली के एक बंदरगाह शहर बारी पहुंचा। अभियोजक ज्यां-फांसवा रिकडर्ड ने हालांकि वह नीस कब पहुंचा इसकी कोई जानकारी नहीं दी। रिकार्ड ने बताया कि हमलावर के पास पवित्र ग्रंथ कुरान की एक प्रति और दो फोन थे। ट्यूनीशिया की आधिकारिक समाचार एजेंसी टीएपी ने आतंकवाद रोधी अभियोजक कार्यालय के हवाले से बताया कि ट्यूनीशियाई व्यक्ति द्वारा देश की सीमा के बाहर कथित तौर पर आतंकवादी वारदात को अंजाम देने के मामले में जांच शुरू कर दी गई है।

## पाकिस्तान की ग्यारह अदालतें हुईं सील

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में न्यायाधीशों और कर्मचारियों के कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद 11 अदालतों को सील कर दिया गया है।

मीडिया में शुक्रवार को आई खबरों के मुताबिक सील की गई अदालतों में तीन अदालतें अतिरिक्त एवं सत्र न्यायाधीशों की हैं। इनके अलावा एक वरिष्ठ दीवानी न्यायाधीश और सात दीवानी न्यायाधीशों की अदालतों को संक्रमण की वजह से सील किया गया है। इस्लामाबाद बार एसोसिएशन के सचिव नबील ताहिर मिर्जा ने डॉन अखबार को बताया कि जिला एवं सत्र न्यायालय के अंतर्गत 70 अदालतें काम करती हैं, जिनमें से 11 अदालतों को 12 न्यायाधीशों और कर्मचारियों के कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद सील कर दिया गया है। बार एसोसिएशन द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि 11 न्यायाधीश और कर्मचारी संक्रमित हुए हैं और इसलिए अदालतें अगले 14 दिनों के लिए बंद रहेंगी।

## तुर्की में शक्तिशाली भूकंप चार की मौत, 120 घायल

**इस्तांबुल।** तुर्की और यूनान के तट के बीच शुक्रवार को आए शक्तिशाली भूकंप में तुर्की में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई जबकि 120 लोग घायल हो गए। तुर्की के स्वास्थ्य मंत्री फखरुद्दीन ख्वाजा ने ट्वीट किया कि इजमिर प्रांत में चार लोगों की मौत हो गई है और 120 लोग घायल हैं। न्होंने कहा कि 38 एंबुलेंस, दो एंबुलेंस हेलीकॉप्टर और 35 चिकित्सा बचाव टीमें इजमिर में काम में जुटी हैं। यूरोपीय- मूध्यसागर भूकंप विज्ञान केन्द्र ने कहा कि शुरुआत में भूकंप की तीव्रता 6.9 थी और इसका केन्द्र यूनान के उत्तर-उत्तरपूर्व में सामोस द्वीप में था। वहीं, अमेरिका के भूगर्भ सर्वेक्षण के अनुसार भूकंप की तीव्रता 7.0 थी। तुर्की के तट और यूनान के सामोस प्रायद्वीप के बीच आए इस शक्तिशाली भूंकप के चलते पश्चिमी तुर्की के इजमिर प्रांत में कई इमारतें जमीदोज हो गईं। यूनान के सामोस में भी कुछ नुकसान हुआ है। खबरें आ रही हैं कि इजमिर में मलबे के अंदर और लोग दबे हुए हैं। तुर्की के आपदा एवं आपात प्रबंधन विभाग ने कहा कि भूकंप का केन्द्र एजियन सागर में 16.5 किलोमीटर नीचे था। भूकंप की तीव्रता 6.6 दर्ज की गई है। विभाग ने कहा कि उसने खोज एवं बचाव टीमों को इजमिर भेजा है।तुर्की की मीडिया में मध्य इजमिर में बहुमंजिला इमारत का मलबा दिखाया गया है। इसके अलावा बचावकर्मी भी तैनात दिखाई दे रहे हैं। मध्य इजमिर में कई जगह धुंआ उठने की तस्वीरें भी सामने आई हैं। यूनान की मीडिया ने कहा कि भूकंप के दौरान सामोस और अन्य प्रायद्वीपों के निवासी अपने-अपने घरों से बाहर निकलकर भागे।

## यह चुनाव अमेरिकी स्वप्न और समाजवादी दु:स्वप्न के बीच चयन है: ट्रंप

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देश में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में अपने डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी जो बाइडेन पर निशाना साधते हुए कहा कि तीन नवंबर को होने वाला चुनाव अमेरिकी स्वप्न और समाजवादी दु:स्वप्न के बीच चयन है। ट्रंप ने टाम्पा में एक चुनावी रैली में कहा कि बाइडेन अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए अब तक के सबसे खराब उम्मीदवार हैं। उन्होंने बृहस्पतिवार को कहा, यह चुनाव अमेरिकी स्वप्न और समाजवादी दु:स्वप्न के बीच चयन है। ट्रंप ने कहा कि यदि बाइडेन चुनाव जीत जाते हैं, तो अमेरिका वेनेजुएला की तरह बन जाएगा। राष्ट्रपति ने कहा कि जब तक वह राष्ट्रपति हैं, अमेरिका समाजवादी देश नहीं बन सकता। उन्होंने कहा, यह चुनाव इस बात का फैसला करेगा कि


टाम्पा में चुनाव प्रचार के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप पत्नी मेलानिया के साथ

क्या हमारे बच्चों को समाजवाद का कष्ट सहने की सजा दी जाएगी या वे अमेरिकी सपने को जीने में सक्षम होंगे। ट्रंप (77) ने बाइडेन पर निशाना साधते हुए कहा कि वह सबसे खराब उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं राष्ट्रपति पद की राजनीति के इतिहास में सबसे खराब उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव लड़ रहा हूं। मैं परवाह नहीं करता।

## ट्रंप को वोट देने का अर्थ है एक बेहतर अमेरिका के लिए वोट देना: मेलानिया

भाषा। वाशिंगटन

● **चुनाव अभियान में पहली बार पति के साथ नजर आईं मिसेज ट्रंप**

**अमेरिका** की प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप ने यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का ध्यान देश के भविष्य के लिए केंद्रित है और उन्हें वोट देने का अर्थ है एक बेहतर अमेरिका को वोट देना। मेलानिया, बृहस्पतिवार को फ्लोरिडा के टंपा में पहली बार अपने पति के साथ किसी चुनावी रैली में नजर आईं। यह उनकी दूसरी चुनावी रैली थी। मेलानिया ने कहा, जिन्हें अब भी यह निर्णय करना है कि वे मंगलवार को किसे वोट देंगे, मुझे उम्मीद है कि मैं आपसे जो कहूंगी उससे साबित होगा कि राष्ट्रपति ट्रंप को वोट देने का अर्थ एक बेहतर अमेरिका को वोट देना होगा। उन्होंने कहा, ऐसे समय में जब मीडिया के जरिए हमारे घरों में घृणा, नकारात्मकता और भय का संदेश दिया जा रहा है और प्रौद्योगिकी क्षेत्र की बड़ी कंपनियां राजनीतिक दृष्टिकोण को काट-छांट कर प्रस्तुत कर रही हैं, हमें यह याद रखना जरूरी है कि क्या आवश्यक है। मेरे पति के प्रशासन का ध्यान भविष्य पर केंद्रित है। मेलानिया ने कहा कि ट्रंप प्रशासन ने शोर को बंद कर अमेरिकी लोगों पर ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने कहा, मेरे पति के नेतृत्व में हमारे राष्ट्र को फिर से सम्मान मिला है, हमारी सीमाएं सुरक्षित हैं, हमने युद्ध जीते हैं और नए युद्धों से दूरी बनाई है। हमने मध्य पूर्व में शांति के समझौते किए हैं। हमने केवल इसके बारे में बात ही नहीं की बल्कि यरुशलम में अपना दूतावास स्थानांतरित किया। उन्होंने चुनावी सभा में चार साल और के नारे लगवाए और कहा कि ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिकी मूल्य और विचार सुरक्षित हैं। कोविड-19 की वैक्सीन के बारे में मेलानिया ने कहा कि देशवासियों को इसमें राजनीति नहीं करनी चाहिए।

## तंजानिया के राष्ट्रपति को चुनाव में विजेता घोषित किया जा सकता है

एपी। डोडोमा (तंजानिया)

**तंजानिया** के राष्ट्रपति को बुधवार को हुए चुनाव में विजेता घोषित किए जाने की संभावना है, वहीं ऐसा प्रतीत हो रहा है कि सत्ताधारी पार्टी ने संविधान में बदलाव के लिए संसद में दो-तिहाई बहुमत हासिल कर लिया है। चुनाव आयोग ने शुक्रवार को कहा कि देश में 60 प्रतिशत मतों की गिनती हुई है जिसमें से लोकप्रिय राष्ट्रपति जॉन मागूफुली ने 83 प्रतिशत वोट हासिल किए हैं। सत्ताधारी पार्टी चमा च मपिन्दुजी ने 194 संसदीय सीटों पर जीत दर्ज की है जबकि विपक्षी दलों ने मात्र दो सीटें जीती हैं। इसका मतलब है कि विपक्ष दलों को अपने गढ़ों में भी निराशा हाथ लगी है और दो मुख्य विपक्षी पार्टियों के नेता अपनी सीटें हार गए हैं। अमेरिका ने कहा है अनियमितताएं और जीत के भारी अंतर परिणामों की विश्वसनीयता के बारे में गंभीर संदेह पैदा करते हैं।

मुख्य विपक्षी दल सीएचएडीएमए पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार टुंडू लिस्सू को अभी तक 14 प्रतिशत वोट प्राप्त हुए हैं। उन्होंने चुनाव को खारिज कर दिया है और विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है। विपक्ष ने दोहरे मतदान, बैलेट बॉक्स-जब्त करने सहित व्यापक धोखाधड़ी के आरोप लगाए हैं। हालांकि कुछ अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों को मतदान देखने की अनुमति दी गई थी। चुनाव आयोग ने पूर्वी अफ्रीकी देश में अनियमितताओं के आरोपों से इनकार किया है जो अफ्रीका के सबसे अधिक आबादी वाले देशों में से एक होने के साथ ही सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। मागूफुली ने अपने लिए एक और कार्यकाल के लिए देश के निम्न-मध्यम-आय के दर्जे की उपलब्धि की ओर इशारा किया है। हालांकि पर्यवेक्षकों का कहना है कि लोकतांत्रिक विचारों को लेकर तंजानिया की साख गिर रही है क्योंकि मागूफुली पर अपने पहले पांच वर्ष के कार्यकाल के दौरान असहमति की आवाजों को दबाने के आरोप लगे थे। उनके सत्ता में आने के एक वर्ष बाद 2016 में विपक्षी दलों की सभा पर रोक लगा दी गई थी। मीडिया संस्थानों को निशाना बनाया गया। कुछ उम्मीदवारों को गिरफ्तार कर लिया गया था, उन्हें चुनाव प्रचार करने से रोक दिया गया था या मतदान से पहले अयोग्य घोषित कर दिया गया। अब चिंता यह है कि सत्तारूढ़ पार्टी संसद में अपने अच्छे बहुमत का उपयोग संविधान को बदलने और राष्ट्रपति पद के लिए दो-कार्यकाल की सीमा बढ़ाने के लिए करेगी।

## तुर्की के पूर्व प्रधानमंत्री मेसुद यिलमाज का निधन

**इस्तांबुल।** तुर्की के तीन बार प्रधानमंत्री चुने गए मेसुद यिलमाज का शुक्रवार को निधन हो गया। वह 72 वर्ष के थे। सरकारी एनाडोलू समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। यिलमाज ने 1991 से 2002 तक मध्य-दक्षिणपंथी मदरलैंड पार्टी या एएनएपी का नेतृत्व किया। वह 1990 के दशक में तीन बार देश के प्रधानमंत्री चुने गए। हालांकि, उनका दो कार्यकाल महज कुछ महीनों का ही रहा था। यिलमाज का पिछले साल फेफड़े के कैंसर का इलाज हुआ था और इस साल मई में मस्तिष्क से ट्यूमर निकालने के लिए सर्जरी की गई थी। उनका निधन शुक्रवार को इस्तांबुल के एक अस्पताल में हुआ, जहां उनका इलाज चल रहा था। यिलमाज तुर्की के पहले प्रधानमंत्री थे, जिनके खिलाफ पद के दुरुपयोग के मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई भी हुई थी।

भारत ने कहा

## महिलाओं के खिलाफ अपराधों मे लिप्त आतंकी संगठनों पर प्रतिबंध लगाए सुरक्षा परिषद

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**भारत** ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा प्रतिबंधों की व्यवस्था से महिला, शांति और सुरक्षा से जुड़े विषयों को प्रभावी ढंग से जोड़ने की जरूरत है, साथ ही उसने कहा कि सशस्त्र संघर्षों में महिलाओं के खिलाफ हिंसा में लिप्त आतंकवादी संगठनों को प्रतिबंधित संगठनों की सूची में शामिल करना चाहिए। भारत ने सुरक्षा परिषद में महिला, शांति एवं सुरक्षा विषय पर खुली चर्चा के दौरान बृहस्पतिवार को एक वक्तव्य में कहा, आतंकवादियों द्वारा महिलाओं एवं लड़कियों के खिलाफ हिंसा की हमें कड़ी से कड़ी निंदा करनी चाहिए। महिलाओं के खिलाफ हिंसा सभ्य समाजों की बुनियाद को तहस-नहस करती है। भारत ने कहा कि संघर्ष के बाद के हालात में लोकतांत्रिक ढांचों का विकास करना और कानून का शासन कायम करना महिलाओं के प्रति असमानताओं को दूर करने में तथा शांतिपूर्ण एवं समग्र विकास में महिलाओं के अर्थपूर्ण योगदान को सुनिश्चित करने में मददगार होगा।

भारत ने कहा, यह आवश्यक है कि परिषद महिला, शांति एवं सुरक्षा विषयों को प्रतिबंधों की व्यवस्था से प्रभावी ढंग से जोड़ने के प्रयास करे और सशस्त्र संघर्षों में महिलाओं के खिलाफ हिंसा में लिप्त आतंकवादी संगठनों को प्रतिबंधित संगठनों की सूची में डाले। भारत ने कहा कि संघर्ष और मानवीय संकटों ने महिलाओं और लड़कियों को प्रगति की राह पर बढ़ने से पहले से ही रोक रखा है। उसने कहा, कोविड-19 के कारण पड़े आर्थिक असर तथा स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र पर पड़े अतिरिक्त बोझ के कारण युद्धग्रस्त, कमजोर और मानवीय संदर्भों में महिलाएं और लड़कियां और भी अधिक जोखिम में हैं। भारत ने कहा कि एक्शन फॉर पीसकीपिंग पहल के जरिए सदस्य देश महिला, शांति एवं सुरक्षा एजेंडे को लागू करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं और ऐसा वह शांतिरक्षा मिशनों में महिलाओं की संख्या को बढ़ाकर कर रहे हैं। हालांकि संयुक्त राष्ट्र के प्रयासों के बावजूद शांतिरक्षा मिशनों में सैन्यकर्मियों में महिलाओं की संख्या महज 5.4 फीसदी और पुलिसकर्मियों में महज 15.1 फीसदी है।

## वॉलमार्ट ने अमेरिका में अपनी दुकानों में डिस्प्ले से बंदूक गोला बारूद हटाया

**न्यूयॉर्क।** वॉलमार्ट ने कुछ इलाकों में असैन्य अशांति का हवाला देते हुए अमेरिका में अपनी दुकानों से अग्नेयास्त्र और गोला बारूद को डिस्प्ले से हटा दिया है। डिस्प्ले का तात्पर्य किसी चीज को दुकान में ऐसी जगह रखने से है, जहां लोगों की तुरंत उस पर नजर जाए। देश का सबसे बड़ा रिटेलर वॉलमार्ट , अपनी 4,700 दुकानों में से लगभग आधे में आग्नेयास्त्रों की बिक्री करता है। वॉलमार्ट ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा, हमने असैन्य अशांति के कुछ मामले देखे हैं और जैसा हमने पिछले कुछ वर्षों में कई मौकों पर किया है, हमने अपने साथियों और ग्राहकों की सुरक्षा के लिए एहतियात के तौर पर अग्नेयास्त्र और गोला बारूद को हटा दिया है।


पाकिस्तान के कराची में मुस्लिम छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं ने फ्रांस के झंडे और राष्ट्रपति के पुतले को किया दहन

## महिला को 30 माह के कैद की सजा

**बनगोर (अमेरिका)।** अमेरिकी सीनेटर सूसन कोलिन्स को संदिग्ध विषैला पाउडर समेत धमकी भरा पत्र भेजने के मामले में दोषी ठहराई गई एक महिला को बृहस्पतिवार को 30 माह के कारावास की सजा सुनाई गई। यह पत्र कॉलिन्स के मेन स्थित आवास पर भेजा गया था।अमेरिकी जिला न्यायाधीश लांस ई वॉकर ने बर्लिंगटन के मेन की रहने वाली सुजैन मस्कारा (38) को इस मामले में सजा सुनाई। मुस्कारा को धमकी भरा पत्र भेजने का दोषी ठहराया गया है। अभियोजकों ने कहा कि पत्र के साथ सफेद रंग का पाउडर था और पत्र में एंथ्रैक्स का जिक्र था। घटना अक्टूबर 2018 की है। इससे दो दिन पहले भी कोलिन्स को एक पत्र भेजा गया था जिसे सीनेटर ने पति ने खोला था और पत्र में रिसिन (विषैला पदार्थ) होने की बात लिखी हुई थी। घटना के बाद से ही डाक विभाग ने कोलिन्स के पत्रों की जांच शुरू कर दी थी और मस्कारा का पत्र कोलिन्स के घर पर पहुंच पाता उससे पहले ही पत्र को पकड़ लिया गया था।

## चीन के नेताओं ने प्रौद्योगिकी में देश को आत्मनिर्भर बनाने का लिया संकल्प

एपी। बीजिंग

● **अगले पांच सालों के लिए विकास का खाका तैयार करने के लिए हुई बैठक में लिया निर्णय**

**चीन** के नेताओं ने अमेरिका के साथ टकराव के कारण कंप्यूटर चिप और अत्याधुनिक कलपुर्जे तक पहुंच सीमित होने के मद्देनजर अपने देश को प्रौद्योगिकी के मामले में आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया है। सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं ने अगले पांच साल के लिए अर्थव्यवस्था के विकास का खाका तैयार करने के लिए बैठक के बाद यह घोषणा की। राष्ट्रपति शी चिनफिंग की सरकार सुरक्षा और जासूसी को लेकर अमेरिका से टकराव के बीच चीन को प्रौद्योगिकी से जुड़े सामान की बिक्री पर ट्रंप प्रशासन के प्रतिबंध से हुए नुकसान से निपटने का प्रयास कर रही है। कम्युनिस्ट नेता दूरसंचार, जैवप्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में चीनी कंपनियों के जरिए समृद्धि के रास्ते पर बढ़ना चाहते हैं। सत्तारूढ़ पार्टी के एक बयान में कहा गया है, राष्ट्रीय विकास को रणनीतिक समर्थन के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आत्मनिर्भर होना चाहिए। इसमें विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में देश को एक बड़ी ताकत बनाने का वादा किया गया है लेकिन इस बारे में ज्यादा विवरण नहीं दिया गया है। देश में पंचवर्षीय योजना 1950 के दशक से ही चलाई जा रही है। पूरी योजना मार्च में जारी की जाएगी। उसके बाद हरेक उद्योगों के लिए नियमन और उद्योगों में बदलाव की घोषणा की जाएगी। पार्टी के बृहस्पतिवार के बयान में हरित और कम कार्बन उत्सर्जन वाले विकास तथा लोगों के रहन-सहन के स्तर को बढ़ावा देने का वादा किया गया है। इसके साथ ही 23 लाख सदस्यों वाली पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) को मजबूत करने और देश की संप्रभुता की रक्षा के लिए रणनीतिक क्षमता को बढ़ावा देने की भी बात कही गई है। बयान में कहा गया है कि चीन जटिल अंतरराष्ट्रीय हालात का सामना कर रहा है लेकिन कोरोना वायरस महामारी या अमेरिका के साथ चल रहे गतिरोध का जिक्र नहीं किया गया है। चीन की फैक्टरियों में दुनिया के अधिकतर स्मार्टफोन, निजी कंप्यूटर और इलेक्ट्रॉनिक्स सामान तैयार किए जाते हैं लेकिन उसे अमेरिकी, यूरोपीय और जापानी कलपुर्जे की जरूरत होती है। इसे कम्युनिस्ट नेता रणनीतिक कमजोरी के तौर पर देखते हैं। बयान में किसी खास प्रौद्योगिकी का जिक्र नहीं किया गया है लेकिन सत्तारूढ़ दल के नेता स्मार्टफोन, इलेक्ट्रिक कार और अन्य प्रौद्योगिकी में इस्तेमाल होने वाले प्रोसेसर चिप को लेकर अमेरिका पर निर्भरता से चिंतित हैं और अपने देश में इसका विकास करना चाहते हैं।

# नुसरत ने अपने अभिनय से हमें चकित कर दिया: हंसल मेहता




**अभिनेत्री** नुसरत भरूचा ने हाल ही में पुरस्कृत निर्देशक हंसल मेहता की अमेजॉन प्राइम वीडियो के अंतर्गत बनने वाली फिल्म 'छलांग' में काम किया है। निर्देशक ने उनकी भूमिका की प्रशंसा की है। हंसल ने बताया, 'नुसरत तो एक खोज साबित हुई! फिल्म में कई दिग्गज अभिनेता थे लेकिन उन्होंने धैर्य बनाए रखा। वो परिश्रमी हैं लेकिन प्रसन्नचित्त भी हैं। उनका प्रदर्शन सहज था और उन्होंने अपने उच्चारण पर बहुत काम किया है और उन्होंने अपने चरित्र को बखूबी जिया है। उनमें प्रतिभा है और अपने साथ के लोगों के साथ उनका व्यवहार सकारात्मक रहता है।'

आगे उन्होंने बताया, 'नुसरत ने उल्लेखनीय अभिनय किया है और हरियाणवी लय प्राप्त करने के लिए जो स्तर अपेक्षित था उसे उन्होंने प्राप्त किया।' प्यार का पंचनामा से चर्चा में आई इस अभिनेत्री को आप इस फिल्म में राजकुमार राव के साथ देख पाएंगे।

फिल्म दीवाली पर 13 नवंबर को रिलीज़ होगी। इसके अलावा नुसरत सनी कौशल और विजय वर्मा के साथ फिल्म हुड़दंग में भी दिखेंगी।

## तारा सुतारिया हीरोपंती 2 में टाइगर श्रॉफ के साथ आएंगी नजर



**मुंबई।** अभिनेत्री तारा सुतारिया फिल्म निर्माता साजिद नाडियाडवाला की फिल्म हीरोपंती 2 में अभिनेता टाइगर श्रॉफ के साथ नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन अहमद खान करेंगे। वह इससे पहले श्रॉफ के साथ बागी 2 , और बागी 3 में काम कर चुके हैं। सुतारिया ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी साझा करते हुए बताया कि वह दोबारा नाडियाडवाला के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं। इन दोनों की तेलुगु फिल्म आरएक्स 100 की रीमेक आने वाली है। उन्होंने लिखा, अपने पंसदीदा लोगों के साथ फिर से काम करूंगीउ मुझ में विश्वास करने के लिए साजिद सर आपका शुक्रिया। हीरोपंती2। वहीं ट्विटर पर श्रॉफ, खान और नाडियाडवाला ने इस फिल्म में सुतारिया का स्वागत किया है।


# 'कोरोनाकाल' में टिमटिमा रहा कुम्हारों के रोजगार का 'दीया'

**सुशील कुमार मिश्र**–वाराणसी

## दीपावली में भी नहीं लौट रही रौनक, कोई पुरसाहाल नहीं



**एक** तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आत्मनिर्भर बनने को लेकर संदेश दे रहे हैं, वहीं पीएम के संसदीय क्षेत्र शिवपुर व रोहनिया क्षेत्र में 'दीया–मूर्ति– बनाने वाले कुम्हारों का हाल बुरा है। यहाॅ कुम्हार समाज का दुखड़ा सुनाई दे जाएगा। इनका पुस्तैनी धंधा कोरोना काल ने जितना चौपट किया उससे कहीं ज्यादा इनको अपने के लिए जरूरत का सामान न मिलने से नुकसान हुआ है। कुम्हार समाज के यह लोग मिट्टी से दीये और मूर्तियां बनाने का काम करते हैं। दीपावली में इनकी बिक्री होती है, जिससे इनके परिवार का भरण–पोषण करते हैं।कोरोनाकाल में मिट्टी से बनी वस्तुओं की मांग कम हुई है और जब दीपावली में मूर्तियों को रंगने के लिए कलर नहीं मिला भी वह काफी महंगा मिला, अब दुकान लगाने की जगह मिल रही है। शिवपुर के कुम्हार घूरेलाल प्रजापति ने 'पायनियर' से बातचीत में कहा कि दिया व मूर्तियों को बनाने के लिए बाबतपुर (हरहुआ)क्षेत्र से टैक्टर के द्वारा मिट्टी मंगायी जाती है किन्तु पुलिस वाले मिट्टी को लाने नहीं देते जिससे इस बार दिया का कारोबार और चौपट हो गया। पहले कोरोना ने मारा अब जब दीपावली पर कुछ दिया बनाने के लिए मिट्टी व कलर की जरूरत है तो वो भी नहीं मिल पा रहा है। किसी तरह साइकिल पर लादकर मिट्टी लाकर दिया बना गया है।अब दुकान लगाने की जगह नहीं मिल रही है ऐसे में यह आत्म निर्भर बने तो कैसे बने। यह हाल तब है जब केन्द्र की मोदी सरकार ने चीन से निर्मित वस्तुओं का बहिष्कार कर स्वदेशी अपनाने की बात कही जाती है। 'पायनियर' ने जब कुम्हारों से बात की तो उनका दर्द कुछ इस प्रकार छलका।



शिवपुर के कुम्हार घूरेलाल प्रजापति ने बताया कि कोरोना काल से पहले बहुत बुरा हाल है, दिया व मूर्तियों की न कोई डिमांड और न ज्यादा बिक्री। पिछले वर्ष से कम दिया की मांग है, उसकी वजह पैसा ही नहीं है। खर्च किसी तरह निकल पा रहा है।




रवि कुमार प्रजापति ने बताया कि कोरोनाकाल के बाद अर्थव्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है किसी तरह कर्ज लेकर दीपावली की दीया बनाने में जुटे है। इससे दीपावली की त्योहार में कुछ कमाई हो जाएगी।



प्रकाश प्रजापति ने बताया कि पीएम के संसदीय क्षेत्र में कुम्हार का पुरसाहाल लेने वाला कोई नहीं हैं। कोरोनाकाल में जितना पैसा था घर बैठकर खर्च कर दिया अब जब दीपावली पर दीया व मूर्ति बनाने का समय आया तो पैसा ही नहीं है। पीएम मोदी ने सड़क के किनारे वेंडर जोन को तो दस हजार रूपये का ऋण भी दिया किन्तु कुम्हारों को कहीं से मदद नहीं मिल पा रहा है। किसी तरह परिवार को भरण–पोषण चल रहा है।

# ऑस्कर में कनाडा का प्रतिनिधित्व करेगी दीपा मेहता की फनी ब्वॉय




**लॉस एंजिलिस।** जानी–मानी फिल्मकार दीपा मेहता की आगामी फीचर फिल्म फनी ब्वॉय सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय फिल्म श्रेणी के तहत 93वें अकादमी पुरस्कार में कनाडा का प्रतिनिधित्व करेगी। दीपा मेहता की कोई फिल्म दूसरी बार इस श्रेणी में प्रतिस्पर्धा में उतरी है। मेहता की फिल्म वाटर को 2007 में अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी में ऑस्कर के लिए नामित किया गया था। फनी ब्वॉय फिल्म इसी नाम से 1994 में लिखे गए श्याम सेलवादुरई के उपन्यास पर आधारित है। यह फिल्म 70 से 80 के दशक में श्रीलंका में तमिलों एवं सिंहलियों के संघर्ष के बीच एक युवक के अनुभव की कहानी बयान करती है। ऑस्कर के लिए देश की प्रविष्टि के बारे में फैसला करने वाली कनाडाई चयन समिति की अध्यक्षता करने वाले टेलीफिल्म कनाडा की कार्यकारी निदेशक क्रिस्टा डिकनसन ने कहा, हमें पूरा भरोसा है कि दीपा मेहता की फनी ब्वॉय अकादमी के सदस्यों को उसी तरह पसंद आएगी, जिस तरह 2007 में उनकी शानदार फिल्म वाटर को पसंद किया गया था। नई दिल्ली में पली–बढ़ी और टोरंटो में रहने वाली मेहता का मानना है कि फनी ब्वॉय विभाजित दुनिया में उम्मीद पैदा करती है। उन्होंने ऑस्कर के लिए फनी ब्वॉय को नामित करने के लिए शुक्रिया अदा किया। इस फिल्म को मेहता और सेल्वादुरई ने लिखा है। इस माह की शुरुआत में घोषणा की गई थी कि हॉलीवुड फिल्मकार एवा डुवेर्नेज की अरे रिलीजिंग ने फनी ब्वॉय का अधिकार खरीदा है और उसे 10 दिसंबर को चुनिंदा शहरों के थिएटर में और नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया जाएगा।

## कॉलिन जॉस्ट संग विवाह के बंधन में बंधीं स्कारलेट जोहान्सन



**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड अभिनेत्री स्कारलेट सैटरडे नाइट लाइव्स से मशहूर कॉलिन जॉस्ट के साथ विवाह के बंधन में बंध गई हैं। भूखमरी और बेसहारा बुजुर्गों को होने वाली समस्याओं के लिए प्रयासरत अमेरिकी एनजीओ मील्स ऑन व्हील्स के मुताबिक ब्लैक विडो की अभिनेत्री जोहान्सन और वीकेंड अपडेट के होस्ट जॉस्ट ने सप्ताहांत में एक निजी समारोह में शादी कर ली। कोविड–19 प्रोटोकॉल के मद्देनजर विवाह समारोह में केवल परिवार और करीबी दोस्त शामिल हुए। एनजीओ ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर पोस्ट किया, हम आप सभी को यह खबर देते हुए काफी रोमांचित हैं कि स्कारलेट जोहान्सन और कॉलिन जॉस्ट ने कोविड–19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए अपने परिवार और करीबी लोगों के बीच इस सप्ताहांत में शादी कर ली। पोस्ट के अनुसार, उनके विवाह में उन्होंने मील्स ऑन व्हील्स के सहयोग से बेसहारा बुजुर्गों की मदद कर एक बदलाव लाने की इच्छा व्यक्त की। दो वर्षों तक डेट करने के बाद जोहान्सन और जॉस्ट ने मई, 2019 में सगाई कर ली थी। स्कारलेट जोहान्सन की यह तीसरी शादी है। इसके पहले उन्होंने अभिनेता रेयान रेनॉल्ड्स(2008–10) और पत्रकार रोमेन दोरेक(2014–17) के साथ शादी की थी। जोहांसन और दोरेक की एक बेटी है जिसका नाम रोज है। रोज का जन्म 2014 में हुआ था।

# वैज्ञानिकों ने आधुनिक युग के कुत्तों का संबंध हिम युग से होने का दावा किया

**भाषा।** लंदन

**पुरातत्वविदों** की एक अंतरराष्ट्रीय टीम के एक वैश्विक अध्ययन में यह पाया गया है कि हिम युग के ठीक बाद के समय में करीब 11,000 साल पहले पांच अलग–अलग प्रकार के कुत्ते पाए जाते थे। इस खोज से मानव के सबसे वफादार माने जाने वाले इस जानवर के कई वंशानुक्रमों पर प्रकाश डालने में मदद मिलेगी।

यह अध्ययन साइंस जर्नल में प्रकाशित हुआ है। इसमें 27 कुत्तों के प्राचीन डीएनए की संरचना का पता लगाया गया है। इनमें से कुछ कुत्ते यूरोप और साइबेरिया में करीब 11,000 साल पहले के थे। वैज्ञानिकों ने पाया है कि अतीत में एक समय में, हिम युग के ठीक बाद और किसी अन्य जानवर को पालतू बनाए जाने से पहले, कम से कम पांच अलग–अलग आनुवांशिक पूर्वजों वाले कुत्ते मौजूद थे। अध्ययन दल में ब्रिटेन के फ्रांसिस क्रिक इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिक भी शामिल हैं। अध्ययन के नतीजों से यह पता चलता है कि आज के समय में दुनिया के विभिन्न हिस्सों में कुत्तों में जो

**वैज्ञानिकों ने पाया है कि अतीत में एक समय में, हिम युग के ठीक बाद और किसी अन्य जानवर को पालतू बनाए जाने से पहले, कम से कम पांच अलग-अलग आनुवांशिक पूर्वजों वाले कुत्ते मौजूद थे।**

विविधता पाई जाती है, वह उस समय से है जब मनुष्य भोजन के लिए आखेट पर निर्भर था और खाद्य संग्राहक था। फ्रांसिस क्रिक इंस्टीट्यूट से अध्ययन के सह लेखक पोंटस स्कोगलुंद ने कहा, आज के समय में गलियों में घूमते कुत्तों की जो आप नस्ल देखते हैं कि उनकी उत्पत्ति हिम युग में हुई थी। इस अवधि के समाप्त होने तक कुत्ते उत्तरी गोलार्ध में व्यापक रूप से फैल चुके थे। अध्ययन में वैज्ञानिकों ने कुत्तों की अस्थियों के अवशेषों से लिए गए डीएनए का विश्लेषण किया। टीम ने यह प्रदर्शित किया कि पिछले 10,000 वर्षों में इन शुरूआती कुत्तों की प्रजातियां मिश्रित हुई और उनसे मौजूदा समय के कुत्ते अस्तित्व में आए। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से अध्ययन के सह लेखक ग्रेगर लार्सन ने कहा, कुत्ते सबसे पुराने और सबसे करीबी जंतु रहे हैं। प्राचीन कुत्तों के डीएनए का उपयोग कर यह बात सामने आई है कि हमारा साझा इतिहास कितना पुराना है और हमें यह समझने में मदद मिलेगी कि कब और कहां यह गहरा संबंध शुरू हुआ था। बहरहाल, वैज्ञानिक अब भी यह पता लगाने की जद्दोजहद में लगे हुए हैं कि कहां और किस मानव संस्कृति में कुत्तों को सबसे पहले पालतू बनाया गया था।

# टेली टेल

## कुल्फी बनी 'तारे ज़मी पर' की होस्ट

**लोकप्रिय** बाल कलाकार आकृति शर्मा जिन्हें आप कुल्फी नाम से भी जानते हैं, स्टार प्लस चैनल के एक रियल्टी शो 'तारे ज़मी पर' को होस्ट करते देखेंगे। उनके साथ हास्य कलाकार सुगंधा मिश्रा भी होंगी। ये दोनों कलाकार अपने प्रदर्शन से दर्शकों का पूरा मनोरंजन की तैयारी कर चुके हैं। स्टेज पर खूब धमाल देखने को मिल सकता है। सोमवार नवंबर को इस शो में 20 बच्चों की संगीत यात्रा का प्रारंभ हो रहा है। जिन्हें प्रशिक्षण, परामर्श तथा समर्थन देने के लिए शंकर महादेवन, टोनी कक्कड़ और जोनिता गांधी जैसे दिग्गज संगीतकार स्टेज पर उपस्थित होंगे।

धारावाहिक कुल्फी कुमार बाजेवाला में कुल्फी की भूमिका में लोकप्रियता प्राप्त कर चुकी कलाकार आकृति शर्मा ने अपने प्रदर्शन से सभी के मन को छुआ है। भावनाओं को प्रदर्शित करने में अब उनकी दक्षता जगजाहिर है।

कुल्फी कुमार बाजेवाला की कुल्फी अब एक नई यात्रा पर निकल पड़ी हैं उन्होंने कहा, 'टेलीविजन पर अपना पहला



शो आयोजित होने पर मैं अत्यंत उत्साहित हूं। मेरे लिए शो की पूरी टीम ने पूरा समर्थन दिया, विशेष रूप से में इसके लिए सुगंधा दीदी का धन्यवाद करती हूं। वो मेरे लिए सर्वश्रेष्ठ साझीदार थीं। मैंने इस शो पर आने के बाद से अब तक कई बातें सीखी हैं क्योंकि मुझे गाने और संगीत से बहुत प्रेम है। शो के मेंटर शंकर सर से मैं संगीत का ज्ञान प्राप्त करना चाहती हूं। तो तैयार हो जाइये शो पर युवा प्रतिभाओं, व्यक्तित्व और मसखरेपन का आनंद उठाने के लिए, क्योंकि इस बार इसमें ये कुछ अधिक ही देखने को मिल सकता है।

## कृष्णदेव और तेनाली की जोड़ी अटूट

**सोनी** सब के सर्वाधिक लोकप्रिय ऐतिहासिक शो तेनाली राम निरंतर लोकप्रियता के नए सोपान चढ़ता जा रहा है। इस शो में प्राचीन विद्वान तेनाली रामा के चुटीले हास्य भरे अनुभवों और किवदंतियां तथा कथाओं को प्रस्तुत किया जाता है। दर्शक इस शो के माध्यम से दक्षिण के विजय नगरम के एक महान राजा कृष्णदेव राय की महान विरासत को सामने लाने का प्रयास किया गया है। शो अपनी मूल्य प्रणाली से उपजी



कहानियों के कारण निरंतर लोकप्रियता की सीढ़ियां चढ़ता जा रहा है। हम कह सकते हैं कि इस शो को हर आयुवर्ग के लोग बड़े चाव से देखते हैं।

यदि हम इस शो की टेलिविजन पर सफलता की बात करें तो शो में तेनाली रामा की भूमिका करने वाले कृष्ण भारद्वाज और राजा कृष्णदेव राय बने तरुण खन्ना ने शो सहित अभी तक की अपनी अभिनय यात्रा के बारे में बताया। पंडित रामा कृष्णा के नाम से अधिक जाने जाने वाले कृष्ण भारद्वाज ने शो और अपनी यात्रा के बारे में बताते हुए कहा, 'मैंने इस शो में इतना घुसकर काम किया है कि मुझे ये भी स्मरण नहीं है कि तेनाली रामा से पहले मेरा जीवन कैसा था। पंडित रामा अब मेरे जीवन का हिस्सा बन चुका है और मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि मैं तेनाली रामा का हर गुण आत्मसात कर चुका हूं। इस शो के दर्शकों से मुझे बहुत प्यार तथा समर्थन मिला है और मेरे चरित्र के कारण लोगों के जीवन में यदि एक सकारात्मक परिवर्तन होता है तो ये शो की सफलता ही होगी। कई लोग मुझसे मिलते हैं और बताते हैं कि कैसे इस शो ने उन्हें मुस्कुराना सिखाया और साथ कठिन समय से सामंजस्य बैठाना भी सिखाया। एक अभिनेता होने के कारण मुझे ये सब सुनना अच्छा लगता है।'

शो की सफलता के बारे में बताते हुए कृष्णदेव राय बने तरुण ने कहा, 'अपने बचपन से लेकर आज तक मैंने ऐसा कोई दूसरा शो नहीं देखा जो मनोरंजक होने के साथ ही बहुत कुछ सिखाता भी हो। इस शो के माध्यम से लोग भारतीय संस्कृति से परिचित होते जा रहे हैं। मेरे ही परिवार में मेरा छः साल का बेटा और 75 साल के पिता साथ बैठकर इसे देखते हैं। ऐसे शो विरले ही होंगे जो इतने भिन्न आयुवर्ग को एक साथ आकर्षित करते हों। इस शो को इतनी सुंदर ढंग से डिजाइन किया गया है कि शो में अम्मा का चरित्र निभा रही स्त्री बिना बोले ही दर्शकों की प्रेमपात्र बन चुकी है। इसके सभी चरित्र ऐसे गढ़े गए हैं कि किसी भीपरिस्थिति में चरित्र अपने आप उभर कर सामने आ जाते हैं। ये केवल शो को डिजाइन करने में लगाए गए श्रम और मस्तिष्क का ही परिणाम है।

एक दूसरे के साथ काम करने के अनुभवों को साझा करते हुए कृष्णा ने कहा, 'मेरे अनुसार तो राजा कृष्णदेव राय और तेनाली राम का चरित्र भगवान कृष्ण और सुदामा के चरित्र जैसा ही है। रामा तो कृष्णदेव की लगभग पूजा ही करते हैं और उनके लिए कुछ भी करने को तत्पर रहते हैं। शो में इन दो ी में कमी नहीं आई और पहले दिन से ही उनके बीच तालमेल अच्छा बन चुका था।' तरुण ने आगे बताते हुए कहा, 'मैं तो इस शो का हिस्सा बनकर अत्यंत रोमांचित था क्योकि मैं बचपन से ही तेनाली राम की दुनिया का हिस्सा बनना चाहता रहा हूं। शो का हिस्सा बनने से पहले तक मैंने इस शो का एक भी एपिसोड नहीं देखा था और कृष्णा की पहली झलक मैंने शूटिंग के पहले दिन ही देखी थी। मैंने ऐसे कम ही अभिनेता देखे हैं जिनकी भाषा पर पकड़ इतनी मजबूत होती है। कृष्णा उनमें से ही एक है।'

## निराशा से उबरीं सायंतनी

**लॉकडाउन** के कारण पिछले छः माह का समय सभी के लिए कठिन रहा है। लेकिन अब त्योहारों के इस मौसम में सभी लोग सकारात्मक ऊजा से ओतप्रोत दिखाई दे रहे हैं। पिछले साल इस मौसम में हम जम कर त्योहारों की तैयारी कर रहे थे और चारों ओर हर्ष भरा वातावरण दिखाई देता था। उसी प्रकार से सायंतनी घोष जो कलर्स चैनल पर बैरिस्टर बाबू में



रसिया का चरित्र निभा रही हैं, दुर्गापूजा पर कोलकाता नहीं जाने से विचलित हैं। उन्हें दुर्गापूजा पर कोलकाता जाकर पूजा का हिस्सा न बन पाने का दुख है। लेकिन बैरिस्टर बाबू का एक दो घंटे का स्पेशल शो प्रसारित किया जाना है जिसमें उन्हें दुर्गापूजा मनाते देखा जा सकेगा। इसी के साथ वो इसमें पारंपरिक नृत्य भी प्रस्तुत करेंगी।

सायंतनी घोष ने इस बारे में बताया, 'दुर्गापूजा पर कोलकाता का माहौल बिलकुल अलग होता है। सभी लोग रोमांचित होते हैं और पर्व की तैयारी मे मग्न होते हैं। मुझे ढाक का स्वर तथा नए वस्त्र न पहन पाने का दुख रहेगा। ये हर वर्ष होता है और इसपर कोलकाता की हर गली में एक पंडाल लगा होता है। लेकिन मैं इस बार वहां कोविड के चलते नहीं जा सकी। यद्यपि उड़ाने अब प्रारंभ हो चुकी हैं लेकिन मेरे माता वरिष्ठ नागरिक हैं और मैं यात्रा में उनके स्वास्थ्य पर किसी प्रकार का जोखिम नहीं ले सकती। लेकिन मेरे शो में इस बार दुर्गापूजा से जुड़ा एपिसोड होगा जिसमें दुर्गापूजा और पारंपरिक रीतिरिवाज़ दिखाए जाएंगे। शानदार रविवार के अंतर्गत कोलकाता जैसा वातावरण बनाने का पूरा प्रयास चल रहा है। लेकिन संभव है कि यदि मां दुर्गा की अनुकंपा रही तो अगले साल मैं पूजा पर कोलकाता जा सकूंगी।

थाना रेउसा इलाके के गांव सोनावा मानपुर सिकरी का मामला

# बदमाशों ने घर में घुसकर महिला को मारी गोली

● पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया अवैध संबंधों का है मामला

● पति की तहरीर पर मुकदमा दर्ज, जांच शुरू



संवाददाता। रेउसा सीतापुर

**थाना रेउसा** इलाके में बेखौफ बदमाशों ने गुरुवार देर रात घर में घुसकर महिला को गोली मार दी। महिला के गले में गोली लगी है। गोली चलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पाकर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर महिला को इलाज के लिए सीएचसी रेउसा भेज दिया। हालत नाजुक होने के चलते महिला को जिला अस्पताल से लखनऊ ट्रामा सेंटर भेज दिया गया है। दरअसल मामला इलाके के गांव सुनावा का है। जहां रात करीब 11 बजे घर में परिवार के साथ सो रही थी। किसी के होने की आहट लगने पर जब वह छत पर पहुंची तो बदमाशों ने उसे गोली मार दी। हैरान करने वाली बात यह है कि पीड़िता गांव के ही असलहा निर्माता भूखंन पर आरोप लगा रही है और कह रही है कि वह गांव के सभी पुरुषों को बर्बाद करने के लिए उत्तरदाई है। जबकि थाना प्रभारी पुष्प राज सिंह के अनुसार प्रथम दृष्टया मामले अवैध संबंधों का बता कर थाना सकरन इलाके के गांव अदवारी निवासी ननकउ पर आरोप होने की बात कह रहे हैं। फिलहाल पति रामस्वरूप सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है। मामले में जानकारी देते हुए एएसपी उत्तरी डॉ. राजीव दीक्षित ने बताया कि घटना के अनावरण के लिए कई टीमें लगा दी गई है। मामले में दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## घटनाओं पर अंकुश लगाने पर सरकार फेल: राजवंशी



सीतापुर-प्रेसवार्ता करते बहुजन आवाम के प्रवक्ता गंगाराम राजवंशी, रामजीवन

संवाददाता। सीतापुर

● प्रेसवार्ता में बहुजन आवाम के प्रदेश प्रवक्ता ने भाजपा पर साधा निशाना

**केन्द्र व** प्रदेश सरकार में लूट हत्याएं बढ़ रही है, घटनाओं पर अंकुश लगाने में दोनो सरकारे फेल हो गई है, युवाओं के लिए रोजगार नहीं है, भ्रष्टाचार चरम पर है, बेटियां सुरक्षित नहीं है, क्रप्शन बढ़ता जा रहा है। यह बात सीतापुर पहुंचे बहुजन आवाम पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता गंगाराम राजवंशी ने कही। उन्होंने कहा कि कोरोनाकाल में युवाओं के लिए रोजगार नहीं बचा है, जो प्रवासी बाहर थे वह भी अब खाली हो गए है, हर आदमी त्रस्त है। पार्टी के एडवोकेट रामजीवन ने कहा कि इस सरकार में महंगाई बढ़ती जा रही है, आलू, प्यास, टमाटर के दाम आसमान छू रहे है और जिम्मेदार चैन की बंशी बजा रहे है, इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि भाजपा सरकार सत्ता में चूर है, उसे गरीब से कोई मतलब नहीं है। इस मौके पर मनोज कुमार, आदर्शन आदि मौजूद रहें।

## क्विक न्यूज

### जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के मौके पर मरकजी कमेटी जुलूसे मोहम्मदी ने बांटे फल व मास्क



सीतापुर-मास्क वितरण के दौरान मौजूद कमेटी के पदाधिकारी

**सीतापुर।** जश्न ए ईद मिलादुन्नबी के मौके पर कोविड 19 के चलते जुलूस नही निकाला गया और न ही किसी तरह की सजावट का प्रबंध किया गया। हालांकि मरकजी कमेटी जुलेसे मोहम्मदी की तरफ से कुरान की तिलावत कारी सलाहुद्दीन के जरिए की गयी। इसके बाद कमेटी के सदर मुजीब अहमद, इकबाल अहमद, मस्त हफीज रहमानी, मिर्जा अनीस बेग, कय्यूम अंसारी, आफताब इकबाल, शमीम खान, मुल्हे सभासद, मसूद आलम अंसारी, सरताज खान, वकील सरदार अली, अकील अंकल शरफुद्दीन, फिरोज अख्तर, असद अराफत आदि ने जिला अस्पताल पहुंचकर फल और फेस सील्ड बांटे।

### जेसीबी ने ढहाया अवैध निर्माण

**संदना सीतापुर।** मिश्रिख के जरिगवां चौराहे पर तहसील प्रशासन ने पंचायत की जमीन पर बने अवैध निर्माण को जमीदोज करा दिया है। बता दें मेन चौराहे पर पंचायत भवन के पीछे रोहन मौर्य ने गेट रख लिया था। नायब तहसीलदार विदेह सिंह, कानूनगो लक्ष्मी नारायण यादव, लेखपाल जयनेन्द्र द्विवेदी ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण गिरवा दिया। सूत्रों की माने तो कब्जामुक्त कराई गई जमीन पर अस्थाई पुलिस चौकी बनवाई जाएगी।

### कोरोना के मिले 18 नए मरीज

**सीतापुर।** पिछले दो दिनों से कोरोना ग्राफमें हल्का उछाल देखने को मिला रहा है। बुधवार को 7 और गुरूवार को 12 मरीज मिले थे। वहीं शुक्रवर को मारीजों संख्या बढ़कर 18 हो गई। शहर के भार्गव कॉलोनी में आई हॉस्पिटल, विजय लक्ष्मी नगर व हुसैनगंज में 2-2 और हरदोई चुंगी व दुर्गापुरवा में 1-1 नए मरीज की पहचान की गई है। खैराबाद में 2 और बेहटा व कसमंडा में 1-1 मरीज मिला है। 3 मरीज अन्य स्थानों के है। इसी के साथ सीतापुर में कुल पॉजिटिव केस 4,223 हो गए हैं।

### तीन नवम्बर से होगी गन्ना पेराई

**सीतापुर।** गन्ना किसानों के लिए अच्छी खबर है। जिले में अगले महीने की 3 नवम्बर से पेराई शुरू हो जाएगी। इस दिन रामगढ़ व जवाहरपुर चीनी मिल का चक्का घूम जाएगा। 6 नवम्बर को हरगांव, 21 को बिसवां और 25 नवम्बर को महमूदाबाद चीनी मिल चलेगी। बता दें इस बार सवा 3 लाख किसानों ने 1 लाख 96 हेक्टेयर जमीन पर गन्ना की फसल उगाई है।

### थ्रेसर में फंसकर युवक की दर्दनाक मौत

**मानपुर सीतापुर।** धान की खंदाई कर रहे युवक की थ्रेसर में खंदकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंचे ग्रामीण व स्थानीय मानपुर पुलिस ने बड़ी ही मसक्कत से युवक के छत-विछत शरीर को थ्रेसर के बाहर निकाला। पुलिस ने मृतक का पंचनामा कर शव पीएम. के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत मानपुर के मजरा दमैला निवासी मुकेश (22) पुत्र रामसेवक आज शुक्रवार देर शाम करीब साढ़े पांच बजे अपने धान की थ्रेसिंग कर रहा था। मुकेश ने थ्रेसर में ज्यों ही धान का मुट्ठा लगाया कि इत्तिफाकिया वह थ्रेसर के जोंगे में घुस गया। मुकेश का शरीर खंदकर टुकड़ो में तब्दील हो गया व उसकी दर्दनाक मौत हो गई। हुई इस दर्दनाक घटना मौत की खबर लगते ही वहां अनेक ग्रामीण व मानपुर पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई। पुलिस व ग्रामीणों के सहयोग से मृतक के क्षत-विक्षिप्त शरीर को थ्रेसर से किसी तरह निकाला गया। पुलिस ने पंचनामा कर शव को जिला मुख्यालय पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जान पड़ताल कर रही है।

### गर्भपात का विरोध करने पर सात महीने की गर्भवती को घर से निकाला

**मिश्रिख सीतापुर।** कोतवाली मिश्रित इलाके में एक मानवताहीन पति द्वारा गर्भपात न कराने के चलते पत्नी को घर से भगाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां ने न्याय के लिए कोतवाली का दरवाजा खटखटाया है। दरअसल शुक्रवार शाम इलाके की गांव शेखपुर निवासी मुन्नी ने कोतवाली में तहरीर देकर यह आरोप लगाया है कि उसका दामाद आनंद मंगल, गंगाराम, शिवमंगल, पूर्णेद्र मंगल व धनेश मंगल निवासी गांव पंतौंजा उसकी बेटी सलोनी पर गर्भपात कराने का दबाव बना रहा है और जब सलोनी ने गर्भपात कराने से मना कर दिया तो आनंद मंगल उसे प्रताड़ित कर घर से भगा दिया। पीड़िता के अनुसार आनंद मंगल व मुन्नी की शादी 5 वर्ष पूर्व हिंदू रीती रिवाज के अनुसार हुई थी। शादी के बाद से ही विपक्षियों ने दहेज के लालच में पीड़िता को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया था। प्रताड़ना का आलम यह था कि विपक्षियों ने उसका खाना पीना तक बंद कर दिया जिससे वह चलने फिरने में भी असमर्थ हो गई। इतना ही नहीं अब तो सलोनी बोलने में भी असमर्थ हो गई है। मामले में जब कोतवाल मनोज कुमार यादव से बात की गई तो उन्होंने तत्काल जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही है।

### पकड़ी गई अवैध शराब

**सीतापुर।** अलग-अलग थाना पुलिस ने 109 लीटर कच्ची शराब के साथ 10 अभियुक्तों को गिरतार किया है। रामपुर मथुरा पुलिस ने 20 लीटर कच्ची शराब के साथ विशेषर के मिथिलेश व वीरेश को, थाना सकरन पुलिस ने 20 लीटर शराब के साथ बरछता के कमलेश व पुल्ली को, महोली पुलिस ने 10 लीटर कच्ची शराब के साथ मूड़ासानी के वीरेंद्र को, संदना पुलिस ने 10 लीटर शराब के साथ नेरई के संतोष को, हरगांव पुलिस ने 10 लीटर शराब के साथ रुकनापुर के प्रकाश को, सदरपुर पुलिस ने 10 लीटर शराब के साथ गोसाईपुर के दीनबंधु को व शहर कोतवाली पुलिस ने कंजा के अमरपाल को 9 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरतार किया है। अभियुक्तों पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

### एंटी रोमियो ने पकड़े छह शोहदे

**सीतापुर।** अलग-अलग थानों की एंटी रोमियो टीमों ने राह चलते आशिकी दिखाने वाले 6 शोहदों को गिरतार कर लिया। महमूदाबाद पुलिस ने थाना रामपुर कला के तेंदुला निवासी अरमान व थाना रामपुर मथुरा के देवरिया निवासी विनोद को, कमलापुर पुलिस ने अटरिया के रसूलपुर निवासी सुनील व अलईपुर के बिरजू कश्यप को और संदना पुलिस ने फेरौना के विवेक व खानपुर कुचलाई के रामविलास को पकड़ा है। इसके अलावा 50 मनचलों को दोबारा हरकत न करने की चेतावनी देकर छोड़ दिया गया।

### अज्ञात कारणों से लगी आग

**रेउसा सीतापुर।** रेउसा क्षेत्र के सिहाला गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग से सुरेश, रंजीत, संतोष व ईश्वर दीन के घर जलकर खाक हो गए। ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। हालांकि बाद में एसओ पुष्प राज कुशवाहा भी फायर ब्रिगेड के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। करीब 3 लाख रूपए के नुकसान का अनुमान है।

### छात्र-छात्राएं हुईं सम्मानित

**सीतापुर।** स्व.आशा-शंभू स्मृति छात्र स्मृति में अन्नपूर्णा सेवा संस्थान की ओर से संगीत महाविद्यालय में छात्र अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। कामाक्षी शर्मा, अमृत सिंह, उदय राज सिंह, आशुतोष शुक्ला, बुशरा खान, अदिति तोमर, युवराज अंश, मुस्कान वैश्य, अनुष्का वर्मा, शिवांगी मिश्रा, स्वर्णिम त्रिवेदी, प्रिया राज, वासू अग्रवाल आदि मेधावियों को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर कृष्णा कॉलेज के प्रबंधक विवेक अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि के तौर पर अग्रवाल पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य के. बी. श्रीवास्तव, डॉ. अरुण कुमार त्रिपाठी, पुष्पा अवस्थी, हंसराज ऑटो सेल्स के जीएम सचिन द्विवेदी, अनिल द्विवेदी आदि शामिल रहे।

## एक नवंबर से चलेगा विशेष अभियान, बच्चों और गर्भवती के लगेंगे टीके

**सीतापुर।** कोविड-19 के चलते स्वास्थ्य विभाग की कुछ गतिविधियां थोड़े समय के लिए स्थगित की गयीं थीं। इस कारण कुछ बच्चे और गर्भवती भी नियमित टीकाकरण से वंचित रह गईं थीं। इन सभी को विभिन्न बीमारियों से बचाने के लिए प्रदेश सरकार के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग आगामी एक नवंबर से विशेष टीकाकरण अभियान शुरू करने जा रहा है। तीन माह तक चलने वाले इस अभियान का समापन आगामी 31 जनवरी 2021 में होगा। इस आशय की जानकारी देते हुए एसीएमओ व जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. पीके सिंह ने बताया कि इस अभियान की सभी आवश्यक तैयारियां तेजी के साथ पूरी की जा रही हैं।

इस विशेष टीकाकरण अभियान के लिए टीकाकरण से वंचित बच्चों और गर्भवती के लिये आशा कार्यकर्ताओं ने घर-घर भ्रमण कर उनका ब्यौरा एकत्र किया है। जिनमें से टीकाकरण के लिए 30,127 गर्भवती और एक वर्ष तक की उम्र के 19,555 बच्चों को चिंहित किया गया है। उन्होंने बताया कि कोविड-19 के दौरान लॉकडाउन के चलते जो बच्चे टीकाकरण से छूट गए थे अथवा जिन्हें एक भी टीका नहीं लगा है, उन सभी बच्चों को चिन्हित किया गया है। एसीएमओ ने बताया कि जिले में एक साल तक की उम्र के कुल 1,27, 372 बच्चे हैं, जिनमें से 92,022 बच्चे इस साल एक जनवरी के बाद जन्में हैं। इस साल जन्में बच्चों में से 14,612 बच्चे और इससे पूर्व के जन्में बच्चों में से 4,943 बच्चे टीकाकरण से वंचित हैं। इस सभी बच्चों और गर्भवती का गांव स्तर पर ही टीकाकरण किया जाएगा। इस विशेष अभियान के दौरान बीसीजी, ओरल पोलियो, पेंटा पीसीबी, एमआर और डीपीटी आदि जीवन सुरक्षा टीके लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सभी ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवसों पर एएनएम, आशा तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा आयोजित होने वाले टीका सत्रों में आने वाले बच्चों और गर्भवती का वजन भी किया जायेगा साथ ही इन सभी को पोषण संबंधी जानकारियां भी दी जाएंगी।

## भाजपा के प्रशिक्षण में कार्यकर्ताओं में भरा जोश



सीतापुर-सम्बोधित करते नगर अध्यक्ष आकाश बजरंगीं



लहरपुर-पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते पूर्व एमएलसी राकेश सिंह, परमेश्वर भार्गव, उमाशंकर वर्मा

● भाजपा के केंद्रीय प्रशिक्षण में अतिथि ने व्यक्त किए विचार

संवाददाता। सीतापुर

**अग्रसेन सभागार** में शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ताओं का जमावड़ा हुआ। यहां आयोजित प्रशिक्षण में नगर अध्यक्ष आकाश बजरंगी व सुधीर राना ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा। इस मौके पर देवांश भदौरिया, कन्हैया लाल, शिवासू मिश्रा, आदित्य आदि मौजूद रहे। उधर भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय प्रशिक्षण विभाग की ओर से सरस्वती शिशु मंदिर अकबरपुर में आयोजित मंडल नबीनगर, मंडल लहरपुर देहात व मंडल शाहपुर के प्रशिक्षण कार्यक्रम में पूर्व एमएलसी राकेश सिंह ने हिस्सा लिया। कार्यकर्ताओं ने राकेश सिंह का जोरदार स्वागत किया। श्री सिंह ने सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस मौके पर प्रमुख परमेश्वर भार्गव, उमाकान्त वर्मा व अन्य मौजूद रहे। उधर सकरन में भारतीय जनता पार्टी केन्द्रीय प्रशिक्षण विभाग ने दो दिवसीय शिविर लगाया। मुख्य अतिथि गोदावरी मिश्रा व सूर्य प्रताप इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रताप नारायण तिवारी ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। दूसरे दिन भाजपा जिला मंत्री दीपू भार्गव मुख्य वक्ता रहे। रेउसा ब्लॉक प्रमुख एवं जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा रामस्वरूप भार्गव ने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में मंडल अध्यक्ष हरगोविंद मौर्या, मंडल महामंत्री अजय पटेल, मंडल महामंत्री सुरेन्द्र जायसवाल, विमलेश मौर्या, अनिल जायसवाल, अभिराम अवस्थी आदि मौजूद रहे।

**पंचायत चुनाव पर हुई चर्चा:** सीतापुर के कमलापुर ब्लॉक सभागार में भाजपा ने पंचायत चुनाव पर मंथन किया। विधायक महेंद्र सिंह यादव पंचायत व चुनाव संयोजक अध्यक्ष राकेश त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया। विधायक ने कहा कि पंचायत में अच्छी जीत मिलने से 25 वर्षों तक देश में भाजपा परचम लहराता रहेगा। बैठक में पूर्व जिला मंत्री आनंद स्वरूप अवस्थी, मंडल अध्यक्ष कसमंडा लक्ष्मी शंकर गिरी, पूर्व ब्लाक प्रमुख रामकरन रावत, अजय सिंह, प्रदीप मिश्र आदि मौजूद रहे।

### ढही कच्ची दीवार बुजुर्ग की मौत

**सकरन सीतापुर।** सकरन थाना क्षेत्र अन्तर्गत शुक्रवार की सुबह गोबर उठाते समय गिरी कच्ची दीवार के नीचे दबकर एक व्यक्ति की मौत हो गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर उसे पीएम हेतु भेज दिया है। थाना क्षेत्र के तारपारा गांव निवासी बदलू (65)पुत्र फत्ते पासी शुक्रवार की सुबह करीब सात बजे जानवरों का गोबर उठा रहा था तभी घर की जर्जर कच्ची दीवार बदलू के ऊपर भरभरा कर गिर गयी तथा बदलू उसके मलवे के नीचे दब गया आवाज सुनकर परिजन व पडोस के लोग दौड कर आ गये तथा दीवार का मलवा हटाकर बदलू को बाहर निकाला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी परिजनों द्वारा घटना की सूचना पुलिस व तहसील प्रशासन को दी गयी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर उसे पीएम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है। इस सम्बन्ध में जब प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार से बात की गयी तो उन्होने बताया कि शव को पीएम के लिये भेज दिया गया है।

## क्षत्रिय सभा ने दी निकिता तोमर को श्रद्धांजलि



सीतापुर-श्रद्धांजलि देते अखिल भारतीय क्षत्रिय सभा के पदाधिकारी

संवाददाता। सीतापुर

**अखिल भारतीय** क्षत्रिय महासभा ने निकिता तोमार को श्रद्धांजलि दी। महाराणा प्रताप पार्क में कैंडिल जलाकर आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई और हत्यारों को फांसी की सजा दिलाने की मांग की हुई। ठाकुर अवनेंद्र विक्रम सिंह, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह गौर, उपाध्यक्ष ठाकुर प्रह लाद सिंह गौर, महामंत्री कुवर वरुण सिंह तोमर, इन्दू सिंह चौहान, दिनेश पाल सिंह, भवर सिंह, रामचंद्र सिंह सोमवंसी, प्रदेश मंत्री जया सिंह आदि मौजूद रहीं।

## मृतक के अंतिम संस्कार को लेकर गांव वालों ने किया सड़क जाम

● मृतक के माता-पिता को बुलाए जाने को लेकर किया था प्रदर्शन, पुलिस के समझाने पर ग्रामीण व रिश्तेदारों ने किया अन्तिम संस्कार



मछरेहटा-प्रदर्शन करते ग्रामीण, मौजूद पुलिसबल

संवाददाता। मछरेहटा सीतापुर

**शुक्रवार को** मृतक कैदी का उसके गांव शव पहुंचने से पहले ही ग्रामीणो ने मछरेहटा मिश्रिख रोड पर जाम लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। काफी देर तक हंगामा चलते रहने की सूचना पर सीओ मिश्रिख महेन्द्र प्रताप सिंह, कोतवाल मनोज यादव, पिसावां के प्रभारी निरीक्षक के.बी. सिंह और मछरेहटा प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश तिवारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणो की मांग थी कि जेल मे बंद मृतक सर्वेश के माता-पिता को अंतिम संस्कार मे शामिल होने के लिए लाया जाए। पुलिस अधिकारियो के समझाने पर काफी जद्दोजहद के बाद आखिरकार ग्रामीण शांत हुए । शव को परिजनों के अंतिम दर्शन के लिए घर ले जाया गया। थोड़ी देर के बाद गांव के बाहर मृतक के भाई सुशील ने पुलिस और ग्रामीणो की उपस्थिति मे उसका दाह संस्कार किया। बताते चले कि शुक्रवार को अस्थाई जेल मे बंद सर्वेश पुत्र बलिराम ने रहस्यमय तरीके से फांसी लगा ली थी। इससे पहले सर्वेश की पत्नी ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या की थी जिसके चलते सर्वेश उसकी माता और पिता दहेज हत्या के आरोप मे जेल भेजे गए थे। सर्वेश ने बीते शुक्रवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जिसकी जानकारी मिलते ही परिजनों और गांव वालो मे कोहराम मच गया और वे आक्रोशित होकर हंगामा करने लगे लेकिन मौके पर पहुंचे पुलिस के अधिकारियो की सूझबूझ से शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया ।

# विकास कार्यों से जगमगा रही ग्राम पंचायत बर्मी




मिश्रिख-बर्मी गांव में बन रहा पार्क



मिश्रिख-विद्यालय की आकर्षक पुताई



पुतीलाल प्रधान

संवाददाता। मिश्रिख सीतापुर

● ग्राम प्रधान पुतीलाल हर जरूरतमंद को दे रहे योजनाओं का लाभ

**विकास देखना** है तो मिश्रिख की पंचायत वर्मी आइए। गांवों के चारों तरफ हरियाली मिलेगी, चहलकदमी के लिए पार्क मिलेगा, सरपट चलने के लिए बेहतरीन रास्ते मिलेंगे और गांव शतप्रतिशत शौचालय चालू मिलेंगे। ग्राम प्रधान और रोजगार सेवक की मेहनत रंग ला रही है, विकास कार्यों से जगमगा उठी मिश्रिख विकास खंड की पंचायत वर्मी जो मिश्रिख विकास खंड की एक ऐसी ग्राम पंचायत है जो पूरे ब्लॉक में अपने विकास कार्यों के दम पर वाहवाही बटोर रही है जिसमें दशको बाद अपने विकास को देखा है और हर कोई चर्चा कर रहा है कि विकास कार्यों में तो यह पंचायत अव्वल है। ग्राम पंचायत बरमी के प्रधान पुत्ती लाल कश्यप की मेहनत व लगन के चलते ग्राम पंचायत में अनेकों विकास कार्य हुए हैं जो कि पहले के प्रधान नहीं करा सके थे, चाहे भेदभाव पूर्ण जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ देना हो या कोई अन्य कार्य इस पंचायत में मनरेगा से पंचायत वासियों को लॉकडाउन में रोजगार मिला और वह अपने व अपने परिवार को ऐसी विषम परिस्थितियों में भी देखभाल कर सकें ब्लॉक स्तर पर पंचायत को मनरेगा द्वारा एक सुंदर पार्क मिला है जिसका निर्माण चल रहा है। ग्राम पंचायत में चारों तरफ पौधे भी लगाए गए हैं जिनमें कुछ औषधि पौधे भी हैं पंचायत ने पूरे अपने कार्यकाल में अभी तक 236 शौचालय का निर्माण करवाया है 113 पात्रों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला है 23 वृद्धजनों को वृद्धावस्था पेंशन 11 विधवा महिलाओं को विधवा पेंशन 3 विकलांग जनों को विकलांग पेंशन तथा मनरेगा के अंतर्गत।

पायनियर
लखनऊ, शनिवार, 31 अक्टूबर 2020



# लूट का खुलासा न होने पर ग्रामीणों ने चौकी को घेरा

● इंस्पेक्टर ने समझा-बुझाकर किया शांत

संवाददाता। बेहजम-खीरी



**लूटपाट** के खुलासे में एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद नीमगांव पुलिस के साथ कई टीमों का गठन कर घटना के खुलासे के लिए लगाया गया था। इसमें कोई सफलता की सीढ़ी दिखाई न देने पर पीड़ित के समर्थन में सैकड़ों ग्रामीणों ने बेहजम पुलिस चौकी का घेराव किया। पुलिस प्रशासन के विरूद्ध नारेबाजी की गई। पीड़ित परिवार को फोन पर इंस्पेक्टर नीमगांव ने समझा बुझाकर सभी को शांत कराया। जल्द ही घटना के अनावरण को लेकर किया। अस्वस्थ किसी प्रकार पीड़ित के समर्थक शांत प्रदर्शन किया।

बताते चलें कि थाना नीमगांव क्षेत्र के पुलिस चौकी बेहजम के दौदापुर गांव में बीते शनिवार को जब घर के सभी परिजन घर के अंदर गहरी नीद में सो रहे थे। तभी अज्ञात लुटेरे घर में प्रवेश कर कमरो में सो रहे परिजनों को बाहर से बंद कर घर का सामान रक्खे अन्य कमरों का ताला तोड़कर घर में रक्खी एक लाख की नकदी व दस लाख के जेवर की लूटपाट कर लाइसेंसी बंदूक व 31 कारतूस की लूट पाट कर फरार हो गए थे। बंदूक व बक्से गांव के बाहर खेतों में छोड़ कर फरार हो गए थे। इसकी बड़ी जद्दोजहद के नीमगांव पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। जिस पर बेहजम पुलिस चौकी प्रभारी पर पीड़ित परिवार के परिजनों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि बेहजम पुलिस के द्वारा घटना के साक्ष्य मिटाने व बेहजम पुलिस के द्वारा घटना में दिलचस्पी न दिखाए जाने से नाराज पीड़ित ने सैकड़ों समर्थकों के साथ बेहजम पुलिस चौकी का घेराव किया गया। इसमें पुलिस प्रशासन के विरूद्ध नारेबाजी करते हुए समर्थकों के द्वारा घटना को एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद पुलिस द्वारा खुलासा न कर पाने की वजह से बेहजम पुलिस चौकी का घेराव किया गया। घटना की सूचना पर नीमगांव इंस्पेक्टर गजेंद्र सिंह ने फोन पर पीड़ित परिवार को आश्वस्त किया कि जल्द ही जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा। जिस पर पीड़ित रामवीर ने अपने समर्थकों को शांत कराया।

## प्रशासन ने कोविड टेस्टिंग को लेकर बनाई रणनीति

**लखीमपुर-खीरी।** आगामी दीपावली सहित अन्य त्यौहारों के दृष्टिगत दुकान बाजारों आदि में बढ़नें वाली भीड़ से कोविड-19 रोगियों के बढ़ने की संभावना है। कोविड-19 महामारी की श्रंखला को रोकने के लिए बाहर निकलने वाले सभी लोगों को मास्क लगानें व सोशल डिस्टेंसिंग बनाये रखने की आवश्यकता है। दुकानों आदि पर काम करने वालों को बीमारी का खतरा अधिक है। इसके दृष्टिगत दुकानों पर काम करनें वाले कर्मचारियों की आगामी दिनों में कोविड सैम्पलिंग की योजना बनाई गयी है। जिससे त्योहारों के इस समय में कोविड की बीमारी अपनें पैर न पसार सके व रोगियों का पता जल्दी से जल्दी लगे। डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि कोविड सैम्पल जांच कराने वाली दुकानों को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय द्वारा कोविड मुक्ति का सर्टिफिकेट भी दिया जायेगा। रूपरेखा के अनुसार 31 अक्टूबर को मिठाई की दुकानें, 01 नवम्बर को रेस्टोरेन्ट ढाबा आदि, 2 नवम्बर को पूजा स्थल, 3 नवम्बर को मॉल बाजार, 4 नवम्बर को इलेक्ट्रानिक शॉप/वाहन शोरूम, 5 नवम्बर को पटरी दुकानदार, 6 नवम्बर को पटाखा मार्केट, सब्जी, फल व दुकानदार, 7 नवम्बर को पूजा स्थल, 8 नवम्बर को मिठाई की दुकानें, 9 नवम्बर पटरी दुकानदार, 10 नवम्बर को पटाखा मार्केट, सब्जी-फल दुकानदार, 11 नवम्बर को माल बाजार व 12 नवम्बर को इलेक्ट्रानिक शॉप व वाहन शोरूम में जांच की जाएगी।

### मंडल प्रशिक्षण में पहुंचे विधायक

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** भाजपा का मंडलीय प्रशिक्षण शिविर मैलानी का प्रशिक्षण शिविर ग्राम ममरी में सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण में मंडल अध्यक्ष कुलदीप वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इसमें मुख्य अतिथि विधायक अरविंद गिरि ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बहुप्रतिभा के धनी योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्र और प्रदेश में राजनीति की दशा और दिशा ही बदल दी है। श्री गिरी ने कहा मेरे राजनैतिक जीवन का आधार कार्यकर्ता का विश्वाश और प्रगाढ़ संबंध ही है।

## महाविद्यालय फतेहपुर में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ



**मितौली-खीरी।** दो दिवसीय पार्टी का केंद्रीय प्रशिक्षण विभाग द्वारा मंडल प्रशिक्षण शिविर का चंद्रिका सिंह सुंदर सिंह डिग्री कालेज फत्तेपुर में प्रारंभ किया गया। इसमें भाजपा केंद्रीय प्रशिक्षण मितौली मंडल के प्रशिक्षण शिविर में मुख्य अतिथि अवध क्षेत्र की संयोजिका पटेल रेखा वर्मा व जिला महामंत्री मनोज वर्मा विशिष्ट अतिथि संतोष कुमारी व मितौली मंडल अध्यक्ष सर्वेश सिंह वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता गणेश शंकर शुक्ल व भूमि विकास बैंक के सभापति रविंद्र कनौजिया की उपस्थिति में दीनदयाल व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अवध क्षेत्र संयोजिका रेखा वर्मा ने जनसंघ से भाजपा के सफर के बारे में विधिवत रूप से जानकारी दी। कांग्रेस और वर्तमान भाजपा सरकार के बीच का अंतर बताते हुए कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास की बात करती है और कांग्रेस फूट डालो राज करो की नीति पर चलती है। भाजपा का बूथ अध्यक्ष भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है। इस मौके पर भाजपा जिला मंत्री मनोज वर्मा ने भी शिविर का सम्बोधित किया। इस दौरान जिला महिला मंत्री संतोष कुमारी, मंडल अध्यक्ष सर्वेश सिंह, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता एवं किसान सेवा सहकारी समिति मितौली के सभापति गणेश शंकर शुक्ल व चंद्रिका सिंह सुंदर सिंह महाविद्यालय फत्तेपुर के प्रबंधक अमित सिंह व कस्ता भूमि विकास बैंक के सभापति रविंद्र कनौजिया नें भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर मंडल भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कोचिंग के लिए निकली छात्रा नहीं लौटी घर

एसपी पहुंचे गांव, कई टीमें लगाईं

संवाददाता। बेहजम-खीरी



**नीमगांव** कोतवाली क्षेत्र के सिकंद्राबाद चौकी के एक गांव से कोचिंग पढ़ने गई छात्रा लापता हो गई। घर न पहुंचने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। जब कहीं पता नहीं लगा तो नीमगांव कोतवाली में संदिग्ध तहरीर दी गई। पुलिस ने खोज बीन शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक ने गांव पहुंचकर मामले की जानकारी ली। घटना के खुलासे के लिए कई टीमों का जांच पड़ताल के लिए लगाया गया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली नीमगांव क्षेत्र के जम्मौरा गांव के महेंद्र कुमार पांडे की 14 वर्षीय पुत्री घर से सुबह छह बजे प्रतिदिन की तरह कस्बा सिकंदराबाद में कोचिंग पढ़ने गई थी। वहां से छात्रा लापता है। छात्रा वहीं कस्बा सिकंद्राबाद के कमला प्रसाद गुरु प्रसाद इंटर कालेज की कक्षा आठ की छात्रा है। रोज की भांति शुक्रवार को जब छात्रा दोपहर तक घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने काफी खोज बीन की है। परिजनों ने घटना की सूचना सिकन्द्राबाद चौकी प्रभारी हनुमन्त तिवारी को दी। नीमगांव पुलिस ने खोजबीन के दौरान छात्रा की साईकिल रायपुरधुमरा गांव के रास्ते पर बरामद हुई है। घटना की सूचना मिलने पर सीओ मितौली शीतांशु कुमार व इंस्पेक्टर गजेंद्र सिंह सहित फोरेंसिक एक्सपर्ट जांच टीम के साथ गांव पहुंच कर मामले की छानबीन करने में जुटे हैं। नाबालिग छात्रा के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आने पर जिले की पुलिस हरकत में आते हुए छात्रा के परिजनों की तहरीर पर नीमगांव पुलिस ने गुमसुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक खीरी विजय ढुल घटना स्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल की।

## छह घायलों में केवल दो को दी गई सहायता

संवाददाता। निघासन-खीरी



**विधानसभा** निघासन क्षेत्र के गांव मझरा पूरब में बाघ के हमले से घायल मानसिक विक्षिप्त महिला व एक व्यक्ति को वन विभाग सहायता दी गयी। अन्य घायल चार लोगों के परिवार वालों को अभी तक सरकारी सहायता देने से वंचित रखा गया हैं। इस संबंध में समाजवादी पार्टी के पूर्व लोकसभा प्रभारी चौधरी हिंमाशु पटेल व सपा एमएलसी शशांक यादव ने इस संबंध में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी पूजा यादव को सौंपा हैं।

ज्ञापन के माध्यम से समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से मांग की हैं कि बाघ के हमले से मंझरापूरब में मारे गए अयोध्या यादव, प्यारे लाल, ज्ञान सिंह, सरजीत सिंह, गौरी यादव सहित एक मानसिक विक्षिप्त महिला व बाघ के हमले से घायल हुए केशवराम में से केवल वन विभाग ने क्षतिपूर्ति में मात्र दो लोगों के परिवार वालों के सरकारी सहायता दी गयी है। शेष लोगों को सरकारी सहायता देने की कार्यवाही लम्बित हैं। बाघ के हमले में मारे गये लोगों के परिजनों को दस लाख रुपयें की आर्थिक सहायता व एक.एक घर के सदस्यों को सरकारी नौकरी दी जाये। नरभक्षी हो चुके बाघ को पकड़ कर बाहर के जंगलों में भेजा जाये। मंझरापूरब के लोगों को सुरक्षित करने के लिए जंगलों के किनारे-किनारे तार आदि की व्यवस्था की जाये। लापरवाही बरत रहे वन विभाग के कर्मचारियों पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। इस प्रतिनिधि मंडल में सपा जिलाध्यक्ष मोहम्मद कय्यूम, दिलनवाज खां, पिंकू यादव, मालिकराम, राम सिंह, पंकज कुमार, नीरज कुमार, शाहिद अली, रामू, विनोद, बब्लू व खुशीराम आदि लोग मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### पुलिस ने तीन को दबोचा

**ढखेरवा-खीरी।** पुलिस अधीक्षक एवं अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए जा रहे अपराध की रोकथाम के अनुपालन में क्षेत्राधिकारी धौरहरा व प्रभारी निरीक्षक धौराहरा के निर्देशन में उप निरीक्षक राजेश कुमार यादव, अवधेश कुमार यादव मय हमराह, हेड कांस्टेबल वशिष्ठ पांडे, हेड कांस्टेबल विजय पांडे, कांस्टेबल मनमीत श्रीवास्तव, कांस्टेबल सुमित कुमार, कांस्टेबल प्रतिपाल कांस्टेबल मो. रिजवान द्वारा रात्रि गश्त के दौरान अलग-अलग स्थानों से गैंगस्टर अभियुक्त मूलचंद पुत्र बाबूराम लोध निवासी ग्राम धरमुनियापुर मजरा देवीपुर थाना धौरहरा के कब्जे से 500 ग्राम अवैध एनडीपीएस बरामद हुआ जिसको गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। थाना धौरहरा में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 198/2019 धारा 2/3 यूपी गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे अभियुक्त जहीर उर्फ कोयली पुत्र पटवारी उर्फ यार अली निवासी ग्राम महाराज नगर थाना धौरहरा खीरी जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 20000 का इनाम घोषित किया गया था। मुकदमा अपराध संख्या 470/20 धारा 2/3 यूपी गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे अभियुक्त असलम पुत्र मादू निवासी शेखन पुरवा थाना धौराहरा को रात्रि में दौरान अगस्त पिपरिया मोड़ पर दोनों अभियुक्तों के कब्जे से एक-एक अवैध तमंचा 315 बोर व एक-एक कारतूस जिंदा 315 बोर बरामद किया गया। अभियुक्तगणों को गिरफ्तार कर अभियोग पंजीकृत करा कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

### बाइकों की भिड़ंत में पीआरवी जवान घायल

**फतेहपुर।** जाफरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम दलेलखेड़ा के समीप शुक्रवार की सुबह बाइकों की सीधी भिड़ंत में पीआरवी में तैनात सिपाही घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जानकारी के अनुसार जाफरगंज थाना क्षेत्र के अन्तर्गत पीआरवी 112 में तैनात कांस्टेबल देवनारायण पुत्र मेवालाल निवासी उग्रसेन थाना घौलपुर जनपद प्रयागराज आज सुबह लगभग आठ बजे मोटरसाइकिल से किसी काम से जा रहा था। जैसे ही वह दलेलखेड़ा के समीप पहुंचा तभी सामने से आ रही बाइक से सीधी भिड़ंत हो गयी। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे पीआरवी के जवानों ने उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

### अज्ञात युवक को कराया भर्ती

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सैदाबाद दुर्गा मंदिर के समीप से लोगों की सूचना पर पुलिस ने लगभग 30 वर्षीय एक अज्ञात युवक को अचेतावस्था में उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुयी है। उधर पुलिस अज्ञात युवक के परिजनों की खोजबीन में जुटी हुयी है।

### नाले में गिरकर वृद्ध घायल

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम सरांय शहजादा में शुक्रवार को नाले में गिरकर लगभग 80 वर्षीय एक वृद्ध घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार सरांय शहजादा निवासी स्व0 रामबक्श का पुत्र चीना आज दोपहर लगभग एक बजे घर के समीप चारपाई पर बैठा था। तभी अचानक वह उठकर लघुशंका करने के लिए जाने लगा तभी पैर फिसल जाने से वह नाले में गिर गया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची सरकारी एम्बुलेन्स ने घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

### सड़क हादसों में बालक समेत चार घायल

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान 8 वर्षीय एक बालक समेत चार लोग घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के पीरनपुर मुहल्ला निवासी राजेन्द्र का 40 वर्षीय पुत्र विजय कुमार देर शाम मोटरसाइकिल से बाजार जा रहा था। तभी अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से घायल हो गया। इसी प्रकार सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के ग्राम जाफराबाद निवासी विनोद कुमार का पुत्र सनी कुमार यादव घर के समीप खल रहा था। तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। जिससे वह घायल हो गया। इसी प्रकार कोतवाली क्षेत्र के मदोकीपुर गांव निवासी रामनारायण का 23 वर्षीय पुत्र सुभाष यादव मार्ग दुर्घटना में घायल हो गया। वहीं बिहार प्रान्त के जनपद पटना थाना खागल गांव दानापुर निवासी मो0 कल्लू का 38 वर्षीय पुत्र मो0 नसीम ट्रक चालक है। बताते हैं कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर ढाबे में उतरकर सड़क पार करने लगा। तभी वाहन की चपेट में आकर घायल हो गया। उधर सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एम्बुलेन्स ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती करा दिया।

### कुंभकारों का काम प्रभावित, बिक्री न के बराबर

**फतेहपुर।** कोरोना संक्रमण के चलते गर्मी में कुंभकारों का कारोबार प्रभावित रहा। ठंडे पानी के लिए मटके और सुराही की बिक्री न के बराबर हुई। अब उन्हें दशहरा पर्व के बाद टेसू-झांझी और करवाचौथ पर करवे की बिक्री भी प्रभावित दिख रही है। इससे कुंभकारों में मायूसी है। डिस्पोजल क्राकरी के प्रचलन ने मिट्टी से बने बर्तनों का कारोबार पहले से ही समाप्त कर दिया है और फिर अब कोरोना संक्रमण ने तो उत्सवों पर बिकने वाले मिट्टी के खिलौने और बर्तन की बिक्री भी प्रभावित कर दी है। अप्रैल से मिट्टी के बने सुराही और मटकों की बिक्री शुरू हो जाती है। लोग ठंडे पानी के लिए इसका प्रयोग करते हैं लेकिन इस बार कोरोना संक्रमण के चलते इसकी बिक्री प्रभावित रही। कुंभकारों के यहां स्टाक लगा रहा। अब कुंभकारों को पर्वों से भी उम्मीद नजर नहीं आ रही है। दशहरा पर्व पर टेसू-झांझी की बिक्री गत वर्षों के सापेक्ष 40 फीसद भी नहीं हुई है। करवाचौथ पर करवे और दीपावली पर दीपकों की बिक्री को लेकर भी वह आशंकित हैं।

### भाजपा का दो दिवसीय मंडल प्रशिक्षण वर्ग प्रारम्भ

**फतेहपुर।** महाराणा प्रताप महाविद्यालय करचलपुर में भारतीय जनता पार्टी का दो दिवसीय मंडल प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ पं0 दीन दयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश बाजपेई व अन्य पदाधिकारियो द्वारा किया गया। जिसमे वक्ताओं के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष, जिला सदस्यता प्रमुख ओम मिश्रा एवं विधायक बिंदकी करन पटेल तथा मंडल प्रभारी राम प्रताप सिंह गौतम व क्षेत्रीय संयोजक अखिलेश बाजपेई व प्रान्तीय कार्यकारिणी सदस्य देवाशीष पटेल तथा मंडल अध्यक्ष अरुण शुक्ल व मंडल अध्यक्ष धीरज बाजपेई एवं पूर्व जिलाध्यक्ष रमाकांत त्रिपाठी तथा कार्यक्रम संयोजक राजेश सिंह चौहान सहित 80 प्रशिक्षक बंधु आदि उपस्थित रहे।

## पटेल सेवा संस्थान ने लौहपुरुष की जयंती के अवसर पर काटा केक



**फतेहपुर।** भारत रत्न लौहपुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल की 145वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार अर्धरात्रि के बाद पटेल सेवा संस्थान ने केक काटकर अखण्ड भारत के निर्माता की जयंती मनाई और अखण्ड भारत के निर्माण में किये गये गौरवशाली योगदान को भी याद किया गया। पटेल नगर चौराहा में लौहपुरुष सरदार पटेल की 145वीं जयंती पर पटेल सेवा संस्थान द्वारा मूर्ति में माल्यार्पण किया गया और 562 मोमबत्ती जलाई गयी। इस अवसर पटेल नगर चौराहे व सरदार पटेल की मूर्ति को फूलमालाओं से सजाया गया। अर्धरात्रि के बाद केक काटकर जन्मदिन मनाया। वक्ताओं ने सरदार पटेल के कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और उनके द्वारा अखण्ड भारत के निर्माण में किये गये गौरवशाली योगदान को भी याद किया गया। अध्यक्ष लाल देवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि सरदार बल्लभभाई पटेल ने 562 रियासतों को एकसूत्र में पिरोकर अखण्ड भारत का निर्माण किया था इसीलिए आज संस्थान ने उनके इस योगदान को जन जन तक पहुँचाने के लिए 562 मोमबत्ती जलाकर याद किया जा रहा है।

## पुरातन छात्र परिषद ने मेरा विद्यालय मेरा गौरव कार्यक्रम का किया आयोजन

संवाददाता। फतेहपुर



**शहर के** वीआईपी रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में पुरातन छात्र परिषद द्वारा मेरा विद्यालय मेरा गौरव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संभाग निरीक्षण राधेश्याम द्विवेदी, अध्यक्षता छात्र परिषद के अध्यक्ष यूथ आईकॉन डॉ अनुराग श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह रहे। मंच संचालन उपाध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने किया। सरस्वती वंदना, परिचय के उपरान्त प्रधानाचार्य ने उद्देशिका बताई। तत्पश्चात संभाग निरीक्षक ने छात्रों को क्रियाशीलता का पाठ पढ़ाया। वहीं डॉ0 श्रीवास्तव ने छात्र परिषद की टोली की ओर से पूर्ण मनियोग से शतप्रतिशत पुरातन छात्रों को जोड़ने कि बात कही। बताया गया कि 17 अक्टूबर से 17 नवंबर ऑनलाइन पोर्टल में पुरातन छात्रों का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। लगभग दो लाख छात्रों का रजिस्ट्रेशन किया जा चुका है। पोर्टल से जोड़ कर एक परिवार के रूप में आजीवन जुड़े रहना उद्देश्य है। समूची दुनिया का सबसे बड़ा पुरातन छात्र संगठन बनने की दिशा में बड़ा कदम है। साथ ही मौजूद सैकड़ों छात्रों ने अपना अपना रजिस्ट्रेशन भी कराया। इस अवसर पर महामंत्री प्रसून तिवारी, कृष्ण चंद्र वर्मा, किशन शुक्ला, राहुल वर्मा, यश प्रताप सिंह, देव नारायण मिश्रा, प्रांशु द्विवेदी, अभय, अंकित, हर्षित विशिष्ट, गौरव, प्रिंस, शुभम, अंकित, आदर्श, जयवीर, मनीष, प्रीति, अनामिका, दिव्यांशी, ऋषि संस्कृति, वैभव, क्षितिज, अंजलि, क्षमा, कंचन, आरुषि, हिमांशी, स्मिता आदि मौजूद रहे।

## दो किशोरियों ने किया जान देने का प्रयास

संवाददाता। फतेहपुर

**जनपद के** अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत शुक्रवार की दोपहर मामूली डांट से क्षुब्ध होकर दो किशोरियों ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के पीरनपुर मुहल्ला निवासी सफी अहमद की 16 वर्षीय पुत्र आस्ता को आज दोपहर उसकी बड़ी बहन ने किसी बात को लेकर डांट-डपट दिया। इसी बात से क्षुब होकर उसने जहर खा लिया। वहीं मलवां थाना क्षेत्र के अमौरा गांव निवासी अवधेश की 16 वर्षीय पुत्री नन्दनी ने मां की डांट से क्षुब्ध होकर जहर खाने की कोशिश की। कुछ समय बाद जब दोनों की हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने उन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती करा दिया।

# शासन के फरमान पर अमल को जुटा प्रशासन, अफसर ढूंढ रहे बाल्मीकि रामायण

● आदि कवि महर्षि बाल्मीकि की जयंती को लेकर शासन ने जारी किया दिशा निर्देश, कार्यक्रम की तैयारियों से लेकर उद्घाटन तक की भेजनी है फोटोग्राफ, संस्कृति विभाग की ई-मेल पर मांगी गई हैं जानकारियां

● जिला प्रशासन ने श्री बांके बिहारी मंदिर को तय किया है कार्यक्रम स्थल, जनप्रतिनिधियों को भी किया जा रहा आमंत्रित, हाथरस कांड को लेकर बाल्मीकि समाज ने सादगी से महर्षि की जयंती मनाने का लिया है निर्णय

संवाददाता। फतेहपुर

**हाथरस कांड** के बाद जिले में जहां बाल्मीकि समाज ने महर्षि बाल्मीकि की जयंती सादगी से मनाने का निर्णय लिया है। वहीं प्रदेश सरकार महर्षि की जयंती को भव्य तरीके से मनाने के निर्देश जिलों को जारी किए हैं। शासन के मिले आदेश के बाद वाल्मीकि जयंती को भव्यता से मनाने को लेकर श्री बांके बिहारी मंदिर को जिला प्रशासन ने चयनित किया है। यहां कार्यक्रम को संपन्न कराने के लिए अफसर एड़ी चोटी का जोर लगाए हैं। इतना ही नहीं बाल्मीकि रामायण के होने वाले पाठ के लिए बाल्मीकि रामायण ढूंढी जा रही है।

कल होने वाली महर्षि वाल्मीकि जयंती को लेकर सरकार कितना गंभीर है इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि एक दिन पूर्व से लेकर संपादित होने वाले कार्यक्रम एवं रामायण पाठ, मंदिर प्रबंधक, व्यवस्थाओं को करने के लिए लगाए गए नोडल अधिकारी का नाम और मोबाइल नंबर तक मांगा गया है। फोटोग्राफ भी कार्यक्रम का आयोजन देख रही संस्कृति विभाग को भेजे जाने हैं। शासन से मिले निर्देश के बाद जिला प्रशासन महर्षि बाल्मीकि जयंती को भव्य तरीके से मनाने की तैयारियां पूरी कर रहा है। जिला प्रशासन ने मुख्यालय स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर में कार्यक्रम किए जाने के लिए स्थान का चयन कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। यहां जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाएगा और प्रात: 10 बजे जनप्रतिनिधि दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत करेंगे। जिस तरह से प्रदेश सरकार ने बृहद पैमाने पर महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाए जाने का निर्णय लिया है। उसके पीछे कहीं ना कहीं भाजपा ने कुछ वोटरों में अपना निशाना साधा है। हाथरस कांड के बाद भाजपा विरोधी दलों के निशाने पर रही और बाल्मीकि समाज भी घटना को लेकर उत्तेजित था। उसी का नतीजा है कि बाल्मीकि समाज ने महर्षि वाल्मीकि जयंती को सादगी से मनाने का निर्णय लिया है।

समाज के चौधरी भक्त दास की अध्यक्षता में हुई बैठक में तय हुआ है कि कोई शोभायात्रा नहीं निकलेगी और सभी लोग घर में जयंती मनाएंगे तथा घरों में ही दीपक जलाए जाएंगे लेकिन प्रदेश सरकार आदि कवि की जयंती को भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया है। इसके दिशा निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम ने मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों को पत्र भेजकर शासन की मंशा से अवगत करा दिया है। कार्यक्रम स्थल के चयन से लेकर कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा भेजी गई है। यह निर्देश दिए गए हैं कि कार्यक्रम स्थल में साफ सफाई, बिजली, पानी, सुरक्षा आदि की मुकम्मल व्यवस्था की जाए। रामायण का पाठ बाल्मीकि रामायण का ही होगा और इसके लिए सुविधानुसार 8 घंटा 12 घंटा व 24 घंटे अनवरत रामायण का पाठ किया जाएगा। जिस स्थान का चयन होगा उस मंदिर का नाम व पता, रामायण का पाठ करने वाले कलाकारों, भजन गायकों के नाम व मोबाइल नंबर, कार्यक्रम स्थल वाले मंदिर का पूरा पता, फोटो व जीपीएस लोकेशन, मंदिर के प्रबंधक के संपर्क नंबर के सहित मांगा गया है। इतना ही नहीं चयनित स्थल में लगाए गए नोडल अधिकारी का पद नाम व पता मोबाइल नंबर देने के निर्देश दिए गए हैं। इस बात की भी सख्त हिदायत शासन ने दिया है कि कोविड-19 के बचाव के सारे मुकम्मल इंतजाम किए जाएं। इतना ही नहीं बाल्मीकि रामायण की व्यवस्था एक दिन पूर्व भी करने तथा तैयारियों की फोटोग्राफ संस्कृति विभाग की वेबसाइट पर मांगे गए हैं। कल होने वाले जयंती के कार्यक्रम में उद्घाटन सहित कार्यक्रम की 10 फोटो ई-मेल पर भेजी जाएंगी। कार्यक्रम स्थल का नाम पता व जिला इसमें हर हाल में अंकित किया जाना है।

आयोजन की निगरानी के लिए जिलाधिकारी को हर जिलों में जिम्मेदारी दी गई है। प्रमुख सचिव ने यह भी निर्देश दिया है कि महर्षि बाल्मीकि विश्व के आदि कवि हैं। रचित रामायण विश्व के आदि ग्रंथ के रूप में पूजनीय है। जो व्यक्ति, समाज एवं राष्ट्रीय मूल्यों के निर्माण में वैश्विक स्तर पर मार्गदर्शन का आधार है। इस की गरिमा का विशेष ध्यान रखा जाए। शासन से मिले निर्देश के बाद जिला प्रशासन ने श्री बांके बिहारी मंदिर को कार्यक्रम स्थल के रूप में चुना है। जहां सारी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जा रहा है तथा अफसर बाल्मीकि रामायण के पाठ के लिए बाल्मीकि रामायण ढूंढ रहे हैं रामायण का पाठ करने वालों की व्यवस्था की जा रही है। जिले में संभवत: कार्यक्रम 8 घंटे की रामायण का तय किया जा रहा है हालांकि इसकी अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है लेकिन एक बात तय है कि शासन की मंशा के अनुरूप जिला प्रशासन महर्षि वाल्मीकि जयंती को भव्य रूप से मनाने की तैयारियां पूरी करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है। जिलाधिकारी संजीव सिंह ने कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों को दिशा निर्देश दे दिए हैं तथा पूरे कार्यक्रम की वह स्वयं मानिटरिंग कर रहे हैं। उपजिलाधिकारी सदर प्रमोद झा की निगरानी में कार्यक्रम स्थल श्री बांके बिहारी मंदिर को भव्य रुप दिया जा रहा है जिससे कार्यक्रम शासन की मंशा के अनुरूप हो सके।

# घाटमपुर में फिर खिलेगा कमल: केशव मौर्य

● कांग्रेस के साथ सपा व बसपा को भी ललकारा बताया अराजकता का प्रतीक

●डिप्टी सीएम ने घाटमपुर के रेवना कस्बे में चुनावी जनसभा को किया संबोधित




संवाददाता। घाटमपुर

**पार्टी** प्रत्याशी उपेंन्द पासवान के समर्थन में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संवोधित करते हुए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रदेश और केंन्द्र की सरकार द्वारा चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के बल पर घाटमपुर के उप चुनाव में कमल खिलेगा। तालियो की गड़गड़ाहट के बीच डिप्टी सीएम ने कांग्रेस के साथ ही सपा बसपा को आड़े हाथों लेते हुए उन्हें अराजकता का प्रतीक बताया। राम मंन्दिर और धारा 370 की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि यदि केंन्द्र में यदि मोदी सरकार न होती तो न अयोध्या में राम मन्दिर बन पाता और न ही जम्बू-कश्मीर से धारा 370 समाप्त हो पाती। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद आज शुक्रवार को कस्बा रेवना बाजार प्रांगण में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित जनसभा को संवोधित कर रहे थे। जनसभा को उच्च शिक्षा राज्य मंत्री नीलिमा कटियार, क्षेंत्रीय अघ्यक्ष मानवेंन्द्रसिंह, बिठूर बिधायक अभिजीत सिंह सांगा, भोगनीपुर बिधायक बिनोद कटियार, जिलाघ्यक्ष कृष्ण मुरारी शुक्ला, घाटमपुर मंण्डल अध्यक्ष दलजीतसिंह,, भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री श्रीकृष्ण मिश्रा, भाजपा कानपुर ग्रामीण के महामंत्री बेदबृत सचान, रामकुमार द्विवेदी के अलावा प्रत्याशी उपेंन्द्र पासवान सहित बड़ी संख्या में लोग मोजूद रहे।

## संदिग्ध वाहन सहित अवैध आतिशबाजी बरामद

**ताखा।** जनपद इटावा में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय जनपद इटावा के कुशल मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी महोदय भरथना के निकट पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत दिनांक 29ध् 10ध् 2020 को थाना ऊसराहार पुलिस कठौतिया बंबा की पुलिया पर संदिग्ध चेकिंग अभियान चला रही थी। उसी वक्त भरथना से आ रहे एक मालवाहक छोटा हाथी जिसका नंबर यूपी 75 ए टी 9243 जिसके कागजात भी नहीं थे जिसको रोक कर चेक किया गया तो उसमें 7 पेटी अवैध पटाखे आतिशबाजी बरामद हुई जिसका वजन लगभग डेढ़ कुंटल है और जिसकी मार्केट वैल्यू लगभग डेढ़ लाख रुपया है को बरामद करके कानूनी कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया है

## जिला जेल में गंदगी देख भड़के डीएम



संवाददाता। फर्रुखाबाद

**शुक्रवार** को जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह नें पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार मिश्र के साथ जिला जेल और सेन्ट्रल जेल का औचक निरीक्षण किया। जिला जेल में गंदगी देखकर डीएम खफा हो गये। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए अभियान चलाकर सफाई व्यवस्था दुरस्त करने के निर्देश दिये।डीएम नें जिला जेल का निरीक्षण किया। जिसमे काफी गन्दगी मिली, शौचालय भी काफी गन्दे, नालियों में कीचड़ और ठहरा हुआ पानी पाया गया। जिलाधिकारी ने अभियान चलाकर सफाई कराने के निर्देश दिये। पानी निकासी की उचित व्यवस्था करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने बंदियों से श्रमदान कराने के निर्देश दिये। उन्होंने जेल को बन्दी सुधार गृह के रूप में विकसित करने के निर्देश दिये। डीएम नें इसके बाद नें सेन्ट्रल जेल में भी बन्दियों की समस्याएं सुनी। बुर्जुग बन्दियों को अस्पताल आदि ले जाने हेतु ई-रिक्शा की व्यवस्था डीएम नें कराने को कहा। किचन का निरीक्षण कर भोजन गुणवत्ता का जायजा लिया। सेन्ट्रल जेल अधीक्षक एचएसएम रिजवी आदि रहे।

# तहसीलदार की मौजूदगी में काश्तकार पर दबंगों का हमला

## कृषि भूमि पर दो पक्षों के मध्य था विवाद जांच को पहुंचे थे तहसीलदार

● ट्रैक्टर चालक व काश्तकार समेत परिजन घायल, भूमि स्वामी को मिले थे कब्जे के निर्देश

●वारदात के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों को लिया हिरासत में, कायम है दहशत का माहौल



संवाददाता। ताखा

**इटावा** की नवसृजित तहसील ताखा व थाना ऊसराहार क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम कठौतिया में गुरुवार की शाम करीब 4 बजे गांव के एक दबंग नामजद परिवार ने दो दर्जन से अधिक महिला पुरुषों के साथ धावा बोल कर उस समय भूमिस्वामी काश्तकार सुरेंद्र सिंहएजसबन्त सिंहएसुबेश सिंह पुत्रगण मातादीन शाक्य व शिवाएमोहित सेवा कुमार व डाली पुत्रगण सुरेंद्र सिंह सहित अभिषेक पुत्र जसबन्त सिंह को मारपीट कर घायल कर दिया जब दो बर्षो से चले आ रहे उक्त भूमि को लेकर ताखा तहसीलदार जगदीश व लेखपाल राकेश कुमार के नेतत्व बाली राजस्व टीम ने उक्त कृषि भूमि की नाप जोख पूरी कर भूमिस्वामी काश्तकार सुरेंद्र सिंह पुत्र मातादीन शाक्य को खेत जोतने के निर्देश देदिये। यह बात दबंग परिवार को ना गवारा लगी। और दबंग परिवार ने एकराय होकर भूमिस्वामी कथतकर सुरेंद्र सिंह समेत उसके सभी परिजनों पर हमला बोल दिया। मजे की बात तो यह है कि यह हमला उस समय हुआ जब ताखा तहसीलदार जगदीश व लेखपाल राकेश कुमार समेत उनके नेतृत्व बाली राजस्व टीम व उनके सुरक्षा कर्मी घटना स्थल पर मौजूद थे। तहसीलदार जगदीश की सूचना पर ऊसराहार एसओ को भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचना पड़ा जिन्होंने दौनों पक्षों को हिरासत में लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू करदी। आपको बतादें ताखा तहसीलदार जगदीश की मौजूदगी में बल पूर्वक हुए भूमिस्वामी पर हमला को लेकर ग्राम कठौतिया के ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है।

## सीज हुआ ट्रक ड्राइवर ले उड़ा, मामला दर्ज

**जसवंतनगर।** थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम डुढहा के समीप हाईवे पर स्तिथ एक होटल से एआरटीओ तथा खनन अधिकारी द्वारा संयुक्त अभियान मे बालू की ओवरलोडिंग कर ले जाते हुये ट्रक को सीज किया था ।जिसको उसके मालिक तथा ट्रक चालक चोरी कर ले गये। पुलिस ने इस मामले में ट्रक मालिक तथा उसके चालक के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। 28 अक्टूबर को मलाजनी के समीप एआरटीओ इटावा ब्रजेश यादव तथा खनन अधिकारी बृजबिहारी लाल द्वारा संयुक्त चैकिंग का अभियान चलाया जा रहा था। जिसमे एक ट्रक को ओवरलोंडंग के आरोप में पकडा था इस सम्बंध मे पुलिस ने ओवरलोडिंग का मामला दर्ज कर उक्त ट्रक को ढुडहा के समीप एक होटल पर उसके मालिक की सुपुद्रर्गी में खडा कर दिया था बताते है कि उक्त ट्रक को 28ध्29 अक्टूबर की रात मे ट्रक मालिक तथा उसके चालक चोरी कर ले गये जैसे ही पुलिस को सूचना मिली बह घटनास्थल पर पहुॅची व जांच पडताल की और पूरे क्षेत्र मे उसकी चैकिंग लगाकर पडताल की मगर उसका कहीं भी पता नही चल सका।

# वन विभाग की टीम से ग्रामीणों की नोकझोंक

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**जटपुरा** गांव में पौधरोपण को गई वन विभाग की टीम का ग्रामीणों ने विरोध कर दिया। नोकझोंक के बीच यहां जबरदस्त हंगामा हुआ। विरोध के चलते टीम बगैर पौधरोपण के लौट आई। अब पूरे मामले में बड़े अधिकारियों को जानकारी दी जाएगी। क्षेत्रीय वन अधिकारी जितेंद्र भान सिंह शुक्रवार को एक दर्जन से अधिक श्रमिकों को लेकर इस क्षेत्र में पौधरोपण के लिए पहुंचे। तभी गांव के राकेश कुमार, संत कुमार, अश्वनी, कृष्ण कुमार के अलावा पूर्व प्रधान अजीजाबाद अवनींद्र कुमार, ज्ञानप्रकाश आदि ने यहां पहुंचकर विरोध शुरू कर दिया। कहा कि जिस जमीन पर पौधरोपण किया जा रहा है वह उनकी है। जबरन पौधरोपण नहीं करने दिया जाएगा। विरोध देखकर टीम को पीछे हटना पड़ा। क्षेत्रीय वन अधिकारी जितेंद्र भान सिंह ने बताया कि पूर्व में राजस्व टीम ने नाप जोख कर पौधरोपण के लिए जमीन दी थी। यहां मार्च से पौधरोपण कराया जा रहा है। 130 हेक्टेयर भूमि है। 400 बीघा भूमि पर विवाद की स्थिति है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों के विरोध के चलते यहां पौधरोपण नहीं हो पाया है। इसकी जानकारी बड़े अधिकारियों को दी जाएगी जिससे यहां की व्यवस्थाएं ठीक हो सकें।

### महिला ने लगायी रामगंगा में छलांग

**फर्रुखाबाद**। महिला नें रामगंगा में मौत की छलांग लगा दी। लेकिन मौके पर थाने के दो होमगार्डों नें महिला की जान बचा ली। जनपद हरदोई के पाली गौरखेड़ा निवासी नन्ही पत्नी राजेश नें शुक्रवार को सुबह थाना राजेपुर क्षेत्र के रामगंगा के पुल से पानी में छलांग लगा दी। महिला को कूदते देख पिकेट डियूटी पर तैनात होमगार्ड सुधीर कुमार व संदीप कुमार ने रामगंगा में उसे सकुशल बचा लिया । बताया गया कि जिस जगह महिला पुल से कूदी वहां पानी कम था। उसके पति राजेश पाल ने बताया कि नन्ही का मानसिक संतुलन ठीक नही है। उसका इलाज चल रहा है। कई बार वह घर की छत से कूद चुकी है। परिजन महिला को लेकर घर चले गये।

### किसान झुलसा

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र कंपिल के गांव पथरा मई निवासी 32 वर्षीय गिरीश यादव पुत्र रामपाल यादव अपने खेतों की सिंचाई के लिए बोरिंग पर लगे पंपिंग सेट इंजन को चालू कर रहा था। किंतु इंजन कई बार हैंडल करने के बाद भी स्टार्ट नहीं हुआ तो किसान ने पुरानी तकनीक का सहारा लेते हुए इंजन के हेड में पलीता जलाकर लगाया और इंजन को हैंडल करने लगा। उसी समय इंजन की ओर खिंचाव और उसके बाद पलीते की आग तेल पढ़ते ही प्रचंड हो गई। इसकी चपेट में आकर गिरीश झुलस कर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उपचार के लिए कायमगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। चिकित्सक ने उसे प्रथम उपचार के वाद रेफर कर दिया।

# आगरा के वकील की हत्या, इटावा में शव मिला

● आगरा के जोंस मिल केस के वकील यश की हत्या के मामले में पुलिस ने सास सहित अन्य संदिग्धों को लिया हिरासत में



संवाददाता। इटावा

**आगरा** जोंस मिल केस के वकील केपी यश की मंगलवार को हत्या कर दी गईण् सोमवार को वकील यश का किडनैप हुआ था। वकील की लाश मंगलावर को इटावा जनपद के भरथना स्थित ग्राम मल्हौसी नहर में पड़ा मिली थी। लेकिन शव की पहचान गुरुवार को हो सकी । मृतक वकील की हत्या के शक में आगरा पुलिस ने मृतक बकील की सास समेत कुछ लोगों को गिरफ्तार किया है।

वकील केपी यश आगरा की जीवनी मंडी स्थित जोंस मिल परिसर में ही रहते थे।वो 26 अक्टूबर की शाम में लापता हो गए थे। 27 अक्टूबर को केपी यश की मां ने थाना छत्ता में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने गुरुवार को गुमशुदगी के मामले को अपहरण के केस में बदल दिया। पुलिस ने वकील की तलाश में 7 टीमें लगाई थी। पुलिस टीम ने यमुना एक्सप्रेस वेए आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वेएखंदौली और टूंडला टोल के सीसी टीवी कैमरे खंगालते हुए छानबीन शुरू करदी जिसमे पुलिस को अहम सुराग मिलते चले गये। जिसके आधार पर पुलिस ने छापेमारी शुरू करदी।

दूसरी तरफ 27 अक्टूबर की सुबह इटावा के भरथना अन्तर्गत मल्हौसी नहर पुल के नीचे पुलिस को एक अज्ञात लाश मिली थी। आगरा पुलिस ने गुरुवार को व्हाट्सअप से मिली फोटो की पहचान की तो वकील केपी यश के रुप में उनकी शिबख्त हो गई। जिसपर साम्हो चौकी के प्रभारी इमरान फरीद ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम हाउस में रखा गया है। मृतक वकील के परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम कराया दिया जाएगा।

आगरा पुलिस नेआशंका जताई कि वकील केपी यश की हत्या सुपारी देकर उनके ही रिश्तेदारों द्वारा कराई जा सकती है। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद वकील केपी यश के सास समेत कुछ लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। आगरा एसएसपी बबलू कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# नाव पलटने से दो भाई गंगा में डूबे, तलाश जारी



संवाददाता। फर्रुखाबाद

**चाचा** की पुत्री का अंतिम संस्कार करने जा रहे दो सगे भाई गंगा में नाव पलटने डूब गये। सूचना मिलने के बाद तहसीलदार मौके पर पंहुचे और ग्रामीणों की मदद से तलाश शुरू की लेकिन खबर लिखे जाने तक उनकी तलाश नही हो सकी है। थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के हंसिनगला निवासी 28 हरेन्द्र व उसका भाई 26 वर्षीय वीरेंद्र पुत्र रामवीर यादव अपने चाचा रामनिवास की 18 वर्षीय पुत्र लक्ष्मी की मौत हो जाने पर उसका अंतिम संस्कार करने कुबेरपुर घाट गये थे। शव का भू-विसर्जन करना था जिसके लिए नाव पर शव रखकर आधा दर्जन से अधिक लोग सबार हुए। जैसे ही नाव बीच धार में पंहुची तो गंगा के तेज बहाव में नाव अनियंत्रित होकर पलट गयी। नाव पलटने से उसके ऊपर बैठे सभी लोग गंगा में डूब गये। जबकि हरेन्द्र और वीरेंद्र का पता नही चला। उनके डूबने की खबर से कोहराम मच गया। घाट पर सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गयी। तहसीलदार राजू कुमार मौके पर आ गये। स्थानीय गोताखोर ग्रामीणों की मदद से दोनों भाईयों को तलाश करने में लगे है। खबर लिखे जाने तक दोनों बरामद नही हुए। तहसीलदार राजू कुमार नें बताया कि दोनों की गंगा में तलाश करने का प्रयास चल रहा है। जल्द तलाश किया जायेगा।

## चेकिंग अभियान में दस बाइकें पकड़ीं

**फर्रुखाबाद।** गरुण वाहिनी की टीम ने शुक्रवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया। बगैर मास्क के बाइक लेकर घूम रहे युवकों पर शिकंजा कसा गया। दस बाइकें पकड़ी गईं। इनके चालान की कार्रवाई की जा रही है। गरुण वाहिनी की टीम सुबह को कस्बे में पहुंची और यहां वाहन चेकिंग अभियान शुरू कर दिया। बगैर मास्क के घूमने वाले लोगों के भी चालान किए गए। बाइकों पर तीन सवारियां मिलने पर भी कार्रवाई की गई। जो लोग बगैर मास्क के निकले थे उन्हें हिदायत दी गई कि वह घरों से बाहर निकले तो मास्क जरूर लगाएं इसमें कोई लापरवाही न करें। थानाध्यक्ष देवेंद्र गंगवार ने दुकानदारों से आह्वान किया कि वह बाजार में सोशल डिस्टेंसिग का पालन कराएं। बगैर मास्क के कोई व्यक्ति आए तो उसे सामान न दें। इसमें कोई लापरवाही न करें। थानाध्यक्ष ने पूरे कस्बे में लोगों को इसको लेकर जागरूक किया।

## ट्रेन की चपेट में आने से मानसिक रोगी की मौत

संवाददाता। कायमगंज फर्रुखाबाद

**कोतवाली** क्षेत्र कायमगंज के गांव नरसिंहपुर निवासी महेश चंद्र श्रीवास्तव का 28 वर्षीय पुत्र संदीप कुमार मानसिक रोगी था। जिसका उपचार फर्रुखाबाद के एक मानसिक रोग विशेषज्ञ निजी चिकित्सक के यहां से चल रहा था। मृतक दिल्ली में रहकर अपने परिवार के भरण पोषण के लिए स्पोर्ट्स के कपड़ों की सिलाई का काम करता था । पिता के अनुसार संदीप अभी पांच-छह दिन ही दिल्ली से घर वापस आया था ,और वह 2 दिन पहले शाम लगभग 6:00 बजे बिना बताए अचानक ही घर से गायब हो गया था। जिसकी खोज खबर रिश्तेदारी तथा संभावित स्थानों पर करते हुए सूचना व्हाट्सएप पर भी डाल दी थी। किंतु कोई पता नहीं चला। प्रात: रेलवे गैंगमैन रेलवे ट्रैक से होकर जा रहा था। उसने रेलवे ट्रैक के किनारे एक शव पड़ा देखा। इसकी सूचना मिलते ही मृतक के पिता महेश चंद्र, ग्राम प्रधान, मृतक के परिजन तथा काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे । संदीप का शव कासगंज-कानपुर रेलवे लाइन की रेलवे स्टेशन कायमगंज की पूर्वी केबिन से कुछ आगे मृतक के ही गांव तथा उसी के अमरूद के बाग के सामने पड़ा था। मौके पर पहुंचे मृतक के पिता तथा अन्य लोगों ने शव की शिनाख्त संदीप श्रीवास्तव के रूप में की है। मृत्यु की सूचना मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे अपनी पत्नी पूनम तथा दो नाबालिग बेटों को छोड़कर इस दुनिया से हमेशा के लिए चला गया। उसके पिता महेश चंद ने बताया कि जब संदीप घर से गया था। उससे पहले ही से उसके पास 8 या 10 हजार रुपए भी थे। किंतु मृतक के पास से कोई भी रुपया नहीं मिला।

# दिल का दौरा पड़ने से जिला सहकारी संघ के अध्यक्ष का निधन

● डिप्टी सीएम की मीटिंग के दौरान आया अटैक



संवाददाता घाटमपुर

**भाजपा** के वरिष्ठ नेता और वर्तमान में जिला सहकारी बैंक कानपुर नगर के अध्यक्ष अरबिन्द सचान का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है उनके निधन से उनके गांव जलालपुर के साथ क्षेत्र में शोक की लहर फैल गयी। अरविन्द सचान आज घाटमपुर बिधान सभा सीट पर हो रहे उप चुनाव में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में कस्ब रेवना में आयोजित केशव प्रसाद मौर्य की सभा में पंहुचे थे भाजपा घाटमपुर मंण्डल के अध्यक्ष दलजीतसिंह ने बताया कि जन सभा दौरान उन्होने भाषण देने के बाद उनको उक्ति महशूस हुई तो वो मंच से नीचे उतर कर बीआईपी दीर्धा में बैठ गये। बताते हैं कि इसी बीच उन्होने सांसद देवेंनद्र सिह भोले को बुलाकर बात की इसके बाद मौके पर मौजूद एम्बूलेंस से सासंद भोले सिंह कानपुर लेकर कार्डियोलाजी पंहुचे जहॉं डाक्टरों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। अरबिन्द सचान कानपुर देहात जनपद के गांव जलालपुर ( पुखरायॉं )के रहने वाले थे, तथा बाल्य अवस्था से ही संध से जुड़े रहे, 58 वर्षीय अरबिन्द सचान कानपुर देहात भाजपा जिलाध्यक्ष के अलावा पार्टी के बिभिन्न पदों पर रहकर संगठन को मजबूत करने में लगे रहे। उनके निधन पर कानपुर ग्रामीण के जिलाध्क्ष कृष्ण मुरारी शुक्ला, महामंत्री बेदबृत सचान, सभासद बिबेक शुक्ला, श्रीकृष्ण मिश्रा, उमेश त्रिवेदी, आदि ने शोक व्यक्त किया।

## डीएम ने की जिला टास्क फोर्स की बैठक

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने क्लेक्ट्रेट सभागार में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक ली। उन्होंने शिक्षाए स्वास्थ्यए बाल विकासए पंचायती राज एवं अन्य सामाजिक संगठनों को आपसी तालमेल के साथ लोगों को जागरूक कर लिंगानुपात को संतुलित करनेए बालिकाओं के उत्थान एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि बेटा व बेटी में कोई अंतर नहीं है। बेटियां बचेंगी तभी समाज बचेगा। यही बात गांव.गांव तक पहुंचाने की आवश्यकता है। लिंगानुपात पर चिंता जाहिर करते हुए उन्होंने इसमें सुधार लाने की बात कही। उन्होंने कहा कि लिंगानुपात को संतुलित बनाने के लिए लोगों को जागरूक करना आवश्यक है। इसके लिये लिंग परीक्षण करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि लोगों को जागरूक करने के लिए जिले के प्रमुख सड़क मार्गो एवं सार्वजनिक स्थानों पर जागरुकता के लिए बेटी बचाओ बेटी पढाओ संबंधी वॉल पेंटिंग बनाने के साथ ही कलैण्डर इत्यादि प्रचार सामग्री से व्यापक प्रचार प्रसार कर लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने गर्भवती माताओं को पोषण एवं मेडिकल किट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पहली बार गर्भवती महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ देने के लिए आशा व आंगनबाडी कार्यकत्रियों को सर्वे कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि ने नए छात्राओं को रंगोली बनाने व अन्य आदि क्षेत्रों में आगे लाया जाए। इस मौके पर अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमारए जिला प्रोबेशन अधिकारी अभिषेक पाण्डेयए डीआईओएस अरविंद कुमार द्विवेदीए जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश यादवए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सोनाली पूनियाए संरक्षण अधिकारी धर्मेंद्र ओझाए महिला सशक्तिकरण से महिला कल्याण अधिकारी प्रतिमा श्रीवास्तव आदि अधिकारीगण व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रसोई गैस सिलेंडर से लगी भीषण आग

संवाददाता। इटावा

● मशक्कत के बाद पाया जा सका आग पर काबू

**भरथना** कोतवाली कस्बा के मोहल्ला गांधी नगर में बुजुर्ग मोहनलाल पोरवाल के घर मे शुक्रवार की सुबह नौ बजे रसोई गैस पर दूध उवालते समय गैस सिलेंडर में अचानक लगी भीषण आग के साथ घर से निकली चीख पुकार बचाओ बचाओ की आवाज से मोहल्ले में कोहराम मच गया। इस बीच घर की बहू उपासना पोरवाल ने गैस सिलेंडर के बीच आग की लपटों से घिरे अपने बुजुर्ग ससुर को सुरक्षित बचा लिया। और भीषण आग उगलते गैस सिलेंडर को रसोई व कमरे से निकाल खुले आसमान के नीचे गली में खींचकर निकाल दिया।

जिसपर मोहल्ले के जावाज युवाओं ने निजी समरसेबुल पम्प चलाकर व बालू और गीली बोरी डालकर गैस सिलेंडर की भीषण आग को बुझा लिया। आपको बतादें शुक्रवार को बुजुर्ग मोहन लाल पोरवाल अकारण ही रसोई गैस सिलेंडर पर दूध गर्म करने लगे। इसी बीच रसोई गैस सिलेंडर में अचानक भीषण आग पकडली। घर मे मौजूद बहु उपासना पोरवाल ने अपनी जान जोखिम में डालते हुए आग की चपेट में आने से पहले ही अपने बुजुर्ग ससुर को सुरक्षित बचा लिया। यही नही उपासना पोरवाल ने खुद ही एक और बड़ा बहादुरी का कारनामा कर दिखाया। घर व रसोई के अन्दर भीषण आग उगलते रसोई गैस सिलेंडर को भी खींच कर घर के वाहर खुले आसमान के नीचे गली में डाल दिया। इस अग्नि काण्ड में उपासना पोरवाल के घर गृहस्थी का मामूली सामान जल कर नष्ट होगया। हालांकि घटना की सूचना पर फ़यरविग्रेट कर्मियों मौके पर पहुँचते इससे पूर्व जावाज युवाओं ने गैस सिलेंडर की आग को बुझा लिया।

# बदमाशों ने दो घरों के ताले तोड़े, लाखों के गहने नगदी हुई पार

**इटावा।** भरथना कोतवाली नगर क्षेत्र के अन्तर्गत कस्बा के दो अलग अलग मोहल्ला राजागंज व कृष्णा नगर में बीती रात अज्ञात बड़नाशो ने सुने पड़े दो घरों को निशाना बना कर धावा बोल दिया और ताले तोड़कर घरों में प्रवेश कर लाखों रुपये कीमती सौने चांदी के आभूषण व नगदी पार करदी। और चोरी की घटना को बड़े इत्मीनान से अंजाम देकर भोर होने से पूर्व घर खुला छोड़ चम्पत हो गये। चोरी की घटना से शिकार हुए पीड़ित गरस्वामियों ने कोतवाली पुलिस को लिखित सूचना देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है। मोहल्ला राजागंज के पीड़ित गृहस्वामिनी की राजबाला यादव व उनके पति राजवीर यादव ने बताया कि वह एल आई सी कम्पनी में अभिकर्ता है। बीती रात उनके पैतृक गांव खितौरा जय गुरुदेव आश्रम पर एक धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेने गये हुए थे। इसी रात अज्ञात बदमाशों ने उनके घर मे प्रवेश कर अलमारी आदि बक्सों के ताले तोड़कर उसमें रखे कीमती सौने के आभूषण व नगदी चोरी कर लेगये। घटना की जानकारी प्रात: शुक्रवार को राजवीर यादव को वापस लौटने पर घर मे विखरा समान देख कर हो सकी। वहीं बदमाशों ने दूसरी चोरी की घटना को नगर के मोहल्ला कृष्णा नगर में अंजाम दिया है। आपको बतादें कृष्णा नगर के गृहस्वामिनी रुकमणी देवी व उनके पति जितेंद्र बीते दो दिनों से अपने पैतृक गांव निनावा गये हुए थे। जिसके कारण दो दिनों से उनका घर सूना पड़ा था। पीड़ित गृहस्वामिनी शों ने घर में लगे ताले तोड़कर सौने चांदी के आभूषण व नगदी चुराकर ग्रहस्वामनी रुकमणी देवी व जितेंद्र ने बताया कि घटना की जानकारी होने पर वे अपने घर पहुँचे घर का सामान विखरा पड़ा था। खोज बीन करने पर उनके रखे सौने के आभूषण व नगदी समेत गृहस्थी के केई समान गायव है। घटना के सम्बंध में भरथना पुलिस को लिखित तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है।भरथना नगर में एक ही रात में अलग अलग दो मोहल्लों में अज्ञात बदमाशों द्वारा की गई लक्खी चोरी की घटना से भरथना नगर के व्यापारियों व गृहणियों में पुलिस सुरक्षा को लेकर सवाल किये जा रहे हैं।

# स्कार्पियो पलटी दो मासूमों समेत महिला की मौत, 11 लोग घायल



हादसे के शिकार लोगों को वाहन से निकालते ग्रामीण।

**चित्रकूट।** राजापुर थाना क्षेत्र के बिहरवां गांव के एक परिवार के 14 लोग स्कार्पियो में सवार होकर चित्रकूट दर्शन को आ रहे थे। रास्ते में वाहन बेकाबू होकर पलट जाने से दो बच्चों समेत एक महिला की मृत्यु हो गई। 11 लोग घायल हो गये। पुलिस ने सभी शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। ये हादसा शुक्रवार को अपरान्ह एक बजे हुआ। बताया गया कि बिहरवां गांव के बालकृष्ण मिश्रा के परिवार के लोग सवेरे साढ़े नौ बजे चित्रकूट दर्शन को स्कार्पियो से जा रहे थे। बक्टाखुर्द के पास अचानक सामने जानवर आने से वाहन पलट गया। इससे उसमे सवार मुनिया देवी (52), आशू (5) पुत्री मनोज शुक्ला व यश (3) पुत्र मनोज शुक्ला निवासी अलीपुर जीता जिला कौशाम्बी की घटना स्थल पर मृत्यु हो गई। ग्रामीणों की मदद से शारदा (26) पत्नी सुनील पाण्डेय निवासी टिकरा लालगंज प्रयागराज, अनीता (35) पत्नी दिनेश निवासी ऊंचागांव कुण्डा प्रतापगढ़, विभा (30) पत्नी रामबदन निवासी अररवा जिला रायबरेली, उमेश (5) पुत्र रामबदन, मयंक (7) पुत्र रामबदन, अंतिमा (25) निवासी तुलसीपुर कौशाम्बी, रामनारायण (38) निवासी शोभना बसेड़ी मूरतगंज कौशाम्बी, पूनम (8) पुत्री रामनारायण, मनोज (30) अलीपुर जीता व क्षमा (28) पत्नी पवन दुबे निवासी बादशाहपुर प्रतापगढ़, मीनू (30) पत्नी मनोज अलीपुर जीता को ग्रामीणों ने वाहन से निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राजापुर में भर्ती कराया। सभी को प्रयागराज रेफर कर दिया है। पुलिस ने शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

# षोडशी कार्यक्रम में शामिल होंगे सत्तापक्ष के कई कद्दावर नेता

**हमीरपुर।** आरएसएस के वरिष्ठ कार्यकर्ता जयबीर सिंह गौतम के षोडशी कार्यक्रम में ईश चैतन्य आश्रम में सत्तापक्ष के कई कद्दावर नेताओं का आना तय हो गया है। अपर जिलाधिकारी बीपी श्रीवास्तव ने बताया कि कल इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती, जल शक्ति मंत्री डा.महेंद्र सिंह, स्वास्थ्य मंत्री जेपी सिंह के अलावा और कई माननीयों के कार्यक्रम में शामिल होने की उम्मीद जतायी जा रही है। कार्यक्रम में डिप्टी सीएम केशवप्रसाद मौर्य का भी आना निश्चित माना जा रहा है मगर प्रशासन के पास देर रात तक कोई प्रोटोकाल प्राप्त नही हुआ था, इस कार्यक्रम को लेकर तरह तरह की अटकलें लगायी जा रही है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये कई संघ के वरिष्ठ नेता दो सप्ताह से डेरा डाले हुये है। लोनिवि के चीफ इंजीनियर सीमा से लगे चैतन्य आश्रम तक जाने वाली रोड का तीन मर्तवा निरीक्षण कर चुके है।

## जिले में मिले तीन नए संक्रमित

**हमीरपुर।** जनपद में आठ मरीजों ने कोरोना से जंग जीतकर घर वापसी की है। वहीं तीन नए लोग कोरोना से संक्रमित पाए गए हैं। जिन तीन लोगों में कोरोना की पुष्टि हुई है उनमें इंगोहटा गांव की 55 वर्षीय वृद्धा, भरखरी उमरी गांव निवासी 10 वर्षीय किशोर और इमिलिया निवासी 23 वर्षीय युवक है। जबकि कोरोना से 65 वर्षीय वृद्धा समेत कुल आठ मरीज ठीक हुए है। इनमें पांच मरीज सुमेरपुर कोविड संबद्ध हॉस्पिटल, एक कुरारा सीएचसी से और दो मरीजों का होम आइसोलेशन पूरा हुआ है। सीएमओ डॉ. आरके सचान ने बताया कि आठ मरीजों को डिस्चार्ज करने के बाद ठीक होने वाले मरीजों की संख्या 1231 हो गई है।

## दुष्कर्म मामले में दो को हुआ आजीवन कारावास

**चित्रकूट।** रैपुरा थाने के दरोगा गुलाबचन्द्र मौर्य की टीम ने शीबू उर्फ शिवम पुत्र चुनका उर्फ रामशरण निवासी कस्बा रैपुरा को चोरी के मोबाइल समेत दबोचा है। ज्ञात है कि रैपुरा थाने में उदयकुमार पुत्र राजकुमार निवासी अगरहुण्डा ने 26 अक्टूबर को रिपोर्ट लिखाई कि कस्बा रैपुरा में आर्यावर्त बैंक के सामने रामकल्याण समोसे की दुकान से शीबू उर्फ शिवम ने उसका मोबाइल फोन चोरी कर लिया है। रिपोर्ट दर्जकर दरोगा गुलाबचन्द्र मौर्य ने आरोपी को गिरफ्तार कर मोबाइल फोन बरामद कर जेल भेजा है। इसी क्रम में पहाड़ी थाने के दरोगा टीकाराम वर्मा की टीम ने वांछित अजय भारद्वाज पुत्र देवेन्द्र कस्बा पहाड़ी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मऊ थानाध्यक्ष व पैरोकार ने पैरवी कर अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत से दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट व एससी-एसटी के मामले में विजय केवट पुत्र रामअभिलाष केवट व रामलखन पुत्र शिवबाबू केवट निवासी सुहेल को आजीवन कारावास तथा दस-दस हजार रुपये के जुर्माने से दंडित कराया है।

## विवक न्यूज

### अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, युवक घायल

**राठ (हमीरपुर)।** थाना जलालपुर के ग्राम पुरैनी निवासी संदीप अपने मित्र अंकित के साथ बाइक में सवार हो राठ से अपने घर जा रहा था। तभी रास्ते में अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाइक सवार घायल हो गए। वहीं अन्य मार्ग दुर्घटनाओं में नगर के मोहल्ला सिकंदरपुरा निवासी मोहित पुत्र उद्धव प्रसाद, मोहल्ला पठानपुरा निवासी धर्मेंद्र पुत्र शिवशंकर, ग्राम करगंवा निवासी चाहत (18) पुत्र हंसराज ग्राम लौना व ग्राम लोधीपुरा निवासी यशस्वी (2) पुत्री राजकुमार घायल हो गए हैं। जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी राठ में भर्ती कराया गया है। जहां चिकित्सक ने यशस्वी की गंभीर हालत को देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया है।

### तीन लोगों ने जहरीला पदार्थ खाकर किया आत्महत्या का प्रयास

**राठ(हमीरपुर)।** नगर के मुहाल बुधौलियाना निवासी सीमा पत्नी सुजान ने खाना बनाने को लेकर हुए विवाद पर पति की डांट से क्षुब्ध होकर जहरीला पदार्थ खा लिया है। वहीं पारिवारिक कलह से तंग आकर ग्राम पथखुरी निवासी ममता पत्नी मनमोहन व ग्राम सैदपुर निवासी राजाराम पुत्र हरगोविंद ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया है। जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी राठ में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने सीमा की गंभीर हालत को देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया है।

### शातिर अपराधी को किया गिरफ्तार

**सरीला (हमीरपुर)।** जरिया थाना पुलिस ने क्षेत्र के खेड़ा शिलाजीत गांव के पास से जमानत के बाद से फरार चल रहे। शातिर अपराधी को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष रीता सिंह ने बताया कि भगत सिंह लोधी निवासी खेड़ा शिलाजीत शातिर अपराधी है। उसके विरुद्ध मारपीट, लूट, राहजनी, आर्म्स एक्ट, के जरिया थाने में दो राठ में छैः चिकासी में एक व जनपद जालौन के डकोर थाने में भी एक मामला दर्ज हैं। आरोपी शातिर अपराधी है वह किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में था। तथा न्यायालय में चल रहे मुकदमों में लगभग दो साल से जमानत के बाद से फरार चल रहा था। उसे गिरफ्तार किया गया है।

### गैस सिलेंडर से लगी आग, गृह स्वामी झुलसे

**मौदहा(हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिसजवाही गांव मे घरेलू गैस सिलेंडर का रिसाव होने से आग लग गयी जिससे परिवार के लोग बाल बाल बच गये।गांव के रामनरेश सिंह ने जैसे ही रेगुलेटर खोलकर गैस चालू की तभी सिलेंडर के रिसाव के चलते रसोई में आग की लपटें निकलने लगी। जिससे परिवार के लोग बाहर की ओर दौड़ पड़े और यह घटना देख मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई यह देख गृह स्वामी रामनरेश ने सिलेंडर को उठाकर बाहर फेंकने का किया प्रयास जिससे उसके दोनों हाथ बुरी तरह आग से झुलस गए फिर भी हिम्मत जुटाकर उसने सिलेंडर को निकाल कर बाहर खेतों में फेंक दिया और तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी परंतु फायर सर्विस के पहुंचने से पहले ही सिलेंडर में लगी आग पर काबू पाया जा चुका था फिर भी सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड के जवानो ने घटनास्थल पर पहुंचकर वहां का निरीक्षण किया और मौजूद लोगों को ऐसी गंभीर परिस्थितियों में बचाव के उपाय बताएं।

### दबंग कर रहे सरकारी भूमि पर कब्जा

**चित्रकूट।** राजापुर तहसील के प्रसिद्धपुर गांव के विजय सिंह पुत्र स्व रामस्वरुप सिंह ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि सरकारी भूमि पर दबंग लोग कब्जा किये हैं। एसडीएम राजापुर ने भूमि की नाप कराकर बारातघर को सीमांकन किया था। इसके बाद भी दबंगों ने सरकारी भूमि पर कब्जा कर निर्माण करा रहे हैं। प्रसिद्धपुर गांव के विजय सिंह ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि गांव के दबंग मान सिंह, संतोष, सीताराम, भगवानदीन, विकास ने सरकारी भूमि पर रात में चोरी से ट्रैक्टर बुलाकर पिलर खुदवाकर निर्माण कार्य चालू किये हैं। एसडीएम राजापुर व अन्य अधिकारियों ने सूचना मिलने पर हल्का लेखपाल को भेजकर पिलर के गड्ढ़े पुरवा दिये हैं। दबंगों ने फिर से निर्माण कार्य शुरु कर दिया है। ग्रामीण ने कहा कि दबंगों के खिलाफदंडात्मक कार्यवाही की जाये, ताकि गांव में रहने वाले लोगों का हित हो सके।

### चोर ले गये सोने-चांदी के जेवर

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के सोनेपुर गांव के नत्थू प्रसाद पुत्र स्व रामनिहोरे ने कोतवाल को दी तहरीर में कहा कि 12 अक्टूबर की रात 12 बजे गोलू उर्फराजू, रामनरेश, शंकर ने घर में घुसकर कीमती जेवर व 17 हजार रुपये चुराकर भाग गये। शुक्रवार को पीड़ित ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा कि उक्त लोग उसके घर से बिछुआ, छागल, दो सेट पायल, चार चूड़ी चांदी की, चांदी की दो जंजीर, सोने का गले का हार, नाक की नथुनी, झूमक और 17 हजार रुपये नकद चुरा ले गये। पीड़ित ने अपनी पुत्री के शादी को सभी वस्तुयें बनवाकर घर में रखी थी। पुत्री का विवाह तीस नवम्बर को होना था। चोर मोबाइल भी चुरा ले गये हैं। चोर दबंग किस्म के हैं। चोरी की बात करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

### आर्थिक स्थिति दयनीय होने से फांसी पर झूला युवक

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** शुक्रवार की सुबह क्षेत्र के ग्राम तेरारब्बू के मजरा चित्तरपुर्वा निवासी 40 वर्षीय अनीश पुत्र नसरुद्दीन रिक्शा चला कर घर लौटा। उसने घर के कमरे में खुद को बंद कर फांसी के फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। जिसे देख परिजनों में कोहराम मच गया। दुखी पत्नी अंजुम ने बताया कि उसके छोटे-छोटे एक बेटी चार बच्चे है। युवक रिक्शा चलाकर परिवार का भरण पोषण करता था। भूमिहीन है तथा आवास योजना के तहत आवास में रहती है। उसका पति आर्थिक तंगी के चलते आए दिन परेशान रहता था। उपनिरीक्षक राम मनोज द्विवेदी ने पहुंच कर मृतक युवक का पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में हुई युवक की मौत

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** शुक्रवार को युवक 25 वर्षीय युवक कुलदीप पुत्र अखिलेश यादव का शव उसके ग्राम यादव नगर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने दुखी परिजनों को शोक संवेदना व्यक्त कर ढाढस बंधाया। मृतक अपनी रिश्तेदारी में बहन के यहां शंकरपुर थाना विशुनगण गया था। जहां युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संतोष चतुर्वेदी ने दुखी परिजनों को शोक संवेदना व्यक्त की। जबकि ग्रामीणों में प्रेम प्रसंग को लेकर युवक की हत्या करने की चर्चाए दबी जुबान से होती रही। समाचार लिखे जाने तक कोतवाली पुलिस मौके पर नहीं पहुंची थी।

### महिला ने दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया

**माधौगढ़ (जालौन)।** महिला ने कोतवाली में आकर पति व सास, ससुर के खिलाफदहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया जिसमें पुलिस ने लिखित तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। प्रभा गुप्ता पत्नी राहुल गुप्ता ने कोतवाली में आकर तहरीर दी कि पति व सास, ससुर द्वारा दहेज की मांग को लेकर महिला के साथ मारपीट व मानसिक रूप से उत्पीड़न किया जाता है महिला की शादी लगभग 11 माह पूर्व 29 नवम्बर 2019 को हुई थी पुलिस ने दहेज उत्पीड़न को लेकर मुकदमा दर्ज कर लिया।

## अपने स्वाभिमान की रक्षा के लिए स्वयं को सशक्त बनाना होगा: प्रहलाद

**जालौन ( उरई )।** किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूरे सामर्थ्य के साथ एक निर्धारित दिशा में कार्य करना चाहिए। अपने स्वाभिमान की रक्षा के लिए स्वयं को सशक्त बनाना होगा। यह बात ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम लौना में एक निजी कार्यक्रम में आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाई प्रहलाद मोदी ने कही। प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी योजना प्रचार प्रसार अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रहलाद मोदी इन दिनों प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए जनपद के दौरे पर हैं। गुरुवार की रात वह ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम लौना में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा आईटी विभाग के क्षेत्रीय संयोजक रणजीत सिंह साहू के आवास एक निजी कार्यक्रम में सम्मिलित होने आए थे। इस दौरान उन्होंने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि हर जरूरतमंद के घर गैस चूल्हा जले, सभी के सिर पर छत हो और गांव-गांव बिजली और शौचालय के इंतजाम के साथ केंद्र की सभी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मिलना चाहिए। यह देश के जरूरतमंद लोगों का अधिकार भी है। कहा कि किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूरे सामर्थ्य के साथ एक निर्धारित दिशा में कार्य करना चाहिए। अपने स्वाभिमान की रक्षा के लिए स्वयं को सशक्त बनाना होगा। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से भी अपील की कि भाजपा के प्रत्येक पदाधिकारी को प्रत्यके पात्र व्यक्ति को उनका हक दिलाने के लिए दृढ़ संकल्पित रहना चाहिए। इससे पूर्व सीओ ऑफिस के पास नगर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी के भाई का स्वागत किया।

## सीड हब केवीके कुरारा का हाल बेहाल

# उत्पादित बीज खरीदने से किया इंकार, किसानों से ले रहा है जबरदस्त रार

- किसानों को भरोसा देकर छल कर रहे है वैज्ञानिक, राठ के आधा दर्जन किसानों ने शासन को बतायी पीड़ा

**हमीरपुर।** किसानों के तकनीकि खेती कराने के नाम पर धोखा देने वाला कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) कुरारा किसानों द्वारा उत्पादित प्रमाणित बीज खरीदने से साफ इंकार कर देता है। जब कि शासन ने केंद्र को सीड हब की सुविधा कई सालों पहले दे दी थी। उपजाऊ बीज न खरीदने से किसान निराश हो चुका है। और कई सालों बाद जिले का किसान बीज के मामले में आज भी आत्मनिर्भरता से कोसो दूर है।

तकनीकि व उन्नतिशील खेती करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया केवीके में किसानों को सही लाभ नही मिल पा रहा है। खरीफ व जायद की फसल की बोआई सिर्फ कागजों किये जाने से किसानो का बीज भी कृषि बैज्ञानिक खरीदने से इंकार कर देते है। एक साल पहले राठ क्षेत्र के परा गांव के किसान मोतीलाल, प्रहलाद सिंह धमना गांव निवासी मुन्नालाल, हरनारायण आदि लोगो ने खरीफ फसल के लिये मूंग का बीज केवीके कुरारा से बोने के लिये ले गये थे जब किसानो ने फसल तैयार करने के बाद जब उत्पादन का करीब साठ कुंटल बीज केवीके के किसानों से खरीदने को कहा तो बैज्ञानिकों ने साफ इंकार कर दिया, यही नही किसान मुन्नालाल ने बताया कि बैज्ञानिकों के आश्वासन पर सभी किसानों एक साल तक बीज को रोके रखा बाजार में विक्री नही की जिससे उनका बीज खराब हो गया और उन्होने मजबूर होकर उस बीज को औने पौने दामो में विक्री किया, पांच किसानों की पीड़ा तो एक बानगी है इसी प्रकार सैकड़ो किसान अपनी पीड़ा को ह्दय में दवाये हुये बैठे है।

केवीके से झटका खाये किसानों ने इसके बाद खरीफ फसल का बीज केवीके से नही लिया है। हालाकि कृषि वैज्ञानिक किसान बीज उपलब्ध कराने का काम हर साल कागजो में दिखा रहा है और शासन को गुमराह किया जाता रहा है। शासन के साफ आदेश है कि कृषि विज्ञान केंद्र जिले का सीड हब है इसलिये रबी, जायद, खरीफ की तीनो फसले बोयी जाये और किसानों को तकनीकि जानकारी देने के साथ साथ उनका बीज भी खरीदा जाये मगर किसानो को कोई राहत नही मिल रही है। कई सालों से प्रमाणित बीज का उत्पादन कर रहा सीड हब केवीके किसानों को बीज तो किसी प्रकार आवंटित कर देता है मगर जिला आज तक प्रमाणित बीज के मामले में आत्मनिर्भर नही हो सका है। यही कारण है कि जिले मे खरीफ रबी का उत्पादन लगातार गिरता जा रहा है। किसानों का कहना है कि यदि केवीके तीनों फसलों के बीज उपलब्ध करा दे तो किसानों का उत्पादन अनुपात वढ़ सकता है।

### जिसकी शिकायत उसी को निस्तारण करने को कर दिया आदेश

**हमीरपुर।** किसानों द्वारा केवीके की शिकायत सम्पूर्ण समाधान दिवस में की गयी मगर जांच अधिकारी जिला कृषि अधिकारी डा. सरस तिवारी ने जिसकी शिकायत की गयी थी उसी को शिकायत निस्तारित करने का आदेश कर दिया है जिससे किसान मत्था पकड़कर बैठ गये है। किसान मुन्नालाल ने बताया कि उसने 29 जुलाई 2019 को तहसील दिवस में शिकायत की गयी थी जिसका संदर्भ संख्या 30086518002194 था इस पर डीएओ ने इस मामले में कोई कार्यवाही न करके बल्कि खानापूरी करते हुये लिख दिया कि किसान बैज्ञानिक से संपर्क कर नियमानुसार लाभ प्राप्त कर सकते है जब कि किसान बैज्ञानिकों से कई मर्तवा मिलने के बाद ही शिकायत की थी। राठ के किसानों ने बताया कि केवीके द्वारा जो किसानों के साथ धोखा किया जा रहा है और उनकी समस्याओं का कोई निस्तारण नही किया जा रहा है इससे उच्चाधिकारी अपनी पीठ थपाथपा कर शासन को गुमराह कर रहे है।

# राठ व मौदहा में परंपरागत ढंग से निकाला जुलूस, अतहर ने बांटे गरीबों को पचास कंबल



जुलूस निकालते श्रद्धालु

संवाददाता। हमीरपुर

**शुक्रवार** को शहर में बारावफात का जुलूस धूमधाम से निकाला गया। जुलूस में शामिल युवा झंडे लेकर आगे चलते नजर आए। वहीं युवाओं के द्वारा जमकर सरकार की आमद मरहबा के नारे भी लगाए। जुलूस में शामिल लोगों पर जमकर फूल भी बरसाए गए। जुलूस में शामिल पेशइमाम व काजी नात-ए-पाक पढ़ते नजर आए और सरकार की आमद मरहबा के नारे लगाए। मोहर्रम इंतजामियां कमेटी के वली अहमद साबरी समेत समाजसेवी अनवर खान, जलीस खान, शकील अहमद समेत सभी मस्जिदों के पेश इमाम व काजी मौजूद रहे। बारावफात के जुलूस में शामिल लोगों के लिए जलपान की भी व्यवस्था जगह जगह समाजसेवियों के द्वारा कराई गई। मुख्यालय के आकिल तिराहे के पास असद खान, अरशद खान समेत अन्य कई साथियों के द्वारा जलपान की व्यवस्था की गई और जुलूस में शामिल लोगों को हलवा बांटा गया। वहीं जलीस खान व सभासद हसन खान ने जुलूस में शामिल लोगों को मास्क बांटकर संक्रमण से बचाव का भी संदेश दिया।

राठ में इस्लाम धर्म के प्रवर्तक हजरत मोहम्मद साहब के जन्म दिवस के अवसर पर मनाया जाने वाला ईद मिलादुन्नबी का त्योहार इस वर्ष भी धूम धाम से मनाया गया। कस्बे की मुस्लिम बस्तियों में सुबह से ही खाना सहित अनेकों जरूरत के सामानों का दान किया गया। इस उपलक्ष्य पर लोहिया वाहिनी के जिला उपाध्यक्ष अतहर उल्ला खां ने 50 गरीबो को कम्बल बांटे। कम्बल पाकर गरीबों के चेहरे खिल उठे।

अतहर उल्ला ने बताया कि मुहम्मद साहब ने गरीबों की भलाई और दान का पैगाम दिया था। कम्बल पाने वाले लटोरा, वीर दद्दा, नबाब, नस्सो व फसाद आदि के चेहरे कम्बल पाकर खिल उठे। इस दौरान जब्बार खान साहब, काली सभासद, अलीम मेम्बर, सुब्बन नेता, जफर खां साहब, सलीम उल्ला रोशन, रानू व सैनी आदि मौजूद रहे।

मौदहा में कोरोना वैश्विक महामारी के चलते सभी त्यौहार फीके रहे और सभी धर्मों के लोगो ने शासन की गााइडलाइन का पालन करते हुये, सभी त्यौहार अपने अपनेघरों में मनाया , इसी क्रम में शासन की गााइड लाइन के अनुसार मुस्लिम धर्म के कुछ लोगों ने ईद मिलाद उन नबी का जुलूस निकालकर ,एकता और सौहार्द का संदेश दिया जिसमें इस्लामिक झंडे के साथ अपने देश का राष्ट्रीय ध्वज लहराते हुए, सभी छोटे बड़े बच्चों ,वं युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला

### दारोगा को न हटाने तक नहीं होंगे मुस्लिम धार्मिक कार्यक्रम

**सुमेरपुर।** थानाध्यक्ष के विरोध स्वरूप कस्बा सुमेरपुर में मोहम्मदी जुलूस नहीं निकाला गया ष्टपेश इमाम ने कहा है कि जब तक थानाध्यक्ष को हटा नहीं दिया जाता है तब तक सामाजिक व धार्मिक आयोजनो का बहिष्कार होता रहेगा। शहर काजी व जामा मस्जिद सुमेरपुर के पेश इमाम शैफ उल्लाह द्वारा मीडिया को लिखकर अवगत कराया है कि गरीबो को न्याय न मिलने , लोगों की जमीन में कब्जा करवाने, न्यायप्रिय फैसला जनता के हित में न देने से लोग नाराज हैं जब तक थानाध्यक्ष का स्थानांतरण नहीं हो जाता तब तक थानाध्यक्ष सुमेरपुर के रहते हम लोग सभी सामाजिक व धार्मिक आयोजनो का बहिष्कार करते रहेंगे ष्टयह हमारा मौलिक अधिकार है।

## सर्राफा कारोबारी की दुकान आग से जली

**जालौन ( उरई )।** गुरुवार की रात बाजार बैठगंज स्थित सर्राफा की दुकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग लगने करीब 3 लाख रुपये का सामान जलकर राख हुआ। मार्केट के ऊपर रह रहे कारीगरों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। नगर के बाजार बैठगंज में नंदराम मार्केट में मोहल्ला चौधरयाना निवासी मुकेश स्वर्णकार की मुकेश ज्वैलर्स के नाम से सराफा की दुकान है। इसी मार्केट में ऊपर सोने का काम करने वाले कारीगर भी रहते हैं। रात करीब 8 बजे मुकेश दुकान बंद घर चले गए। तभी रात में करीब 2 बजे अचानक उनकी दुकान में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। दुकान से निकलने वाले धुएं के चलते ऊपर रहने वाले कारीगरों की आंख खुल गई। दुकान में आग लगी देखकर कारीगरों ने मुकेश को सूचना दी और दुकान में लगी आग को बुझाने का प्रयास करने लगे। मुकेश भी मौके पर पहुंच गए। लगभग दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सभी ने मिलकर आग पर काबू पा लिया।

# नोडल अधिकारी के निर्देश पर डीडीओ ने सचिव को किया निलंबित

**कदौरा ( जालौन )।** बुधवार को नोडल अधिकारी धीरज साहू ने क्षेत्र के ग्राम हांसा गांव में पहुच कर संचालित योजनाओं की हकीकत देखी थी जहां पर सचिव द्वारा प्रधानमंत्री आवासों में अपात्रों का चयन करने ग्रामीणों द्वारा स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत शौचालयों का अपूर्ण होने गलियों एंव नालियों में गंदगी पाए जाने सफाई कर्मियों की ड्यूटी के बाद भी सफाई न होने पंचायत भवन में अवैध रूप से कब्जा कर तिल की फसल का अवशेष रखने सहित सुविधा शुल्क मांगने की शिकायत मिली थी। नोडल अधिकारी ने सचिव पर कार्यवाही के लिए कार्यवाही के निर्देश दिए थे। गुरुवार को डीडीओ मिथलेश सचान ने सचिव सिकन्दर सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर मामले की जांच डकोर बीडीओ को सौंपी। पंचायत सचिव के निलंबन की सूचना मिलते ही अन्य पंचायत सचिवों में हड़कम्प मच गया। बीडीओ अतिरंजन सिंह ने कहा कि संचालित योजनाओं में लापरवाही बरतने एंव अधिकारियों को गुमराह करने वाले आधा दर्जन सचिवों की सूची सीडीओ को सौंप दी गई है जल्द उन पर कार्यवाही होगी।

### एक वर्ष में दूसरी बार निलंबित हुये सिकन्दर सिंह

**कदौरा।** एक वर्ष के अंदर दुबारा निलंबित हुए ग्राम विकास अधिकारी सिकन्दर सिंह क्षेत्र के ग्राम बवीना में 17 जनवरी को गौशाला के अंदर आधा दर्जन से अधिक गौवंशो की मौत हो गई थी जिस पर ग्रामीणों ने प्रधान व सचिव के खिलाफजमकर नारेबाजी की थी नोडल अधिकारी धीरज साहू ने सिकन्दर सिंह को निलंबित किया था जबकि हांसा में निर्माणाधीन सामु. शौचालय का निर्माण कार्य मानक विहीन हो रहा था नोडल अधिकारी ने गहरी नाराजगी जताई थी फिर भी अन्य जिम्मेदारों पर कार्यवाही न होना भी चर्चा का विषय बना हुआ है।

### आधा दर्जन सचिव है रडार पर

**कदौरा।** कार्यों के प्रति लापरवाही की इंतहा को पार करने वाले ब्लाक क्षेत्र में तैनात कई सचिव ऐसे भी है जो गौशालाओं के लिए आई धनराशि का बंदरबांट कर कागजों में मवेशियों की संख्या दर्ज कर देते हैं। आवासों में लाभार्थियों से 10 हजार से लेकर 20 हजार व शौचालयों में दो दो हजार रुपये सुविधा शुल्क लेते हैं जिसकी शिकायतें भी होती है कार्यवाही के नाम पर सिर्फखानापूरी हो कर बात खत्म हो जाती है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में बनवाए जा रहे लाखों के शौचालयो के निर्माण में मानकों की अनदेखी हो रही है निर्माण कार्य गुणवत्ताविहीन व खराब हो रहे हैं लेकिन मोटे कमीशन को देखते हुए अधिकारी कार्यवाही करने से कतरा रहे है।

# नगर में डेंगू की दस्तक तीन बच्चों सहित पांच कानपुर रेफर

**जालौन ( उरई )।** नगर में डेंगू ने दस्तक दी। मोहल्ला रापटगंज में 3 बच्चों समेत मोहल्ला मुरली मनोहर में 2 लोग डेंगू से ग्रसित मिले। परिजन उन्हें इलाज के लिए कानपुर ले गए हैं। जहां एक ओर लोग कोरोना वायरस के प्रकोप से परेशान हैं तो वहीं जानलेवा डेंगू भी अपने पैर पसारने लगा है। डेंगू के मच्छर के पनपने का यही सीजन है। इस मौसम में डेंगू मच्छर को पनपने के लिए अनुकूल वातावरण मिलता है। वहीं, मच्छरों के विनष्टीकरण में की जा रही हीलाहवाली के कारण नागरवासियों की सेहत खतरे में पड़ गई है। गुरूवार को नगर में एक साथ 5 व्यक्ति डेंगू पॉजीटिव पाए गए।

नगर के मोहल्ला रापटगंज में तीन बच्चों समेत मोहल्ला मुरली मनोहर में 2 व्यक्ति डेंगू से ग्रसित पाए गए। डेंगू की पुष्टि होने के बाद परिजन उन्हें इलाज के लिए कानपुर ने गए हैं। इस संदर्भ में नगर के समाजसेवी अशफाक राईन मुख्य चिकित्साधिकारी से दूरभाष पर वार्ता कर नगर में डेंगू विनष्टीकरण की कार्रवाई कराने की मांग की है। डेंगू को लेकर रिटायर्ड सीएमओ डॉ. एमपी सिंह ने बताया कि डेंगू व्यक्ति से व्यक्ति में नहीं फैलता है बल्कि मच्छरों के काटने से फैलता है। लेकिन इसका तत्काल इलाज लेना चाहिए अन्यथा प्लेटलेट्स कम होने से जान की खतरा रहता है। डेंगू हर मच्छर से भी नहीं फैलता है। डेंगू मादा एडीज इजिप्टी मच्छर के काटने से होता है। मच्छर दूसरे मच्छरों की तुलना में थोड़ा बड़ा होता है। इसका मच्छर का रंग स्याह होता है और इसके शरीर पर सफेद रंग की धारियां होती है। इससे बचने के लिए अपने आसपास जलभराव न होने दें। यदि ऐसा करना संभव नहीं है तो उसमें मिट्टी के तेल की बूंदे डाल दें। रात को सोते वक्त मच्छरदानी का इस्तेमाल करें या फिर मॉस्किटो रिफिल लगाएं। फुल आस्तीन के कपड़े पहनें। इस संदर्भ में मलेरिया अधिकारी सुनीता ने बताया कि शीघ्र ही नगर में मच्छरों के विनष्टीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

## विजिलेंस टीम ने 110 कनेक्शन काटे, 36 के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**जालौन ( उरई )।** बिजली विभाग चोरी रोकने के लिए ताबड़तोड़ चेकिंग अभियान चला रहा है। विभाग की बिजीलेंस टीम ने नगर के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में चेकिंग अभियान चलाया 110 लोगों के कनेक्शन काटे व 36 लोगों के खिलाफ मामला बिजली चोरी का मामला दर्ज कराया है। चोरी रोकने व राजस्व में वृद्धि के लिए बिजली विभाग द्वारा 3 महीने के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अधिशाषी अभियंता उमाशंकर राजपूत परीक्षण मनोज कुमार, एई मीटर संजय कुमार, एसडीओ कौशलेंद्र सिंह, जेई पैश्वनीराम, टीजी 2 नरेन्द्र सोलंकी, शशिभूषण भरद्वाज की टीम ने ग्राम कैंथ, गिधौसा, अकोढ़ी दुबे, हरकौती में सघन चेकिंग अभियान चलाया। टीम ने चारों गांवों 110 उपभोक्ताओं को पकड़ लिया जिनके बिल जमा नहीं था तथा बिल 10 हजार से ज्यादा था। बिल जमा किये बगैर बिजली जला रहे इन 110 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गये तथा 36 उपभोक्ता ऐसे मिले जिनके कनेक्शन तो थे किन्तु बाइपास बनाकर बिजली जला रहे थे।

# शांति व सौहार्द के साथ मनाया गया बारहवीं शरीफ का त्योहार

- कोरोना संक्रमण के कारण नहीं हुए आयोजन बाइक से निकाला जुलूस



एएसपी व कोतवाल, जानकारी लेते डीएम व एसपी व बाइक जुलूस निकालते अकीदतमंद।

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** मुस्लिम धर्म के पैगंबर मोहम्मद साहब की योमें पैदाइश पर कोरोना संक्रमण के कारण नगर के प्रमुख मार्गों पर सजावट नहीं की गई। जबकि सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन के कारण अधिक संख्या में जुलूस भी नहीं निकाला जा सका। जिससे लोगों ने घरों में रहकर बारहवीं शरीफ का पर्व मनाया। इस दौरान अधिकारियों की गाड़ियां नगर व क्षेत्र में फर्राटे भर्ती रहे। लोगों ने बाइक से जुलूस निकालकर जुलूसे मोहम्मदी निकाला।

शुक्रवार को नगर व क्षेत्र में मुस्लिम धर्म के पैगंबर मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश के पर्व बारहवी शरीफ को नागरिकों व जनप्रतिनिधियों ने घरों में रहकर हर्षोल्लास के साथ मनाया। कोरोना का ग्रहण लगने व शासन प्रशासन की रोक के कारण मुख्य मार्ग सजावट विहीन रहे। तथा विशाल जुलूस भी नहीं निकाला गया।

अकीदतमंदों ने प्रशासन की शर्तों को पूरा करते हुये बाइकों पर सवार होकर जुलूस निकाला। जिला प्रशासन द्वारा सतर्कता का परिचय देते हुए नगर के प्रमुख स्थानों पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। जिलाधिकारी राकेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमरेंद्र प्रसाद सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सहित कोतवाली प्रभारी राजा दिनेश सिंह, कस्बा प्रभारी प्रेम सिंह राजपूत दलबल के साथ मौजूद रहे।

# छावनी में तब्दील रहा कादीपुर खुर्द का पूरे मिश्रान गांव

● शिक्षक नेता पर जानलेवा हमला एवं भाई की हत्या किए जाने का मामला

संवाददाता। कादीपुर, सुलतानपुर

**विवादित** रास्ते की भूमि पर कूड़ा फेंकने को लेकर की गई शिक्षक नेता के भाई की हत्या से पूरा गांव सन्न रह गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव घर ले जाया गया तो शुक्रवार को परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया। माहौल बिगड़ता देख पुलिस-प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। अधिकारियों ने परिजनों की मांग पर विवादित एवं रास्ते की भूमि में बने आरोपियों के मकान को ध्वस्त करने का आश्वासन दिया, तो कहीं जाकर लोग शव के दाह संस्कार को राजी हुए।

बता दें कि कादीपुर कोतवाली अंतर्गत कादीपुर खुर्द पूरे मिश्रान निवासी शिक्षक नेता वीरेंद्र नारायण मिश्र व उनके अनुज शैलेंद्र मिश्र पर गुरूवार की सुबह विपक्षियों ने कूड़ा फेंकने को लेकर हुए विवाद में जानलेवा हमला बोल दिया था। विपक्षी वेद प्रकाश मिश्र, सत्य प्रकाश मिश्र, ज्ञान प्रकाश मिश्र पुत्रगण माता प्रसाद मिश्र ने लाठी-डंडा और सरिया से पीट-पीटकर दोनों भाइयों को मरणासन्न कर दिया। शैलेंद्र मिश्रा (35) की लखनऊ ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। जबकि शिक्षक नेता का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। गुरूवार की रात ही पोस्टमार्टम के बाद शव घर ले जाया गया तो कोहराम मच गया। रातभर गांव में पुलिस बल तैनात रहा।



रोते-बिलखते परिवारीजन एवं अन्य

शुक्रवार की सुबह हुई तो ग्रामीणों एवं परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया। लोगों का आक्रोश देख पुलिस-प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। भारी मात्रा में फोर्स सुरक्षा बल के आने से पूरे मिश्रान छावनी में तब्दील हो गया। प्रशासनिक अफसरों ने ग्रामीणों एवं शिक्षक नेताओं से वार्ता शुरू की। ग्रामीणों की मांगों पर प्रशासनिक अफसरों ने मुहर लगाई तो कहीं जाकर लोग अंतिम संस्कार को राजी हुए। उसके बाद गमगीन माहौल में शव का अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर कई थानों की पुलिस, क्षेत्राधिकारी सुरेंद्र कुमार, कोतवाली प्रभारी कृष्ण कुमार मिश्रा, नायब तहसीलदार शालिनी सिंह, प्रमुख श्रवण कुमार मिश्रा, प्राशिसं जिलाध्यक्ष दिलीप पांडेय, प्रवक्ता निजाम खान आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### दबंगों ने किया है अवैध कब्जा

हत्याकांड में नामजद आरोपी दबंग किस्म के हैं। आरोपियों ने शिक्षक नेता की जमीन में अवैध रूप से मकान का निर्माण कर लिया है। इतना ही नहीं गांव के सार्वजनिक रास्ते को भी अवरूद्ध कर दिया गया है। सार्वजनिक चकमार्ग रास्ते में बन निर्माणाधीन भवन को हाईकोर्ट द्वारा ध्वस्तीकरण का आदेश हुआ था। किंतु प्रशासन के हीलाहवाली के कारण ध्वस्तीकरण नहीं किया गया। इसकी पैरवी शिक्षक नेता के भाई शैलेंद्र मिश्र कर रहे थे। मकान ध्वस्त होने की आशंका से आरोपीगण शिक्षक नेता एवं उसके भाई से रंजिश रखते थे। इसी रंजिश में हत्या जैसी वारदात को अंजाम दिया गया है।

# बंद कमरे में फाड़ दिया गया वृद्ध का पेट, मौत को लेकर अटकलें

**ऊंचाहार,रायबरेली।** बंद कमरे में सो रहे वृद्ध का पेट धारदार हथियार से फाड़ दिया जाता है और उसकी मौत हो जाती है। मौके पर कोई हथियार भी नहीं मिला है। जिससे उस घटना को लेकर तरह तरह की अटकलें है।

मामला गुरुवार रात का है। क्षेत्र के गांव पूरे गोसाईं का पुरवा निवासी राम शरन 58 वर्ष पुत्र भूसई काफी समय से बुखार से पीड़ित थे। उनको मियादी बुखार होना बताया जाता है। गुरुवार की रात में वृद्ध अपने घर के एक कमरे में सो रहा था। रात में उसका पेट किसी धारदार हथियार से फाड़ दिया गया। जिससे उसकी मौत हो गई। इस घटना की भनक परिवार के अन्य लोगों को भी नहीं लगी। शुक्रवार की सुबह जब परिजन सोकर उठे तब देखा कि वृद्ध के कमरे से खून बहकर कमरे से बाहर निकल रहा है। जिसे देखकर परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। वृद्ध का कमरा अंदर से बंद था। परिजनों ने उसके कमरे का दरवाजा तोड़ दिया और अन्दर जाकर देखा तो वहां का मंजर बड़ा भयानक था। वृद्ध का पेट किसी धारदार हथियार से फाड़ दिया गया था। लेकिन उसकी चारपाई के पास कोई हथियार नहीं था। केवल लकड़ी के चूल्हे में आग को हवा देने वाली लोहे की एक नली पड़ी हुई थी। जिससे पेट का फाड़ना संभव नहीं है। इस विचित्र और सनसनीखेज वारदात की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है। मृतक की बहू कांति देवी का कहना है कि वह रात 12 बजे तक अपने ससुर के पास बैठी थी। उसके बाद जाकर अपने कमरे में सो गई। वृद्ध की मौत को लेकर यह भी कहा जा रहा है कि बीमारी से परेशान होकर उसने स्वयं अपना पेड़ फाड़ डाला है। लेकिन इस कहानी में कई पेंच है, जो समझ से परे है। कोतवाल पंकज तिवारी का कहना है कि शव का पोस्ट मार्टम कराया जा रहा है और सभी बिंदुओं की बारीकी से जांच की जा रही है।

## क्विक न्यूज

### भाजपा केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम संपन्न

**बछरावां रायबरेली।** आज भारतीय जनता पार्टी के बछरावां मंडल में आयोजित केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम में माननीय विधायक रामनरेश रावत जी ने शामिल पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। एवं सभी कार्यकर्ताओं को बैग देकर सम्मानित करके केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष श्री रामदेव पाल जी मंडल अध्यक्ष प्रवेश वर्मा ,पूर्व मंडल अध्यक्ष हरेकृष्ण पांडेय जिला मंत्री जनमेजय अरविंद ,मयंक रज्जन द्विवेदी सहित पार्टी पदाधिकारी गण व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### डीएम ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस पर दी हार्दिक बधाई

**रायबरेली।** जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस के अवसर पर जनपद वासियों को हार्दिक बधाई देते हुए सुख और समृद्धि की कामना की है। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल को सच्ची श्रद्धांजलि तभी है जब हम महान पुरूषों के आदर्शो सिद्धान्तों पर चल कर राष्ट्रीय एकता अखण्डता को मजबूत करें तथा देश व समाज का विकास करें। पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक गोयल, एडीएम राम अभिलाष व प्रेम प्रकाश उपाध्याय नगर मजिस्ट्रेट युगराज सिंह, एडी सूचना प्रमोद कुमार आदि ने भी सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म दिवस के अवसर पर जनपद वासियों को हार्दिक बधाई दी।

### महर्षि बाल्मीकि जयन्ती पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का होगा आयोजन

**रायबरेली।** प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन संस्कृति अनुभाग द्वारा 31 अक्टूबर 2020 को महर्षि बालमीकि जयन्ती मनाये जाने के के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु निर्देश दिए गए हैं। अपर जिलाधिकारी प्रशासन राम अभिलाष ने शासन के निर्देशानुसार तहसील सदर, रायबरेली शहर के 2 मंदिरों को चयनित किया गया है। जिसमें जहानाबाद चौकी रायबरेली के निकट दक्षिण मुखी ताप संकटमोचन हनुमान मंदिर में रामायण (सुन्दरकाण्ड) पाठ का शुभारम्भ प्रातरू 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार सुपर मार्केट के निकट जगमोहनेश्वर महादेव मंदिर में रामायण का 24 घण्टे का अखण्ड पाठ अपरान्ह 12 बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। दक्षिणमुखी वैताप संकटमोचन हनुमान मन्दिर निकट जहानाबाद चौकी रायबरेली पर नोडल अधिकारी के रूप में रीतेश सिंह नायब तहसीलदार नगर को नामित किया गया है। इसी क्रम में जगमोहनेश्वर महादेव मन्दिर निकट सुपर मार्केट पर नोडल अधिकारी अमिता यादव तहसीलदार सदर को आयोजनध्कार्यक्रम हेतु नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

### शोक सभा आयोजित

**करनैलगंज (गोंडा)।** करनैलगंज के पत्रकार अजीत दीक्षित के पिता चन्द्रमा प्रसाद दीक्षित के देहांत पर करनैलगंज के पत्रकारों व समाचार पत्र वितरकों की एक शोक सभा हुई। जिसमें अजीत दीक्षित के पिता चन्द्रमा प्रसाद दीक्षित 76 वर्ष के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया गया तथा शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में अशोक कुमार शुक्ला, राजेश सोनी, शिवानन्द जायसवाल, धर्मराज गोस्वामी, ज्ञान प्रकाश मिश्रा, शिव नरायन मौर्या, एसपी सिंह, श्रीनाथ रस्तोगी, मोहम्मद इरफान, सुभाष सिंह, रोहित जायसवाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती आज

**सुलतानपुर।** लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती शनिवार को पूरे उत्साह उमंग एवं कोविड-19 के दिशा निर्देशों के साथ मनाई जाएगी। कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ दिलायी जाएगी। प्रशासनिक की ओर से प्रभारी अधिकारी(नजारत) ने बताया कि 31 अक्टूबर को पूर्वान्ह 11 बजे से लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयन्ती के रूप में मनाये जाने हेतु जनपद मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में मनाया जायेगा, जिसमें राष्ट्रीय एकता की शपथ जिलाधिकारी द्वारा दिलायी जायेगी एवं सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया जायेगा। इसी क्रम में समस्त उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया गया है कि वह अपने-अपने तहसीलों में भी कार्यक्रम आयोजित करायें।

### महर्षि बाल्मीकि रामायण का होगा पाठ

**सुलतानपुर।** महर्षि बाल्मीकि की जयंती पर महर्षि बाल्मीकि द्वारा रचित रामायण का पाठ करके सामाजिक मूल्यों, मानव मूल्यों आदि का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। यह जानकारी जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने दी है। बताया कि जनपद में मुख्यालय पर सुदर्शन पार्क (निकट रामकली इण्टर कालेज) गन्दानाला पर महर्षि बाल्मीकि मन्दिर परिसर में 31 अक्टूबर को पूर्वान्ह 11:30 बजे से महर्षि बाल्मीकि जयन्ती मनायी जायेगी, जिसमें महर्षि बाल्मीकि द्वारा रचित रामायण, सामाजिक मूल्यों, मानव मूल्यों एवं राष्ट्र मूल्यों की स्थापना का आदर्श है, का प्रचार-प्रसार कराया जायेगा। जयंती का आयोजन करने के निर्देश सभी खण्ड विकास अधिकारियों को दिये गये हैं।

# गर्भवती महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण को लेकर एक नवंबर से चलेगा विशेष अभियान

**श्रावस्ती।** कोविड-19 के चलते स्वास्थ्य विभाग की कुछ गतिविधियां थोड़े समय के लिए स्थगित की गयीं थीं द्य इस कारण कुछ बच्चे और गर्भवती महिलाएं भी नियमित टीकाकरण से वंचित रह गईं थीं। इन सभी को विभिन्न बीमारियों से बचाने के लिए प्रदेश सरकार के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग आगामी एक नवंबर से विशेष टीकाकरण अभियान शुरू करने जा रहा है। तीन माह तक चलने वाले इस अभियान का समापन आगामी 31 जनवरी 2021 में होगा। इस आशय की जानकारी देते हुए ए सी एम ओ व जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉक्टर मुकेश मातनहेलिया ने बताया कि इस अभियान की सभी आवश्यक तैयारियां तेजी के साथ पूरी की जा रही हैं।

एसीएमओ ने बताया कि इस विशेष टीकाकरण अभियान के लिए टीकाकरण से वंचित बच्चों और गर्भवती के लिये आशा कार्यकर्ताओं ने घर घर भ्रमण कर उनका ब्यौरा एकत्र किया है। जिनमें से टीकाकरण के लिए 523 गर्भवती और 2500 बच्चों को चिंहित किया गया है। उन्होंने बताया कि कोविड 19 के दौरान लॉकडाउन के चलते जो बच्चे टीकाकरण से छूट गए थे अथवा जिन्हें एक भी टीका नहीं लगा है। उन सभी बच्चों को चिन्हित किया गया है। इस अभियान के तहत टीकाकरण के लिए 186 टीमें लगाई गई हैं। इन सभी बच्चों और गर्भवती महिलाओं का गांव स्तर पर ही टीकाकरण किया जाएगा।

इस विशेष अभियान के दौरान बीसीजी ओरल पोलियो पेंटा पीसीबी एमआर और डीपीटी आदि जीवन सुरक्षा टीके लगाए जाएंगे। सोमवार को बच्चों के लिए विशेष अभियान चलेगा। सभी ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवसों पर एएनएम आशा तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा आयोजित होने वाले टीका सत्रों में आने वाले बच्चों और गर्भवती का वजन भी किया जायेगा साथ ही इन सभी के पोषण संबंधी जानकारियां भी दी जाएंगी।

# साइकिल सवार दंपति को डंपर ने रौंदा, पति की मौत

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के गंगापुर गांव के निकट शुक्रवार को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बरौंसा विरसिंहपुर मार्ग पर बेकाबू डंपर ने साइकिल सवार दंपती को रौंद दिया। हादसे में पति की मौके पर ही मौत हो गई। पत्नी को मामूली चोटें आई हैं। घटना जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के गंगापुर गांव के पास की है। जहां थानाक्षेत्र के उमरी गांव निवासी वंशराज पुत्र जहूरी अपनी पत्नी मकरा देवी के साथ साइकिल से शुक्रवार शाम 4 बजे के लगभग गंगेव स्थित रिश्तेदारी से घर वापस लौट रहे थे। जैसे ही वह थाना क्षेत्र के बरौंसा विरसिंहपुर मार्ग पर गंगापुर गांव के पास पहुंचे इसी बीच सामने से आ रही तेज रफ्तार डंपर ने साइकिल सवार प्रौढ़ को रौंद दिया। बंसराज (58) की मौत हो गई। वहीं उनकी पत्नी मकरा देवी बाल-बाल बच गए। सूचना पर घटनास्थल अपने हमराहियों के साथ पहुंचे हल्का दरोगा मोलहेराम ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दुर्घटना की सूचना के बाद से पारिवारिक जनों में कोहराम मचा हुआ है।

# बिजली विभाग के जेई के विरुद्ध महिला ने दिया तहरीर

संवाददाता। खीरों, रायबरेली

● दो कर्मचारियों समेत जेई पर छेड़छाड़ करने का लगाया आरोप

**थाना क्षेत्र** के गाँव रनापुर में बिजली विभाग के कर्मचारियों के साथ बीती 28 अक्टूबर की शाम उपभोक्ता द्वारा मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया था। जिसके सम्बन्ध में अवर अभियंता उपकेन्द्र कलुआखेड़ा जीसान अन्सारी ने उपभोक्ता कन्धई लाल व उसके बेटे के विरुद्ध खीरों थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। कार्यवाही के दौरान पुलिस ने दोनों आरोपियों को पूँछतांछ के लिए थाने बुला लिया है। लेकिन इस मामले में एक नया मोड़ आ गया है। कन्धई लाल की पत्नी राजवती ने एसपी रायबरेली को शिकायती पत्र देकर अवर अभियंता व दो लाइनमैन सहित 10 अन्य अज्ञात लोगों पर छेड़छाड़ करने व जाति सूचक गालियाँ देने का आरोप लगाया है । राजवती ने आरोप लगाया है कि उसका बिल जमा होने के बावजूद बीती 28 अक्टूबर की शाम लगभग 4 बजे जेई उपकेन्द्र कलुआखेड़ा जीसान अन्सारी लाइनमैन विकास यादव व अरुण कुमार तथा मीटर रीडर बबलू उसके दरवाजे पहुँचे और बिल बकाया बताते हुए उसके अभद्रता करते हुए छेड़छाड़ करने लगे। इस दौरान लाइन चेक करने के बहाने जेई जीसान अन्सारी ने उसके घर में घुसकर उसके साथ छेड़छाड़ की। शोर सुनकर ग्रामीणों के पहुँचने पर जाति सूचक गालियाँ देते हुए चले गए। खीरों पुलिस ने उसके घर के दो मोबाइल कब्जे में लेकर उसके बेटे रजनेश व पति कन्धईलाल को पकड़ लाई है। राजवती ने एसपी से पति व बेटे को छोड़ने व मोबाइल वापस दिलाने तथा जेई के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की माँग की है। प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि घटना की जाँच की जा रही है। कार्यवाही की जाएगी।

# पांच मंडलों में भाजपा ने शुरू किया प्रशिक्षण कार्यशाला

**सुलतानपुर।** पयागीपुर स्थित बीजेपी कार्यालय पर आज प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह व संगठन महामंत्री सुनील बंसल ने वीडियो कांफ्रेंसिंग सुविधा का विधिवत उदघाटन किया।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.आरए वर्मा, जिला महामंत्री विजय प्रताप त्रिपाठी, घनश्याम चौहान, धर्मेंद्र कुमार, इंद्रजीत वर्मा आदि उपस्थित रहे। शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के छठवें चरण में पांच मण्डलों का प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। आज दूबेपुर, बल्दीराय, लम्भुआ, कूरेभार एवं अखण्डनगर मण्डल का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ मण्डल अध्यक्षों की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। दूबेपुर मंडल अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित करते हुए श्री वर्मा ने कहाकि देश में 2014 में मोदी सरकार बनने के बाद गरीबों के कल्याण व विकास के लिए किये गये कार्य इतिहास में मील का पत्थर साबित होगे।

# धनुष यज्ञ महोत्सव को लेकर हुई वार्षिक बैठक

**गोंडा।** करनैलगंज सकरौरा का प्रसिद्ध श्री धनुषयज्ञ महोत्सव को सम्पन्न कराने के लिए समिति की वार्षिक बैठक की गई। बैठक में पदाधिकारियों का चुनाव भी किया गया। महोत्सव समिति का अशोक शुक्ला को अध्यक्ष तथा भोला सोनी को महामंत्री चुना गया। श्री धनुषयज्ञ महोत्सव समिति सकरौरा की बैठक रामलीला भवन में अजय कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में गतवर्ष के आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत करने के पश्चात वर्तमान वर्ष के लिए पदाधिकारियों का चयन किया गया। इसमें अशोक शुक्ला को अध्यक्ष, सचिन सोनी उर्फ भोला को महामंत्री, शचीन्द्रनाथ मिश्र व शिवेन्द्र श्रीवास्तव को उपाध्यक्ष, अंशुल शुक्ला को कोषाध्यक्ष तथा अन्य पदाधिकारियों का चयन किया गया। इस मौके पर पन्नालाल सोनी, रामधन निषाद, रीतेश सोनी उर्फ बड़े, रोहित जायसवाल, कमलेश श्रीवास्तव, राजू सोनी आदि मौजूद रहे।

# सरकारी रायफल के साथ एसडीएम के स्टेनो का फोटो वायरल

**ऊंचाहार, रायबरेली( सं. )।** शस्त्रों से खेलने का शौक कभी कभी यूं ही भारी पड़ जाता है। एसडीएम के स्टेनो ने सुरक्षा कर्मी की सरकारी रायफल लेकर यूं ही तान दिया। जिसका फोटो इस समय सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिससे उनके लिए बड़ी परेशानी खड़ी हो गई है।



मामला दो दिन पुराना है। ऊंचाहार एसडीएम के स्टेनो ने एसडीएम की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा कर्मचारी से सरकारी रायफल अपने हाथ ले ली। उन्होंने रायफल लेकर आसमान में निशाना साधा था। इस बीच किसी ने उनकी फोटो खींच ली, और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। इस फोटो में जब स्थानीय स्तर पर सोशल मीडिया पर धूम मचाने लगी तो तहसील में हड़कंप मच गया। एसडीएम के स्टेनो और सुरक्षा कर्मी दोनों के विरुद्ध कार्रवाई की तलवार लटक रही है। मामला सरकारी असलहे के दुरुपयोग और सरेआम शस्त्र प्रदर्शन का है। इस मामले को लेकर तरह तरह की चर्चाएं है। हलांकि अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है, लेकिन जिस तरह लोग सोशल मीडिया पर इसे शेयर कर रहे है, उसे देखते हुए लगता है कि आने वाले दिनों में कार्रवाई अवश्य होगी। एसडीएम केशव नाथ गुप्ता ने बताया कि मामले में जांच के आदेश दिए गए है और स्टेनो से पूरे घटनाक्रम में स्पष्टीकरण मांगा गया है।

# बैसवारा इंटर कॉलेज में निवर्तमान शिक्षकों का भव्य समारोह आयोजित

**लालगंज, रायबरेली।** नगर के बैसवारा इंटर कॉलेज में निवर्तमान शिक्षकों का भव्य समारोह आयोजित किया गया जिसमें सेवानिवृत्त शिक्षकों को कर्मचारी संगठन एवं एवं प्रबंध समिति की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रतीक चिन्ह एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ अनामिका व तनु बानो की वाणी वंदना से हुआ तथा आस्था श्रीवास्तव और दामिनी ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया सेवानिवृत्त शिक्षकों में मोहम्मद असलम रामबाबू संखवार और प्रधान लिपिक मदन मोहन सिंह को सम्मानित किया गया सम्मानित शिक्षकों ने इसके लिए विद्यालय का आभार व्यक्त किया और इस गरिमामई परंपरा को बनाए रखने की अपील भी की। इस अवसर पर विद्यालय के अतिरिक्त बैसवारा महाविद्यालय के बीटीसी विभाग की ओर से दीपक सिंह वह अभय सिंह ने भी शिक्षकों को उपहार व भेंट प्रदान की।

# बेशकीमती बंजर जमीन पर भूमाफियाओं ने दी दस्तक

● शिकायत पर डीएम ने तत्काल जांच कार्यवाही के लिए एसडीएम को किया निर्देशित

**रायबरेली।** ऊंचाहार देहात के अकोढिया रोड स्थित बंजर जमीन पर तत्कालीन लेखपाल व प्रधान की सांठगांठ से जमीन का पट्टा किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। मामला तब गर्म हो गया जब भूमि पर व्यसायिक तरीके से प्लाटिंग का कार्य सुरु हो गया। मामले की शिकायत डीएम से की गई जिसपर तत्काल डीएम ने ऊंचाहार एसडीएम व कोतवाली पुलिस को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया।

अकोढिया रोड ऊंचाहार निवासिनी धनपति पत्नी स्व. भवानी भीख ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना में बताया है कि गाटा संख्या 3801 मि.रकबा 0.1110 हे. प्रार्थिनी की जमीन है, जबकि गाटा संख्या3799 व 3800 जो कि चकबंदी के बाद बंजर दर्ज थी। विपक्षी ओमप्रकाश पुत्र स्व. महावीर व अभिषेक पुत्र ओमप्रकाश निवासीगण निकट रेलवे क्रासिंग ऊंचाहार ने कुछ समय पूर्व तत्कालीन ग्राम प्रधान व लेखपाल की सांठगांठ से अपने नाम कृषि हेतु आवंटन करवा लिया जबकि विपक्षी खोजनपुर ग्राम पंचायत के अंतर्गत आते हैं।

उक्त विवादित भूमि पर बहुत पुराने पेड़ व कुआं जो कि आज भी स्थित है कुएं के बगल से सार्वजनिक रास्ता था, लेकिन अब विपक्षी गण अवैध तरीके से भूमाफियाओं की सांठगांठ करके प्लाटिंग कर रहे हैं ताकि उसको कामर्शियल दर पर बेंच सके। उपजिलाधिकारी केशव नाथ गुप्त ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशों का अनुपालन किया जा रहा है।

# मेनका गांधी ने सीएम योगी को लिखा पत्र

**बल्दीराय,सुल्तानपुर।** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के किसानों समेत हजारों नागरिकों से हुई 500 करोड़ों की ठगी को मेनका गांधी ने संज्ञान लिया है ।मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी को पत्र भेजकर ईडी से जांच कराने की मांग उठाई है। प्रकरण में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में अब तक 26 मुकदमे ठगी के खिलाफ दर्ज हैं। अनी बुलियन ट्रेडर्स के प्रोपराइटर अजीत गुप्ता व उनकी आईएफएस पत्नी निहारिका सिंह ने मिलकर कंपनी बनाई। जिससे कई शाखाएं निकली। अनी विजन इंडिया क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटीज, अनी सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड,अनिल राजावत इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड,अनी श्री साईं इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड,अनी ज्वैल्स प्राइवेट लिमिटेड,अनी सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनियों के जरिए सुल्तानपुर, अयोध्या, लखनऊ से अमेठी समेत उत्तर प्रदेश के कई जिलों में सोसाइटी संचालित कर रखी थी। हजारों किसान और नागरिकों का पैसा लेकर लगभग 500 करोड़ों की ठगी करते हुए कंपनी के संचालक भूमिगत हो गए थे। जिसमें प्रोपराइटर अजीत गुप्ता और उनके भाई राम गोपाल गुप्ता,विष्णु गुप्ता को लखनऊ पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसमें में जिला कारागार लखनऊ में निरूद्ध है ।सुल्तानपुर सांसद मेनका गांधी ने किसानों से बड़े पैमाने पर हुई ठगी को संज्ञान में लिया है । जिसमें बड़े पैमाने पर पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के लिए अपनी जमीन दे चुके किसान शामिल हैं ।जो अपनी जमीन का मुआवजा ले चुके हैं और मुआवजे में मिली करोड़ों की धनराशि कंपनी में लगाई और कंपनी फरार हो गई। पूरे प्रकरण में सांसद मेनका गांधी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी को पत्र लिखा है। पत्र के जरिए ईडी से जांच करने की मांग की मांग की है ।जिले के नगर कोतवाली और बल्दीराय समय 26 मुकदमे उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिला अंतर्गत थानों में पंजीकृत हैं। जिसमें अलग-अलग विवेचना की जा रही है। अनी बुलियन कंपनी की संपत्तियां एकत्र कर कार्रवाई हो इसके लिए निवेशकों ने आईडी से जांच कराने की मांग मेनका गांधी के समक्ष उठाई थी। जिसे संज्ञान में लेते हुए उन्होंने पत्र लिखा है।

# प्रतिबंध के बाद भी पुलिस की मौजूदगी में संवेदनशील इलाके मे निकला बारावफात का जुलूस

● जुलूस नये रास्ते पर ले जाने के प्रयास पर दो समुदाय के लोग आमने-सामने

● सीओ तथा एसडीएम भिनगा ने पहुंचकर मामले को कराया शांत




**श्रावस्ती।** भिनगा प्रतिबन्धों के बाद भी पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में भंगहा बाजार में लोगो ने डी जे के साथ बारावफात का जुलूस निकाला। नये रास्ते पर जुलूस ले जाने को लेकर दो समुदाय के लोग आमने सामने आ गए। मामला बढ़ता देखकर प्रशाशनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुँच कर मामले को किसी तरह शांत कराया।

मामला श्रावस्ती के भिनगा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत भंगहा बाजार का है। जहाँ बारावफात के दिन लोगों ने प्रतिबन्धों के बाद भी प्रसाशन को धता बताते हुए डी जे की धुन पर थिरकते हुए जुलूस निकाला। इस दौरान जुलूस को विवादित नये रास्ते राजा पुर रानी गौडरा पर ले जाने के बिवाद को लेकर दो समुदाय के लोग आमने सामने आ गये। जिससे वहां पर मौजूद पुलिस वालों के हाथ पांव फूल गए। मामले को बढ़ता देख सूचना पर मौके पर पहुचे क्षेत्राधिकारी भिनगा हौसला प्रसाद तथा एस डी एम भिनगा प्रवेन्द्र कुमार ने दोनो पछ के लोगो को शांत कराकर जुलूस को समाप्त करा कर शाँति ब्यवस्था को बनाये रखने के लिए लोगो से अपील की। खबर लिखे जाने तक मामला शांत रहा। इस संबंध में एसडीएम भिनगा प्रवेन्द्र कुमार ने बताया कि कुछ लोग इकट्ठा हो गए थे। जिन्हें सीओ साहब ने पहुंचकर वापस कर दिया था।

# लम्बित आवेदनों को शीघ्र निस्तारित करें अफसर: सीडीओ

● जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक संपन्न



**गोंडा।** मुख्य विकास अधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसमें उन्होंने सभी बैंकों के प्रबन्धकों को सख्त निर्देश दिए कि स्वयं सहायता समूहों को बैंक स्तर से पूरा सहयोग प्रदान किया जाय, इसके अलावा किसान क्रेडिट कार्ड के लम्बित आवेदनों को निस्तारित कर पात्र कृषकों को केसीसी ऋण मुहैया कराएं।

वार्षिक ऋण योजना 2020-21 की समीक्षा के दौरान ज्ञात हुआ कि जनपद में आईडीबीआई बैंक, पंजाब एण्ड सिंध बैंक, यूको बैंक, यूनियन बैंक आफ इण्डिया और सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया की प्रगति सबसे ज्यादा खराब है। इस पर सीडीओ ने सम्बन्धित बैंक प्रबन्धकों को अगले 15 दिनों में प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं। सीडीओ ने निर्देश दिए कि नवम्बर माह में जनपद स्तर पर केसीसी लोन कैम्प का आयोजन कराया जाय जिसमें सभी बैंकों के प्रबन्धक मौजूद रहें और वहीं पर कृषकों से आवेदन पत्र प्राप्त कर उनका केसीसी ऋण स्वीकृत किया जाय। प्राथमिकता क्षेत्र एवं कमजोर वर्गों को ऋण वितरण की समीक्षा में ज्ञात हुआ कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में 41.48 प्रतिशत की ही उपलब्धि हासिल हुई है। इस पर सीडीओ ने बैंक प्रबन्धकों को निर्देश दिए कि वे व्यक्तिगत रूचि लेकर प्रगति लाएं। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की समीक्षा में ज्ञात हुआ कि इस योजना में लगभग सभी बैंक पीछे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार मुद्रा योजना के प्रति बेहद गम्भीर है, इसलिए बैंक अपने स्तर पर पात्रों को ज्यादा से ज्यादा लाभ देना सुनिश्चित करें। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा में बताया गया कि जिले में कुल 13803 किसानों का फसल बीमा हुआ था जिसकी कुल बीमित राशि 41 करोड़ 86 लाख 54 हजार 745 रूपए है जिसमें कृषक अंश 83 लाख 73 हजार 28 रूपए है। विभिन्न विभागों से प्राप्त सरकारी ऋण योजनाओं की समीक्षा में ज्ञात हुआ कि सरकार की 11 योजनाओं में बैंकों से ऋण के लिए प्राप्त लक्ष्य 1500 के सापेक्ष 348 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें मात्र 27 आवेदन स्वीकृत हुए और 15 को ऋण वितरित किया गया। इस पर सीडीओ ने असंतोष व्यक्त करते हुए सभी बैंकों को सख्त चेतावनी दी है कि लम्बित आवेदनों को निस्तारित कर पात्रों को ऋण उपलब्ध कराएं, अन्यथा इसका विशेष संज्ञान लेकर अपेक्षित कार्यवाही की जाएगी। बैठक में एलडीएम दशरथी बेहरा, उपनिदेशक कृषि डा0 मुकुल तिवारी, जिला कृषि अधिकारी जेपी यादव, नाबार्ड के अधिकारी तथा बैंकों के प्रबन्धक उपस्थित रहे।

### सार्वजनिक शौचालय निर्माण में मनमानी

**करनैलगंज (गोंडा)।** एक ग्राम प्रधान द्वारा सार्वजनिक शौचालय का निर्माण मनमाने तरीके से अपने दरवाजे पर कराए जाने के मामले में सीडीओ को अवगत कराते हुए ग्रामीणों ने सार्वजनिक स्थल पर शौचालय का निर्माण कराने की मांग की है। दूसरी तरफ ग्राम पंचायत अधिकारी ने सार्वजनिक शौचालय का निर्माण चयनित स्थल से अलग स्थान पर प्रधान द्वारा मनमानी पूर्ण तरीके से कराने एवं शौचालय का 1 लाख 72 हजार रुपये भी निकाल लेने की पुष्टि करते हुए निर्माण को रोकने के लिए कहा है। मामला विकासखंड करनैलगंज की ग्राम पंचायत रुदौली का है। यहां के निवासी विमलेश कुमार तिवारी सीडीओ को शिकायत भेजी है। जिसमें कहा गया है कि सार्वजनिक शौचालय का निर्माण वर्तमान में निजी भूमि पर किया जा रहा है। जबकि शौचालय निर्माण के प्रस्ताव में दूसरे जगह की जमीन को दर्शाया गया है। इस संबंध में जब शिकायत की गई तो ग्राम पंचायत अधिकारी ने भी मामले को संज्ञान में लेते हुए निर्माण कार्य बंद कराने की पहल की। मगर शौचालय का निर्माण निजी भूमि कराया जा रहा है। पत्र में कहा गया है कि शौचालय निर्माण 15वां वित्त आयोग से कराया जा रहा है। जो निजी भूमि पर बनने के कारण गांव के लोगों को उसका लाभ नहीं मिल सकेगा। उधर ग्राम पंचायत अधिकारी योगेश दूबे का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है जिसमें ग्राम प्रधान को निर्माण रोकने के लिए कहा गया है तथा लेखपाल से शौचालय के लिए भूमि की पैमाइस करने को कहा गया है। शौचालय का चयनित व सार्वजनिक भूमि पर निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि ग्राम प्रधान द्वारा शौचालय निर्माण का पैसा भी आहरित कर लिया गया है इस मामले से बीडीओ को अवगत करा दिया गया है।

पायनियर
लखनऊ, शनिवार, 31 अक्टूबर 2020



# उसर भूमि सुधार और खेतों की मेढ़बंदी के नाम पर हो रहा खेल

## किसानो को योजनाओं की जानकारी नहीं रहती

## विधायक प्रतिनिधि के शिकायत पर डीएम ने बैठाई जांच कमेटी

**संवाददाता।** बस्ती

**जिले** में उसर भूमि सुधार और खेतों की मेढ़बंदी के नाम पर हर साल करोड़ों रुपये का खेल हो रहा है। इस विभाग की जितनी भी योजनाएं चल रही है, उसमें अधिकतर कागजों में चलती है। सदर विधायक के प्रतिनिधि राजकुमार शुक्ल जिला भूमि संरक्षण विभाग के अधिकारी से लेकर अवर अभियंता और आधा दर्जन से अधिक निरीक्षकों पर सरकारी धन का बंदरबांट करने की जांच जिला स्तरीय अधिकारियों की टीम से कराने की मांग डीएम से की है। इस पर डीएम आशुतोष निरंजन ने जिला विकास अधिकारी की अध्यक्षता में चार सदस्यीय जांच टीम बनाई। जांच शुरु भी हो चुकी है। इस विभाग की महादेवा के विधायक के शिकायत पर पिछले दो सालों से हो रहा है। विधायक प्रतिनिधि का कहना है कि इस विभाग में पिछले कई सालों से उसर भूमि को उपजाऊ बनाने और किसानों के खेतों को मेढ़बंदी करने के नाम पर भारी धनराशि का बंदरबांट हो रहा है। जिन किसानों के खेतों के मेढ़बंदी और उनके उसर की जमीन को उपजाऊ बनाने के लिए जो सुधार के कार्यक्रम चलाए जारहे हैं, वे सभी कागजों में चल रहे है। जिन किसानों के खेतों के सुधार के नाम पर लाखों रुपये का भुगतान होता है, उन किसानों तक को पता नहीं रहता कि उनके भूमि को विभाग ने कब सुधार कर दिया। किसानों को इस विभाग की योजनाओं की जानकारी ही नहीं रहती, और न यह विभाग अपनी योजनाओं का प्रचार-प्रसार ही करते है। कहते हैं कि नियमानुसार कार्यों का भौतिक सत्यापन के बाद ही उप निदेषक कृषि को भुगतान करना चाहिए, मग रवह भी आंख बंद करके भुगतान बिल पर हस्ताक्षर कर देते हैं, इसके एवज में विभाग उनका मेहनताना पहुंचा देता है। डीएम को लिखे शिकसयती पत्र में कहागया है कि जिला भूमि संरक्षण अधिकारी और उप निदेषक कृषि के अनियमित कार्य के चलते सरकार की छवि तो खराब हो ही रही है, साथ ही सरकारी धन का दुरुपयोग भी हो रहा है।

## मुकदमेबाजी और झगड़ों से मुक्ति दिलाएगी स्वामित्व योजना

**संवाददाता।** बस्ती

**स्वामित्व** योजना उन ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए वरदान साबित हो जा रहा है। इस योजना के जरिए संपत्तियों के स्वामी बनने का सपना साकार हो जाएगा, जो अभी तक वंचित रहे है। डीएम आशुतोष निरंजन ने बताया कि यह एक ऐसी लाभकारी योजना हैं, जिसके जरिए ग्रामीण षान के साथ कह सकते हैं कि उनके पास भी स्वामित्व प्रमाण-पत्र हैं। उनके पास भी लाखों के अचल संपत्तियों का मालिकाना हक है। कहते हैं कि इस योजना के पूरी तरह लागू हो जाने के बाद संपत्तियों को लेकर न्यायालयों में चल रहे हजारों मुकदमें समाप्त हो जाएगें, लोगों को कोर्ट कचहरी से फुर्सत मिल जाएगी, जो कि उनकी तरक्की के रास्ते में बाधा बना हुआ था। वर्षो पुराने झगड़े आपसी सुलह समझौते से समाप्त हो जाएंगे।

# अकीदतमंदों ने निकाला जश्न ए ईद मिलादुन्नबी का जुलूस

**संवाददाता।** सेमरियावां। **संतकबीरनगर**



**शुक्रवार** को क्षेत्र में जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी का जुलूस निकाला गया। बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने अगया स्थित हजरत सूफी निजामुद्दीन की खानकाह पर एकत्रित हुए। सुबह नौ बजे सूफी निजामुद्दीन साहब के खानकाह से गाड़ियों के लंबे काफिले के साथ खानखाह के सज्जादा नशीन हजरत मौलाना हबीबुर्रहमान साहब के नेतृत्व में जुलूस निकाला गया।

वाहनों के काफिलों के साथ जुलूस निकलते ही हर तरफ सरकार की आमद मरहबा, पत्ती पत्ती फूल फूल या रसूल या रसूल, के नारों से सदाएं बुलंद की जा रही थी जुलूस का लोगों ने जगह-जगह फूल वर्षा कर स्वागत किया इस दौरान कई स्थानों पर लोगों ने लंगर लगाकर सबील का वितरण किया गया दर्जनों गांव भ्रमण करने के बाद जुलूस अगया स्थित सूफी के खानकाह पर पहुंचकर दुआओं के साथ संपन्न हुआ। इसी क्रम में कोविड-19 गाइड लाइन का पालन करते हुए क्षेत्र के करीब आधा दर्जन गांवो से निकला जुलुस-ए-मोहम्मदी लोहरौली चौराहे पर स्थित निजामी मार्केट में एकत्रित हुआ। शुक्रवार मौलाना मसूद, कारी जमील व सद्दाम हुसैन की अगुवाई में जुलूस निकाला गया लंबे काफिले के बीच जुलूस ने चौराहे का भ्रमण किया। इस दौरान अकीदतमंद ने नाते पाकएनारे तकबीर व नारे रसूल की सदाएं लगाकर लोगों को जागरूक किया जुलूस के दौरान चौराहे पर जलपान की व्यवस्था अकीदतमंदों के लिए की गयी ।

## इस्लाम एक अमन पसन्द और भाईचारे का धर्म: अब्दुल



**संतकबीरनगर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं मेहदावल विधानसभा से लगातार तीन बार विधायक रहे अब्दुल कलाम ने कहा कि ईस्लाम एक अमन पसन्द और सच्चाई भाईचारे का धर्म है। फ्रांस सरकार ने जो इस्लाम धर्म को बदनाम करने की साजिश की है।

श्री कलाम शुक्रवार को अपने आवास पर मीडिया से वार्ता करते हुए कहा कि फ्रांस सरकार और वहां की एक पत्रिका ईस्लाम धर्म को आतंकवाद से जोड़कर बदनाम कर रही है। यह बर्दास्त नही किया जायेगा। ईस्लाम धर्म की लोकप्रियता से फ्रांस बौखला गई है। उन्होंने कहा कि बोलने की आजादी में यह हरगिज आजादी नही है कि किसी भी धर्म के खिलाफ बोला जाए।

## प्रत्यंचा चढ़ाते टूटा शिव धनुष, क्रोधित हुए परशुराम

**बस्ती।** सनातन धर्मी संस्था और श्री रामलीला महोत्सव आयोजन समिति की ओर से अटल बिहारी वाजपेई प्रेक्षागृह में चल रहे श्रीराम लीला के चौथे दिन जनक प्रतिज्ञा, धनुष यज्ञ, सीता स्वयंवर, परशुराम लक्ष्मण संवाद, राम जानकी विवाह और विदाई का मंचन हुआ। धनुषधारी आदर्श रामलीला समिति अयोध्या के कलाकारों ने धनुष भंग करने के दृश्य को प्रस्तुत कर दर्शकों से खूब तालियां बटोरी। व्यास कृष्ण मोहन पाण्डेय ने बताया कि शिव का धनुष जहाज है और राम का बल समुद्र है। शिव धनुष टूटते ही देवांगनाएं नृत्य करने लगीं। इस प्रसंग में सीता जी, महल में रखे शिवजी के धनुष को एक पुष्प की भांति एक स्थान से दूसरे स्थान पर रख देती हैं, जिसको देखकर राजा जनक यह प्रतिज्ञा लेते हैं कि जो कोई भी इस धनुष को तोड़ेगा, सीता का विवाह वह उससे करेंगे।

# हम ईमानदारी व सत्यनिष्ठा की संस्कृति को बढ़ावा देंगे: देवाशीष चट्टोपाध्याय

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह का हुआ शुभारंभ

**संवाददाता।** सोनभद्र

**एनटीपीसी** सिंगरौली में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ करने के बाद मुख्य महाप्रबंधक देवाशीष चट्टोपाध्याय ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह आयोजन के औचित्यों को रखते हुए इसके दुष्प्रभावों को भी रेखांकित किया और कहा कि नैतिकता एवं तकनीकी दोनो के सहारे ही हम उत्पादकता बढ़ा सकते हैं। केन्द्रीय सतर्कता विभाग से प्राप्त सतर्कता शपथ कि हम नीतिपरक कार्य नीतियों को बढ़ावा देंगे तथा ईमानदारी और सत्यनिष्ठा की संस्कृति को प्रोत्साहन देंगे। हम ना तो रिश्वत देंगे और ना ही रिश्वत लेंगे। हम पारदर्शिता, जिम्मेदावारी तथा निष्पक्षता पर आधारित नियमित सुशान की प्रतिज्ञा का वाचन कराया। स्टेशन के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष अनुभागाध्यक्ष उपस्थित रहें। सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ चूँकि आन लाइन मार्फत आयोजित किया गया था। इस नाते स्टेशन के कर्मचारी, सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि आनलाइन सहभागिता किये।

इस दौरान मुख्य महाप्रबंधक द्वारा आनलाइन सुझाव पोर्टल का शुभारंभ किया गया, जिसमें कर्मचारी अपना सुझाव भेज सकते है सतर्कता विभाग के संयोजन में विभिन्न प्रतियोगिताओं करायी जा रही है। मौजूदा स्थितियों के मद्देनजर रखते हुए कई प्रतियोगिताएं आन लाइन कुछ प्रतियोगिताएं शोसल डिस्टेंसिंग नियम के अनुसार आफलाइन हो रही है। कोविड-19 के वावजूद भी सतर्कता जागरूकता सप्ताह-20 के मौके पर आयोजित प्रतियोगिताओं के प्रति भारी उत्साह देखा जा रहा है । अवगत कराते चले कि इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन कमेटी के द्वारा किया जा रहा है। कमेटी के प्रमुख परोपतम लाल, उप महाप्रबंधक मानव संसाधन ने अवगत कराया है कि उत्कृष्ट सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा पुरस्कार वितरण के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन दो नवम्बर-20 को मुख्य महाप्रबंधक की अध्यक्षता में किया जायेगा।

समापन अवसर पर विषय के विशेषज्ञ संकाय का उद्बोधन कराये जाने पर विचार किया जा रहा है । संयोजन अपर महाप्रबंधक सतर्कता पंकज शेखर द्वारा किया गया।

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान हुआ हितग्राही सम्मेलन

**सोनभद्र।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल में 27 अक्टूबर से दो नवंबर तक चलने वाले सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान गुरुवार को कंपनी मुख्यालय में हितग्राही सम्मेलन स्टेकहोल्डर मीट का आयोजन किया गया। हितग्राही सम्मेलन के दौरान एनसीएल के निदेशक कार्मिक बिमलेन्दु कुमार निदेशक तकनीकी संचालन डॉ अनिंद्य सिन्हा एवं मुख्यालय के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे कार्यक्रम में बड़ी संख्या में हितग्राहियों ने भाग लिया और कंपनी प्रबंधन के सामने अपनी समस्याएं, सुझाव एवं विचार रखे, जिसका एनसीएल प्रबंधन की ओर से त्वरित निराकरण किया गया तथा जिन समस्याओं को निपटाना तुरंत संभव नहीं हो सका उनके शीघ्र निराकरण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए।

# परियोजना के निर्माण में गुणवत्ता का खास ख्याल रखा जाए: अनुप्रिया पटेल

## अनुप्रिया पटेल ने राष्ट्रीय राजमार्ग सात के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया



**संवाददाता।** मिर्जापुर

**जनपद** के विकास को लेकर निर्माणाधीन महात्वाकांक्षी परियोजना राष्ट्रीय राजमार्ग सात का निर्माण अगले आठ महीने में पूरा हो जाएगा। इस महात्वाकांक्षी परियोजना के पूरा होने से रीवा से वाराणसी जाने वाले यात्रियों को 10 किमी कम यात्रा करनी होगी और आधा घंटा की बचत होगी। साथ ही मिर्जापुर जनपद को जाम से राहत मिलेगी। शुक्रवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष व जनपद की सांसद अनुप्रिया पटेल द्वारा निर्माणस्थल पर जाकर परियोजना का निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस दौरान श्रीमती पटेल ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि परियोजना के निर्माण में गुणवत्ता का खास ख्याल रखा जाए। जनपद के विकास के लिए श्रीमती अनुप्रिया पटेल का यह ड्रीम प्रोजेक्ट है। श्रीमती अनुप्रिया पटेल के विशेष प्रयास से मिर्जापुर जनपद में पहली बार फोर लेन सड़क का निर्माण हो रहा है। परियोजना का निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि कोटवा बाईपास अगले 6 महीने में पूरा हो जाएगा एवं पडरी बाईपास अगले तीन महीने में पूर्ण हो जाएगा। ये परियोजनाएं डेढ़ साल पहले पूरी हो रही हैं। सांसद का कहना है कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से मिर्जापुर शहर को जाम से मुक्ति मिलेगी।

# जनपद में गंगा महोत्सव का आयोजन दो नवंबर से



**संवाददाता।** संतकबीरनगर

**राष्ट्रीय** स्वच्छ गंगा मिशन के तत्वाधान में आगामी दो से चार नवंबर तक तीन दिवसीय गंगा महोत्सव 2020 मनाया जाएगा। जिसमे स्वच्छ गंगा एवं जल संरक्षण से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने दी हैं। उन्होने बताया कि गंगा उत्सव में आयोजित कार्यक्रम वर्चुअल माध्यम से जुड़कर बच्चे और युवा ज्ञान प्राप्त कर सकते है। गंगा उत्सव के कार्यक्रम से जुड़ने के लिए वर्चुअल जुड़ सकते है। इसके अलावा सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, ट्वीटर, यूट्यूब आदि माध्यम से जुड़ सकते है । जिसके लिए मुख्य वेबसाइट पेज का प्रयोग किया जाएगा। गंगा उत्सव के कार्यक्रम दो से चार नवंबर तक प्रत्येक दिन आयाजित किए जायेंगे।

## कोरोना से बचाव को लेकर निरंतर जारी रहेगा प्रयास

बीजपुर (**सोनभद्र**)। एनटीपीसी रिहंद परिसर एवं आस पास के क्षेत्रों में बढ़ते कोरोना संक्रमण को देख परियोजना ने आस-पास के क्षेत्रों में इस महामारी के प्रति जागरूकता अभियान चला रहा है एनटीपीसी ने कोविड टेस्ट के लिए कई शिविर भी लगवाए और अधिक से अधिक कोविड टेस्ट कराए एवं लोगों को मास्क एवं सेनिटाईजर बाटें एनटीपीसी ने दो गज दूरी बनाए रखने का आग्रह किया समय-समय परहाथ धोना, कान, नाक तथा मुंह को बार-बार हाथ न लगाना और इम्मुनिटी बढ़ाने के लिए पौष्टिक आहार लेना एवं सभी को बिना जारूरत घर से बाहर ना निकलने का आग्रह किया।

हर जगह समय-समय पर सेनिटाईजर का छिड़काव किया जा रहा है जिससे हम इस परिसर एवं आस पास के इलाकों को कोरोना मुक्त कर सकें और इस महामारी से लड़ सके। एनटीपीसी रिहंद का इस महामारी से बचाव के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेगा।

## दो माह हो गए फिर भी नहीं मिला आपदा का धन

**बस्ती।** आपदा का धन पाने के लिएअगर किसी पीड़ित व्यक्ति को परेशान होना पड़े तो व्यवस्था पर सवाल उठना लाजिमी है। ऐसे सूरत में जब किसी की पत्नी का निधन हो गया हो। मामला सदर तहसील के ग्राम पिपरपाती मुस्तकहम का है। यहां पर 22 अगस्त 20 को मुन्नी लाल की पत्नी की मृत्यु समय आकाशीय बिजली गिरने से हो गई, जब वो खेत में मक्का रखा रही थी। इस कांड में पति भी घायल हो गया। पति का कहना है कि जांचोपरांत सहायता के रुप में चार लाख की स्वीकृति भी दी गई। कहते है कि उन्होंने तहसील को जो बैंक खाता नंबर और आईएफसीडी कोड दिया था वह सही था। मगर मुख्यालय स्थित आपदा कार्यालय के द्वारा जो सूची कोषागार को भुगतान के लिए भेजी गई, उसमें कोड नंबर गलत लिख दिया गया। जिसके चलते उसे आज तक भुगतान नहीं हुआ, जबकि इसके लिए वह तहसील दिवस और एडीएम से भी लिखित में फरियाद कर चुका हूं।

# नवनिर्मित पीएचसी में डाक्टरों और स्टाफ की तैनाती शुरू करें: जिलाधिकारी

**संवाददाता।** बस्ती




**डीएम** आशुतोष निरंजन ने स्वास्थ्य विभाग के निर्माण कार्यों की समीक्षा की। विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर, सगरा, मुसहां, पकड़ीचंदा में डाक्टर एवं अन्य स्टाफ तैनात कर कार्य शुरू कराएं। कैंप कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में पाया कि इन चार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के मुख्य भवन का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। हटवा बाजार पीएचसी का कार्य चल रहा है। इसे तेजी से कराते हुए पूरा करने का निर्देश दिया।

वर्ष 2018-19 में निर्माणाधीन 30 हेल्थ वैलनेस सेंटर में से 12 पूर्ण हो गए हैं और इसे विभाग को हस्तांतरित भी कर दिया गया है। निर्देश दिया है कि अवशेष 18 सेंटर पांच नवंबर तक विभाग को हस्तगत कर दें। एमओआईसी अपने-अपने क्षेत्र के सभी हेल्थ वैलनेस सेंटर का निरीक्षण कर इसे क्रियाशील कराएं। सीएमओ को निर्देश दिया कि जिले स्तर से भी अधिकारी भेजकर इन सेंटर का निरीक्षण कराएं। वर्ष 2019-20 में ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा 78 हेल्थ वैलनेस सेंटर बनवाए जा रहे हैं। एनएचएम की गाइड लाइन के अनुसार निर्माण इकाई द्वारा जिला स्तरीय टास्क फोर्स से सभी निर्माणाधीन सेंटर का समय-समय पर निरीक्षण कराया जाए। सल्टौआ में आवास विकास परिषद प्रतापगढ़ द्वारा बनवाए जा रहे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का 15 नवंबर तक कार्य पूरा कर स्वास्थ्य विभाग को हैंड ओवर करने का निर्देश दिया। समीक्षा में पाया कि हरैया में 100 बेड का महिला अस्पताल का मुख्य भवन का निर्माण पूरा हो गया है। रंगाई-पुताई एवं वायरिंग का काम चल रहा है। इसे भी 15 नवंबर तक पूरा करके विभाग को हैंड ओवर करने का निर्देश दिया गया। कार्यदायी संस्था सीएनडीएस के अधिशासी अभियंता ने बताया कि विद्युत विभाग के एस्टीमेट के अनुसार धनराशि दिए जाने के बावजूद अभी तक इस भवन के लिए विद्युत कनेक्शन नहीं किया गया है। विद्युत विभाग द्वारा जो स्टीमेट दिया गया है उसमें नए ट्रांसफार्मर का प्रावधान नहीं है। इस संबंध में दोनों अधिशासी अभियंताओं को दो दिन के भीतर प्रकरण को सुलझाते हुए रिपोर्ट देने का निर्देश दिया।

कार्यदायी संस्थाओं को आगाह किया है कि प्रोजेक्ट एवं एस्टीमेट के अनुसार सभी कार्य पूरा करके ही भवन विभाग को हस्तगत करें।

# आयुष्मान भारत का लाभ पहुंचाने के लिए 149 गांवों में लगाया कैम्प

## जिले का कोई भी गांव आयुष्मान भारत योजना से वंचित नहीं रहा

## स्वास्थ्य विभाग ने बनाया 265 आयुष्मान कार्ड

## वृद्धजनों के लिए अत्यंत कारगर साबित हो रही योजना

**संवाददाता।** मिर्जापुर

**केन्द्र** व प्रदेश की अति महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत योजना से अब कोई गांव व व्यक्ति वंचित नही रहा। शासन के निर्देश पर विभाग अक्टूबर माह में 149 उन गांवों में कैम्प लगाया जहां अभी तक कोई आयुष्मान भारत योजना कार्ड नही था। जिला सूचना प्रबन्धक राहुल मिश्र ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना से जिले के लगभग 149 गांव वंचित रह गये थे। इन गांवों में शासन के निर्देश पर इन गांव के नागरिकों को योजना का लाभ दिलाने के लिए अक्टूबर माह में कैम्प लगाकर 265 गोल्डन कार्ड बनाने का कार्य आयुष्मान की टीम ने किया है। कैम्प में कोरोना की सावधानियों का विशेष ख्याल रखा जा रहा है। हर व्यक्ति मास्क और सेनेटाइजर का प्रयोग के साथ ही प्रति घण्टे हाथों को साबुन व पानी से धोने का कार्य कराया जा रहा है। आयुष्मान भारत योजना के जिला शिकायत प्रबन्धक आयुष पाण्डेय का कहना है कि यह योजना गरीब परिवार के लिए एक संजीवनी बूंटी की तरह काम किया है। कोरोना जैसी महामारी के दौर में भी इलाज कराने में असमर्थ व्यक्तियों के लिए पूरी तरह उपयोगी सिद्ध हुआ। जिससे ऐसे लाभार्थियों को एक नया जीवन दान मिला। लेकिन आयुष्मान भारत योजना से जिन गांवों में अभी तक व्यक्ति आयुष्मान भारत योजना से वंचित रहे उनके लिए स्वास्थ्य विभाग पूरे माह अभियान चलाकर गांवों में कैम्प लगाकर कार्ड बनाया गया।

**एक नजर**

कुल लाभार्थियों की संख्या 164227

दो वर्ष में योजना का लाभ 53842 लाभार्थियों को मिला

जनपद में 15 राजकीय और 22 निजी चिकित्सालयों में इलाज की सुविधा उपलब्ध

योजना के तहत सम्बद्ध चिकित्सालयों को 2.64 करोड़ का भुगतान किया गया

अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर सुबोध सिन्हा ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना वृद्धजनों के लिए, अब अत्यन्त कारगर साबित हो रहा है अक्टूबर माह के अभियान के दौरान विकास खण्ड लालगंज के गोपालपुर ग्राम निवासी किस्मती देवी उम्र 94 वर्ष महिला का गोल्डन कार्ड बनाया गया जिससे उनको अब किसी के सहारे की आवश्यकता नहीं होगी अब वे अपना इलाज कराने में खुद समर्थ है। इनके पति बेरोजगार होने के नाते इलाज कराने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । इनके पुत्र मुम्बई शहर में आटो चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। घर पर मां व बाप की देखभाल करने वाला कोई है।

## बहुप्रतीक्षित सड़क के निर्माण का कार्य शुरू

घोरावल (**सोनभद्र**)। स्थानीय तहसील क्षेत्र के कोलिया घाट पर कोरट व शिल्पी के लिए सड़क निर्माण हुआ शुरु हो गया। बहुप्रतिक्षित सड़क योजना जिसमें वन विभाग के रोड़ा के चलते मार्ग का समुचित निर्माण न हो पाने से दर्जनों गांवों समेत मध्य प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्र का विकास थम गया था। बताते चलें कि शिल्पी और कोरट के रास्ते दर्जनों गांवों के लोगों का आवागमन लगातार घोरावल नगर में होता रहा है। खासकर व्यापार शिक्षा व चिकित्सा क्षेत्र में यह क्षेत्र काफी पिछड़ा हुआ है। पूर्वती प्रदेश सरकार के समय सोन नदी पर कुण्डवासिनी धाम को जोड़ने वाले पुल की शुरुवात हुई जिससे उज्ज्वल भविष्य रेखांकित हो गयी थी। लेकिन कोलिया घाट पर समुचित सड़क की दरकार थी जो अब पूरी हो जाएगी। दोनों तरफ के मार्गो पर स्टोन बिछाई जाएगी। इस सड़क के बन जाने से आवागमन सुगम हो जाएगा जिससे व्यापार बढ़ेगा।

# हर जिले में स्थापित होगा गुरुगोविंद सिंह चौक

## सिख, बौद्ध, जैन सहित अन्य अल्पसंख्यकों को मिलेगा योजनाओं का लाभ

## प्रत्येक मदरसों के प्रबंधतंत्र का डेटा तैयार करवा रहा आयोग

**संवाददाता।** बस्ती



**अल्पसंख्यक** आयोग के सदस्य सरदार परविंदर सिंह ने पत्रकारों को बताया कि प्रदेश के प्रत्येक जनपदों में गुरुगोविंद सिंह के नाम से चौक स्थापित किया जाएगा। कंपनीबाग स्थित गुरुगोविंद सिंह का जीर्णोद्धार करने की बात कही।

उन्होंने कहा कि आयोग अल्पसंख्यकों के अधिकारों की सुरक्षा के प्रति सजग है। एक सवाल के जवाब में कहा कि यह सही है कि अल्पसंख्यक के अन्य वर्ग सिख, जैन और बौद्ध वर्ग को जो सुविधाएं और अधिकार मिलना चाहिए वह अभी नहीं मिला, मगर आयोग इसे लेकर गंभीर हैं, और इन सभी लिए भी कई लाभकारी योजनाएं बनाई जाएगी।

सरदार परविंदर सिंह ने कहा कि आयोग प्रदेश के सभी मदरसों के प्रबंधतंत्र का डेटा बेस तैयार करने जा रहा है, ताकि आवश्यकता होने पर अपेक्षित कार्रवाई की जा सके।

अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य परविंदर सिंह ने कहा कि अल्प संख्यकों के उत्पीड़न जैसे अन्य गंभीर शिकायतें आयोग को प्राप्त हो रही है। आयोग इसे गंभीर से लेते हुए स्थानीय प्रशासन और सरकार के सहयोग से निस्तारित कर रही हैं, अल्प संख्यकों को न्याय मिल सके इसके लिए आयोग निरंतर प्रयास कर रहा है। मदरसों के शिक्षकों को समय से वेतन न मिलने संबंधी सवाल पर कहा कि राज्यांश तो मिल जाता है, मगर केंद्रांश मिलने में देरी हो रही है, प्रयास किया जारहा है, कि केंद्रांश भी समय से मिल जाए।

परविंदर ने कहा कि आयोग की मंशा उपलब्ध बजट का सदुपयोग हो सके। बताया कि तलाकशुदा महिलाओं को प्रति माह पांच सौ रुपया गुजारा भत्ता देने की योजना को अमल में लाया जा रहा है। मदरसों की संपत्तियों पर हो रहे कब्जे को लेकर कहा कि आयोग अब तक कई कब्जों को हटवा चुका है। प्रेसवार्ता के दौरान सहायक सूचना निदेशक प्रभाकर तिवारी और प्रभारी जिला अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी मौजूद रहे।

## छापा में लाखों को हुई राजस्व की वसूली

**रुद्रपुर, देवरिया।** शुक्रवार को उपनगर के सेमरॉना पूल होते जमुनी चौराहा मेन मार्केट में संयुक्त संघर्ष समिति देवरिवि जिलेंस या व विजिलेंस के टीम द्वारा चेकिंग अभियान चला। जिसमें टीम द्वारा 188 लोगों का जांच किया गया जिसमें नगर में 68 लोगों का विद्युत काटा गया 8 लोगों का मीटर बदला गया 8 लोगों का लोड बढ़ाया गया जिसमें 22 लोगों का घरेलू से कमर्शियल में किया गया वहीं जांच के दौरान 6 लोग चोरी से बिजली जलाते हुए पकड़े गए।

## यादव महासंघ ने लकी को किया समर्थन

**जौनपुर।** अखिल भारतीय यादव महासंघ ने मल्हनी विस उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी लकी यादव को समर्थन देने का फैसला लिया है। उक्त जानकारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामजीत सिंह यादव ने प्रेस को जारी बयान के माध्यम से दी है। श्री यादव ने बताया कि महासंघ के समस्त पदाधिकारियों को निर्देश जारी कर दिया गया है कि मल्हनी विस उपचुनाव में सपा प्रत्याशी लकी यादव को विधानसभा पहुंचाने में पूर्ण समर्पण के साथ जुट जायं। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष दिनेश यादव से विचार.विमर्श करके सपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने की रणनीति बनाते हुये महासंघ से जुड़े लोगों से आह्वान किया कि हाईकमान के दिशा निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाय।

## भाजपा नगर इकाई ने शाहगंज में बाईपास की मांग की

**शाहगंज, जौनपुर।** भारतीय जनता पार्टी के शाहगंज नगर इकाई ने सूबे के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को पत्र भेजकर नगर में बाईपास निर्माण की अपील किया है। उनके अनुसार दुद्धी.लुम्बिनी राज्यमार्ग संख्या 5 को अयोध्या से मिर्जापुर वाया शाहगंज को राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 135.ए किए जाने की प्रकाशित खबर को संज्ञान लेते हुए भाजपा नगर इकाई द्वारा भेजे गए पत्र में कहा गया कि पूर्व में हुए चौड़ीकरण के नाम पर मुख्य मार्ग पर लोगों के मकान व दुकान टूटने से लोग अभी तक उबर नहीं पाए हैं।

## नीमा का नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**शाहगंज, जौनपुर।** नेशनल इण्टीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन -नीमा शाहगंज इकाई द्वारा 31 अक्टूबर दिन शनिवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। उक्त शिविर में तमाम रोगों के विशेषज्ञ शिविर में पहुंचने वाले जरूरतमन्दों की सेवा करेंगे। उक्त शिविर अहमद नगर में डाण् खुर्शीद आलम के निजी अस्पताल में लगेगा। इस आशय की जानकारी नीमा सचिव डाण् तारिक बदरूद्दीन शेख ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

## रामलीला का उद्घाटन

**नौपेड़वा, जौनपुर।** बक्शा क्षेत्र में स्थित भुतहां गांव में श्री आदर्श रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला का उद्घाटन पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने फीता काटकर किया। इसके बाद भगवान श्रीरामए लक्ष्मणए माता सीता की आरती करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान रामलीला समिति के तत्वावधान में राम वन गमनए सुपूर्णखा नक्कटैयाए सीताहरणए सुग्रीव मित्रताए बाली वध का भावपूर्ण मंचन किया गया।

## निधन पर शोक

**मुग़लसराय, चन्दौली।** भारतवर्षीय गोंड आदिवासी महासभा समिति के बैनर तले कैंप कार्यालय परशुरामपुर मुगलसराय पर एक सभा की गई जिसमें गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के संस्थापक गोंडवाना रत्न और राष्ट्रीय अध्यक्ष दादा हीरा सिंह मरकाम का निधन 28 अक्टूबर 2020 को तिवरसा गांव जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ पर स्वर्गवास हो गया।सभा में सभी वक्ताओं ने उनके जीवन शैली पर प्रकाश डाला साथ ही सभा में उनके स्वर्गवास होने पर 2 मिनट का मौन धारण कर मृत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की सभा में वक्ताओं ने कहा कि आर्थिक न्याय आर्थिक गणतंत्र की स्थापना हेतु आदिवासियों के बीच में अपना जन आंदोलन जागरूकता का रूप शिक्षा हेतु दिया।

## अन्तर राज्यीय पांच शराब तस्करों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**चन्दौली।** दूध के कंटेनर में रखकर हरियाणा से बिहार ले जा रही करीब 12 लाख रुपये मूल्य की अंग्रेजी शराब सैयदराजा पुलिसए स्वाट व सर्विलांस टीम ने गुरुवार को नौबतपुर बार्डर पर चेकिंग के दौरान बरामद किया। इसमें अन्तर राज्यीय पांच तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। इसमें तीन तस्कर कार स्कार्ट करते समय पकड़ गए। एसपी हेमंत कुटियाल ने पुलिस लाइन में मामले का खुलासा किया। बिहार चुनाव के मद्देनजर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। एएसपी प्रेमचंद और सीओ कुंवर प्रभात सिंह के निर्देशन में पुलिस टीम शराब तस्करों के विरुद्ध नौबतपुर बार्डर पर लगातार अभियान चलाकर चेकिंग कर रही है। पुलिस की आंख में धूल झोंकने के लिए तस्कर नये.नये तरीके इजाद कर शराब की तस्करी में लगे हैं।

# देवरिया उपचुनाव की तैयारी को प्रशासन हुआ दुरूस्त

### विधान सभा उप निर्वाचन सकुशल संपन्न कराने हेतु माइक्रो आब्जर्वर किये गये प्रशिक्षित



संवाददाता। देवरिया

देवरिया सदर विधान सभा उप निर्वाचन को सकुशल शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु तैनात किये गये माइक्रो आब्जर्वर को जिला पंचायत सभागार में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नामित प्रेक्षक डीडी कपाडिया की अध्यक्षता में उन्हे प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान प्रेक्षक श्री कपाडिया ने कहा कि निर्वाचन कार्य को सकुशल, निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने में आप सब की महत्ति भूमिका है। मतदान के दौरान सभी गतिविधियों पर नजर रखेगें और हर हाल में बिना भेदभाव व पक्षपात के मतदान कार्य को सम्पन्न कराने में अपनी भूमिका निभायेगें। मुख्य विकास अधिकारी शिव शरणप्पा जी एन ने कहा कि मतदान प्रक्रिया को सम्पन्न कराने के लिये सभी प्रक्रियाओं से आप सभी भलि-भांति अवगत रहे, ताकि मौके पर यदि कोई कठिनायी आये तो उसका अनुश्रवण कर सकें। उन्होने माइक्रो आब्जर्वर से अपेक्षा करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी सौपी गयी है, उसे आयोग के निर्देशों के अनुरुप सम्पन्न करायेगें, जिससे कि निर्वाचन का कार्य पारदर्शिता सहित सम्पन्न हो सके। मुख्य प्रशिक्षणकर्ताध्उप निदेशक बचत विजय नाथ मिश्रा ने सैद्धान्तिक व प्रायोगिक रुप से इवीएम संचालन सहित मतदान की सभी प्रक्रियाओं की बारीकियों से अवगत कराया गया। इस दौरान एलडीएम राकेश कुमार श्रीवास्तव व तैनात माइक्रो आब्जर्वर गण उपस्थित रहे।

## मतदान जागरूकता को लेकर मतदाताओं को दिलवाई गई शपथ



**देवरिया।** मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के तहत कांशीराम आवास कालोनी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नाटककार भोला चौधरी ने लोकतंत्र की मजबूती के लिए कीमती मत एवं मतदान के महत्व को बताते हुए लोगों को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया एवं मतदाता शपथ दिलायी। उन्होंने 3 नवम्बर को घरों से निकलकर मतदान करने की अपील किया। छोटे बच्चों से उन्होंने अपील किया की मतदान दिवस को वे अपने माता पिता समेत घर के सभी मतदाताओं को जिद करके मतदान केंद्रों पर भेजें। श्रीराम गुप्ता ने मतदाता जागरूकता गीत के माध्यम से सभी को अपने वोट देने के अधिकार जानने एवं मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सभी बूथों पर मास्क, सैनिटाइजर आदि की व्यवस्था की गई है। आवास परिसर के मतदाता राजेश राजभर तथा छोटे प्रसाद ने स्वीप टीम को आश्वासन दिया गया कि हम सभी जाति, धर्म, लोभ, लालच से परे होकर 3 नवंबर को मतदान करेंगे। साथ ही अपने आसपास अन्य लोगों को भी मतदान हेतु जागरूक करेंगे। इस दौरान किशन, विनय, राजन जायसवाल, सरिता सिंह, स्मिता सिंह, भगवान प्रसाद, संजय कुमार, सलामत अंसारी, रम्भा देवी, परवेज अहमद, उमेश कुमार भारती, किरण, सोनी संतोष जायसवाल, शशि प्रभा, सना खातून ,अरीबा खातून, हमीदा बेगम ,स्वेता, संगीता देवी,नेहा कुमारी आदि मौजूद रहे।

# मऊ की वैष्णवी ने मिस इंडिया यूनिवर्स का खिताब प्राप्त कर नाम किया रोशन

### जिले के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. एचएन सिंह की पुत्री हैं



संवाददाता। मऊ

जिले के थानीदास सोनाडीह निवासी प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. एचएन सिंह पटेल की 20 वर्षीय पुत्री वैष्णवी सिंह ने लुधियाना पंजाब द्वारा आयोजित मिस इंडिया यूनिवर्स 2020 का खिताब प्राप्त करके जिले का नाम रोशन किया है। वैष्णवी की इस उपलब्धि की सूचना मिलते ही जिले में खुशी की लहर दौड़ गया। वैष्णवी ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता समेत अन्य परिजनों को दिया है। वैष्णवी बीएससी द्वितीय वर्ष की एएफएफटी में फिल्म सिटी नोएडा की छात्रा है। मऊ जिले के घोसी तहसील अंतर्गत थानीदास सोनाडीह निवासी वरिष्ठ चिकित्सक डा. एचएन सिंह की पुत्री बचपन से ही काफी होनहार रही है। साथ ही साथ प्रारम्भिक पढ़ाई के दौरान ही वह विभिन्न सौन्दर्य प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने लगी थी। साथ ही साथ पढ़ाई के साथ ही वह माडलिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाने का सपना भी संजोए हुए थी। वर्ष 2015 में सनबीम वाराणसी से हाईस्कूल, वर्ष 2017 में सेंटजोसप बड़हलगंज से इण्टरमीडिएट की शिक्षा पूरा किया। जबकि उसके पिता उसे चिकित्सक बनाना चाहते थे। इसके लिए उसे कोचिंग सेंटर भेज करके एक साल कोचिंग भी कराया। लेकिन वैष्णवी का मन मेडिकल की पढ़ाई में नहीं लगा। इसके उपरांत उसने नोएडा फिल्म सिटी में बीएससी में दाखिला लिया। वैष्णवी की मां अनीता सिंह ग्राम प्रधान सोनाडीह ने बताया कि वैष्णवी पढ़ाई के साथ.साथ अन्य गतिविधियों में काफी रुचि रखती थी। वैष्णवी पढ़ाई के साथ ही माडलिंग में कैरियर बनाने का सपना संजोए हुए थी। इसी वजह से वैष्णवी मिस इंडिया के लिए तैयारी शुरु कर दी थी। मऊ जिले की निवासिनी वैष्णवी सिंह को मिस इंडिया यूनिवर्स 2020 का खिताब मिलने की जानकारी होने के बाद जिले में खुशी की लहर दौड़ गयी।

## तदर्थ शिक्षकों के साथ सरकार ने फिर किया धोखाः रमेश सिंह

**जौनपुर।** माध्यमिक शिक्षा चयन बोर्ड द्वारा अशासकीय सहायता प्राप्त इंटरमीडिएट कालेजों में 12931 पद सहायक अध्यापकों और 2595 पद प्रवक्ता वर्ग के अध्यापकों की रिक्तियों का विज्ञापन जारी किया गया जिसकी माँग उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा लगातार किया जा रही थी। अगर ये भर्तियां समय से पूरी हो जातीं तो काफी हद तक शिक्षकों की कमी पूरी हो जाएंगी परन्तु इतनी भारी मात्रा में रिक्तियों के बावजूद महज कुछ हजार तदर्थ शिक्षकों के समायोजन की समुचित व्यवस्था न करके सरकार ने फिर से उन्हें छलने का कार्य किया है। उक्त बातें माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं वाराणसी खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से प्रत्याशी रमेश सिंह ने प्रेस को जारी बयान में कही। 500 अंकों की परीक्षा में अधिकतम 35 नम्बर का अधिभार केवल खानापूर्ति के सिवाय कुछ नहीं है। उस पर से प्रत्येक वर्ष की सेवा पर 1.75 अंक का अधिभार, वह भी ट्रेजरी से वेतन प्राप्त करने के बाद की ही सेवा का आगणन केवल उनको सेवा से बाहर करने की एक सोची-समझी साजिश है।

# मुख्तार के करीबी माफिया का 300 टन कोयला जब्त

### पुलिस टीम द्वारा अब तक 6 करोड़ से अधिक की सम्पत्ति जब्त की गई

### एसपी के निर्देश के बाद हुई कार्रवाई

संवाददाता। मऊ

माफि या मुख्तार अंसारी गिरोह आईएस 191 के नजदीकी व मन्ना सिंह हत्याकांड में सह अभियुक्तए कोयला माफिया व त्रिदेव ग्रुप के मालिक उमेश का 25 लाख 50 हजार रुपए कीमत का 300 टन कोयला 14 ,1, गैंगस्टर एक्ट के तहत पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को इंदारा स्थित कोल डिपो से जब्त कर लिया।

इस प्रकार से पुलिस टीम द्वारा कोयला माफिया उमेश सिंह की गैंगस्टर एक्ट के तहत अब तक 6 करोड़ 67 लाख 36 हजार 200 रुपए की सम्पत्ति जब्त किया जा चुका है। पुलिस टीम द्वारा की गई कार्रवाई से पूरे दिन अफरातफरी मचा रहा।

मऊ सदर के बाहुबली विधायक माफिया मुख्तार अंसारी पर शासन के सख्त रुख अपनाने के बाद अब जिला प्रशासन द्वारा उसके करीबियों पर कार्रवाई तेजी के साथ किया जाने लगा है।


इस क्रम में पुलिस अधीक्षक सुशील घुले के निर्देश पर शुक्रवार को जिले की पुलिस ने मुख्तार अंसारी गिरोह आईएस 191 के अत्यंत नजदीकी व मुख्तार अंसारी के साथ मन्ना सिंह हत्याकांड 2009 में सह अभियुक्त रहे त्रिदेव कंस्ट्रक्शन, त्रिदेव कोल डिपो, त्रिदेव ग्रुप के मालिक कोयला माफिया उमेश सिंह निवासी अहिलाद जनपद की लगभग 300 टन कोयला 14,1, गैंगस्टर एक्ट के तहत जब्त कर लिया। जब्त किए गए कोयल की कीमत 25 लाख 50 हजार रुपए आंका गया है।

## बढ़नी पीएससी पर सरकारी पर्चे के साथ छोटी पर्ची मरीजों की तोड़ रही कमर

संवाददाता। बढनी, सिद्धार्थनगर

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बढनी पर व्याप्त दुर्व्यवस्था को समाप्त करने के लिए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी द्वारा उठाये जा रहे कदम न तो कुछ दुकानदारों को न तो एक चिकित्सककों को अच्छा लग रहा है। बढनी पर तैनात एक चिकित्सक ओपीडी में मरीजों को सरकारी पर्चे के साथ एक सादे पर्ची पर बाहर की मंहगी दवा लिखकर अपने चहेते दुकान से खरीदवाता है। बाहर की दवा लिखने का बिरोध कर रहे प्रभारी चिकित्साधिकारी एक चिकित्सक से बिगत दिनों में विवाद खड़ा हो गया था। डाक्टरों की विवाद की भनक लगते ही गुरुवार को प्राथमिक स्वास्थ्य बढनी पर मुआयना करने स्वास्थ्य मंत्री राजा जय प्रताप सिंह पहुंच गए थे। लगभग छह वर्षों से कुंडली मारकर जमें एक चिकित्सक की पूर्व में तबादला भी हो गया था। लेकिन नेताओं के दबाव में जिला प्रशासन द्वारा तबादला वापस कर दिया गयाए जब से चिकित्सक प्राथमिक स्वास्थ्य बढनी में जमे हुए हैं। बताया जाता है की जब भी वह चिकित्सक अस्पताल के ओपीडी में बैठता है तो एक मुफ्त के तर्ज पर सरकारी पर्ची जो पीड़ित लेकर आता है उसके साथ एक छोटी पर्ची थमा देता है। वह छोटी सी पर्ची भी सकसैंया के दोहे ज्योनाविक के तीर देखत में छोटे लगे घाव करे गम्भीर की स्थित पैदा कर देता है। उस छोटी सी पर्ची देख दुकानदार खुश हो जाता है। उस छोटी सी पर्ची में सैकड़ों रुपये की दवा लिखी रहती है।

## अभियान चलाकर बालू लदे ट्रैक्टर किया सीज



**सकलडीहा, चन्दौली।** पुलिस अधीक्षक हेमंत कुटियाल की सख्त निर्देश पर बालू की अवैध खनन के खिलाफलगातार अभियान चलाया जा रहा है। गुरूवार की देर रात एडीशन एसपी के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने अभियान चलाकर दो बोगा बालू ट्रैक्टर सीज कर दिया। इस दौरान दर्जनों बालू ट्रैक्टर चालक पुलिस अभियान को लेकर रास्ता बदल दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से बालू ट्रैक्टर संचालकों में खलबली मची हुई है। केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री व सांसद डाण् महेन्द्रनाथ पांडेय के निर्देश पर जिला प्रशासन ओवर लोड वाहनों के खिलाफ अभियान छेड़ रखा है। आरोप है कि ओवर लोड वाहनों के चलने से मुख्य मार्ग से लेकर लिंक मार्ग पर जर्जर हो रही है। गुरूवार की देर रात अपर पुलिस अधीक्षक प्रेमचंद चहनिया से लौटते समय बालू ट्रैक्टरों को देख कार्रवाई का निर्देश दिया था। इस क्रम में कोतवाली पुलिस ने भोजापुरए मनिहराए नईबाजारए डेढ़ावल सहित अन्य स्थान पर घेराबंदी कर वाहनों को पकड़ने का अभियान शुरू कर दिया। इसकी जानकारी होते ही कई बालू ट्रैक्टर चालक मार्ग बदल दिया। वही दो बालू लदी ट्रैक्टर को पुलिस ने पकड़कर सीज कर दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से बालू ट्रैक्टर संचालकों में खलबली मची हुई है। इस बाबत कोतवाल वंदना सिंह ने बताया कि किसी भी हालत में ओवर लोड वाहनों को चलने नही दिया जायेगा।

# कब्जा धारियों पर चली प्रशासन की जेसीबी



### ताल पर फर्जी नाम चढ़ाने वाले 78 लोगों के खिलाफ मुकद्मा दर्ज

संवाददाता। डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर

**डुमरियागंज** अंतर्गत नगर पंचायत डुमरियागंज में जल संरक्षण एवं जल निकासी की समस्या के स्थाई समाधान हेतु पिपरहवा ताल के सौंदर्यीकरण का कार्य पोकलैंड के माध्यम से शुरू कर दिया गया है। अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत स्वयं उपस्थित होकर इस ताल के चारों तरफबंधा और बंधे के ऊपर सड़क एवृक्षारोपण एतार से घेराव गेटए बेंच आदि का निर्माण होगा जो जल संरक्षण के अलावा पर्यटन का भी मुख्य केंद्र बनेगा। इसी ताल पर फर्जी नाम चढ़ाने के कारण 78 लोगों के खिलाफथाना डुमरियागंज में मुकदमा दर्ज हुआ है जिसमे सीधे गिरफ्तारी है। प्रथम सूचना रिपोर्ट के उपरांत भी अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई हैए इस पर थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया है कि दोषी व्यक्तियों को गिरफ्तार कर मुकदमे की कार्रवाई 1 महीने में पूर्ण कराएं।

# अवैध संबंधों को लेकर भाई ने भाई को मारी थी गोली

### रिटायर्ड सैनिक पुत्र हत्याकांड का खुलासा



संवाददाता। चंदौली

रिटायर्ड सैनिक पुत्र राकेश यादव रोशन हत्याकांड का पुलिस ने पर्दाफाश किया है । 28 अगस्त को बसिला गांव के सिवान में कनपटी पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या के मुख्य आरोपी के रूप में उसके भाई मुकेश यादव को गिरफ्तार किया गया है । हत्या के पीछे भाई की पत्नी से अवैध संबंध बताया जा रहा है। बीते दिन हत्या में शामिल एक अन्य आरोपी आशुतोष यादव को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है फिलहाल पुलिस मुख्य आरोपी को जेल भेज हत्या में शामिल तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है । दरअसल बलुआ थाने का हिस्ट्रीशीटर और वंछित आशुतोष उर्फ चिटकू यादव को मुठभेड़ के बाद पुलिस ने गिरफ्तार किया था । पुलिस की पूछताछ में उसने हत्याकांड का पूरा सच पुलिस को बताया जिसके आधार पर मृतक राकेश रोशन के छोटे भाई मुकेश यादव को शुक्रवार को धूरीकोट गांव के मोड़ के समीप से गिरफ्तार किया गया है जबकि एक अन्य आरोपी अभी गिरफ्त से दूर है । पुलिस की माने तो पूछताछ में आशुतोष यादव ने बताया कि मुकेश ने ही अपनी पत्नी के साथ अवैध संबंधों के चलते बड़े भाई को गोली मारी थी। गिरफ्तार अभियुक्त मुकेश 2017 में हत्या के एक मामले में जेल गया था और जनवरी 2020 में जमानत पर बाहर आया। मुकेश के अनुसार इस दौरान बड़े भाई राकेश का अवैध संबंध मेरी पत्नी से हो गया । एक दिन उसने दोनों को रंगेहाथ पकड़ भी लिया था ।

जेल में रहने के दौरान मुकेश की दोस्ती बदमाश आशुतोष उर्फ चिटकू से हो गई थी । दोनों छह माह एक ही जेल में रहे थे । ऐसे में मुकेश ने आशुतोष और रामानंद के साथ अपने बड़े भाई को ठिकाने लगाने की योजना बनाई । हत्या की योजना के तहत आशुतोष और रामानंद बहाने से राकेश रोशन को उसके घर से बसिला सिवान में ले आएण् जिसके बाद उसका भाई मुकेश भी वहां पहुँच गया और शराब पीने के दौरान मुकेश ने अपने बड़े भाई की कनपटी पर गोली मार दी जिसके बाद मुकेश घर चला आया और आशुतोष व रामानंद फरार हो गए ।

## रक्तदान कर मनाया जश्न ए ईद मिला दुन्नबी

**जौनपुर।** जनपद में 12 रबीउल अव्वल को जश्न.ए.ईद मिलादुन्नबी सण्अण्व बड़ी अकीदत के साथ मनाया जाता था। इस वर्ष कोविड.19 के दृष्टिगत नहीं मनाया जा रहा है। वहीं मरकजी सीरत कमेटी की ओर से जश्नएईद मिलादुन्नबी के अवसर पर जिला अस्पताल में रक्तदान करके इस पर्व का जश्न मनाया गया। साथ ही एकता व अमन का संदेश दिया गया। इसके पहले रक्तदान शिविर का शुभारम्भ वरिष्ठ पत्रकार नासिर खान ने फीता काटकर किया। तत्पश्चात् मरकजी सीरत कमेटी के महासचिव हफीज शाह ने बताया कि आज पूरे संसार में हजरत मोहम्मद सण्अण्व की विलादत का जश्न मनाया जा रहा है। इसी क्रम में शीराजएहिन्द जौनपुर में इस पर्व पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है जहां 20 लोगों ने रक्तदान किया।

## पैगम्बरे इस्लाम हजरत मुहम्मद मुस्तफा के जन्मदिवस पर एकता सप्ताह का हुआ आगाज

**जौनपुर।** इमाम खुमैनी रहमतुल्लाह ने पैगम्बरे इस्लाम हजरत मुहम्मद साहब के जन्मदिवस पर अरबी महीने के 12 रबीउल अव्वल से 17 रबीउल अव्वल तक के सप्ताह को हफ्त.ए.वहदत एकता सप्ताहद्ध के तौर पर मनाने का पूरी दुनिया के मुसलमानों से आह्वान किया था। आज भी पूरी दुनिया में एकता सप्ताह पर विभिन्न आयोजन किए जाते हैं। चूंकि सुन्नी मुसलमान 12 रबीउल अव्वल और शिया मुसलमान 17 रबीउल अव्वल को हजरत मुहम्मद साहब का जन्मदिवस मनाते हैंए इसलिए मुसलमानों में एकता को बढ़ावा देने के लिए इमाम खुमैनी ने पूरे सप्ताह को एकता सप्ताह के तौर पर मनाने का आह्वान किया था।

## ईद मिलादुन्नबी के मौके पर निकाला गया जुलूस, इस्लामी झंडे व बैनर दे रहे दीन-इस्लाम का पैगाम

**रुद्रपुर/ देवरिया।** बरावफात के अवसर पर गाजे बाजे और घोड़ों की अगुवाई में जुलूस निकाली गई जो अमन चौन का संदेश देते हुए नगर का भ्रमण कर कर्बला पहुचकर समाप्त हुआ। मोहम्मद साहब के जन्मदिन बरावफात पर रुद्रपुर नगर के जामा मस्जिद से शुक्रवार की सुबह गाजे-बाजे और घोड़ों की अगुवाई में जुलूस निकला। जुलूस की अगुवाई नगर पंचायत के प्रतिनिधि वीरेंद्र शर्मा मस्जिद के हाफिज लाल मोहम्मद, भाजपा नेता हसमत भाई सभासद प्रतिनिधि कैशर अंसारी, रिजवान अहमद मुनीर अहमद कर रहे थे।इस दौरान बड़ी संख्या में अमन पसंद लोगों और मदरसे के छात्र और छात्राओं ने हाथों में झंडा और तिरंगा लिए बसस्टेशन होते हुए तहसील मार्ग पुराना चौक,पुराना चौक इमामबाड़ा चौराहा, पुन्निसाहू होकर कर्बला तक पहुंचकर समाप्त हुआ। जुलूस के दौरान अमन चौन के संदेशों को लोगो तक पहुचाया गया।त्योहारों को लेकर के नगर पंचायत ने विशेष रूप से सफाई कराई। वही प्रशासन और पुलिस बल सुरक्षा को लेकर तैनात दिखे।

## जश्न ए ईद मिला दुन्नबी मनी

**सिद्धार्थनगर।** कस्बे के मस्जिद चौराहे पर आयोजित जश्न ए ईद मिला दुन्नबी कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुएए मौलाना अब्दुल्लाह आरिफ साहब ने कहा कि पैगम्बर हजरत मोहम्मद सअव ऐसे वक्त में दुनिया में तशरीफलाये, जब दुनिया में जुल्म और हैवानियत अपने चरम पर था। लोग अपनी मासूम बेटियों को मनहूस समझकर जिन्दा दफ्न कर दिया करते थे। महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया जाना आम बात थी। ऐसे माहौल में पैगम्बर हजरत मोहम्मद सअव का जन्म हुआ। उन्होंने महिलाओं को सम्मान दिलाया और मासूम बच्चियों का कत्ल बन्द करवाया। उन्होंने बच्चियों को लोगों के लिए अल्लाह का रहमत और जन्नत हासिल करने का बेहतरीन रास्ता बताया। उन्होंने बताया कि बच्चियों की बेहतरीन परवरिश कर उनका शादी करना नेक काम है। पैगम्बर हजरत मोहम्मद ने वतन से मोहब्बत करने का बेहतरीन नमूना भी पेश किया। उन्होंने बता दिया कि जब वतन पर आंच आये तो सामने कोई भी हो जंग से पीछे नहीं हटना चाहिए। इस तरह पैगम्बर हजरत मोहम्मद की पूरी जिंदगी एक बेहतर जिंदगी गुजारने का नमूना है।

## बकाया वसूली को लेकर बिजली और विजिलेंस टीम ने की संयुक्त छापेमारी

**सकलडीहा,चन्दौली।** शासन की सख्ती के बाद बिजली विभाग के अधिकारियों ने बकाया वसूली और बिजली चोरी के खिलाफ अभियान छेड़ दिया है। गुरूवार को सकलडीहा विद्युत वितरण उपखंड तृतीय के नेतृत्व में सकलडीहा कस्बा में महाअभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 470 उपभोक्ताओं की जांच किया गया। इस दौरान 22 उपभोक्ताओं के खिलाफमुकदमा दर्ज कराया गया। वही 205 उपभोक्ताओं के बकाया होने पर कनेक्शन काट दिया गया। जांच अभियान के दौरान कुल 11 लाख चालीस हजार की राजस्व का वसूली किया गया। विभागीय महाअभियान जांच के दौरान विद्युत बकायेदारों में खलबली मच गया। विद्युत वितरण उपखंड के तहत कुल 67 हजार बिजली उपभोक्ता है। जिनमे से 48 हजार उपभोक्ता द्वारा बिल जमा ही नही किया जाता है। शासन के निर्देश पर सौ से अधिक बिजली विभाग और विजलेंस की टीम ने एक साथ सकलडीहा कस्बा में छापेमारी अभियान चलाया।

# मेधावियों का सम्मान राष्ट्र का सम्मान : शिवेन्द्र

संवाददाता। देवरिया

**शुक्रवार** को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में मेधावी प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

जिससे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव, न्यायाधीश शिवेन्द्र कुमार मिश्र द्वारा जनपद देवरिया की नेशनल इबिलिटी कम ऐन्ट्रेन्स टेस्ट (नीट) परीक्षा में सफल अभ्यर्थी शिवप्रभा त्रिपाठी का सम्मान माला पहनाकर एवं पुष्प का गुच्छा देकर किया गया, कार्यक्रम में बच्चों के साथ उनके माता पिता भी सम्मलित हुये, अपने बच्चों को न्यायाधीश के हाथों सम्मानित होते देख वह भी अभिभूत हो गये। माता कंचन त्रिपाठी एवं पिता श्रीप्रकाश त्रिपाठी तथा नाना देवेन्द्र मणि त्रिपाठी को भी माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

न्यायाधीश ने मेधावी छात्राओं की उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि सतत परिश्रम से ही बेहतर परिणाम अर्जित किया जा सकता है, मेधावियों की परिश्रम की




मेधावियों को सम्मानित करते न्यायाधीश शिवेन्द्र मिश्र

सराहना की और कहा कि युवाओं के लिये कुछ भी असम्भव नही है वह अपने कठिन परिश्रम के बल पर असंम्भव को संम्भव बनाने में माहिर है, युवा राष्ट्र की रीढ है, उन्होने उपस्थित युवाओं को स्वच्छता, पेयजल, पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण सहित अन्य कार्यो में बढ चढ कर हिस्सा लेने का आह्वान किया। और कहा कि एक सफल अभ्यर्थी अपने पूरे परिवार के सहयोग से ही सफल होता है, इसलिये पूरे परिवार का सम्मान होनो चाहियें। इस कार्यक्रम में माता कंचन त्रिपाठी, पिता श्री श्रीप्रकाश त्रिपाठी, नाना श्री देवेन्द्र मणि त्रिपाठी, अध्यक्ष गर्वन्मेट पेशेन्र्स एशोसिएशन, बहन राजेश्वरी त्रिपाठी, एवं साल्वी त्रिपाठी, अधिवक्ता एशोसिएशन बार पूर्व मंत्री प्रेम नरायण मणि, वरिष्ठ अधिवक्ता श्री मनोज कुमार मिश्रा, तथा अधिवक्ता श्री राघवेन्द्र बघेल, डा0 दिवाकर प्रसाद त्रिपाठी, श्री नरसिंह, श्री हनुमान तिवारी, आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस ने चार शातिर चोरों को तमंचों व चापड़ के साथ किया गिरफ्तार

**चकिया,चन्दौली।** कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के बैरा जंगल से चार शातिर किस्म के चोरों को पकड़ा है जो लूटएडकैती व गायों की चोरी के कार्य करते हैं। पुलिस ने उनके पास से एक 315 बोर का कट्टा कारतूसए एक 12 बोर का कट्टा कारतूस तथा दो चापड़ए प्लास्टिक की टॉर्च तथा एक लोहे का रम्मा बरामद किया है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर स्थानीय थाने पर इन अभियुक्तों के खिलाफमुकदमा अपराध संख्या 217, 20 धारा 399,402, 307 भादवी व मुकदमा अपराध संख्या 218,2020 धारा 3,25 आर्म्स एक्ट मुकदमा अपराध संख्या 219,2020 धारा3,25 मुकदमा अपराध संख्या 220,2020 धारा 4 ,25 एक्ट व 221,2020धारा 4,25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्तों को पुलिस जेल भेजने की तैयारी कर रही है। एसपी हेमंत कुटियाल, एएसपी अनिल कुमार के आदेशानुसार अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु अभियान चलाया जा रहा है।

## विद्युतकर्मी के साथ मारपीट, केस दर्ज

**लालगंज ( प्रतापगढ़ )**। संविदा पर तैनात विद्युतकर्मी के साथ मारपीट व धमकी को लेकर आरोपी के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। कोतवाली के रामपुर बावली स्थित विद्युत उपकेंद्र पर तैनात संविदाकर्मी संतोष कौशल ने दी गई तहरीर मे कहा है कि फतेशाहपुर बेलहा गांव मे आरोपी द्वारा गलत केबिल लगाकर विद्युत का उपभोग करने पर उसकी लाइन काट दी गई। इससे आरोपी गांव के बाबूलाल ने बीती उन्तीस अक्टूबर को उसकी घेराबंदी कर गाली गलौज करने लगे। मना करने पर आरोपी ने उसे लाठी डंडे से मारापीटा। विद्युतकर्मी के साथ मारपीट की घटना को लेकर विभागीयकर्मियो मे भी रोष फैल गया। पीड़ित के साथ अवर अभियंता शिलवंत सिंह, संजय वर्मा, राधेश्याम आदि ने कोतवाल से मिलकर मुकदमा दर्ज किये जाने की मांग की।

## पराली जलाए जाने पर मुकदमा

**लालगंज ( प्रतापगढ़ )**। पराली जलाए जाने को लेकर पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। तहसील के रायपुर तियाई क्षेत्र के लेखपाल सूर्य प्रकाश मिश्र ने दी गई तहरीर मे कहा है कि अर्जुनपुर गांव के रामधन सरोज ने मना करने के बावजूद खेत मे पराली जलायी। आरोपी के पराली जलाए जाने से प्रदूषण का माहौल उत्पन्न हो गया। लेखपाल ने एसडीएम को आख्या भेजी। एसडीएम राम नारायण के आदेश पर पुलिस ने आरोपी रामधन के खिलाफ कई गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है। इस संदर्भ मे एसडीएम राम नारायण का कहना है कि पराली को लेकर तहसील क्षेत्र मे सख्त अभियान चलाया जा रहा है।

## सीओ के फटकार के बाद केस दर्ज

लालगंज (प्रतापगढ़)। सीओ की फ्टकार पर कोतवाली पुलिस द्वारा मारपीट तथा गालीगलौज व धमकी को लेकर तीन आरोपियो के खिलाफ गुरूवार की रात केस दर्ज किया गया है। कोतवाली के कटका बलीपुर के लल्लन रजक की पत्नी अनारा देवी ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती 21 अप्रैल को पांच बजे वह घर पर थी। इतने मे गांव के जयकरन रजकए आकाश व मुतुज ने लाठी डंडे से उस पर हमला कर दिया। हमले मे उसके पैर की हडडी भी टूट गई। आरोपियो ने गाली देते हुए जानलेवा धमकी भी दी। पीडिता ने घटना की सूचना पुलिस को दी। जांच के नाम पर पुलिस मुकदमा नही दर्ज कर रही थी। इस पर पीड़िता ने सीओ से मिलकर शिकायत की। सीओ जगमोहन की फ्टकार पर पुलिस ने आरोपी जयकरन समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## मस्जिदिया शाह का धूमधाम से मना उर्स

**लालगंज ( प्रतापगढ़ )**। नगर पंचायत के पूरे टीकाराम वार्ड स्थित हजरत मस्जिदिया शाह की मजार पर उर्से ए पाक धूमधाम से मनाया गया। गुरूवार की रात रहमुतल्लाह अलैह सरकार के उर्स पर कौमी एकता को लेकर कौव्वाली का भी रंगारंग आयोजन किया गया। कौव्वाली के कलाकारों ने हजरत मस्जिदिया शाह की शान मे शेरो व शायरी का तराना छेडा तो कार्यक्रम मे मौजूद जायरीन वाह-वाह कर उठे। कौव्वाली के जरिए भाई चारे तथा कौमी एकता का भी पैगाम गूंजा। वहीं मजार पर भारी तादात मे जुटे हिन्दू मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मजार के सामने मत्था टेका। कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी तथा विधायक मोना के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्लए चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने भी जलसे मे शरीक होकर गुलपोशी की।

## लाखों के चोरी के जेवरात के साथ चोर गिरफ्तार

**अमेठी**। थाना संग्रामपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक मोटर साइकिल पर सवार अभियुक्त शशिकान्त पुत्र ओमकार निवासी कालिकन थाना संग्रामपुर को सहजीपुर रेलवे क्रासिंग के पास से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक जोड़ी बाला, तीन अदद अंगूठी जेन्ट्स, तीन अंगूठी लेडीज, एक मंगलसूत्र, एक जोड़ी झुमकी, एक नाथिया, एक चेन, दो कमरबन्द व 800 रुपये नकद बरामद हुआ। पूछताछ में बरामद रुपये व जेवरात के बारे मे ग्राम खौपुर बुजुर्ग में दो घरो में चोरी का होना बताया।

## सफेद धान की खरीद न होने से किसान परेशान

**तिलोई ( अमेठी )**। भारत सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिए जाने का फरमान जारी हुआ है किंतु सरकारी धान क्रय केन्द्रों पर सफेद धान की खरीद न होने से किसानों को अपनी उपज बिचौलियों के हाथ बेचना पड रहा है। गौरतलब हो कि सिंहपुर ब्लाक क्षेत्र में किसानों की सुविधा के लिए पांच क्रय केंद्र खोले गए हैं। ब्लाक क्षेत्र में फूला, इन्हौना, टेढई, सातनपुरवा पीसीएफव साधन सहकारी समिति विपणन शाखा सिंहपुर मुख्य हैं। किसान श्रीकांत त्रिपाठी, सुनील सिंह, राम प्रकाश पांडेय, अर्जुन सिंह, संजीत सिंह, राजेन्द्र बहादुर आदि ने बताया कि क्रय केन्द्रों पर सफेद धान की खरीद न होने से अपनी उपज बिचौलियों के हाथ औने पौने दामों में बेचना पड़ रहा है।धान में लागत भी नहीं निकल पा रही है।मामले पर जब विपणन अधिकारी सिंहपुर श्यामू राणा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि शासन का निर्देश है कि तीस प्रतिशत सफेद एवम साठ प्रतिशत लाल प्रजाति के धानों की खरीद की जाय। सभी किसानों से साठ तीस के औसत से ही धान की खरीद की जायेगी।

## न्यूनतम दैनिक वेतन वनकर्मियों के संघ का गठन

तिलोईं (अमेठी)। प्रभागीय वनाधिकारी अमेठी के कार्यालय परिसर में अध्यक्ष विजय प्रताप यादव के द्वारा बुलाई गई बैठक में प्रदेश संघ के महामंत्री रफीउल्ला खान के द्वारा सभा संचालन में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। प्रांतीय अध्यक्ष रामजतन यादव के समक्ष जनपद की सभी दस रेंज के दैनिक वेतन भोगी बनकर्मियों में से सर्वसम्मति से निम्नलिखित कर्मी पदाधिकारी के रूप में चुने गए। संघ के संरक्षक प्रदीप कुमार वैश्य, अध्यक्ष विश्वनाथ यादव, उपाध्यक्ष अम्बिका सिंह, मंत्री सुरेशकुमार सिंह, संयुक्त मंत्री सुनील कुमार, संगठनमंत्री जागेश्वर प्रसाद, कोषाध्यक्ष कमला शंकर अवस्थी, प्रचारमंत्री सन्तपाल सिंह, आडिटर मानसिंह तथा कार्यकारिणी में सभी 10 रेन्जो से एक-एक कर्मी को शामिल किया गया।

## खुलेआम काटे जा रहे हैं हरे-भरे पेड़



**त्रिवेदीगंज ( बाराबंकी )**। थाना लोनीकटरा के लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर दहिला के पास एक दर्जन आम व सीसम के पेड काटे जा रहे है । लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर दहिला के पास लगी हरी भरीआम की बाग पर ठेकेदार खुलेआम आरा चला रहे है। दो दिन से हो रही अवैध कटान मे आम अर्जुन सीसम समेत एक दर्जन से ज्यादा पेड़ों को काटा जा रहा है। ग्रामीणों की शिकायत पर डिप्टी रेंजर हीरालाल अवस्थी ने बताया कुछ पेड़ो का परमिट हुआ है । यदि सड़क किनारे व हरी भरी बाग है तो जांच करा कर रिपोर्ट दर्ज कराई जायेगी प्लाटिंग की आड़ में कटवाये जा रहे पेड़ दहिला चाराहे पर हाइवे के किनारे एक बाग में पहले चारों तरफबाउंड्री कराई गई। बाद में मकान बनाने का हवाला देकर पेंड़ काटने की परमिट ले ली गई लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि हरे भरे पेड़ों को काटने के लिए उद्यान विभाग ने परमिट कैसे जारी कर दी।

# प्रधानपति को जिंदा जलाया, मौत गांव में भारी सुरक्षाबल तैनात

**संवाददाता**। अमेठी



**जिले के** अमेठी में ग्राम प्रधान के पति की जलाकर हत्या का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस घटना की जांच में लगी हुई है। गांव में लोगों की भीड़ को देखते हुए पुलिस का पहरा भी लगा दिया गया है। वहींए मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा एक नाबालिग भी पुलिस की गिरफ्त में है। पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने कहा कि पीड़ित परिवार की तरफसे तहरीर मिल गई। उसके मुताबिक पांच लोगों पर केस दर्ज कर लिया गया है। घटना को लेकर अमेठी सांसद स्मृति ईरानी ने दलित प्रधानपति की हत्या की घटना को संज्ञान लेते हुए तत्काल प्रशासन से कठोर कार्यवाही करने व पीड़ित परिवार की सहायता करने के लिए कहा है। जानकारी के अनुसार देर रात गायब प्रधान पति संदिग्ध अवस्था में गांव के ही एक व्यक्ति की चहारदीवारी के अंदर अधजली अवस्था में मिले थे। मामला मुंशीगंज कोतवाली क्षेत्र के बंदोइया गांव का है। यहां की महिला ग्राम प्रधान छोटका के पति अर्जुन गुरुवार से गायब थे। प्रधान पुत्र सुरेंद्र ने गुरुवार को मुंशीगंज पुलिस से पिता के गायब होने की शिकायत की। पुलिस जांच में जुटी ही थी कि देर रात गांव के ही केके तिवारी की चहारदीवारी के अंदर अर्जुन अधजले हालत में मिले। परिजन उन्हें इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान अर्जुन की मौत हो गई। प्रधान पक्ष गांव के ही कुछ लोगों पर जलाकर मार डालने का आरोप लगा रहा है।

## टिकैतनगर कोतवाल पर तहरीर पर बदलवाने का आरोप

**बाराबंकी( सं. )**। ग्राम प्रधान के समर्थकों द्वारा ग्रामीण की पिटाई के मामले में कोतवाल द्वारा तहरीर बदलवाने के मामले में एसपी से शिकायत हुई है। तहरीर बदलवाने का विरोध करने पर कोतवाल ने पीड़ित पक्ष के एक युवक को ही हवालात में डाल दिया। इसका विरोध करने वाले अन्य परिजनों को थाने से भगा दिया। मामला थाना टिकैतनगर क्षेत्र के ग्राम कोठरी गोरिया का है। यहां की निवासिनी द्रोपदी पत्नी ननकऊ ने एसपी को शिकायत पत्र देकर आरोप है कि गुरुवार को सुबह गांव के ही निवासी राम धीरज उत्तम रमेश, कल्लू व रमाकांत उसकी जमीन पर पहुंचे और कब्जा करने की नियत से पैमाइश करने लगे। पति ने जब उनको रोकने की कोशिश की तो उक्त लोगों ने गांव में पूर्व हुई जांच में प्रधान के खिलाफ बोलने की बात कह कर अभद्रता करने लगे। पीड़िता ने जब मामले में सही बात कहने की बात कही तो नाराज हुए प्रधान के समर्थकों ने उसकी पिटाई शुरू कर दी।

# संविदाकर्मी की हत्या कर शव तालाब में फेंका

### टिकैतनगर थाना क्षेत्र के चिर्रा गांव का मामला

**संवाददाता**। बाराबंकी



**जनपद** में हत्याकर शव फेंके जाने का सिलसिला रुकने का नाम नही ले रहा है। थाना टिकैतनगर क्षेत्र के सुखीपुर चौकी के अंतर्गत चिर्रा गांव में एक युवक कातालाब मे शव मिलने से हड़कंप मच गया है। शव का पंचनामा कर पुलिस जांच में जुट गई है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक हत्यारों का कोई पता नहीं चला है। थाना टिकैतनगर क्षेत्र के महदीपुर निवासी धर्मेंद्र पुत्र जंगबहादुर (35 वर्ष) पटरंगा क्षेत्र में संविदा पर लाइनमैन था। गुरुवार की रात में आठ बजे वह आल्हन मऊ गांव में बिजली जोड़ने के लिए घर से निकला था। तभी से वह लापता था। परिवार जन ने रात में खोजबीन की लेकिन कहीं पता नहीं चल सका। शुक्रवार को सुबह खेत गए ग्रामीणों को गांव के बाहर तालाब के किनारे शव दिखाई पड़ा। उसने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे कोतवाल आलोक कुमार वर्मा व चौकी इंचार्ज अशोक सिंह ने शव को बाहर निकलवाया। युवक के सिर पर गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं। इसके अलावा गले में भी निशान हैं। मौके पर से पुलिस ने एक बाइक भी बरामद की है जिस पर विद्युत विभाग लिखा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# महर्षि वाल्मीकि जयन्ती पर आयोजित होंगे भव्य कार्यक्रम

**संवाददाता**। अमेठी

**जनपद** में 31 अक्टूबर को महर्षि वाल्मीकि जयन्ती के आयोजन के सम्बन्ध में अपर जिलाधिकारी वंदिता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कल देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि विश्व के आदि कवि है जिन्होने कालजयी कृति रामायण महाकाव्य की रचना श्री राम के जीवनकाल में की। महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण सामाजिक मूल्योंए मानव मूल्यों एवं राष्ट्र मूल्यों की स्थापना का आदर्श है। महर्षि वाल्मीकि द्वारा वर्णित स्थल जिन्हें राम.जानकी मार्गए राम वन.गमन मार्ग आदि के रूप में जाना जाता हैए सम्पूर्ण भारत स्थल पर लगभग 280 स्थलों के रूप में आज भी विद्यमान है। उत्तर प्रदेश में राम-जानकी मार्ग तथा राम वन-गमन मार्ग के अन्तर्गत अनेक स्थल विद्यमान है -जहां भारतीय संस्कृति के मूल तत्व एवं मान्यताएं सुरक्षित है। अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि महर्षि वाल्मीकि जयन्ती को जनपद में भव्य रूप से मनाया जाये। वाल्मीकि रामायण में निहित मानव मूल्योंए सामाजिक मूल्यों व राष्ट्र मूल्यों का व्यापक प्रचार प्रसार व आमजन मानस को इससे जोड़ने के लिये महर्षि वाल्मीकि से सम्बन्धित स्थलोंध्मन्दिर आदि पर दीप प्रज्जवलनध्दीपदान के साथ.साथ अनवरत 8ए 12 व 24 घंटे का वाल्मीकि रामायण पाठ के कार्यक्रम किये जाये। उन्होने कहा कि श्रीराम व श्री हनुमान तथा रामायण से सम्बन्धित अन्य महत्वपूर्ण स्थलोंध्मन्दिरों का चयन करते हुये रूचिपूर्ण आयोजन के साथ रामायण पाठ, भजन आदि के कार्यक्रम कराये जाये।

## शहर में सजने लगी है जुआरियों की फड़, सात गिरफ्तार

**बाराबंकी**। दीपावली आते ही शहर मे जगह-जगह सजने लगी है जुऐ की फड। गुरुवार की रात नगर कोतवाली पुलिस ने छापा मारकर कई जुआरियों को पकड़ा। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात कोतवाली पुलिस ने आडिटोरियम के पीछे चल रहे जुए के अड्डे पर छापा मारा तो वहां जुआरियों मे भगदड़ मच गई, अफरातफरी के बीच पुलिस ने यहां से तीन लोगों को जुआ खेलते रंगे हाथों पकड़ लिया। पकड़े गये जुआरियों की पहचान सन्तोष गुप्ता पुत्र श्रीराम गुप्ता बड़ेल कोतवाली नगर, शिवम गुप्ता पुत्र किशन गुप्ता गल्ला मंडी थाना कोतवाली नगर, शुभम सिंह पुत्र शिव कुमार सिंह राम चबूतरा दशहराबाग के रुप मे हुई है। पुलिस ने फड़ से ताश की गड्डी, और 3410 रुपये रुपया बरामद किया। इसके अलावा पुलिस ने धनोखर तालाब पर भी चार लोगों का जुआ खेलते पकड़ा है।

# फरियाद के बावजूद नहीं मिला गरीब महिला को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ

**संवाददाता**। बाराबंकी



**जर्जर** मकान में रह रहे एक परिवार की फरियाद नहीं सुनी जा रही है जिससे वह सरकार की योजना से वंचित है। मामला मसौली ब्लाक कस्बा रसौली का है। खातिर मोहल्ले की निवासिनी श्रीमती गुड़िया पत्नी मंजर अली ने बताया कि वह अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ जर्जर मकान में रहती है। अत्यंत गरीब होने के चलते मकान बनाना तो दूर दो वक्त की रोटी जुटाना भी मुश्किल हो रहा है। पति मेहनत मजदूरी कर जीविका पार्जन करता है बताया कि प्रधानमंत्री आवास के लिए अब तक उसने कई आवेदन दिए हैं, लेकिन उसकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है । ऐसे में वह थक हार कर निराश हो गई है। ऐसा तब है जब सरकार गरीबों को सिर ढकने हेतु छत मुहैया करा रही है लेकिन सरकार की इन महत्वाकांक्षी योजनाओं को उनके अधीनस्थ कर्मचारी अधिकारी कैसे चुना लगा रहे हैं। यह सहज ही उक्त प्रकरण से अंदाजा लगाया जा सकता है। यह तो एक बानगी भर है जांच कराई जाए तो ऐसे तमाम मामले आएंगे, जिनके सर पर छत नहीं है फिर भी उन्हें योजना का लाभ नहीं दिया गया है। केवल लॉलीपॉप देकर उन्हें दौड़ाया जा रहा है जा रहा है जिसमें उक्त महिला भी शामिल है तभी तो ब्लॉक स्तर स्तरीय अधिकारियों से लेकर तहसील तक पीड़ित महिला गुहार लगा चुकी है लेकिन उसे अभी तक कहीं से कोई आश्वासन नहीं मिला है जिससे उसे आस बन सके।

# ईद मिलादुन्नबी पर निकला जुलूस, दिया शांति का संदेश

**संवाददाता**। लालगंज (प्रतापगढ़)



**ईद** मिलादुन्नबी का त्यौहार इलाके में धूमधाम से मनाया गया। नगर तथा ग्रामीण क्षेत्रो में गाजे-बाजे के साथ जुलूस निकाला गया। जुलूस के जरिए परवर दिगार ए आलम से मुल्क की सलामती की मांग की गई। जुलूसे मोहम्मदी सल्लाहु अलैह वसल्लम मे बड़ी तादात अकीदतमंद शामिल हुये। खानापटटी के मदरसा दारूल उलूम बाबुन्नबी के गेट से दोपहिया तथा चारपहिया वाहनों मे भी अकीदतमंद अल्लाह ताला से सकून व तरक्की की मन्नतें मांगते दिखे। हजरत मौलाना रहमानी मियां की अगुवाई मे जुलूस खानापटटी वार्ड से महिमापुर पुल होते हुए घुइसरनाथ रोड निकला। यहां चौक पर हुई तकरीर मे रहमानी मियां ने मुल्क की सलामती की दुआ मांगी। इसके बाद जुलूस तहसील रोड होते हुए संगम चौराहा पहुंचा। यहां से जुलूस वापस फिर मदरसा पहुंचा। जुलूस मे महिलाएं तथा बच्चों को भी शामिल हुए देखा गया। शांति व सुरक्षा व्यवस्था की देखरेख कोतवाल संजय यादव खुद करते दिखे। इधर क्षेत्र के बाबूगंज, ढ़िगवस, जलेशरगंज, रामपुर बावली, रानीगंज कैथौला, राहाटीकर, अठेहा, कुम्भीआइमा, दीवानगंज, सांगीपुर मे भी बारावफात का जुलूस निकाला गया। एसडीएम राम नारायण तथा सीओ जगमोहनए तहसीलदार पदमेश श्रीवास्तव व नायब तहसीलदार आकांक्षा मिश्रा भी भ्रमण कर शांति व व्यवस्था मे मुस्तैद दिखे। इलाके मे जुलूस के सकुशल निकल जाने से देर शाम अफसरों ने राहत की सांस ली।

### निकाला गया जुलूसे मोहम्मदी

मसौली (बाराबंकी)। सरकार की आमद मरहबा की सदाओ के साथ जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूसे मोहम्मदी कोविड -19 की गाइडलाइन के अनुसार शानो शौकत के साथ निकला गया। गांव एव कस्बो की गलियां सरकार की आमद मरहबाए देखो मेरे नबी की शानए बच्चा.बच्चा है कुर्बान ए पत्ती पत्ती फूल फूल या रसूल या रसूलआदि इस्लामी नारों से गूंज उठी।

पैगम्बर ए इस्लाम हजरत मुहम्मद सवल्लाह वालेवसल्म की यौमे पैदाइस बारह-रबी-उल अव्वल मनाने की तैयारी कई रोज से चल रही थी। लोगों ने घर, दुकान, गली और रास्तों को रंग-बिरंगी झंडियों एव रोशनी से सजाया। मस्जिदें और खानकाह भी सजाई गई। इस्लामी हरे झंडे भी लगाए। शुक्रवार को नमाज के बाद से ही जुलूसे मोहम्मदी की तैयारी की गई।

# उपचुनाव की ड्यूटी के लिए पुलिसकर्मियों की बस उन्नाव रवाना



**बाराबंकी**। उन्नाव की बांगरमऊ पर आगामी विधानसभा उपचुनावों के लिए पुलिस लाइन से बस के द्वारा 17 उपनिरीक्षकों सहित 50 कॉन्स्टेबल व हेडकांस्टेबल को शुक्रवार को उन्नाव चुनाव पर रवाना कर दिया गया। बिदित हो कि आगामी तीन नवम्बर को उन्नाव की बांगरमऊ सीट पर उपचुनाव के लिए मतदान होना है। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आरएस गौतम ने पुलिस कर्मियों को ब्रीफिंग के बाद शुक्रवार को पुलिस लाइन से रवाना किया है।

# पुरानी रंजिश के चलते विपक्षियों पर पुआल में आग लगाने का आरोप

**संवाददाता**। सिरौलीगौसपुर **( बाराबंकी )**



**किसान** के दरवाजे पर लगे पुआल मे रंजिश के चलते विरोधियों ने आग लगा दी। जिससे जानवरों को खिलाने वाला चारा तथा उसमे रखा गेंहू सहित हजारों का सामान जलकर राख हो गया। मामला थाना कोतवाली बदोसरांय क्षेत्र के ग्राम किन्तूर का है। यहां सहजराम यादव के दरवाजे पर बाउन्ड्री वॉल के भीतर जानवरों को खिलाने के लिये दो-तीन ट्राली धान की पुआल लगा हुवा था । बगल मे ही टीन सेड के नीचे करीब दो ट्राली पुआल का कटिया चारा रक्खा था जिसमे लगभग 10-12 बोरी गेंहू भी पडा था। आग लगने से सब कुछ जल कर राख हो गया। सहजराम ने अपने पडोसी प्रकाश पुत्र सुमिरन पर रंजिशन आग लगाकर जलाने का आरोप लगाते हुये बदोसरांय पुलिस मे शिकायत दर्ज करायी है । दिन मे करीब 12 बजे आग की लपटें उठने पर ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया, किन्तु आग की तीव्रता पर काबू नहीं पाया जा सका। जिसके बाद सूचना पाकर मौके पर पंहुची फायर बिग्रेड की गाड़ी से आग बुझायी गयी ।

## राजस्व टीम ने हटवाया अतिक्रमण

**लालगंज ( प्रतापगढ़ )**। सार्वजनिक भूमि पर अबैध निर्माण की शिकायत को लेकर राजस्व महकमा सांगीपुर के आमीशंकरपुर गांव पहुंचा। नापजोख के बाद राजस्व टीम ने अवैध अतिक्रमण कर बनाए गये पिलर को ढहा दिया। बता दें अतिक्रमण को लेकर आरोपित के खिलाफपहले ही क्षेत्रीय लेखपाल की शिकायत पर सांगीपुर पुलिस ने केस दर्ज कर रखा है। सांगीपुर ब्लाक के आमीशंकरपुर गांव में बंजर खाते में दर्ज जमीन पर पहले से ही पंचायत भवन निर्मित है। उसी नम्बर में गांव सभा द्वारा सामुदायिक शौचालय के निर्माण के लिये जमीन का प्रस्ताव किया गया। लेकिन शौचालय का निर्माण होने से पूर्व ही गांव के आरोपी शैलेन्द्र सरोज द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण किए जाने का आरोप लगाकर ग्रामीणों ने एसडीएम से शिकायत किया।

ग्रामीणों की शिकायत पर क्षेत्रीय लेखपाल ने आरोपित शैलेन्द्र के खिलाफ गांव सभा की भूमि पर जबरन कब्जा करने को लेकर रिर्पोट भी दर्ज करा दी।

# जिला जज व सीजेएम ने श्री कुंतेश्वर महादेव में पूजा अर्चना की



**संवाददाता**। सिरौलीगौसपुर (बाराबंकी)।

**जिला** जज व सीजेएम ने अपने परिवार के साथ पौराणिक तीर्थ स्थल श्री कुंतेश्वर महादेव व महाभारत कालीन देव वृक्ष पारिजात का दर्शन पूजन किया। पौराणिक तीर्थ स्थल श्री कुंतेश्वर महादेव की पूजा अर्चना करके मनोवांछित फलों की प्राप्ति व विश्व मानव कल्याण की कामना की। श्री कुन्तेश्वरधाम उत्थान समिति के अध्यक्ष जयचंद यादव संदीप मौर्या मेडिलाल मौर्य विकास मौर्य आदि ने जिला जज श्री यादव को कुन्तेश्वरधाम के इतिहास की बुक भेंट किया। तत्पश्चात विश्व विख्यात पारिजात वृक्ष के भी दर्शन व पूजन किया। इस मौके पर कोतवाली बदोसरांय के उपनिरीक्षक जवाहर लाल द्विवेदी विवेकानंद यादव एडवोकेट आदि भी उपस्थित रहे।